# परिवेश और विज्ञान

## अष्टम श्रेणी



पश्चिमबंग मध्य शिक्षा पर्षद

**प्रथम संस्करण :** जनवरी, 2014
**द्वितीय संस्करण :** दिसम्बर, 2014

**पुस्तक अधिकार :** पश्चिमबंग मध्य शिक्षा पर्षद

**प्रकाशक :**
प्राध्यापिका नवनीता चटर्जी
सचिव, पश्चिमबंग मध्य शिक्षा पर्षद
77/2, पार्क स्ट्रीट, कोलकाता – 700 016

**मुद्रक :**
**वेस्ट बंगाल टेक्सबुक कारपोरेशन लिमिटेड**
(पश्चिमबंग सरकार का उपक्रम)
कोलकाता – 700 056

सत्यमेव जयते

# भारतीय संविधान

## प्रस्तावना

हम, भारत के लोग, भारत के एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न धर्मनिरपेक्ष समाजवादी लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को न्याय— सामाजिक, आर्थिक और —राजनीतिक, स्वतंत्रता, विचार की अभिव्यक्ति की, विश्वास की, धर्म एवं पूजा की समानता– प्रतिष्ठा एवं अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में, भ्रातृत्व– जिसमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता सुनिश्चित रहे का वर्धन करने के लिए इस संविधान सभा में आज **26** नवम्बर **1949** को इसके द्वारा इस संविधान को स्वीकार करते है, कानून का रूप देते हैं और अपने–आप को इस संविधान को अर्पण करते है।

# THE CONSTITUTION OF INDIA

## PREAMBLE

WE, THE PEOPLE OF INDIA, having solemnly resolved to constitute India into a SOVEREIGN SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC and to secure to all its citizens : JUSTICE, social, economic and political; LIBERTY of thought, expression, belief, faith and worship; EQUALITY of status and of opportunity and to promote among them all – FRATERNITY assuring the dignity of the individual and the unity and integrity of the Nation; IN OUR CONSTITUENT ASSEMBLY this twenty-sixth day of November 1949, do HEREBY ADOPT, ENACT AND GIVE TO OURSELVES THIS CONSTITUTION.

# भूमिका

राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा 2005 एवं शिक्षा अधिकार नियम 2009 दोनों दस्तावेजों को महत्त्व देते हुए 2011 में पश्चिमबंग सरकार के नेतृत्व में गठित विशेषज्ञ–समिति को विद्यालय–स्तर के पाठ्यक्रम, पाठ्यसूची एवं पाठ्य पुस्तक समीक्षा एवं पुनर्विचार का दायित्व दिया गया था। इस समिति के विषय–विशेषज्ञों के आंतरिक प्रयत्न एवं अथक प्रयास का ही परिणाम यह पुस्तक है।

विज्ञान के इस पुस्तक को **अष्टम श्रेणी** के पाठयसूची के अनुसार प्रणयन एवं नामकरण किया गया है। **परिवेश और विज्ञान**। अत्यंत सरल सहज भाषा में पुस्तक में पर्यावरण, भौतिक एवं जीव विज्ञान के विभिन्न पक्षों की चर्चा की गई है। विभिन्न चित्र, तस्वीर, मानचित्र का प्रयोग कर पर्यावरण एवं विज्ञान के मौलिक विचारों से विद्यार्थियों को परिचित कराने का प्रयास किया गया है। विद्यार्थी तथ्यों से बोझिल न हो जाये, इसका भी ध्यान रखा गया है। लेख एवं चित्र बच्चों को आकर्षणीय लगे, इसे ध्यान में रखकर उत्कृष्ट गुणवत्ता का कागज, स्याही एवं रंगों का प्रयोग किया गया है। आशा करता हूँ पर्षद प्रणीत **'परिवेश और विज्ञान'** पुस्तक विद्यार्थियों को पसंद आयेगा एवं उनके सीखन–सामर्थ्य को समृद्ध करेगा। दूसरी ओर सक्रियतापरक अनुशीलन के माध्यम से उनके विज्ञान एवं पर्यावरण संबंधी रुचि जाग्रत करने में सहायता करेगा।

शिक्षक/शिक्षिका, शिक्षाप्रेमी शिक्षाविद्, विषय विशेषज्ञ एवं अलंकरण के लिए प्रसिद्ध कलाकार— जिनकी आंतरिक इच्छा एवं अथक परिणाम से इस सुंदर महत्त्वपूर्ण पुस्तक का प्रकाशन संभव हो पाया, उन सभी को पर्षद की ओर से आंतरिक धन्यवाद देता हूँ एवं कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

पश्चिमबंग सर्वशिक्षा मिशन की आर्थिक सहायता से यह पुस्तक विद्यार्थियों को निःशुल्क वितरित किया जायेगा। इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए पश्चिमबंग सरकार शिक्षा–दफ्तर, पश्चिमबंग शिक्षा अधिकार एवं पश्चिमबंग सर्वशिक्षा मिशन सहायता कर पर्षद को कृतज्ञता पाश से बांध लिया है, इसे अस्वीकार करना अन्याय होगा।

आशा करता हूँ पर्षद द्वारा प्रकाशित यह **'परिवेश और विज्ञान'** पुस्तक विद्यार्थियों के समक्ष विज्ञान विषय को आकर्षक बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगा एवं माध्यमिक स्तर पर विज्ञान–चर्चा का स्तर बनाने में सहायक होगा। विद्यार्थी जागरुक बनेंगे। इस प्रकार पर्षद अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को पूरा कर पायेगा।

समस्त शिक्षाप्रेमी, शिक्षक/शिक्षिका एवं इनसे जुड़े सभी व्यक्तियों से हमारा सविनय अनुरोध है कि वे बिना किसी दुविधा के इस पुस्तक की त्रुटियों को पर्षद के समक्ष लाये जिससे परवर्ती संस्करण में इसका सुधार किया जा सके। जिससे इस पुस्तक का स्तर ऊँचा होगा एवं छात्र–समाज उपकृत होगा। अंग्रेजी में एक कहावत है कि **'even the best can be bettered'**। पुस्तक के उत्कर्ष–वृद्धि के लिए शिक्षक–समाज एवं विद्योत्साही व्यक्तियों के विचार एवं सुपरामर्श सादर ग्रहण किया जायेगा।

दिसम्बर, 2014
पश्चिमबंग मध्य शिक्षा पर्षद्
77/2, पार्क स्ट्रीट
कोलकाता– 700 016

कल्याणमय गांगुली
प्रशासक
पश्चिमबंग मध्य शिक्षा पर्षद्

# प्राक्कथन

पश्चिमबंग की माननीया मुख्यमंत्री सुश्री ममता बंद्योपाध्याय ने 2011 में विद्यालय की शिक्षा के लिए एक 'विशेषज्ञ-समिति' का गठन किया। इस विशेषज्ञ-समिति को विद्यालय स्तर के समस्त पाठ्यक्रम, पाठ्यसूची एवं पाठ्य पुस्तक पर्यालोचना, पुनर्विवेचना एवं पुनर्विन्यास प्रक्रिया के परिचालन का दायित्व दिया गया। इस समिति की सिफारिश के अनुसार नवीन पाठ्यक्रम पाठ्यसूची एवं पाठ्-पुस्तक बनाया गया। इस पूरी प्रक्रिया में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रुपरेखा 2005 एवं शिक्षा अधिकार नियम 2009 (RTE Act, 2009) दोनों का अनुसरण किया गया है। साथ ही साथ समग्र परिकल्पना के आधार रुप में हमने **रवीन्द्रनाथ ठाकुर** के शिक्षा आदर्श की रुपरेखा को ग्रहण किया है।

उच्च प्राथमिक स्तर की विज्ञान की पुस्तक का नाम **'परिवेश और विज्ञान'** है। राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रुपरेखा 2005 के अनुसार जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं पर्यावरण को समन्वित रुप में एक पुस्तक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। सरल भाषा में एवं उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से विज्ञान के विभिन्न बुनियादी विचारों को विद्यार्थियों के समक्ष लाया गया है। प्रत्येक संदर्भ में विभिन्न चित्र दिया गया है जिससे विद्यार्थी के लिए यह पुस्तक आकर्षक बन सके। विज्ञान के संदर्भ में रवीन्द्रनाथ का यह कथन हमें याद है— 'उनकी भाषा एवं विषय-विन्यास को जितना संभव हो सके सरल बनाना उचित है। नहीं तो यह विद्यार्थियों के साथ मानसिक अत्याचार एवं उनके समय का अपव्यय करना होगा। (छात्र आधारित पाठ्य-पुस्तक)। षष्ठ श्रेणी में 'विज्ञान' को अलग विषय के रूप में पाठ्य-पुस्तक में शामिल किया गया है। इस पाठ्य-पुस्तक के माध्यम से विद्यार्थी परिवेश और विज्ञान में पारस्परिक संबंध स्थापित करने में सक्षम होंगे एवं उत्साहपूर्वक विज्ञान को जीवन से जोड़कर पढ़ सकेंगे, यही हमारी प्रत्याशा है।

निर्वाचित शिक्षाविद, शिक्षक/शिक्षिका एवं विषय/विशेषज्ञवृंद अल्प समय में इस पुस्तक को प्रस्तुत किये हैं। पश्चिमबंग माध्यमिक शिक्षा के सारस्वत, नियामक पश्चिमबंग मध्यशिक्षा पर्षद पाठ्य-पुस्तक का अनुमोदन कर हमें सहयोग दिया है। समय-समय पर पश्चिमबंग मध्य शिक्षा पर्षद्, पश्चिमबंग सरकार का शिक्षा दफ्तर, पश्चिमबंग सर्वशिक्षा मिशन, पश्चिमबंग शिक्षा अधिकार ने सहायता प्रदान की है, उन्हें धन्यवाद देता हूँ।

पश्चिमबंग सरकार के माननीय शिक्षा मंत्री ड. पार्थ चटर्जी ने आवश्यक विचार और परामर्श देकर हमें सहायता प्रदान किया है, उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

पुस्तक की उत्कर्ष- वृद्धि के लिए शिक्षाप्रेमी व्यक्तियों के विचार-परामर्श हम सादर ग्रहण करेंगे।

दिसम्बर, 2014
निवेदिता भवन, पंचम तल्ला
विधाननगर, कोलकाता- 700 091

अभीक मजूमदार
चेयरमैन
'विशेषज्ञ-समिति'
विद्यालय शिक्षा दफ्तर
पश्चिमबंग सरकार

# विशेषज्ञ समिति परिचालित पाठ्य-पुस्तक प्रणयन पर्षद

## पुस्तक-निर्माण एवं विन्यास

प्राध्यापक अभीक मजूमदार
(चेयरमैन, विशेषज्ञ समिति)

प्राध्यापक रथीन्द्रनाथ दे
(सदस्य सचिव, विशेषज्ञ समिति)

डॉ. संदीप राय    डॉ. श्यामल चक्रवर्ती    पार्थप्रतिम राय    देवव्रत मजूमदार

सुदीप्त चौधरी    धीमान बसु    रुद्रनील घोष    देवाशीष मंडल

नीलांजन दास    विश्वजीत विश्वास

## परामर्श एवं सहायता

प्राध्यापक रवीन्द्रनाथ मजूमदार    डॉ० शीलांजन भट्टाचार्य    डॉ० सुब्रत गोस्वामी

प्राध्यापक अमूल्यभूषण गुप्त    शिवप्रसाद नियोगी

## पुस्तक-सज्जा

आवरण — देवाशीष राय

अलंकरण— देवाशीष राय और शंकर बसाक

मुद्रण सहायता— *हीराव्रत घोष, अनुपम दत्त, विप्लव मंडल*

# सूची-पत्र


| विषय | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | भैतिक परिवेश | |
| | 1.1 बल और दबाव | 1-16 |
| | 1.2 स्पर्शहीन क्रियाशील बल | 17-28 |
| | 1.3 ताप | 29-45 |
| | 1.4 प्रकाश | 46-53 |
| 2. | मौलिक, यौगिक और रासायनिक विक्रिया | |
| | 2.1 पदार्थ की प्रकृति | 54-78 |
| | 2.2 पदार्थ का गठन | 79-91 |
| | 2.3 रासायनिक विक्रिया | 92-109 |
| | 2.4 त्वरित रासायनिक प्रभाव | 110-117 |
| 3. | कुछ गैसों का परिचय | 118-133 |
| 4. | प्रकृति और जीव जगत् के विभिन्न रूपों में कार्बन यौगिक की स्थिति | 134-159 |
| 5. | प्राकृतिक घटना और उसका विश्लेषण | 160-172 |
| 6. | जीवधारियों की शारीरिक संरचना | 173-190 |
| 7. | जीवाणुओं की दुनिया | 191-201 |
| 8. | मानव खाद्य और खाद्य-उत्पादन | 202-227 |
| 9. | अतं:श्रावित ग्रंथियाँ और वय:संधि | 228-242 |
| 10. | जीव वैचित्र्य भिन्नता, परिवेश के संकट और विभिन्न प्राणियों का संरक्षण | 243-279 |
| 11. | हमारे आस-पास के परिवेश और उद्भिज जगत् | 280-293 |
| | पाठ्यसूची और नमूना प्रश्न | 294-301 |
| | शिक्षण परामर्श | 302 |

## अष्टम श्रेणी के 'परिवेश और विज्ञान' पुस्तक के संबंध में कुछ बातें

विज्ञान के इतिहास का अवलोकन करने पर यह देखा जाता है कि मनुष्य ने विज्ञान चर्चा के शुरूआत प्रकृति के पर्यवेक्षण से किया था। एक समय प्रकृति के संबंध में मनुष्य की बहुत सारी धारणाएँ स्पष्ट नहीं थी। ग्रीक दार्शनिक युग से प्रारम्भ करके मनुष्य की धारणा विवर्तन के मार्ग में प्रधान सहायक परीक्षा-निरीक्षण के मध्य से सिद्धांत में प्रणीत होना था। केवल विद्यालय स्तर पर ही परीक्षा-निरीक्षण के जरिए ही विज्ञान की विभिन्न प्रतिष्ठित सत्य का प्रणीत होना संभव नहीं है। परिपूरक रूप में शिक्षक/शिक्षिकाएँ और विज्ञान की पुस्तक है। हमारी यह पुस्तक छात्र-छात्राओं के ज्ञान रूपी पथ की यात्रा में सहायक होगा, ऐसी ही हमारी प्रत्याशा है।

हम विद्यार्थियों को विज्ञान के मौलिक (formal) विचारों से दीक्षित करना चाहते हैं। लेकिन उस यात्रा में इस सीखन के लिए Constructive विचार का ही अनुसरण करेंगे। आज सारे विश्व में पठन-पाठन के लिए स्वीकृत इस Constructivist विचारधारा की मुख्य बात यह है कि विद्यार्थी को उसके परिचित जगत् से उसके काल्पनिक जगत् के विचारों की सहायता से एवं परीक्षण-निरीक्षण के माध्यम से विज्ञान की शिक्षा में दीक्षित करना। इसलिए जितना संभव हो सका विभिन्न अनुसंधानों Exploration की सहायता ली गई है, बहुसंख्यक स्वयं कीजिए परीक्षण का उल्लेख किया गया है। इस परीक्षण को थोड़े प्रयास से, कम खर्च में करना संभव है। स्वयं कीजिए परीक्षण के माध्यम से विद्यार्थी विज्ञान के विभिन्न विषयों को और अच्छी तरह से सीख पायेंगे। क्योंकि विज्ञान का सब कुछ Intuitive नहीं है। इसलिए शिक्षक/शिक्षिकाओं की Concept Learning एवं Knowledge Construction इन विशेषताओं के बारे में सम्पन्न होकर विद्यार्थियों का सीखन परिचालन करना होगा।

इस पुस्तक की महत्त्वपूर्ण विशेषता ही इसकी समन्वयी प्रचेष्टा (Integrated Approach) का परिणाम है। हमें लगता है कि दो आवरणों में जीव विद्या, रसायन, भौतिक विज्ञान एवं पर्यावरण को शामिल करने से ही समन्वय नहीं हो जाता। विषयों में वास्तविक संबंध की स्थापना एवं मेल मिलाप का प्रयत्न ही इस पुस्तक को महत्त्वपूर्ण बनायेगा ऐसा विश्वास है।

विज्ञान के मार्ग पर मनुष्य की यात्रा का इतिहास विचित्र है। अत्यधिक आत्म-त्याग, सफलता-असफलता, उपेक्षा और सामाजिक अपमान के बीच से ही वैज्ञानिकों को आगे बढ़ना पड़ा। हमलोग चाहते हैं कि बाल्य अवस्था से ही छात्र-छात्राएँ इन वैज्ञानिकों के बारे में जाने, उनके विज्ञान चर्चा के इतिहास से प्रेरणा ग्रहण करें। उनके आत्म-त्याग के बिना आज विज्ञान की अग्रगति संभव नहीं हो पाता। इसलिए कुछ क्षेत्रों में प्रसिद्ध वैज्ञानिको के चित्र को दर्शाया गया है।

इक्कीसवीं शताब्दी में पृथ्वी पर क्रम ह्रासमान जीव वैचित्र्य के प्रति नवीन विद्यार्थियों का आग्रह और अनुसंधान करने की जरुरत है। उसी उद्देश्य को इस पुस्तक में जीव वैचित्र्य के ऊपर विशेष महत्त्व दिया गया है।

विज्ञान में तथ्यों के अनुसंधान एवं संग्रहित तथ्यों को ठीक से लिपिबद्ध करना अत्यंत आवश्यक है। हमारे पुस्तक के पाठक एवं पाठिकाओं को बहुत जगह Open-ended प्रश्न का सामना करना पड़ेगा इस तरह का प्रश्न कर्मपत्र विद्यार्थियों की जिज्ञासा वृद्धि एवं पाठय-पुस्तक के बाहर के जगत् से ज्ञान अर्जन के लिए उत्साहित करने में सक्षम हो सका है। यह भी इस पुस्तक की महत्त्वपूर्ण विशेषता है।

पुस्तक के सम्बंध में कोई भी गठनमूलक परामर्श सादर ग्रहण किया जायेगा।

## 1.1 बल और चाप

बच्चों तुमने छठवीं एवं सतावीं कक्षा में बल के संबंध में पढ़ा है। बल के प्रयोग के बिना हम कोई कार्य नहीं कर सकते। किसी स्थिर वस्तु को गतिशील बनाने हेतु या किसी गतिशील वस्तु के दिशा परिवर्तन हेतु या इस गति को द्रुत या मंथर करने हेतु हम बल का प्रयोग करते हैं। सिर्फ यही नहीं, किसी वस्तु की आकृति परिवर्तन हेतु भी बल की जरुरत है। किसी स्प्रिंग को संकुचित कर छोटा बनाने या प्रसारित कर लम्बा बनाना बिना बल के संभव नहीं। हमारा शारीरिक बल भी कितनी जगह कार्य-सम्पादन में बल का प्रयोग कहता है, यह जानना आश्चर्यजनक है। खड़े रहने को स्थिति में भी हमारा शरीर हड्डियों के आंतरिक सहयोग से ही स्थिर में रह पाता है। अगर तुम अपने आस-पास घटने वाली विभिन्न घटनाओं का निरक्षण करो तो तुम समझ पाओगे कि इस प्रकार की कई क्रियाओं में बल का प्रयोग होता है। कब, कहाँ, किस प्रकार बल का प्रयोग होता है यह जानना तुम्हारे लिए रूचिकर होगा।

बल और गति विषय के वैज्ञानिक आइजैक न्यूटन ने इस संबंध में तीन सूत्र दिया था-इसे तुम सातवीं कक्षा में पढ़ चुके हो। चलो एक बार फिर हम देखते है इन सूत्रों के विषय में हमारे पास क्या जानकारी है:

- प्रथम सूत्र से हमने सीखा किसी वस्तु के ऊपर कोई बल कार्य कर रहा है या नहीं यह जानने के लिए वस्तु के वेग में परिवर्तन हो रहा है या नहीं जानना होगा। वस्तु के वेग में परिवर्तन न होना या वस्तु की स्थिर अवस्था यह बतलाती है कि वस्तु के ऊपर कोई बल कार्य नहीं कर रहा। इसे इस प्रकार भी कह सकते हैं कि वस्तु के ऊपर क्रियाशील बल शून्य है।

- दूसरे सूत्र से हमने सीखा कि किसी वस्तु के ऊपर प्रयोग किया गया बल जितना ज्यादा होगा प्रति सेकेंड उस वस्तु के वेग में परिवर्तन भी उतना ही अधिक होगा। बल दुगुना होने से उस बल के कारण उत्पन्न गति (त्वरण) भी दुगुना होगा।

- तीसरे सूत्र से हमने सीखा कि कोई वस्तु जब किसी दूसरी वस्तु पर बल का प्रयोग करती है, तब दूसरी वस्तु भी प्रथम वस्तु पर समान रूप से उल्टी दिशा में बल का प्रयोग करती है। प्रथम को क्रिया और दूसरे को प्रतिक्रिया कहते हैं।

अभी प्रश्न है कि बल को मापेगें कैसे? कौन बल ज्यादा और कौन बल कम है इसे किस प्रकार जानोगे?

### बल का परिमाप

छठीं और सातवीं कक्षा में तुमने जाना कि किसी बल का परिमाण जानने के लिये यह जानना होता है कि उस बल के प्रभाव के कारण क्या घटा? मेज के ऊपर एक किताब रखकर, एक बार तुमने और एक बार तुम्हारे मित्र ने धक्का दिया। इस धक्के के कारण स्थिर किताब की अवस्था में परिवर्तन हुआ। अधिक बल के प्रयोग के कारण किताब पर अधिक वेग (त्वरण) की उत्पत्ति हुई। किसी निश्चित माप की वस्तु पर कितने बल का प्रयोग किया गया है, यह इसी प्रकार ज्ञात किया जाता है। जैसे कि ऊपर के प्रयोग में है, वस्तु के वेग या त्वरण को मापकर ही उसके ऊपर क्रियाशील बल का परिमाप जाना जाता है। न्यूटन के सूत्र से इस संबंध में हमने एक समीकरण भी पाया है—

बल = वस्तु का परिमाप × बल के प्रभाव से वस्तु पर उप्पन्न त्वरण

$F = m \times a$

एक किलो भार की वस्तु के ऊपर जिस परिमाण में बल का प्रयोग करने से वस्तु में एक मीटर/सेकेण्ड$^2$ त्वरण होता है इस परिमाण के बल को एक न्यूटन बल कहा जाता है। यही एक न्यूटन SI पद्धति से बल मापने की इकाई है। तुम जब एक किलो के वजन के बटखरे को हाथ में रखते हो। उस समय तुम्हारे हाथ में उस बटखरे द्वारा जिस बल का प्रयोग होता है, उसका माप प्राय: 9.8 न्यूटन होता है।

हमने देखा, आइजैक-न्यूटन का दिया हुआ समीकरण व्यवहार करके यदि बल को मापना है, तब हमें त्वरण का मान जान लेना होगा। लेकिन हाथ से पकड़ा हुआ बटखरा या तुम्हारे दोनों स्थिर हाथों में किसी भी प्रकार का त्वरण नहीं है। इस स्थिति में बल मापने का उपाय क्या हो सकता है? डोरी में एक ईंट के टुकड़े को बाँधकर झुलाओ एवं डोरी के दूसरे सिरे को तुम पकड़े हो। अब देखो ईंट का टुकड़ा स्थिर होने से किसी प्रकार का त्वरण नहीं है। जबकि हाथ में पकड़े हुए डोरी से समझ पा रहे हो कि ईंट का टुकड़ा डोरी को नीचे खींच रहा है।



तुम्हारे हाथ में खींचाव महसूस हो रहा है। इस स्थिति में बल को किस प्रकार मापेंगे? हाथ में रखा हुआ बटखरा या डोरी से झुलाया हुआ ईंट इन दोनों के ऊपर पृथ्वी के नीचे की तरफ खींचाव क्रियाशील है। इस खींचाव को हम अभिकर्ष बल या वस्तु का वजन कहते हैं। छठीं कक्षा में इसको तुम सीख चुके हो। हमने न्यूटन के सूत्र से यह भी जाना कि कि बल प्रयोग होने से त्वरण होगा। तब सोचकर देखो कि बटखरा या ईंट का टुकड़ा स्थिर क्यों है? अभिकर्ष बल प्रयोग होने के बावजूद किसी प्रकार का त्वरण क्यों नहीं बना? इसका मतलब यह तो नहीं कि उसके ऊपर कोई पृथ्वी के खींचाव की उल्टी दिशा में वैसा ही समान हैं कार्यरत है?



ठीक समझ पा रहे हो। बटखरे के प्रयोग में तुम्हारा हाथ और ईंट के टुकड़े के प्रयोग में डोरी पृथ्वी के खींचाव की उल्टी दिशा में बल का प्रयोग कर रही है। पृथ्वी के गुरूत्वाकर्षण के खींचाव के कारण जब बटखरा या ईंट का टुकड़ा नीचे की तरफ जाना चाहता है उस समय बटखरा हाथ के ऊपर, और ईंट का टुकड़ा डोरी के ऊपर नीचे की तरफ एक बल का प्रयोग करता है। परिणामत: न्यूटन के तृतीय सूत्र के अनुसार हाथ में बटखरा के ऊपर नीचे से ऊपर की तरफ और डोरी से बंधे ईंट के ऊपर नीचे से ऊपर की तरफ समान मात्रा में बल का प्रयोग होता है। तब दो समान बल विपरीत दिशा में काम करने से ईंट या बटखरा के ऊपर उस बल का मान शून्य हो जाता है। परिणामत: किसी प्रकार का त्वरण नहीं होता।

त्वरण नहीं होने का कारण है दो समान परिमाण के बल विपरीत दिशा से कार्यरत हैं। इन दोनों बल को मापने का उपाय क्या है?

### चलो एक परीक्षण किया जाय

एक स्प्रिंग लो। उसे किसी हुक से लटका दो। इसके बाद स्प्रिंग के दूसरी तरफ एक भारी बटखरा या पत्थर का टुकड़ा लटका दो। देखो स्प्रिंग थोड़ा सा लम्बा हो गया कि नहीं? इस बार आगे वाले बटखरे को बदल कर उसके दोगुने वजन के एक बटखरे या किसी दूसरी वस्तु को लटका के देखो कि स्प्रिंग इस बार कितना लम्बा हुआ। ज्यादा वजनी वस्तु को लटकाने से स्प्रिंग के फैलने का परिमाप ज्यादा होता




है; इसे निश्चित रूप से देख पाओगे। ठीक से देखने पर समझ पाओगे कि दोगुने वजन के वस्तु को झुलाने से स्प्रिंग का फैलाव भी दुगुना हो जाता है।

स्प्रिंग से झुलाए गये बटखरा या भारी पत्थर का टुकड़ा स्थिर रहता है, उसपर कोई त्वरण नहीं होता। किन्तु वही झुलता हुआ वस्तु स्प्रिंग के ऊपर जिस बल का प्रयोग करता है उसके प्रभाव से स्प्रिंग की लम्बाई ज्यादा हो जाती है। स्प्रिंग के ऊपर प्रयोग किया गया बल ज्यादा होने से स्प्रिंग का फैलाव भी ज्यादा हो जाता है— इस घटना को हम बल मापने के काम में प्रयोग ला सकते हैं।




इस चित्र में एक स्केल के साथ एक झुलता हुआ स्प्रिंग लगा हुआ है। स्प्रिंग के झुलते हुए हिस्से में एक कांटा लगा दिया गया है। जैसा कि चित्र में है; इस स्प्रिंग के झूलते हुए हिस्से से विभिन्न तरह के वजन को लटकाने पर देखना होगा कि काँटा या सूचक स्केल के किस दाग पर रहता है। इस तरह से विभिन्न वजन के लिए सूचक पर विभिन्न तरह के माप मिल सकते हैं। जब किसी भी तरह का वजन नहीं लटकाया गया होता है तो स्प्रिंग पर यह सूचक जिस जगह पर रहता है उसे शून्य नाम से रेखांकित किया जा सकता है। अर्थात् स्प्रिंग के ऊपर प्रयोग किया गया निम्नमुखी बल उस समय शून्य होता है। जब 1Kg भार वाले वस्तु को लटकाते हैं उस समय वह सूचक या काँटा जिस जगह पर पहुँच जाता है , उस जगह के माप का नाम 1Kg दिया जाता है या 9.8 न्यूटन। इस प्रकार सूचक या काँटे की स्थिति से समझा जाता है कि, 1 Kg वजन की वस्तु को पृथ्वी जिस बल से खींचती है, ठीक वही परिमाप का बल स्प्रिंग के ऊपर प्रयोग किया गया है। इस प्रकार 2 Kg, 3 Kg इत्यादि। विभिन्न वजन की वस्तुओं के लिए स्प्रिंग के काँटे की स्थिति को देखकर स्प्रिंग के ऊपर कितना बल प्रयोग किया गया; इसे मापा जाता है। बल के प्रयोग के फलस्वरूप स्प्रिंग के इस फैलाव को काम में लगाकर बल मापने का यंत्र स्प्रिंग तराजू तैयार किया गया।



समझ लो, तुमने स्प्रिंग तराजू को दोनों तरफ से खींचा। इस खींचाव के कारण स्प्रिंग ने 3 Kg का परिमाप सूचित किया। इसका अर्थ क्या है? इसका अर्थ है कि तुमने जिस बल से स्प्रिंग को खींचा और प्रत्येक 3 Kg वाली वस्तु को पृथ्वी जिस बल से अपनी तरफ खींचती है, दोनों बलों का परिमाप समान है। इस बल का मान है (3×9.8)।



## घर्षण और उसका परिमाप

छठवीं और सातवीं कक्षा में तुमने घर्षण बल के संबंध में सीखा है। यहाँ पर तुम देखोगे कि घर्षण बल का हिसाब किस तरह किया जाता है। मेज के ऊपर एक बॉक्स रखा हुआ है। तुम असके एक स्प्रिंग तराजू द्वारा खींच रहे हो। स्प्रिंग तराजू द्वारा तुम कितना बल लगाकर उसे खींच रहे हो इसे माप सकते हो। मान लो स्प्रिंग तराजू का काँटा 1 किलो या 9.8 न्यूटन के निशान पर है। इसका अर्थ है कि तुम 9.8 न्यूटन बल लगाकर बक्से को दाहिनी ओर खींच रहे हो। यदि इस खींचाव के बावजूद बॉक्स स्थिर रहता है और



दाहिनी तरफ नहीं खिसकता; तब न्यूटन के प्रथम सूत्र के अनुसार तुम क्या समझोगे। बाईं तरफ निश्चित रूप से कोई न्यूटन बल का प्रयोग हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप बॉक्स के ऊपर कुल बल प्रयोग शून्य हो गया। इस समय यह प्रश्न भी है कि बाईं तरफ के 9.8 न्यूटन का बल किसने प्रयोग किया?

इसके बाद इस बॉक्स को एक मेज के ऊपर रखो जिस मेज का ऊपरी हिस्सा ज्यादा चिकना हो। अब देखोगे कि 9.8 का बल लगाकर बॉक्स को खींचने से बॉक्स दाहिनी तरफ खींच रहा है। इससे यह समझा जा सकता है कि पहले वाले प्रयोग में बॉक्स के ऊपर बाईं तरफ का बल का प्रयोग मेज के ऊपरी तल से हुआ था। जब मेज को बदला गया एवं चिकने सतह वाले मेज पर बॉक्स को रखा गया, उस समय नये मेज का ऊपरी सतह उस बराबर परिमाण के बल (9.8 न्युटन) का प्रयोग नहीं कर पाया। इस प्रकार यह जाना गया कि बॉक्स के नीचे का सतह और मेज के ऊपर का सतह इन दोनों के संसर्ग से एक बल का प्रयोग हो रहा है। बक्से को खींचने के साथ उस बल ने विपरीत दिशा में कार्य करना शुरू किया जिससे बक्से को खिसकाने में बाधा पड़ी। पहली स्थिति में इस बल का मान और खींचाव का मान समान है 9.8 न्यूटन। इस कारण पहली स्थिति में दोनों बल का योगफल शून्य होगा। दूसरी स्थिति में इस बल का योग खींचाव से कम होगा। परिणामस्वरूप बक्सा खींचाव की तरफ खिसक गया। दोनों सतह के संयोग से बनने वाले इस बल का नाम हुआ घर्षण बल।

अब बताओ, पहली स्थिति में उस घर्षण बल का परिमाण कितना था?

ठीक सोच रहे हो, पहली स्थिति में घर्षण बल का मान 9.8 न्यूटन अर्थात् जिस बल से दाईं तरफ वस्तु को खींचा गया, उसी के बराबर।

तो बताओ, कि दूसरी स्थिति में क्या होगा?

किसी सतह के ऊपर स्थिर किसी वस्तु को उस सतह के साथ समान रूप से खींचने के बावजूद यदि वह नहीं खिसकती है तब हम यह कह सकते हैं घर्षण बल और खींचाव बल दोनों समान हैं। बल का माप स्प्रिंग तराजू की सहायता से जान लेने से हम घर्षण बल का मान भी जान लेंगे।

किन्तु यदि खींचाव बल से वस्तु खिसकती है, तब घर्षण बल का मान तराजू के मान या खींचाव बल के समान नहीं होगा। यद्यपि यहाँ घर्षण बल विपरीत दिशा में कार्यरत है।

बल प्रयोग कर खींचने के बावजूद यदि कोई वस्तु किसी सतह पर स्थिर रहती है; उस समय जो घर्षण बल कार्यरत है उसे स्थिर अवस्था का घर्षण कहते हैं। जब खींचाव के कारण वस्तु खिसकती है तब जो घर्षण बल कार्यरत होता है। उसे गतिशील अवस्था का घर्षण कहते हैं।



(1)

अब चित्रों को देखो।

1 नं० चित्र में बॉक्स को कोई खींच नहीं रहा है सोचकर बताओ, यहाँ क्या बॉक्स के ऊपर किसी प्रकार का घर्षण बल काम कर रहा है?




(2)

2 नं० चित्र में बॉक्स को 9.8 न्यूटन बल देकर खींचा गया है। किन्तु बॉक्स स्थिर है। यहाँ घर्षण बल का माप कितना होगा?

घर्षण बल इस स्थिति में किस दिशा में कार्यरत है?



(3)

3 नं० चित्र में बॉक्स को (2×9.8) न्यूटन बल देकर खींचने पर भी बॉक्स खिसक नहीं रहा। यहाँ घर्षण बल का मान कितना और किस दिशा में कार्यरत है?


(4)

4 नं० चित्र में बॉक्स को (3×9.8) न्यूटन बल देकर दाहिनी तरफ खींचा जा रहा है और बॉक्स दाहिनी तरफ खिसकने लगता है। यहाँ मात्र स्प्रिंग तराजू के काँटे को देखकर क्या घर्षण बल का परिमाप निर्धारित किया जा सकता है?

ऊपर के परीक्षणों से नीचे के प्रश्नों के जवाब देने की कोशिश करो। किसी एक वस्तु को खींचने के बावजूद जब वस्तु सतह के ऊपर स्थिर रहती है, यहाँ क्या घर्षण का मान निश्चित रहता है या विभिन्न खींचाव बल के परिमाप के अनुसार बदलता भी है?

| वस्तु के ऊपर खींचाव का मान | स्थिर अवस्था के घर्षण बल का मान |
|---|---|
| शून्य | |
| 5.0 न्यूटन | |
| 7.5 न्यूटन | |
| 9.8 न्यूटन | |

यदि स्थिर वस्तु के ऊपर खींचाव का परिमाप बीच-बीच में बढ़ाया जाये उस समय स्थिर अवस्था में घर्षण बल का मान कितना होगा, उसे बगल की सरणी में लिखो।

यदि वस्तु के ऊपर खींचाव को लगातार बढ़ाते जाये उस स्थिति में विपरीत दिशा में घर्षण बल का मान लगातार बढ़ता ही जायेगा? या घर्षण बल एक निश्चित सीमा तक बढ़ेगा और इसके बाद वस्तु और स्थिर न रहकर खिसकना चालू हो जायेगी।

इस चित्र में अन्य दो परीक्षणों को दिखाया गया है। एक वस्तु को एक लकड़ी की मेज पर रखकर खींचा जाता है। जब तक वस्तु नहीं खिसकती उस समय तक खींचाव को बढ़ाते रहते हैं। स्प्रिंग तराजू के काँटे को देखकर हम सहज ही विभिन्न समय में घर्षण बल के माप को जान सकते हैं। यहाँ तक कि कितने परिमाप में बल का प्रयोग करने से वस्तु पहले सरकना शुरू करेगी, इसे स्प्रिंग तराजू के काँटे को देखकर निर्णय किया जा सकेगा। अर्थात् घर्षण बल बढ़ते-बढ़ते सबसे ज्यादा कितना हुआ था इसको स्प्रिंग तराजू पर दृष्टिपात करने से जाना जा सकता है। मान लो 1 नं० चित्र के अनुसार वस्तु को रखकर एक बार परीक्षण किया गया। इसके बाद उस वस्तु को 2 नं० चित्र की तरह रखकर परीक्षण किया गया। साथ ही स्थिर अवस्था में घर्षण बल का सर्वोच्च मान का भी निर्णय किया गया। देखा गया दोनों स्थिर अवस्थाओं में घर्षण का सर्वोच्च मान एक ही है।


(1)


(2)

अब एक काँच के टेबल पर रखकर 1 न० एवं इसके बाद 2 न० चित्र की तरह पुन: परीक्षण किया गया। इस बार भी दोनों स्थितियों में स्थिर अवस्था के घर्षण का सर्वोच्च मान एक ही मिलेगा। किन्तु यह मान काठ के मेज पर किए गए परीक्षण के सर्वोच्च मान के समान नहीं होगा।

इस परीक्षण के परिणाम से नीचे के प्रश्नों के जबाव को देने की कोशिश करो—

- जब कोई वस्तु किसी निर्दिष्ट सतह पर स्थिर रहती है, उस समय वह वस्तु और उस सतह के मध्य स्थिर घर्षण बल का सर्वोच्च मान हमेशा एक ही रहेगा, या उस सतह के विभिन्न खींचाव बलों के समान्तर बदलता रहेगा ?

- कोई वस्तु किस तरह एक सतह के ऊपर रखी हुई है, अर्थात् वस्तु सतह के किस स्थान को स्पर्श करती है, उसक क्षेत्रफल कम या ज्यादा है, क्या उसके ऊपर घर्षण बल का सर्वोच्च मान निर्भर करता है ? स्पर्श किए हुए सतह का क्षेत्रफल ज्यादा होने से घर्षण बल का सर्वोच्च मान क्या ज्यादा होगा ?




सामने रखे तीनों चित्रों में मेज के ऊपर एक बॉक्स को तीन तरह से खींचा गया है—

पहले केवल बॉक्स को रखकर खींचा गया है। इसके बाद बॉक्स के ऊपर 10 Kg. का भारी बटखरे को रखकर बॉक्स को खींचा गया और तीसरे नं० चित्र में बाक्स के ऊपर दो 10 किलो का बटखरा रखकर खींचा गया है। इन चित्रों को देखकर नीचे के प्रश्नों के जबाब दो—

एक नम्बर चित्र में मेज के ऊपर नीचे की तरफ जिस बल का प्रयोग किया गया है वह दो नम्बर चित्र में मेज के ऊपर बक्से के निम्नमुखी बल से ज्यादा है या कम ?

तीन नम्बर चित्र में मेज के ऊपर रखा गया बॉक्स जिस निम्नमुखी बल का प्रयोग करता है उसकी मान दो नं० चित्र में रखे गये बॉक्स के निम्नमुखी बल से ज्यादा होगा या कम ?

बक्सा यदि मेज के ऊपर नीचे की तरफ बल का प्रयोग कर रहा है, तब निश्चय ही बक्से के ऊपर भी समान बल कार्यरत है। क्योंकि न्यूटन के तीसरे सूत्र के अनुसार यही होना चाहिए। अब बताओ किस चित्र में मेज पर रखे बॉक्स पर सबसे ज्यादा उर्ध्वमुखी बल का प्रयोग होगा ?

तीनों चित्रों में बॉक्स को दाहिनी तरह खींचा गया हैं। इस खीचाव को तब तक लगातार बढ़ाया गया जब तक बॉक्स खिसकना न चालू कर दे। स्प्रिंग तराजू के काँटे की तरफ नजर रखकर स्थिर अवस्था में घर्षण के सर्वोच्च मान को जानने का प्रयत्न किया जा सकता है।

चित्रों को देखकर नीचे के प्रश्नों के जबाब देने की कोशिश करो —

- प्रथम और द्वितीय चित्र में से किसमें खींचाव का मान सबसे अधिक होने से बॉक्स खिसकना चालू करेगा ? स्थिर अवस्था में घर्षण बल का सर्वोच्च मान एक और दो नम्बर चित्रों में किसमें ज्यादा होगा ?

- इसके बाद दो और तीन नम्बर चित्रों में तुलना करके बताने की कोशिश करो, किसमें स्थिर अवस्था के घर्षण का मान सबसे ज्यादा होगा? अर्थात् किस चित्र में बॉक्स को खिसकाने में ज्यादा खींचाव की जरुरत होगी?

ऊपर के प्रश्नों के उत्तर से नीचे के प्रश्नों के जबाब दो—

- कोई वस्तु जब किसी सतह पर स्थिर अवस्था में रहती है, उस समय वह वस्तु उस सतह के ऊपर लम्बवत् नीचे की ओर बल प्रयोग करती है। यह लम्बवत् लगने वाला बल यदि अधिक है तो क्या उस वस्तु और उस सतह के बीच स्थिर अवस्था में घर्षण बल का मान क्या ज्यादा होगा?

घर्षण बल के बारे में हमने जो जाना उसे नीचे लिखा गया है।

एक सतह के ऊपर स्थिर रखी गयी किसी वस्तु को जब हटाने के कोशिश की जाती है या उस सतह से वस्तु को जब खिसकाना शुरू किया जाता है, तो उस समय सतह के ऊपर वस्तु घिसकने लगती है तब घर्षण बल क्रियाशील हो जाता है।

घर्षण बल सम्पर्क में रहने वाले दोनों सतहों पर समान्तराल क्रिया करता है।

खींचाव के बावजूद जब कोई वस्तु किसी सतह पर स्थिर रहती है उस समय जो घर्षण बल कार्यरत रहता है उसका नाम स्थिर स्थिति का घर्षण है।

स्थिर अवस्था का घर्षण बल का एक सर्वोच्च मान होता है। यह सर्वोच्च मान एक निश्चित वस्तु, एक निश्चित सतह के ऊपर हमेशा एक ही रहता है।

दोनों सतहों के बीच लम्बत् स्थित में क्रियारत, क्रिया-प्रतिक्रिया बल जितना ज्यादा होता है उस सतह के समान्तर में क्रियाशील स्थिर स्थिति के घर्षण बल सर्वोच्च मान उतना ही अधिक होगा।

## तरल का घनत्व और चाप

एक ही माप की दो प्लास्टिक का बोतल लो। अब एक बोतल को पानी से भरो। दूसरे बोतल को गाढ़े नमक पानी से भर दो।

एक स्प्रिंग तराजू लेकर दोनों बोतल को माप कर देखो कि किसका वजन ज्यादा होगा?

खाली रहने पर दोनों बोतलों का माप एक हीं है। दोनों बोतल के भीतर एक समान ही जगह है। इसके बावजूद भरे हुए बोतल में से एक का वजन क्यों ज्यादा हो गया?

एक ही परिमाण का गाढ़ा नमक वाला पानी और साधारण पानी में से गाढ़ा नमक वाला पानी ज्यादा वजनी है। तब एक चम्मच गाढ़ा नमक वाला पानी एक चम्मच साधारण पानी से भारी है। इसी तरह एक कटोरी ग्लिशरीन एक कटोरी साधारण पानी से भारी होता है। इस प्रकार हम निश्चत रूप से कह सकते हैं कि गाढ़ा नमक घुले पानी का वजन और आयतन साधारण पानी से अधिक होता है। किसी आयतन का गाढ़ा नमक पानी उसी आयतन के साधारण पानी के आयतन से भारी होता है। एक आयतन से हम 1 समझते हैं, जैसे 1 लीटर, 1 घन सेमी, 1 गैलन। यह सब एक आयतन को बताते हैं। किसी आयतन के वस्तु के भार को उसी वस्तु का घनत्व कहा जाता है।



साधारण जल गाढ़ा नमक पानी

गाढ़े नमक को पानी भारी है अत: उसका घनत्व ज्यादा है। इसी प्रकार किसी भी समान आयतन में गाढ़ा नमक वाला पानी का आयतन साधारण पानी की अपेक्षा अधिक होता है। मान लो बोतल का आयतन 1 लीटर। पानी भरने से पहले खाली बोतल को स्प्रिंग तराजू पर लटकाया गया था लेकिन उसका भार इतना कम था कि काँटा नीचे झुका ही नहीं। अत:यह मान लेते हैं कि बोतल का भार शुन्य था। इस बार पानी भरकर बोतल को फिर स्प्रिंग तराजू पर झुलाया गया। इस बार तराजू ने एक किलो के काँटे को छू लिया। एक लीटर आयतन का भार है 1 किलो अर्थात् पानी का घनत्व हुआ 1 किलो/लीटर। यदि हम भार मापने के लिए ग्राम एवं आयतन मापने के लिए सेमी. का व्यवहार करें तब पानी का घनत्व कितना होगा?

1 लीटर पानी = 1000 घन सेंमी० पानी।

1 किलो पानी = 1000 ग्राम पानी।

अत: लिख सकते है—

1000 घन पानी का भार 1000 ग्राम

$$1 \text{ घन सेंमी० पानी का भार} = \frac{1000 \text{ ग्राम}}{1000 \text{ घन सेंमी०}}$$

$$\text{अत: पानी का घनत्व} = \frac{\text{पानी का भार}}{\text{पानी का आयतन}} = \frac{1000 \text{ ग्राम}}{1000 \text{ घन सेंमी०}}$$

= 1 ग्राम /घन सेंमी०।

इस बार नीचे के प्रश्नों के उत्तर देने की कोशिश करो—

- एक दो लीटर के बोतल को एक तरल से पूरी तरह भरकर स्प्रिंग तराजू से वजन करने पर उसका भार चार किलो है। मान लो, खाली बोतल का भार शून्य था। बोतल में जो तरल भरा गया है, उसका घनत्व कितना होगा?
- तुम लोगों ने कभी पारा देखा है? थर्मामीटर में नीचे की तरफ जो चमकता हुआ कुण्ड रहता है उसके भीतर पारा भरा होता है। पारा एक तरल पदार्थ होता है। पारे का घनत्व ज्यादा होता है, 13.6 ग्राम/घन सेंमी० बता सकते हो 1 लीटर पारा का वजन कितना ग्राम होगा?

एक कटोरी में थोड़ा पानी लो। इसमें सरसों का तेल डालो।

क्या देखा?

सरसों का तेल ऊपर तैर रहा है या पानी के नीचे चला गया?

अब सोचकर बताओ किस तरल का घनत्व अधिक है? पानी या सरसों तेल का?

यदि एक लीटर पानी का वजन एक किलोग्राम है, तब बताओ कि एक लीटर सरसों तेल का वजन एक किलोग्राम से ज्यादा होगा या कम?

## तरल का दबाव

छठवीं कक्षा में तुम ने तरल के दबाव के बारे में पढ़ा है इसको भी जानते हो कि एकक्षेत्रफल में जिस परिमाण में बल कार्य करता है उसे ही चाप या दबाव कहा जाता है।



सामने की मेज पर 10 किलो वजन का एक ब्लॉक रखा हुआ है, ब्लॉक को पृथ्वी कितना बल देकर नीचे की तरफ खींचेगी।

1 किलो वजन की वस्तु को पृथ्वी 9.8 न्यूटन बल देकर खींचती है। तब 10 किलो वजन की वस्तु को पृथ्वी 9.8×10 न्यूटन या 98 न्यूटन बल देकर खींचेगी है। 98 न्यूटन बल के पृथ्वी के खींचाव के बावजूद भी ब्लॉक मेज पर स्थिर है ऐसा क्यों हुआ बता सकते हो।

ब्लॉक पर जितने परिमाप में पृथ्वी द्वारा बल का प्रयोग किया जाता है उसी परिमाप के बल से ब्लॉक मेज को नीचे की ओर दबाव डालता है। इसी दबाव से ब्लॉक का वजन समान अर्थात् 98 न्यूटन होगा। मेज पर ब्लॉक द्वारा डाले गए बल को यदि क्रिया कहेंगे तो ब्लॉक के ऊपर भी मेज द्वारा जो बल डाला जा रहा है उसे प्रतिक्रिया कहेंगे। इस प्रतिक्रिया बल का परिमाप भी 98 न्यूटन है, जो उर्ध्वामुखी है।

ब्लॉक के ऊपर पृथ्वी द्वारा लगाया गया 98 न्यूटन बल निम्नमुखी है एवं मेज पर रखे 10Kg. के ब्लॉक का 98 न्यूटन बल उर्ध्वमुखी है। इस तरह से दोनों का योगफल शून्य हुआ, इसी कारण किसी तरह का त्वरण या गति नहीं हुई। इसी कारण ब्लॉक स्थिर है।

अतः यदि तुम लोगों से प्रश्न किया जाये कि मेज के ऊपर ब्लॉक के लिए निर्मित चाप का परिमाप कितना होगा?

हम लोगों ने देखा कि मेज के ऊपर रखे ब्लॉक पर 98 न्यूटन बल का प्रयोग किया गया। अब यह जानना होगा, कि कितने क्षेत्रफल में यह बल प्रयुक्त हुआ?

यदि मेज एवं ब्लॉक के संयोगतल का क्षेत्रफल 0.25 वर्ग मी० है तो मेज के ऊपर रखे ब्लॉक के द्वारा दिया गया बल 0.25 वर्ग मी० क्षेत्रफल के ऊपर प्रयुक्त होगा।

0.25 वर्ग मी० क्षेत्रफल के ऊपर दिये गये बल का परिमाप यदि 98 न्यूटन है।

तब, 1 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर

$$\text{बल का परिमाप} = \frac{98 \text{ न्यूटन}}{0.25 \text{ वर्गमी०}} = 392 \text{ न्यूटन / वर्ग मी०}$$

$$\text{अतएव, मेज के ऊपर ब्लॉक द्वारा दिया गया चाप} = \frac{\text{बल}}{\text{क्षेत्रफल}}$$

$$= \frac{98}{0.25} \text{ न्यूटन / वर्ग मी०} = 392 \text{ न्यूटन / वर्ग मी०}$$

निम्न चित्र को देखो, जिसमें एक गमले में 10 kg पानी है। गमले का क्षेत्र 0.25 वर्गमी० है। गमले का पानी उसके तल पर कितने परिमाण में दबाव डालेगा इसका निर्णय करो।



10 kg पानी को पृथ्वी नीचे की तरफ 10 × 9.8 न्यूटन या 98 न्यूटन बल से खींचती है। अर्थात् 10 kg पानी का वजन है 98 न्यूटन। किन्तु पानी स्थिर है। इसका अर्थ है गमले के तल ने भी जल के ऊपर 98 न्यूटन बल का प्रयोग किया है। क्योंकि न्यूटन के तीसरे सूत्र के अनुसार पानी ने गमले पर 98 न्यूटन बल से दबाव दिया है।

$$\text{अतः गमले के तल पर दबाव का परिमाप है} = \frac{\text{बल}}{\text{क्षेत्रफल}} = \frac{98 \text{ न्यूटन}}{0.25 \text{ वर्गमी०}} = 392 \text{ न्यूटन / वर्गमी०}$$

हमने एक ठोस धातू के ब्लॉक के द्वारा मेज के ऊपर बल प्रयोग करने की क्रिया से उसके दबाव को जाना। तरल पदार्थ पानी द्वारा गमले के तल पर बल प्रयोग करने से भी हमने दबाव का हिसाब लगा लिया। लेकिन थोड़ा सोचकर देखो, पानी द्वारा क्या बल का प्रयोग सिर्फ गमले के तल में ही हुआ या गमले की दीवारों पर भी। यदि गमले की दीवार पर एक छेद कर दें, तो पानी उससे बाहर निकलने लगेगा। अत: यह अच्छी तरह समझ रहे हो कि हमें गमले की दीवार पर पानी द्वारा डालें गए बल का भी परिमाप ज्ञात करना चाहिए। अब हम तरल द्वारा प्रयोग किए गए दबाव पर और भी कुछ जानने की चेष्टा करेंगे।

नीचे के चित्र में दो पात्र हैं एक बड़ा गमला और एक पानी का बोतल। गमले में उस बोतल जैसे पाँच बोतलों का पानी आ सकता है।

सामने के चित्र की तरह गमला और बोतल दोनों में पानी भर के मेज के ऊपर किनारे की तरफ रखा गया। गमला और बोतल की सतह के नीचे तल पर एक छेद कर दिया गया। ध्यान से देखने पर पता चलता है कि जिस वेग से बोतल के छेद से पानी निकल रहा है एवं जितनी दूर जा रहा है, उस वेग से गमले के छेद से पानी नहीं निकल पा रहा है। जबकि गमले को पृथ्वी जिस बल से अपनी तरफ खींचती है उतने बल से बोतल को नहीं। क्योंकि यदि बोतल एक किलो पानी है तो गमला में 5 किलो। अब प्रश्न यह है कि बोतल के छेद से पानी के निकलने की तीव्रता क्यों अधिक है?

ध्यान से देखो, कि बोतल के पानी की उच्चता H, गमले के पानी की उच्चता H से ज्यादा है।




इस प्रकार तुम कई प्रयोग कर स्वयं देख सकोंगे कि पात्र में जितने परिमाण में जल की ऊँचाई होगी, उसी परिमाण में पानी तीव्रता से बाहर आएगा।

इससे समझ सकते हो कि बर्त्तन में पानी भले ही कम परिमाण में हो लेकिन तल के छेद से पानी के ऊपरी सतह की ऊँचाई ज्यादा होने से पानी का वेग ज्यादा होगा।

अन्य एक विषय पर ध्यान दो। गमले का पानी जितना ज्यादा है उसी अनुपात में गमले का क्षेत्रफल बोतल से ज्यादा है। खाली गमले के तल पर इस तरह के कितने बोतलों को रखा जा सकता है?

लगता है छ: बोतल रखा ही जा सकता है। इसका हिसाब किया जाये—

अब बोतल के पानी का भार =1 Kg.

बोतल के पानी का वजन = (1×9.8) न्यूटन = 9.8 न्यूटन

बोतल की सतह बोतल के सतह से छ: गुणा अधिक है।

अत: बोतल के सतह का क्षेत्रफल A वर्गमी०

अत: बोतल के सतह द्वारा दिया गया पानी का दबाव $= \frac{\text{बल}}{\text{क्षेत्रफल}} = \frac{9.8 \text{ न्यूटन}}{A \text{ वर्ग मी०}} = \frac{9.8}{A}$ न्यूटन / वर्ग मी०

अब गमले के पानी का भार = 5 Kg.

गमले के पानी का वजन (5×9.8) न्यूटन = 49 न्यूटन। गमले का तल बोतल के तल से छः गुणा अधिक है।

अतः गमला के तल का क्षेत्रफल = 6A वर्ग मी०

$$\text{अतः गमला के तल पर पानी का दबाव} = \frac{\text{बल}}{\text{क्षेत्रफल}} = \frac{49 \text{ न्यूटन}}{6A \text{ वर्ग मी०}} = \frac{\cancel{49}^{\,8.166}}{\cancel{6}A} \text{ न्यूटन / वर्ग मी०}$$

$$\frac{8.2}{A} = \text{न्यूटन / वर्ग मी० (लगभग)}$$

**इस बार बताओ किस बर्त्तन के तल पर पानी का दबाव ज्यादा होगा ?**

अभी तक यह समझ चुके हो कि किसी छेद से बाहर निकलने वाले तरल का वेग, चाप या दबाव के ऊपर निर्भर होता है, बल के ऊपर नहीं। दूसरी बात यह भी समझ चुके हो कि चाप या दबाव वही ज्यादा होता है, जहाँ तल से जलस्तर की उच्चता अधिक होती है।

अब एक प्रयोग किया जाए।



एक प्लास्टिक का बोतल लो। अब बोतल के तल के केन्द्र में एक छेद करो और एक दूसरा छेद बोतल के तल के एकदम पास की दीवार पर। इसका ध्यान रखना होगा कि सब प्रयोगों में किए गए छेद किसी सूई से बनाए गए छेद की तरह छोटे न हो। किसी मोटे कील को गरम कर, उसे बोतल से स्पर्श करने पर जिस परिमाप में छेद होता है, ठीक इसी परिमाप का बड़ा छेद होना चाहिए। पहले किए गए गमले और बोतल के प्रयोग में भी इसी प्रकार का बड़ा छेद होना चाहिए।

बोतल को पानी से भरकर देखो कि छेद से बाहर आने वाले पानी का वेग कैसे कम होता है। पानी के ऊपरी सतह की ऊँचाई जितनी कम होती है, पानी के निकलने की तीव्रता भी उतनी ही कम होती जाती है। बोतल के तल और उसके तल के नजदीक दीवार पर बने छेद से पानी के निकलने पर भी पानी की ऊपरी सतह की ऊँचाई एक समान ही रहती है। इस प्रकार पानी के निकलने के साथ-साथ पानी के ऊपरी सतह की ऊँचाई दोनों छेदों पर समान रूप से कम होती जाती है। साथ ही दोनों छेदों से निकलने वाले पानी का वेग भी समान रूप से कम होता जाता है।

**इस प्रयोग से तुमने क्या सीखा ? किसी स्थान के तल का दबाव क्या सिर्फ नीचे की ओर ही कार्यरत रहता है?**

इसे स्मरण रखो कि किसी स्थान के तल का दबाव सभी ओर समान रूप से क्रियाशील रहता है।

## तरल का दबाव और घनत्व

दो बिल्कुल समान माप के प्लास्टिक के बोतल लो। एक में पानी और दूसरे में गाढ़ा नमक का पानी भर के दोनों बोतलों के निचली तल के बिल्कुल पास के दीवार पर छेद करो। अब ध्यान से देखो किस बोतल के छेद से निकलने वाला तरल ज्यादा दूर तक गिर रहा है। अर्थात् किस बोतल का तरल अधिक वेग से बाहर निकल रहा है।




तुम देख सकोंगे कि गाढ़े नमक पानी का वेग साधारण पानी वाले बोतल की अपेक्षा अधिक है।

दोनों बोतलों में छेद से पानी के ऊपरी सतह की ऊँचाई एक समान ही है। तो दोनों बोतलों के तल के पास बने छिद्र पर एक समान ही दबाव क्रियाशील होगा।

इसके बावजूद गाढ़े नमक वाले पानी का वेग ज्यादा क्यों है?

- **तो क्या दबाव का परिमाण तरल (द्रव्य) की ऊँचाई के अलावा भी दूसरे कारणों पर निर्भर करता है।**

गाढ़े नमक पानी का घनत्व साधारण पानी से अधिक है। पुनः निरीक्षण कर यह देखा गया कि जलस्तर की एक ही ऊँचाई होने पर भी गाढ़े नमक पानी वाले बोतल पर दबाव अधिक है। इससे क्या यह सिद्ध हो रहा है कि तरल के दबाव पर तरल के घनत्व का भी प्रभाव पड़ता है?
अतएव, अब तक यह समझ चुके हो कि किसी तरल के अन्दर किसी स्थान पर तरल का दबाव कितना होगा यह तरल के ऊपरी सतह की उच्चता और तरल के घनत्व पर निर्भर करता है।



पास में बने चित्र को अच्छी तरह देखो। एक 'U' आकार की नली के दायीं ओर बड़े ओर चौड़े नली में तरल का परिमाण ज्यादा है। इस कारण यहाँ वजन भी ज्यादा है। किन्तु जल के ऊपरी सतह की ऊँचाई कम है। बायीं ओर नली में जल का परिमाण और वजन दोनों कम है। किन्तु जल के ऊपरी सतह की ऊँचाई अधिक है।
दोनों नलियों में एक ही प्रकार का तरल है। दोनों नलियों के संयोग स्थल पर जो चाभी है उसे बन्द रखा गया है। अब अगर इस चाभी को खोल दिया जाए तो तरल किस नली से किस नली की ओर प्रवाहित होगा? छठवीं कक्षा में इसी प्रकार का एक प्रयोग तुमलोग कर चुके हो। देख पा रहे हो कि तरल के ऊपरी सतह की उच्चता से तरल किस ओर प्रवाहित हो रहा है। तरल का परिमाण या भार या तरल के ऊपर पृथ्वी के आकर्षण बल का परिमाण— इन सभी के ऊपर तरल का प्रवाह निर्भर करता है अर्थात् बल पर नहीं दबाव पर ही किसी तरल के प्रवाहित होने की दिशा निर्भर करती है।

- दूसरे तरफ के चित्रों को देखकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दो —

पात्र के बीच में उपस्थित नल को खोल देने पर,
(1) न० चित्र में तरल किस ओर प्रवाहित होगा? A से B की तरफ या B से A की तरफ?




(2) न० चित्र में द्रव्य किस तरफ जायेगा ? A से B की तरफ या उसके विपरीत ?

(3) न० चित्र में तरल किस तरफ प्रवाहित होगा ?



यदि (1), (2) या (3) न० चित्र में द्रव्य A से B या B से A की तरफ प्रवाहित होता है, तब वह प्रवाह चलता ही रहेगा या यह प्रवाह एक समय अपने आप बन्द हो जायेगा ?

तरल का प्रवाह कब बन्द होगा ?

(4) न० चित्र में एक नली के तरल का परिमाण एक जैसा है। वहाँ पर क्या तरल का कोई प्रवाह है ? सभी नालियों के द्रव्य की उच्चता समान है, क्या ऐसा ही होना चाहिए ?

**आपस में विचार करके खोजने की कोशिश करो ?**

## वायु चाप या वायु दाब

एक गमला लो, उसमें पानी भर दो। इसके बाद तीन से चार फुट लम्बा एक रबर का पाइप लो। पाइप का दोनों मुँह खुला होना चाहिए। पाइप को पानी से भरकर दोनों छोरों को अंगुली से दबाकर रखो। अब पाइप का एक सिरा गमले वाले पानी के भीतर डालो एवं अगूंठे को हटा दो। लेकिन दूसरी तरफ पाइप को अगूंठे से बन्द किए रहो। पाइप का दूसरा सिरा खुले होने एवं गमले में होने के बावजूद भी पानी गिर नहीं रहा है।




चित्र देख कर बताओ (B) से (A) की तरफ पानी प्रवाहित क्यों नहीं हुआ ? (A) बिन्दु पर पानी की ऊँचाईं, (B) बिन्दु के पानी की ऊँचाईं से कम है। फिर भी (B) से (A) की तरफ पानी प्रवाहित नहीं हुआ।

A बिन्दु के पानी के ऊपरी सतह का ऊँचाईं कम होने पर भी A बिन्दु पर का दबाव का परिमाण B की अपेक्षा कम नहीं है ऐसा क्यों ? इसका कारण है वायु दाब। गमले के पानी के ऊपरी सतह पर वायु है। तरल के ऊपरी सतह पर वायु के दबाव के कारण A या C बिन्दु के दबाव का परिमाण सिर्फ तरल का दबाव नहीं, बल्कि तरल और वायु का सम्मिलित दबाव है। किन्तु B पर दबाव का कारण एक मात्र नली के भितर के पानी की उच्चता ही है। अब यदि नली के ऊपरी मुँह से अंगुली हटा दी जाए, तो नली का पानी गमले में गिरने लगेगा। ऐसा क्यों ?

इस समय पाइप के ऊपर हवा का दबाव काम कर रहा है। परिमाणतः A या C बिन्दु से B बिन्दु पर दबाव का परिमाण ज्यादा है, जिससे पानी B बिन्दु से बाहर निकलने लगा।




मान लो, जिस पाइप से परीक्षा कर रहे थे उस पाइप की लम्बाई 12 मीटर है। पाइप की ऊँचाईं तीन तल्ले के घर की ऊँचाईं के बराबर है। पाइप में पानी भर कर इसके ऊपर का मुँह बन्द करके, इसके नीचे के मुँह को पानी से भरे गमले में डुबाने से देखोगे कि पाइप से गमले में पानी तब तक गिर रहा है। जब तक पाइप से पानी 2 मीटर नीचे नहीं आ गया। अर्थात् जैसे ही पाइप के पानी की उच्चता गमले के 10 मीटर ऊँचे पानी की उच्चता तक पहुँची वैसे ही जल प्रवाह बन्द हो गया। इससे तुमने क्या सीखा ? जब पानी की ऊँचाईं 12 मीटर थी, उस समय पानी का दबाव वायु के दबाव से ज्यादा था। इसी कारण पानी पाइप से निकलकर गमला में आ गया। ज्योंही पानी की ऊँचाई 10 मीटर हुई, वैसे ही पानी एवं हवा का दबाव समान हो गया। जिससे पानी का प्रवाह रूक गया। इससे यह समझ में आ जाना चाहिए कि 10 मीटर ऊँचा पानी जिस परिमाण में दबाव डालता है, वह वायु दबाव के समान है।




इटली के पदार्थ वैज्ञानिक टरिच्चेली ने एक प्रयोग किया, जल के स्थान पर पारा लेकर। इन्होंने दिखलाया कि 76 सेंमी० ऊँचा पारा, जिस परिमाण में दबाव डालता है, वह वायु दबाव के समान होता है।

अतएव, इन परीक्षणों से यह पता चला कि वायु जो दबाव डालता है उसका परिमाण 10 मीटर ऊँचे जल स्तर के समान होगा। साथ ही 76 सेंमी० ऊँचे पारे का स्तर जितने परिमाण में दबाव देगा, वह भी वायु दबाव के समान है।

- **निम्न प्रश्न का जबाब देने का प्रयत्न करो —**

एक ही परिमाण के दबाव को बनाने के लिए 10 मीटर ऊँचाई के पानी की जरूरत है, वहाँ मात्र 76 सेंमी० पारे द्वारा उतना दबाव पड़ेगा। ऐसा क्यों ?

## वस्तु का तैरना, प्लावन और ऑर्कमिडिज का सिद्धान्त

तुमने पानी में काठ का टुकड़ा, थर्मोकॉल का टुकड़ा और नाव, या जहाज को तैरते देखा है। लेकिन पानी में एक लोहे की कील फेंकने से वह डूब जायेगी। यह भी तुम्हें पता है। तरल या द्रव्य में किसी वस्तु के तैरने या डूब जाने के कारणों पर अब हम चर्चा करेंगे।




बगल के चित्र को देखो। एक पात्र में कोई द्रव्य, मान लो पानी लिया गया। उस द्रव्य में तीन वस्तुओं को देखा जा सकता है।

A और B वस्तु तैर रहे है लेकिन C वस्तु पूरी तरह से डूब गयी है। A वस्तु को पृथ्वी नीचे की ओर खींच रही है। मान लो A वस्तु का वजन है 10 न्यूटन। इसका अर्थ है, पृथ्वी A वस्तु को 10 न्यूटन बल से नीचे की ओर खींच रही है। इससे तो A वस्तु को नीचे की तरफ गिरना चाहिए, मगर वह स्थिर है। इससे यह समझ में आ रहा है कि A वस्तु पर ऊपर से 10 न्यूटन बल का प्रयोग हो रहा है। इसलिए A वस्तु पर कुल बल का योगफल शून्य होगा। यहाँ प्रश्न यह है कि A वस्तु पर ऊर्ध्वमुखी बल का प्रयोग किसने किया। मेज वाले प्रयोग में स्थिर वस्तु के ऊपर ऊर्ध्वमुखी बल का प्रयोग करना वाला मेज था— यह हम देख चुके थे। यहाँ तो सिर्फ पानी है, तो क्या यह मान लिया जाये कि A वस्तु पर पानी द्वारा ही ऊर्ध्वमुखी हो रहा है। B वस्तु भी पानी में तैर रही है। मान लो B वस्तु का वजन है 15 न्यूटन। B वस्तु को पृथ्वी 15 न्यूटन बल से नीचे की ओर खींच रही है। अब बताओ B वस्तु के ऊपर पानी द्वारा कितना ऊर्ध्वमुखी बल का प्रयोग किया जा रहा है?

जब किसी वस्तु को किसी द्रव्य या तरल में डुबाया जाता है तो वह द्रव्य वस्तु के ऊपर एक ऊर्ध्वमुखी बल का प्रयोग करता है।

बगल के चित्रों को देखो। एक भारी वस्तु स्प्रिंग तराजू से लटकाया गया। स्प्रिंग तराजू के काँटे को देखकर वस्तु का भार या वजन जाना जाता है।

अब उस वस्तु को स्प्रिंग तराजू से लटकती अवस्था में ही तरल में डुबाया गया। पहले थोड़ा डुबाया गया (चित्र 2) तत्पश्चात पूरा डुबाया गया। यह वस्तु ऐसी है, जिसे अगर स्प्रिंग तराजू से नहीं लटकाया गया होता हो यह निश्चित रूप से डूब जाती है।



चित्र 1 चित्र 2 चित्र 3

अब नीचे के प्रश्नों का उत्तर दो :

**चित्र 2 और चित्र 3 देखकर यह समझा जा सकता है कि वस्तु को पानी में डुबाने के कारण स्प्रिंग तराजू पर उसका वजन कम होता जा रहा है। इसका कारण क्या है?**

चित्र 2 में स्प्रिंग तराजू पर वस्तु का जितना वजन है, चित्र 3 में वह वजन कम हो गया है। इस प्रयोग द्वारा तुमने क्या सीखा? किसी वस्तु को तरल में डुबाने से उस वस्तु के ऊपर तरल जो ऊर्ध्वमुखी बल (प्लावता) का प्रयोग करता है उसका परिमाण वस्तु का कितना अंश तरल में डुब गया है इसपर निर्भर करता है।

किसी वस्तु को तरल में डुबाने पर, वह वस्तु तरल के कुछ परिमाण को उसकी जगह से हटा देती है और उसके स्थान की जगह अपना स्थान बना लेती है। वस्तु को स्थान देने के लिए जितना तरल अपनी जगह से हट गया, उतने परिमाण के तरल का वजन वस्तु के ऊपर लगने वाले ऊर्ध्वमुखी (प्लावता) के बराबर होगा। यह सिद्धांत वैज्ञानिक ऑर्कमिडिज द्वारा गिया गया है।



एक वस्तु को एक डोरी से बांधकर तीन तरह से पानी में डुबाया गया। बगल के चित्रों को ध्यान से देखकर निम्न प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयत्न करों—

इनमें से किस चित्र में डुबी हुई वस्तु द्वारा ज्यादा से ज्यादा द्रव्य अपनी जगह से हटाया जा रहा है या ज्यादा से ज्यादा द्रव्य अपने स्थान को छोड़कर हट गया?

किस चित्र में वस्तु के ऊपर तरल के प्लावता का मान अधिक होगा?

बगल के चित्रों को अच्छी तरह से देखकर प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करो।

एक वस्तु D को दो अलग-अलग तरलों में छोड़ दिया गया। दोनों तरल में वस्तु तैर रही है अर्थात् वस्तु के ऊपर कुल बल का परिमाण दोनों ही तरलों में शून्य है।

वस्तु द्वारा हटाये गए तरल का आयतन किस चित्र में ज्यादा है?

वस्तु के ऊपर किस चित्र के तरल द्वारा ऊर्ध्वमुखी बल का अधिक प्रयोग हो रहा है? या कि दोनों चित्रों के तरलों द्वारा समान प्लावता का प्रयोग हो रहा है?




किस चित्र में वस्तु द्वारा हटाये गए तरल का वजन अधिक होगा?

किसी चित्र में वस्तु द्वारा हटाये गए तरल का भार अधिक होगा?

तुम पहले ही सीख चुके हो आयतन × घनत्व = भार

अब बताओ किस चित्र में तरल का घनत्व अधिक होगा?

अब यह जान चुके हो कि किसी तरल में किसी वस्तु को डुबाने पर उस वस्तु के ऊपर तरल द्वारा कितना ऊर्ध्वमुखी बल का प्रयोग होगा, यह वस्तु द्वारा हटाये गए तरल के आयतन और तरल के घनत्व के ऊपर निर्भर करता है।

अब नीचे के प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करो:

एक छोटे कील को बाल्टी के पानी में डालो वह डूब जाएगा। लेकिन उस कील से कहीं ज्यादा बड़ा एक स्टील का कटोरा बाल्टी के पानी में तैरता है, डुबता नहीं। ऐसा क्यों?

तरल के डुबने के संबंध में हमने क्या-क्या सीखा इसे नीचे लिखों।

किसी वस्तु को किसी तरल में डुबाने पर वह वस्तु कुछ परिमाण में द्रव्य को उसके स्थान से हटा देती है। हटाए गये तरल का मान, वस्तु के ऊपर कार्यरत ऊर्ध्वमुखी बल के मान के बराबर होगा।

कोई वस्तु जब किसी तरल में तैरती है, तो वस्तु का वजन एवं वायु वस्तु द्वारा अपसारित (हटाये गए) तरल के वजन के बराबर होता है।

## 1.2 स्पर्शहीन क्रियाशील बल

### अभिकर्ष एवं महाकर्ष

- वारिश की बूंदे क्यो आकाश से पृथ्वी की तरफ आती है ? पेड़ से टूटा पत्ता क्यों पृथ्वी पर ही गिरता है ?
- पृथ्वी क्यों सूर्य की परिक्रमा करती है ?
- चाँद पत्ते की तरह पृथ्वी पर क्यों नहीं गिरता ?

इस घटना को अभिकर्ष और महाकर्ष कहा जाता है। इस को कक्षा छ: में जान लिए हो कि एक बल को ऊपर से छोड़ने पर पृथ्वी के अभिकर्ष बल का मान नीचे की तरफ होता है।

सभी वस्तु को पृथ्वी अपने अभिकर्ष बल द्वारा खींचती है यही कारण है हाथ के ऊपर किताब रखने से हाथ पर दबाव पड़ता है।

पिछले अध्याय में हमने देखा कि किस तरह से पृथ्वी के इसी **महाकर्ष बल** का **प्रयोग करके** स्प्रिंग तराजू को बनाया गया।


चित्र 2

चित्रा

पिछली कक्षा में तुमने सीखा है कि केवल पृथ्वी ही सब वस्तु को अपनी तरफ नहीं खींचती इस विश्व की कोई भी दो वस्तु संयोजक सरल रेखा में बार-बार एक दूसरे की अपनी तरफ खींचती है। इस बल का नाम महाकर्ष है। वास्तव में अभिकर्ष ही महाकर्ष है। पृथ्वी और उसके आस-पास किसी भी वस्तु के बीच जो महाकर्ष बल काम करता है उसी का नाम महाकर्ष है।

आइजक न्यूटन ने इस महाकर्ष बल की मात्रा कितनी होगी, एक गणित के माध्यम से सामने लाये।

यह हुआ—

$$F = G \cdot \frac{m_1 \times m_2}{d^2}$$

यहाँ F= महाकर्ष बल , $m_1$ और $m_2$ वस्तु का कोई दो वजन d = वस्तुओं के बीच सरल रेखीय बराबर दूरत्व सरल रेखा हर समय दो बिन्दु के बीच होती है इसीलिए न्यूटन के महाकर्ष सूत्र में दोनों बिन्दु के बीच आकर्षण की बात कही गई है।

G-को सर्वकालीक महाकर्ष ध्रुवक कहा जाता है। इसका कारण G का मान इस विश्वव्रह्माण्ड में सब जगह एक ही रहता है। वस्तु के बीच माध्यम क्या होता है इसके ऊपर निर्भर नहीं करती।

SI पद्धति में G का इकाई $\frac{\text{न्यूटन} \times \text{मिटर}^2}{\text{किलो}^2}$ या $\frac{N \times m^2}{kg^2}$

विभिन्न प्रयोग द्वारा G का मान हिसाब करके देखा गया SI पद्धति G का मान = $\frac{6.67}{10^{11}} \frac{Nm^2}{kg^2}$

तुमने कक्षा 7 के भूगोल से जाना है कि किसी वस्तु को न्यूनतम 11.2 km/Sec वेग से पृथ्वी के ऊपर फेंका जाय तो वह पृथ्वी के गुरूत्वाकर्षण के बाहर चला जाता है।

तुम लोग जानते हो कि रॉकेट द्रुत गति से पृथ्वी के अभिकर्ष बल की सीमा से बाहर चला जाता है। यह कितना सच है ! चले अब इस पूरी घटना को अच्छी तरह से समझें।

मान लो $m_1$ और $m_2$ भार की दो वस्तुओं के बीच की दूरी d है एवं दोनों एक दूसरे को परस्पर F महाकर्ष बल से आकर्षित करती हैं।

$$\therefore \quad F = G\frac{m_1 m_2}{d^2}$$

वस्तुओं के भार $m_1$ और $m_2$ में कोई परिवर्तन नहीं हो रहा और इनके मध्य के महाकर्षीय ध्रुवक का मान भी स्थिर हो ऐसी स्थिति में $Gm_1m_2$ में क्या कोई परिवर्तन हो रहा है ?

इस स्थिति में यदि दो वस्तुओं के मध्य दूरी d को क्रमशः बढ़ाया जाये क्या F के मान में कोई परिवर्तन होगा ?

उपरोक्त सूत्र का ऊपरी भाग $G.m_1m_2$ स्थिर रहने पर, यदि नीचले भाग अर्थात् d में वृद्धि की जाएगी तो $\frac{Gm_1m_2}{d^2}$ का मान कम होगा। कहने का तात्पर्य है, वस्तुओं का परस्पर महाकर्ष बल F कम होगा।

इसी प्रकार d में निरंतर वृद्धि होने से F का मान भी कम होता जाएगा।

d का ऐसा कोई मान तुम बता सकते हो जिसके लिए F=0 होगा।

d का मान कितना भी क्यों न बढ़ जाए F का मान किसी न किसी संख्या पर स्थिर रहेगा ही। F का मान कभी भी शून्य नहीं हो सकता है।

कहने का तात्पर्य यह है कि **किसी भी वस्तु का महाकर्षीय प्रभाव अत्यधिक दूर होने पर भी बना रहता है।** यद्यपि यह प्रभाव दूरी के अनुसार कम होता जाता है। इसलिए पृथ्वी से तुम कितनी भी दूरी पर चले जाओ, पृथ्वी के अभिकर्षण बल का प्रभाव वहाँ पड़ेगा ही। किन्तु निश्चित दूरी के उपरांत महाकर्षीय बल का प्रभाव इतना कम हो जाता है कि वह अनुभुत नहीं होता। इस दूरी पर इसीलिए प्रायः महाकर्षीय बल का प्रभाव नगण्य मान लिया जाता है।

न्यूटन के महाकर्ष के सूत्र में दो वस्तु बिन्दुओं की चर्चा है। किन्तु पृथ्वी, सूर्य, चाँद इत्यादि क्या वस्तु बिन्दु हैं ? तब इनके लिए महाकर्षीय सूत्र का किस प्रकार प्रयोग किया जाएगा।

**दो वस्तु किसी भी बड़े आकार के क्यों न हो, उनके मध्य की दूरी उनके व्यास की तुलना में बहुत ज्यादा होगी, तो उन दो वस्तुओं को वस्तु बिन्दु ही माना जाएगा।**

हम जानते हैं कि पृथ्वी, सूर्य, चाँद या अन्य सभी ग्रहों की आकृति गोलाकार है। गोलाकार वस्तु के ज्यामितिक केन्द्र बिन्दु में उसके समस्त भार और बल का निपुंज मान कर उसके महाकर्ष बल का हिसाब लगाया जाता है। इसलिए पृथ्वी से बाहर किसी भी वस्तु के ऊपर अभिकर्ष बल का निर्णय करने के लिए, पृथ्वी के केन्द्र से उस वस्तु की दूरी को d का मान माना लिया जाता है।

तुम जानते हो कि इस विश्व की कोई भी दो वस्तुएँ परस्पर सरलरेखा में एक-दूसरे को आकर्षित करती हैं।

इस नियम के अनुसार तो पृथ्वी के ऊपर स्थित सभी वस्तुओं के मध्य परस्पर टक्कर होनी चाहिए। किन्तु ऐसा होता नहीं। तो क्या यह मान लें कि पृथ्वी के ऊपर स्थित सभी वस्तुओं पर महाकर्ष सूत्र का कोई प्रभाव नहीं पड़ता ?

मान लों, A और B दो 1 kg भार की वस्तुएँ पृथ्वी के ऊपर 1 मीटर की दूरी पर स्थित हैं। इस कारण ये वस्तुएँ जिस बल से एक दूसरे को आकार्षित करती हैं, उसका मान $F_1$ न्यूटन मान लिया गया है।

यहाँ $m_1 = 1$ kg

$m_2 = 1$kg

$G = \frac{6.67}{10^{11}} \frac{Nm^2}{kg^2}$

$d = 1$m

$$\therefore F_1 = G\cdot\frac{m_1 m_2}{d^2}$$

$$= \frac{6.67}{10^{11}}\,\frac{1\times1}{1^2}\,N$$

$$= \frac{6.67}{10^{11}}\,N \;= 0.000000000667\,N$$

अर्थात् दो वस्तुओं के मध्य 6.67 न्यूटन के एक हजारवें भाग का एक भाग प्रभाव डालेगा।

अब देखते है कि पृथ्वी पर रखी 1kg भार की वस्तु को पृथ्वी कितने परिमान बल से आकर्षित करती है। मान लो बल $F_2$ न्यूटन।




पृथ्वी का भार $= 5.96\times10^{24}$ kg

पृथ्वी का व्यास = 6370 km

$= 6370\times10^3$m = पृथ्वी के पृष्ठ पर स्थित वस्तु और पृथ्वी के केन्द्र की दूरी।

$$F_2 = G \times \frac{\text{वस्तु का भार} \times \text{पृथ्वी का भार}}{(\text{पृथ्वी के केन्द्र से वस्तु की दूरी})^2}$$

$$= \frac{6.67}{10^{11}} \times \frac{1\times5.96\times10^{24}}{(6370\times10^3)^2} \text{N}$$

= 9.797 N

9.797 न्यूटन 0.0000000000667 न्यूटन बल से बहुत अधिक

$\therefore F_2 >>> F_1$

तब निश्चिय ही समझ पा रहे हो कि पृथ्वी पर रखी 1 kg भार की दो वस्तुओं को पृथ्वी जितने बल से अपनी ओर खींचती है, उसकी तुलना में उस वस्तुओं के बीच परस्पर आकर्षण बल इतना नगण्य होता है जिसको समझना मुश्किल है।

न्यूटन के महाकर्ष सूत्र का प्रयोग करके, एक भार की वस्तु के ऊपर अभिकर्ष बल जितना लगा, वह है :

$$F = G\,\frac{M\times1}{R^2} \qquad M= \text{पृथ्वी का भार}$$

$$\therefore\ F = \frac{GM}{R^2} \qquad R= \text{पृथ्वी के व्यास का आधा}$$

एक भार की प्रत्येक वस्तु के ऊपर पृथ्वी के अभिकर्ष का खींचाव 'g' से चिन्हित करने पर

$$\therefore\quad g = \frac{GM}{R^2}$$

परिणामत: m —भार के वस्तु के ऊपर पृथ्वी का अभिकर्ष बल के मान को अर्थात् M भार के वस्तु के वजन (Weight) को यदि W बोलते हैं तब इस तरह लिख सकते हैं—

$$W = \frac{GMm}{R^2}$$

$$\text{या, } W = \left(\frac{GM}{R^2}\right)\times m$$

$$\therefore W = gm$$

## अभिकर्ष और महाकर्ष के प्रभाव की गति

एक खेलने वाले गेंद को गिराओ। गेंद अभिकर्ष बल के कारण नीचे की तरफ कूदता रहेगा।

गेंद फेंकने के ठीक पहले उसकी गति कितनी थी ?

लेकिन उसके बाद गेंद की गति क्या शून्य थी ?

क्या गेंद की गति समय के साथ-साथ बढ़ी। अर्थात् गेंद पर एक त्वरण बना।

इस त्वरण के लिए कौन सा बल कारण है, इसको समझ पा रहे हो।

अभिकर्ष बल के प्रभाव के कारण किसी वस्तु में जो त्वरण उत्पन्न होता है, उसे अभिकर्षज त्वरण कहते हैं।

न्यूटन के गति-सूत्र के अनुसार, बल = भार × त्वरण ($F = m \times a$)।

तब किसी वस्तु के ऊपर अभिकर्षज के कारण कितना त्वरण होगा ?

$$F = m \times a$$

यहाँ F हुआ m -भार की वस्तु के ऊपर अभिकर्षण बल, $\frac{GmM}{R^2}$

$$\therefore \frac{GmM}{R^2} = m \times a$$

या $$a = \frac{GM}{R^2} = g$$

अतएव देखा गया एक भार के वस्तु के ऊपर अभिकर्षज बल का मान त्वरण के मान के बराबर होता है।

S.I पद्धति में g का मान = $9.8 m/s^2$

1 kg भार की किसी वस्तु को पृथ्वी जितने बल से आकर्षित करती है उसका मान होता है = 9.8 N

किसी वस्तु का भार 3 kg होने पर उसका वजन = 3×9.8 N।



एक छोटा कागज के टुकड़े और एक पत्थर के टुकड़े को एक साथ एक ऊँचाईं से छोड़ दो।

क्या देखा ? पत्थर का टुकड़ा भारी होने के कारण कागज के टुकड़े के पहले मिट्टी पर आ गिरा ?

ग्रीक के विख्यात दार्शनिक अरस्तू ने इस धारणा को प्रस्तुत किया था, जिसके अनुसार भारी वस्तु हल्की वस्तु की अपेक्षा अधिक जल्द नीचे की ओर आती है। किन्तु बाद में इटली के दार्शनिक गैलेलियो (1564-1562) ने प्रयोग करके प्रमाणित किया कि एक हल्की और एक भारी वस्तु को एक ही ऊँचाईं से गिराने से दोनों साथ साथ ही नीचे की ओर गिरेंगी।





सुना गया है कि गैलेलियो ने एक लोहा और एक काठ के गोलक को इटली के पिसा शहर के प्रसिद्ध हेलन मिनार से गिराया, दोनों वस्तुएँ लगभग एक साथ हीं जमीन पर गिरीं।

चलो अब एक परीक्षण कर देखें :

एक रूपये का एक सिक्का लो। अब उसी सिक्के के माप का एक कागज का टुकड़ा काट लो। कागज का टुकड़ा सिक्के की तुलना में बड़ा न हो।



अब कागज के सिक्के और एक रूपये के सिक्के, दोनों को एक साथ एक ऊँचाई से छोड़ो। क्या देखा ?

एक रूपये का सिक्का पहले आकर गिरा और कागज का टुकड़ा बाद में।

अब कागज के सिक्के को रूपये के सिक्के के ऊपर अच्छे से बैठा दो। रूपये के सिक्के के ऊपर कागज के सिक्के को लगा हुआ नीचे की ओर छोड़ दो।

अब क्या देखा ? कागज का सिक्का, रूपये के सिक्के से बहुत ज्यादा हल्का होने पर भी, दोनों एक साथ जमीन पर गिरें। प्रथम प्रयोग में रूपये का सिक्का अपने मार्ग की वायु को जितनी जल्दी अतिक्रमित (हटा) कर पाया, उतनी जल्दी कागज का सिक्का नहीं कर पाया। दूसरे प्रयोग में दोनों सिक्कों के एक साथ जमीन पर गिरने का कारण यह है कि कागज का सिक्का और रूपये का सिक्का दोनों एक साथ वायु का अतिक्रमण कर पायें।

अब तुम सोचकर बताओ, अगर दोनों सिक्कों के मार्ग में वायु की बाधा न हो, तो क्या दोनों एक साथ जमीन पर गिरेंगे या रूपये का सिक्का पहले गिरेंगे।

पृथ्वी के खिंचाव के कारण कोई वस्तु पृथ्वी की तरफ गिरती है तो उसे पतनशील वस्तु कहते हैं।

स्थिर अवस्था से बाधाहीन पतनशील वस्तु के संबंध में गैलेलियो ने तीन सूत्रों की प्रतिष्ठा की। वे सूत्र हैं—

(1) एक ऊँचाई एवं स्थिर अवस्था से निर्विरोध पतनशील सब वस्तुएं समान गति से नीचे की ओर गिरती हैं।

(2) समय बढ़ने के साथ पतनशील वस्तु का वेग भी बढ़ता रहता है।

(3) समय बढ़ने के साथ-साथ पतनशील वस्तु की अतिक्रांत दूरी भी बढ़ती है।

भू-पृष्ठ पर खड़े होकर एक पत्थर को सीधा ऊपर की तरफ फेकों, पत्थर जितना ऊपर जायेगा उसकी गति उतनी कम होगी यह क्यों ?

एक निश्चित स्थिति तक यह गति कम होते-होते, कुछ दूरी उपरांत फेंकी गई वस्तु अभिकर्ष बल की दिशा में पुन: वापस लौट आता है।



निश्चिय ही तुम समझ रहे हो कि अभिकर्षण बल के कारण फेंकी गई वस्तु पुन: वापस लौट आती है।

अभिकर्षण के कारण त्वरण होता है। इसके कारण उद्धर्वमुखी वेग कम होता है और एक निश्चित स्थिति के उपरांत समय फेंका गया पत्थर वापस चला आता है।

अब एक पत्थर को ऊपर फेंकने के साथ उसके गतिपथ को ध्यान से देखो।

इसका गतिपथ ऐसा क्यों है ?

यहाँ भी अभिकर्ष बल भूमि के तरफ है। **पत्थर के वेग और त्वरण को चित्र में ध्यान से देखो।**

निश्चिय ही समझ रहे हो कि गेंद के वेग की दिशा क्रमशः भूमि की तरफ मुड़ जाने का कारण अभिकर्ष बल है।




अभिकर्षण बल के कारण वस्तु के गतिशील पथ में परिवर्तन होता है और वस्तु चित्र में दिए गए टेढ़े मार्ग से पुनः भूमि की तरफ लौट आती है।

वस्तु को यदि ऊपर की तरफ सीधा और अधिक जोर से फेंका जाए तो वह वस्तु किस तरह या मार्ग से पुनः पृथ्वी पर लौटेगी, इसे नीचे के चित्र में देखकर समझा जा सकता है।

अब तुम यह भी समझ रहे हो कि इस तरह एक निश्चित दूरी के उपरांत फेंकी गई वस्तु पुनः वापस पृथ्वी पर न आकर उसके चारों ओर चक्कर लगाने लगती है। इस समय भी वस्तु के निरंतर घूमने की दिशा पृथ्वी के अभिकर्षण बल की तरफ ही रहती है। इसीलिए यह घूर्णन-मार्ग वृत्ताकार होता है।



पृथ्वी से भेजे गये उपग्रह की इसी कारण पृथ्वी के चारों घूमते रहते हैं।

## स्थिर त्वरित बल और अवधारणा की धारणा

हमारे आस-पास घटने वाले कितने ही घटनाओं में विज्ञान के रहस्य छिपे रहते हैं। इन घटनाओं को देखकर कई तरह के प्रश्न मन में आते हैं। इन्ही सब प्रश्नों को खोजने वाले वैज्ञानिको ने इन्ही घटनाओं में विज्ञान के अनेक नियमों एवं सूत्रों की खोज की। हम जो घटनाएं आये दिन देखते हैं, उनमें भी विज्ञान के न जाने कितने रहस्य छिपे रहते हैं।



चलो उन्हें ढूंढ़े।

एक चाकू या ब्लेड को थर्मोकोल के पास ले जाने पर थर्मोकोल उसमें नहीं चिपकता। जबकि चाकू या ब्लेड से थर्मोकोल के छोटे-छोटे टुकड़े करने पर, वे टुकड़े चाकू या ब्लेड से चिपक जाते हैं। हटाने से भी आसानी से नहीं छोड़ते।

शीतकाल में सूखे हुए बालों में कंघी करने के उपरांत उसे कागज के टुकड़ों के पास ले जाने पर वे टुकड़े कंघी से चिपक जाते हैं। किन्तु बिना बाल में कंघी किए कंघी को कागज के टुकड़े के पास ले जाने पर वे कंघी से नहीं चिपकता।



एक फूले हुऐ गुब्बारे को शीतकाल में स्वेटर से घर्षण करने पर गुब्बारा स्वेटर से चिपक जाता है। जबकि बिना घर्षण किए गुब्बारा स्वेटर से नहीं चिपकता।


चित्र :1


चित्र :2

ऊपर की प्रत्येक घटना को ध्यानपूर्वक देखने पर मिलता हैं कि चाकू अथवा ब्लेट, प्लास्टिक का कंघी, फुलाया हुआ बेलून, प्रत्येक वस्तु का किसी वस्तु के साथ घर्षण हुआ हैं और घर्षण के फलस्वरूप प्रत्येक वस्तु में आकर्षण करने की क्षमता का उद्‌भव हुआ हैं। लेकिन घर्षण नहीं होने पर उनके बीच किसी भी प्रकार की आकर्षण क्षमता की सृष्टि नहीं होती हैं। तो क्या घर्षण और आकर्षण क्षमता के बीच कोई सम्बंध हैं ?

घर्षण के फलस्वरूप उन वस्तुओं के मध्य एक परिवर्तन घटित हुआ, जिसके परिणाम स्वरूप वह वस्तु दूसरी वस्तु में आकर्षण करने की क्षमता अर्जित किया हैं। घर्षण के फलस्वरूप किसी वस्तु के बीच ऐसा परिवर्तन होने से उस वस्तु में त्वरित अधान की सृष्टि हुई।

घर्षण के फलस्वरूप किसी वस्तु की सृष्टि होने से इस प्रकार त्वरित को घर्षण युक्त त्वरित अथवा अधान कहा जाता हैं।

चलिए कुछ परीक्षण करके इस त्वरित अधान के सम्बंध में और कुछ जानने की चेष्टा करें।


चित्र :4

दो फुले हुए बेलुन को अगल-बगल में झुलाकर रखने से उनमे आकर्षण और विकर्षण कुछ भी देखा नहीं जाता हैं (चित्र: 3)। अब उस फुले हुए दोनों बेलुन को लेकर स्वेटर पर अच्छी तरह से रगड़ो (चित्र: 4)। अब दोनों बेलुन को सूते की सहायता से अगल-बगल झुलाकर रखो (चित्र: 5)।


चित्र ः3

क्या देखने को मिला? दोनों बेलुन परस्पर एक दूसरे से दूर चला गया। अर्थात् दोनों बेलुन का आपस में विकर्षण हुआ।

अर्थात् इन दोनों बेलुन को स्वेटर में अच्छी तरह से रगड़कर फोड़ देने से वह स्वेटर के ऊपर चिपक जाता हैं अर्थात् घर्षण के फलस्वरूप स्वेटर और बेलुन के बीच आकर्षण बल की सृष्टि हुई।

दोनों बेलुन एक ही वस्तु (ऊन का स्वेटर) से रगड़ा गया। तभी तो निश्चित तौर पर दोनों बेलुन का एक ही अवस्था में सृष्टि हुई। दोनों बेलुन में उत्पन्न त्वरित अधान निश्चित तौर पर एक ही प्रकार का हैं, तो क्या एक हा प्रकार के त्वरित दोनों वस्तु आपस में बिकर्षण करता हैं ?


चित्र ः5

फिर, बेलुन और ऊन का स्वेटर आपस में घर्षण होने से वह एक दूसरे को आकर्षण करता हैं। तो क्या बेलुन और स्वेटर से उत्पन्न त्वरित अधान की प्रकृति एक नहीं हैं ?

इस तरह के बहुत सारे उदाहरण हैं, जो हमेशा आकर्षण की घटना को दोहराते हैं।

इस तरह कहा जा सकता हैं —

i) एक प्रकार का त्वरित अधान आकर्षण करता हैं।

ii) दूसरे प्रकार के त्वरित अधान का विकर्षण।

10 cm माप के छः टुकड़ा चौड़ा सेलोटेप लो। प्रत्येक छोर पर एक कागज का टुकड़ा गोंद लगाकर रखो, जिससे उस छोर के सेलोटेप को पकड़ने से हाथ में गोंद न लगे। इस कागज को प्रत्येक छोर पर लगाया जाय। अब तक टेबल के तल अथवा आईना के ऊपर तीन सेलोटेप को लगाकर उसके ऊपर 'B' लिखों। दूसरे तीन सेलोटेप को 'B' लिखे हुए सेलोटेप के तीनों के ऊपर इस तरह से लम्बाई के आकार में लगाओं, जिससे ऊपर के टेप से नीचे का टेप ढंक जाए। अब ऊपर सटे हुए तीनों टेप के ऊपर 'T' लिखों।




अब दो 'T' लिखे हुए टेप के ऊपर सटे कागज के दोनों छोर को दोनों हाथो से पकड़कर तीव्र गति से खींचकर निकाल लो। इसके बाद हाथ से लटकते हुए उन दोनों टेप को गोंद के उल्टी तरफ आस-पास अर्थात् नजदीक लाओ। क्या देखने को मिला ? 'T' लिखे हुए दोनों टुकड़े परस्पर नजदीक से दूर हट गया अर्थात् दोनों एक दूसरे को विकर्षण किया।

अब इस प्रकार 'B' लिखे हुए दोनों टुकड़ो को तीव्र गति से हटाकर, गोंद को उल्टा जल्दी से नजदीक लाओ। अब क्या देखे ? अब दोनों टुकड़ो को एक दूसरे ने विकर्षण किया।

अब बचे हुए दोनों सेलोटेप को तीव्रता से हटाकर एक दूसरे से अलग कर दो और इस प्रकार से उसे गोंद के उल्टे तरफ को तीव्रता से नजदीक लाता हैं। अब क्या देखे ? अब दोनों टुकड़ों (T और B) एक दूसरे को आकर्षण किया।

अब नीचे के प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करों।

'T' लिखे हुए दोनों सेलोटेप के प्रकार के त्वरित अधान की सृष्टि हुई तो एक ही प्रकार का हैं या दूसरे प्रकार का ?

'B' लिखे हुए दोनों सेलोटेप का बना हुआ त्वरित अधान क्या एक प्रकार का हैं या दूसरे प्रकार का ?

'T' लिखे हुए सेलोटेप से उत्पन्न त्वरित अधान और 'B' लिखे हुए सेलोटेप से उत्पन्न त्वरित का अधान क्या एक ही प्रकार का हैं या दूसरे प्रकार का ?

दोनों वस्तु के परस्पर घर्षण से दोनों वस्तुओं में जो त्वरित अधान की सृष्टि होती हैं वह एक ही प्रकार का हैं या दूसरे प्रकार का ?



प्रसिद्ध वैज्ञानिक बेंजामिन फ्रांगकालिन ने इन दोनों प्रकार के त्वरित अधान का नामकरण किए थे, धनात्मक और ऋणात्मक त्वरित। उन्हें यथाक्रम बीजगणितीय '+' और '–' चिह्न द्वारा व्यक्त किया गया था।

तो किसी एक वस्तु का दूसरे वस्तु से घर्षण हने पर किसी वस्तु के घर्षण होने पर किसी वस्तु के अधान का धनात्मक (+) और किसी वस्तु के अधान का ऋणात्मक (–) नाम दिया जाएगा, वह कैसे तय होगा ?

बगल के पृष्ठ तालिका पर ध्यान दो। तालिका में अवस्थित कोई भी दो वस्तु को घिसने से उस वस्तु के अधान का धनात्मक (+) कहा जाएगा और उसका नाम तालिका के ऊपर हैं और उस वस्तु अधान ऋणात्मक (–) कहा जाएगा जिसके मान की तालिका नीचे हैं।

जैसे काँच सिल्क से रगड़ने पर काँच का धनात्मक (+) और सिल्क ऋणात्मक अधान (–) बाधित होगा क्योंकि तालिका काँच सिल्क के ऊपर है।

- ऊन के मप्लर से एक कांच के दण्ड को रगड़ा गया, और सिल्क के रूमाल से एक एबोनाइट का दण्ड रगड़ा गया। अब मफ्लर और एबोनाइट को दण्ड के + नजदीक लाया गया। क्या होगा देखकर कहो। अकर्षण या विकर्षण ? यदि कांच दण्ड को एबोनाइट के दण्ड के नजदीक लाया जाता तो क्या होता ?

मफ्लार और सिल्क के टुकड़े को नजदीक लाने से क्या होता ?

1) पशम अथवा ऊन
2) कांच
3) कागज
4) रेशम अथवा सिल्क
5) लकड़ी
6) मनुष्य का शरीर
7) धातु पदार्थ
8) एबोनाइट
9) गोंद
10) अम्बाट
11) रजन
12) सेयूलेट

## कूलम्ब इसका सूत्र

दो वस्तु के प्रकृति का आधारण क्या होगा। उसके बीच आकर्षण होगा या विकर्षण बल क्रिया होता है इसको देखे हो। किन्तु तड़ित अधान के साथ वस्तु के बीच आकर्षण या विकर्षण कितना जोर होगा। इसको जानने का उपाय क्या है। वह आकर्षण या विकर्षण के बल को जानने का उपाय क्या है? विद्युत प्रवाहित दो वस्तु के बीच क्रियाशील विद्युत बल का हिसाब करने के लिए फ्रांसिसी वैज्ञानिक चार्ल्स अगास्टिन द कूलम्बस ने एक सूत्र का आविष्कार किया। सूत्र के नीचे लिखा गया—

$$F = K\frac{q_1 \times q_2}{r^2}$$

यहाँ $q_1$ एवं $q_2$ में विद्युत प्रवाहित अधारण का परिमाप r हुआ विद्युत प्रवाहित वस्तु के बीच की दूरी एवं F हुआ की दूरी के बीच क्रियारित विद्युतबल (आकर्षण या विकर्षण) — इसकी मात्रा। विद्युत प्रवाहित वस्तु दोनों के बीच क्या है। उसके ऊपर 'K' की मात्रा निर्भर करता है। जैसे विद्युत प्रवाहित वस्तु को यदि हवा में रखा जाय अर्थात वस्तु के बीच में यदि हवा से K की मात्रा जो होगा पानी रहने से नहीं होगा। तुम लोग जानते हो जो सरल रेखा खीचकर दोनों वस्तुओं के बीच की दूरी इस तरह से मापा जा सकता है। कूलम्ब के इस सूत्र से विद्युत प्रवाहित वस्तु को विन्दु आकृति को पकड़कर हिसाब निकाला जा सकता है। आप लोग जानते हो कि बल मापने की इकाई **डाइन** हैं। 1 ग्राम भार के वस्तु में जिस परिमाण में बल प्रयोग करने पर वस्तु में 1 से०मी० / सेकेण्ड $^2$ त्वरण की सृष्टि होती हैं, इस परिमाण बल को **1 डाइन** कहा जाता हैं। दूरी मापने की इकाई सेन्टीमीटर अथवा से०मी०– इसे भी आप सभी जानते हैं। लेकिन त्वरित अधान $q_1$ अथवा $q_2$ किस तरह मापा जाता हैं ? इस सम्बंध में हम एक उपाय को सीखेंगे।

यदि एक ही परिमाण के अधान में युक्त दो बिन्दु आकृति के वस्तु के शून्य स्थान को एक दूसरे से 1 से० मी० की दूरी रखा जाए तो दोनों वस्तु के मध्य विकर्षण बल क्रिया करेगा।

यदि हम विकर्षण बल का मान 1 डाइन होता हैं, तो कहा जाता हैं कि दोनों वस्तु के प्रत्येक अधान का परिमाण 1 इ.एस.यू अथवा 1 स्ट्रेट कूलम्ब। 1 इ. एस. यू अथवा 1 स्ट्रेट कूलम्ब अधान माप की इकाई हैं। त्वरित अधान के परिमाप के इस उपाय को हमलोग **'गाउस'** का उपाय के नाम से जानते हैं।इस उपाय से शून्य स्थान के लिए K का मान 1 पकड़ा जाय। गइस एक वैज्ञानिक थे, उन्होंने विद्युत के संक्रांत में अवदान दिया।

अधान मापने के लिए एक उपाय है। उसको बोला जाता है S.I उपाय। इसे उपाय से बल को माप की इकाई है न्यूटन दूरी मापने के लिए इकाई 1 मीटर एवं अधान मापने की इकाई है 1 कूलम्ब।

इस क्षेत्र में शून्य माध्यम के लिए K एवं इसका मान 1 पकड़ा नीं जा सकता

शून्य माध्यम के लिए K का मान पकड़ सकते हैं

इस बार शूत्र को अच्छे से सीखा— $9 \times 10^9 \frac{\text{न्यूटन} \times \text{मीटर}^2}{\text{कुलम्ब}^2}$

सूत्र के दाहिने पक्ष हुआ $Kq_1q_2$ का मान हुआ $r^2$। मान लो वस्तु एक ही है एवं एक स्थान पर रखा हुआ है। फल: $Kq_1q_2$ की मात्रा नहीं बदलती। इस बार यदि वस्तु के बीच दूरी कम हो, अर्थात् भग्नांश की मात्रा होगा $r^2$ तब भागफल की मात्रा होगी F बढ़ेगा या कम होगा।

इस बार $Kq_1q_2$ को एक साथ रखकर $r^2$ की मात्रा यदि बढ़े। इस संबंध में भआगफल F इसका मात्रा में परिवर्तन होगा कि नहीं? इसके बाद देखा गया इसके माध्यम से स्थिति दोनों विन्दुओं के अधान के बीच दूरी बढ़ाने में दोनों के बीच आकर्षण बढ़ेगा या कम होगा?

फल:

**घर्षण के परिणामस्वरूम वस्तुओं का अधान कम क्यों होता है? सातवीं कक्षा में आपने पढ़ा है—**

- सभी पदार्थ परमाणु से बना हैं।
- एक परमाणु तीन प्रकार के कण से बनता हैं— इलेक्ट्रान, प्रोटान और न्यूट्रान। (एकमात्र साधारण हाइड्रोजन हैं, जिसके परमाणु में कोई न्यूट्रान नहीं हैं)
- इलेक्ट्रान का ऋणात्मक (–) अधान युक्त कण, प्रोटान धनात्मक (+)अधान युक्त कण और न्यूट्रान के कोणों का त्वरित अधान नहीं हैं, अर्थात् न्यूट्रान स्वत्वरित हैं।
- एक परमाणु के प्रोटान में कुल धनात्मक (+) अधान का परिमाण उसी परमाणु के इलेक्ट्रानों में कुल ऋणात्मक (–) अधान के परिमाण के बराबर हैं। फलस्वरूप एक परमाणु के कुल अधान का मान शून्य और परमाणु स्वत्वरित हैं।

अब सोचकर बताओं तो, हमारे चारों तरफ सभी वस्तुएं साधारण रूप से अधानहीन अथवा स्वत्वरित क्यों होता हैं?

प्रश्न हुआ — उस स्वत्वरित वस्तुओं के घर्षण के फलस्वरूप त्वरित अधान मिलता है क्या?

सप्तम श्रेणी में आप लोग जान चूके हैं कि परमाणु केन्द्र में प्रोटान और न्यूट्रान दल बनाकर गलता रहता हैं। इस दल बनाने वाले केन्द्र का नाम न्यूक्लियस हैं। न्यूक्लियस से प्रोटान अथवा न्यूट्रान को अलग करना काफी कठिन हैं। इलेक्ट्रानों में उस न्यूक्लियस को केन्द्र करके विभिन्न कक्ष में घुमता रहता हैं। सूर्य को केन्द्र करेक ग्रहों की भाँती घुमने की तरह हैं। परमाणु से प्रोटान अलग करना प्राय: असम्भव हैं, लेकिन इलेक्ट्रान अपने कक्ष पथ से हटा लेना कठिन हैं। इलेक्ट्रान को हटाना जैसे कठिन नहीं हैं, वैसे ही परमाणु में इलेक्ट्रान को युक्त करना कठिन हैं। रासायनिक प्रक्रिया के समय परमाणु में एक प्रकार के इलेक्ट्रान का अदान-प्रदान होता हैं।

अब नीचे की तालिका को पूरा करो—

| परमाणु में जो घटा | इलेक्ट्रॉन संख्या बढ़ेगी/कम होगा या एक रहेगा | इलेक्ट्रॉन की तुलना में प्रोटन की संख्या कम होगा या ज्यादा होगा /या एक ही होगा | इलेक्ट्रॉन का पूरक तड़ित घान की तुलना में प्रोट्रॉन कम बढ़ेगा या कम होगा/एक रहेगा | परमाणु ने अधारण की प्रकृति घानात्मक/ऋणात्मक |
|---|---|---|---|---|
| निस्तड़ित परमाणु इलेक्ट्रान ग्रहण | | | | |
| निस्तड़ित परमाणु से इलेक्ट्रॉन निकल जाना | | | | |

तब ने कहा जा सकता है।

परमाणु इलेक्ट्रॉन ग्रहण करने पर परमाणु का ऋणात्मक अधान बाधित होता है।

परमाणु से इलेक्ट्रॉन निकल जाने पर परमाणु का धनात्मक अधान बाधित होता है।

अब प्रश्न हुआ, दो वस्तु परस्पर रगड़ने से उसके मध्य में एक धनात्मक और दूसरा ऋणात्मक त्वरित क्यों हो जाता है? तो क्या यहाँ पर 'इलेक्ट्रॉन युक्त होना अथवा निकलना' समस्या होती है?

आप लेग जानते है कि विपरीत त्वरित अधान के परस्पर आकर्षण करना है और सम् त्वरित अधान को परस्पर विकर्ष करता है।

अब, दो वस्तु को परस्पर घिसने से एक वस्तु से इलेक्ट्रॉन निकलता है इसी कारण उस वस्तु इलेक्ट्रॉन की संख्या की तुलना में प्रोटॉन की संख्या ज्यादा हो जाता है। फलत: वस्तु को घनात्मक रूप में बहता है।

**लेकिन वह इलेक्ट्रॉन कहाँ जाता है?**

जिस कारण दूसरे पदार्थ ऋणात्मक आधान पर आहित होता है, इस के बावजूद इलेक्ट्रॉनों में द्वितीय वस्तु के परमाणु जुड़ जाता है। स्वाभाविक रूप में जब इस पदार्थ के इलेक्ट्रान की संख्या प्रोटन की संख्या से ज्यादा हो जाता है। उस समय यह देखा जाता है एक पदार्थ जितना इलेक्ट्रॉन होने चाहिए पदार्थ को ठीक उतना ही इलेक्ट्रॉन ग्रहण करता है। उसी के साथ उन दोनों वस्तुओं के समपरिमाप के विपरीत प्रकृति का विद्युत उत्पन्न होता है।

इसको एक दूसरी घटना से देखा जा सकता है।

शीतकाल में सूखे बाल पर कंघा करने के बाद वह कंघा कारण कागज के छोटे टुकड़ों को अपनी तरफ आकर्षित करता है। इसका कारण क्या है? बाल के साथ कंघे के घर्षण के कारण विद्युत तरंग होने के बावजूद कागज का टुकड़ा घिसा नहीं गया। इसको जानते हो विपरीत तरंगों के कारण परस्पर को आकर्षित करता है। और समान तरंग विधान परस्पर को विकर्षण करता है। तब क्या किसी वस्तु के पास एक विद्युत प्रवाहित को लाने से वस्तु में विपरित आधान बनता है? नहीं तो आकर्षण किस तरह से सम्भव हैं?

आप लोग जानते हो कि विपरीत त्वरित अधान एक दूसरे को आकर्षण करके समत्वरित अधान को परस्पर विकर्षण करत है ।

तो क्या क्षतिग्रस्त किसी वस्तु के पास एक क्षतिग्रस्त वस्तु को लाने पर क्षतिग्रस्त वस्तु किसी विपरीत अधान में बनता है ? अगर ऐसा नहीं होगा तो आकर्षण कैसे सम्भव होगा ?

मान लीजिये, धणात्मक, त्वरित अधान बाधित होने पर एक वस्तु को, किसी स्वत्वरित वस्तु को सामने लाया गया। एक वस्तु क्षतिग्रस्त होने का प्रमुख कारण यह है कि उस वस्तु में बराबर परिमाण में धनात्मक और ऋणात्मक अधान रहता है। अब जब एक धनात्मक अधान से युक्त वस्तु को क्षतिग्रस्त वस्तु के जब नजदीक लाया जाता है तो तब उस क्षतिग्रस्त वस्तु के भीतर एक ऋणात्मक अधान के धनात्मक वस्तु के लिए आकर्षण अनुभव करता है और धनात्मक वस्तु की ओर चला जाता है।



फल स्वरूप धनात्मक वस्तु की उपस्थिति के कारण स्वत्वरित वस्तु का एक छोर ऋणात्मक और दूसरा छोर धनात्मक त्वरित अधान की वस्तु की भाँति आचरण करता है, एवं धनात्मक वस्तु के क्षतिग्रस्त वस्तु के ऋणात्मक छोरों को आकर्षण करके सामने खींच लेती है।

किसी भी त्वरित अधान की वस्तु की उपास्थिति के कारण एक क्षतिग्रस्त वस्तु के दोनों छोर के विपरीत त्वरित का समावेश प्रतिफलित होने की घटना को **त्वरित आवेश** कहा जाता है। इसी कारण से ही त्वरित अधान की कंघी क्षतिग्रस्त कागज के टुकड़ों को आकर्षित करती है।

## त्वरित बल के प्रभाव की गति

तुमने देखा कि विपरीत धर्म के तरंगित अधान परस्पर को आकर्षित करते हैं और समधर्मी तरंगित आधान परस्पर को विकर्षित करता है। इस प्रकार आकर्षण या विकर्षण दोनों बल है। इसी बल का नाम तरंगित बल या स्थिर तरंग बल है।

न्यूटन के सूत्र से आप लोग जान चुके हो कि बल के प्रभाव के कारण वेग बदल जाता है, फलस्वरुप त्वरित की सृष्टि होती है। बल जिस ओर क्रिया करती है वेग उसी ओर बदलता है, अर्थात् बल की ओर ही त्वरण होता है



तरंग आकर्षण बल के प्रभाव के कारण होने वाला गति का सबसे परिचित उदाहरण है परमाणु के बीच इलेक्ट्रॉन की गति। परमाणु के केन्द्र में स्थिति न्युक्लियस धनात्मक तरंग रहता है। इसका कारण है उस जगह प्रोटॉन को छोड़कर दूसरा कोई तरंग नहीं है। और इलेक्ट्रॉन ऋणात्मक तरंग कण है। परिणामत: न्युक्लियस और इलेक्ट्रॉन के बीच तरंग आकर्षण बल के काम को करता है।

इसी कारण चलते हुए इलेक्ट्रॉन के वेग की दिशा क्रमश: टेढ़ी हो जाता है। और वह टेढ़ी दिशा केन्द्रान्मुखी होती है।

इलेक्ट्रॉन न्युक्लियस को घेर का घूमता रह सकता है। चित्र में इलेक्ट्रॉन का वेग जिस तीर द्वारा समझाया गया है वह तीर केन्द्र की तरफ झुका हुआ है। वृत्त का व्यास बार-बार तरंग के आकर्षण बल द्वारा खींचता है इस कारण यह संभंव हो रहा है। सूर्य के चारों तरफ ग्रहण लगाते समय ठीक यही होता है। लेकिन वह तंरग नहीं होता। उसके बदले रहता है महाकर्ष बल।

# 1.3 ताप

## तापमान का परिमाप और इकाई

सातवीं कक्षा में आप जान चुके हैं कि किसी वस्तु की उष्णता के लिए प्रयोजनीय ताप वस्तु की उष्णता वृद्धि के परिमाण, वस्तु के भार और वस्तु के बनने में जिन उपादानों का उपयोग होता है उस पर निर्भर करता है।

वस्तु की उष्णता बढ़ाने के लिए जरूरी ताप निर्भर करता है।

i) वस्तु की उष्णता वृद्धि का परिमाण

ii) वस्तु का भार

iii) वस्तुओं की संरचना के प्रयुक्त उपादान

वस्तुओं की उष्णता बढ़ाने के लिए प्रयोजनीय ताप उपर्युक्त विषयों पर कैसे निर्भर करता है, इस विषय को हम और विस्तार में जानने की कोशिश करेंगे।



i) आप जान चुके हैं कि निर्दिष्ट भार वाले जल की उष्णता $25^0C$ बढ़ाने के लिए जिस परिमाण में ताप की जरूरत पड़ती है, उस एक ही भार वाले जल की उष्णता $50^0C$ बढ़ाने के लिए उससे दो गुने ताप की जरूरत पड़ती है।

इसी तरह 1 कप जल की $1^0C$ उष्णता बढ़ाने के लिए जितने ताप की जरूरत होती है, $2^0C$ उष्णता बढ़ाने के लिए उतने ही ताप की जरूरत पड़ती है। तो ये बताइए कि $3^0C$ उष्णता बढ़ाने के लिए उसके कितने गुने ताप की जरूरत पड़ेगी?

ii) आप इतना जान चुके हैं कि 1 कप जल की उष्णता $1^0C$ बढ़ाने के लिए जितने ताप की जरूरत पड़ती है, 2 कप जल के लिए उससे 2 गुने ताप की जरूरत पड़ती है। तो 3 कप जल की उष्णता बढ़ाने के लिए उससे कितने गुने ताप की जरूरत पड़ेगी?

अब मान लीजिए कि m ग्राम भार वाले जल की उष्णता $t^0C$ बढ़ाने के लिए Q परिमाण के ताप की जरूरत पड़ती है।

तो 2m ग्राम भार वाले जल की $t^0C$ उष्णता बढ़ाने के लिए 2Q परिमाण के ताप की जरूरत पड़ेगी।

और 2m ग्राम भार वाले जल की $2t^0C$ उष्णता बढ़ाने के लिए $2 \times 2Q = 4Q$ परिमाण के ताप की जरूरत पड़ेगी।

अब नीचे के समीकरण पर ध्यान दें।

$$\frac{\text{ताप ग्रहण या मुक्ति का परिमाण}}{\text{भार} \times \text{उष्णता वृद्धि या ह्रास}} = \frac{4Q}{2m \times 2t} = \frac{Q}{m \times t}$$

इसी तरह

5m ग्राम भार जल की उष्णता $6t^0C$ बढ़ने के लिए $(5 \times 6)Q = 30Q$ परिमाण के ताप की जरूरत पड़ेगी।

इस स्थिति में

$$\frac{\text{ताप ग्रहण या मुक्ति का परिमाण}}{\text{भार} \times \text{उष्णता वृद्धि या ह्रास}} = \frac{30Q}{5m \times 6t} = \frac{Q}{m \times t}$$

अर्थात् एक ही पदार्थ (जल) के लिए $\left(\frac{\text{ताप ग्रहण या मुक्ति का परिमाण}}{\text{भार} \times \text{उष्णता वृद्धि या ह्रास}}\right)$ का मान हमेशा एक ही रहता है।

तो उस वस्तु का भार और उसकी उष्णता वृद्धि का परिमाण कितना भी क्यों न बदल जाये।

मान लिया जाये, जल के लिए वह मान k पदार्थ अलग होने पर k का मान भी अलग होगा।

अब हमें k का मान निर्णय करना चाहें तो उसके लिए Q का मान जानना होगा। लेकिन Q या ताप मापने की इकाई तो अभी भी हमने तय नहीं किया है। तो k का मान कैसे निकलेगा।

तो चलिए Q के ताप परिमाप की इकाई को निश्चित कर लिया जाए।

1 ग्राम विशुद्ध जल की उष्णता $1^0C$ बढ़ाने के लिए जिस परिमाण में ताप की जरूरत पड़ती है उसी को हम इकाई परिमाण का ताप कहते हैं। इस इकाई परिमाण के ताप को 1 कैलोरी ताप कहा जाता है।

अब देखते हैं ताप की इकाई इस तरह से तय करने के फलस्वरूप जल के लिए k का मान क्या होगा?

$$\because \quad k = \frac{Q}{m \times t}$$

$$\therefore \quad Q = k.m.t$$

1 कैलोरी की संज्ञा के अनुसार m=1 ग्राम, t $=1^0C$ होने पर जल के लिए Q=1 कैलोरी होगा।

अतएव k =

$$\frac{1}{1 \times 1}$$

$= 1$ कैलोरी / ग्राम $^0C$

चलो अब एक प्रयोग करते हैं।



60 ग्राम जल, $25^0$C उष्णता



120 ग्राम भार वाली वस्तु की उष्णता $100^o$ C



120 ग्राम भार वाली वस्तु की उष्णता $50^o$ C

अब $25^0$C उष्णता का 60 ग्राम जल लिया गया। $100^0$C उष्णता का 120 ग्राम भार वाले एक वस्तु को उस जल में रखा गया। इस तरह कुछ देर रख देने पर जल और वस्तु की उष्णता में क्या कोई परिवर्तन होगा?

जल और वस्तु दोनों की उष्णता कुछ देर बाद समान हो जाएगा मान लिया जाय यह उष्णता $50^0$C है।

तब जल की उष्णता ( 50–25) = $25^0$C बढ़ जाएगी। अर्थात् जल कुछ ताप ग्रहण करेगा और वस्तु की उष्णता (100– 50) = $50^0$C कम हो जाएगी। अर्थात् वस्तु का तापमान कुछ घट जाएगा।

वस्तु का तापमान जितना घटा जल का तापमान ठीक उतना ही बढ़ा।

आप लोग जानते हैं $Q = m \times k \times t$.

जिस परिमाण में जल का ताप क्रम बढ़ा, वह हुआ,

$Q = 60 \times 1 \times (50-25)$ कैलोरी = 1500 कैलोरी

(यहाँ $m = 60$ ग्राम, $k = 1$ कैलोरी/ग्राम $^0$C और $t = 50 - 25 = 25^0$C)

और जिस परिमाण में वस्तु का तापमान घटा।

$Q = 120 \times k \times (100 - 50)$ कैलोरी = $6000\ k$ कैलोरी

(यहाँ $m = 120$ ग्राम $t = 100-50 = 50^0$C और $k$ अज्ञात)

चूंकि, वस्तु द्वारा मुक्त किया गया तापमान और जल द्वारा ग्रहण किया गया तापमान बराबर है, इसलिए लिखा जा सकता है।

$\therefore \quad 6000\ k = 1500$

$$\therefore \quad k = \frac{1500}{6000} = 0.25$$

वस्तु के मामले में $k = 0.25$, यह मान मिल रहा है जब जल के मामले में इसे $k = 1$ मान लिया जा रहा है। जल के मामले में $k = 1$ इसे मानकर कुछ और मान लेने पर वस्तु के मामले में $k$ का मान कुछ दूसरा होगा। अर्थात् $k$ का मान आपेक्षिक है।

इसलिए $Q = m \times k \times t$, इस संबंध में $k$ को आपेक्षिक ताप कहा जाता है। $t$ हुआ तापक्रम में एक परिवर्तन।

आपेक्षिक ताप को साधारणत: s द्वारा दर्शाया जाता है। पिछले पृष्ठ की बातों के अनुसार भिन्न-भिन्न पदार्थों के s का मान भिन्न-भिन्न होता है।

किसी पदार्थ के इकाई भार की उष्णता $1^0$ बढ़ने पर आवश्यक ताप को उस पदार्थ का आपेक्षिक ताप कहा जाता है।

$Q = m \times s \times (t_2 - t_1)$ -यह ग्रहण अथवा मुक्त किए गए ताप के परिमाप का सूत्र है। यहाँ t के बदले $(t_2 - t_1)$ लिखा गया है, जहाँ $t_1$ है प्राथमिक उष्णता और $t_2$ है अंतिम उष्णता।

इस सूत्र प्रयोग द्वारा निम्नांकित रिक्त स्थान की पूर्त्ति करें।

| वस्तु या पदार्थ के उपादान के नाम | भार (m) ग्राम | आपेक्षित ताप (s) कैलोरी/ग्राम $^0$C | उष्णता वृद्धि या ह्रास $(t_2-t_1)$°C | गृहित या मुक्त ताप Q कैलोरी $Q = m \times s \times (t_2-t_1)$ |
|---|---|---|---|---|
| अल्युमीनियम | 400 | 0.21 | 70-30 = | $Q_1$=400×.21×40 =3360 |
| ताँबा | 100 | 0.09 | 90-50 = | $Q_2$= |
| शीशा | 600 | 0.03 | 80-25 = | $Q_3$= |
| चाँदी | 80 | 0.05 | 35-25 = | $Q_4$= |

## स्थिति परिवर्तन और गुप्त उष्म की अवधारणा

ताप प्रयोग या निष्काषन के फलस्वरूप पदार्थ एक स्थिति से दूसरी में रूपांतरित होने की स्थिति **परिवर्तन** कहा जाता है।




एक कप जल को कुछ देर गर्म करने पर उष्णता बढ़ जाती है। बल्कि 0°C उष्णता पर एक टुकड़े वर्फ पर ताप प्रयोग करने पर उसके गलने के पहले उसका तापमान मापा जाये तो देखा जाएगा कि उसका ताप 0°C ही है। यहाँ वर्फ तापक्रम ग्रहण कर जल में परिणत हो चुका है, लेकिन उसकी उष्णता परिवर्तित नहीं हुई है। इस प्रक्रिया को **गलना** ही कहते हैं।




इस प्रकार अधिकांश कठोर पदार्थ को गर्मी देने पर वह गलकर तरल में परिणत हो जाता है। इस क्षेत्र में भी यह प्रक्रिया किसी न किसी तापक्रम पर ही होता है। विभिन्न प्रकार के कठोर पदार्थों के मामले में यह तापक्रम विभिन्न प्रकार का होता है। यह निर्दिष्ट तापक्रम उस कठोर पदार्थ का गलनांक है।

आपने देखा होगा कि पिघले हुए मोम को तरल स्थिति में ही कुछ देर छोड़ देने पर वह अपने आप ही जमकर कठोर जाता है और फ्रिज में रखा जल भी जमकर बर्फ हो जाता है, यह भी आप जानते है। तरल पदार्थ को जमकर कठोर होते समय तरल पदार्थ अपने ताप को मुक्त कर देता है। तरल पदार्थ ताप को मुक्त कर जब जम जाता है, तो उस प्रक्रिया को जमना कहा जाता है। इस प्रकार की स्थिति परिवर्तन के समय भी तरल के तापक्रम में कोई परिवर्तन नहीं होता।

तरल पदार्थ ताप मुक्त करने पर जमकर कठोर हो जाता है। यह प्रक्रिया भी किसी न किसी निर्दिष्ट तापक्रम भिन्न प्रकार का होता है। वह निर्दिष्ट तापक्रम ही उस तरल पदार्थ का जमनांक होता है।

बगल वाली तालिका में कुछ पदार्थों का गलनांक और जमनांक बताया गया है। ध्यान से देखें इन पदार्थों का गलनांक और जमनांक बराबर है।

याद रखिए,

शीशा, मक्खन, चर्बी, मोम, पिच इत्यादि का कोई निर्दिष्ट गलनांक या जमनांक मान बराबर भी नहीं होता।

| पदार्थ | गलनांक | हिमांक |
|---|---|---|
| | °C | °C |
| बर्फ | 0 | 0 |
| पारा | – 39.5 | – 39.5 |
| ताँबा | 1038 | 1038 |
| सोना | 1063 | 1063 |
| ढलाई लोहा | 1200 (प्राय:) | 1200 (प्राय:) |

कुछ पदार्थों का गलनांक और हिमांक

## गलना और जमना प्रक्रिया में आयतन का परिवर्त्तन

कठोर से तरल में परिणत होने पर पदार्थ का आयतन बढ़ेगा या घटेगा?

यदि तरल कठोर में परिणत होता है तो आयतन घटेगा या बढ़ेगा?

निर्दिष्ट भार वाले किसी पदार्थ की स्थिति में परिवर्त्तन के समय आयतन कम होने पर उस पदार्थ का घनत्व बढ़ता है। फलस्वरूप जमने के बाद पदार्थ का घनत्व साधारणत: बढ़ता है।

चलिए अब एक प्रयोग करें।

दो टेस्ट ट्यूब में से एक में थोड़ा मोम और दूसरे में बर्फ का एक टुकड़ा लिया गया। दोनों टेस्ट ट्यूब को गर्म करके मोम और बर्फ को गलाया गया। अब गले हुए मोम वाले टेस्ट ट्यूब में मोम का एक टुकड़ा डाल दें, और जल वाले टेस्ट ट्यूब में बर्फ का एक टुकड़ा डाल दें। अब देखिए क्या हुआ।

बगल वाले 1 नं० चित्र में कठोर मोम का टुकड़ा तरल मोम में डूब जाएगा। यद्यपि गर्म तरल मोम के संस्पर्श में आने पर कठोर मोम का टुकड़ा बहुत जल्दी गल जाएगा। लेकिन 2 नं० चित्र में बर्फ का टुकड़ा गले हुए जल पर तैरने लगेगा।



चित्र 1 चित्र 2

कठोर मोम का घनत्व तरल मोम के घनत्व की तुलना में अधिक होता है। लेकिन कठोर बर्फ का घनत्व जल के घनत्व की तुलना में कम होता है।

**अब निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने की कोशिश करें।**

जल के बर्फ में बदलने पर आयतन बढ़ेगा या घटेगा?

तरल मोम के कठोर मोम में परिणत होने पर उसका आयतन बढ़ेगा या घटेगा?

जल के बर्फ में परिणत होने पर उसका आयतन बढ़ता है। इस प्रक्रिया के अच्छे और बुरे दोनों पक्ष हैं।

ठंडे प्रदेशों में मोटर के रेडियेटर वाला जल बर्फ में परिणत होने पर उसका आयतन बढ़ जाता है। कई मामलों में वह पाइप फट जाता है। ठंडे प्रदेशों में जल का पाइप भी कभी-कभी फट जाता है। इसी कारण चट्टानों की दरार में रहने वाला जल बर्फ में परिणत होने पर आयतन बढ़ जाता है। इससे कई बार चट्टानें फट जाती है। इसी कारण पहाड़ी इलाकों में लैंड स्लाइड होता है।



बर्फ का घनत्व जल की तुलना में कम होता है। बर्फ जल पर तैरता रहता है। बर्फ के नीचे जल रहता है। इसीलिए जलीय जीव बचे रह पाते हैं।

कुछ तरल पदार्थ के जम जाने पर उनके आयतन में वृद्धि होती है। अर्थात् घनत्व कम हो जाता है। इस तरह के कुछ और पदार्थ हैं — ढलाई किया हुआ लोहा, पीतल इत्यादि।



घर में यदि साँचे में ढलाई किए हुए धातु से बनी मूर्ति हो तो जानने की कोशिश करें कि मूर्ति किस धातु से बनी है। किसी धातु को गलाकर साँचे में डालकर जिन मूर्तियों को तैयार किया जाता है उन्हें क्यों विशेष प्रकार के धातु का उपयोग कर क्यों तैयार किया जाता है?

**अब देखते हैं किसी पदार्थ का गलनांक कैसे बदलता है।**

दो बर्फ के टुकड़ों को कुछ देर एक साथ दबाकर रखने पर वे एक दूसरे से जुड़े जाते हैं। हम सभी को इस तरह का अनुभव होगा। लेकिन ऐसा क्यों होता है?

बर्फ के गलने के फलस्वरूप उत्पन्न जल का आयतन बर्फ के आयतन की तुलना में कम हो जाता है। दबाव बढ़ाने पर वह गलन में सहायक होता है। इसलिए दबाव बढ़ने पर बर्फ का गलनांक कम हो जाता है। फलस्वरूप दबाव पड़ने पर दोनों बर्फों के संयोगस्थल का गलनांक कम होता है। बर्फ गलकर जल हो जाता है। फलस्वरूप दोनों बर्फ के टुकड़े जुड़ जाते हैं।

गलन के समय बर्फ, ढलाई लोहा इत्यादि पदार्थों का आयतन कम हो जाता है। इन पदार्थों के मामले में दबाव बढ़ने पर गलनांक कम हो जाता है। अर्थात् अधिक दबाव पर ये कम तापक्रम पर भी गलते हैं। चूंकि दबाव बढ़ने या कमने पर गलनांक निर्धारित करते समय दबाव का उल्लेख करना जरुरी है। यदि किसी पदार्थ का गलनांक 76 से०मी० पारा स्तंभ के दबाव के बराबर दबाव निर्धारित किया जाय, तो वह हुआ

निश्चित वायुमंडलीय दबाव पर पदार्थ का गलनांक। इसे पदार्थ का स्वाभाविक गलनांक कहा जाता है। इसी तरह स्वाभाविक जमनांक का भी निर्णय किया जाता है।

एक वायुमण्डल के दबाव के समान मात्रा में दबाव बनाने से बर्फ का गलनांक प्राय 0.0007°C कम हो जाता है। गलनांक के समय लोहा, सीसा, एल्म्यूनियम इत्यादि पदार्थ का आयतन बढ़ता है। इस क्षेत्र में दबाव बढ़ाने से गलनांक बढ़ जाता है, अर्थात् अब आगे से ज्यादा उष्णता बढ़ जाती है।

गलने के समय मोम फैलता है। दबाव बढ़ाने से गलन प्रक्रिया बाधक होती है। इसी कारण गलनांक बढ़ जाता है। एक वायुमण्डल में दबाव के समान मात्रा बढ़ाने से मोम का गलनांक प्राय: 0.04°C बढ़ जाता है। बिजली के लाइन में जिस फ्यूज तार का प्रयोग किया जाता है उसका गलनांक काफी कम होना चाहिए। प्रयोजन से अनेक ज्यादा तरंग प्रवाहित होने से तार उत्तप्त होने से आग लगने की संभावना रहती है। फ्यूज तार के गलनांक कम होने से वह थोड़े से ज्यादा त्वरण के कारण गल जाता है और त्वरित प्रवाह बन्द हो जाता है। उस फ्यूज का तार शीशा और टिन को मिलाकर बनाया जाता है। सीसा और टिन को मिलाकर जो मिश्रण बनता है उसका गलनांक शीशा और टिन दोनों धातु का गलनांक से कम होता है।



चलो एक परीक्षण किया जाय।

दो कटोरी में समान मात्रा में बर्फ रखो। किसी एक कटोरी में रखे बर्फ पर नमक डालो। देखो तो दोनों कटोरी बर्फ एक साथ गला कि नहीं? सोचकर बताओ नमक मिलाने के फलस्वरूप वर्फ का गलनांक बढ़ा कि घटा?



**हिममिश्र :** बर्फ के साथ नमक मिलाने पर मिश्रण की उष्णता कम हो जाती है। इस कम उष्णता के मिश्रण को मछली संरक्षण, औषधि के ठंडे अवस्था में एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने में व्यवहृत किया जाता है। बर्फ और नमक निर्दिष्ट भार के अनुपात में मिलाकर हिममिश्र तैयार किया गया।

अब बोलो तो, पदार्थ गलनांक किन-किन विषयों पर निर्भर करता है?

सप्तम श्रेणी में हम जान चुके हैं कि उष्णता में परिवर्तन किए किसी अवस्था में रुपातंरित होता है, तब उस समय पदार्थ क्या कुछ परिमाप में लेता है या छोड़ देता है। इकाई के भार के ताप के क्षेत्र में ताप के इस परिमाण को लीनताप अवस्था का परिवर्तन कहा जाता है।

बर्फ का गलने का ताप 80 कैलोरी/ग्राम। इसका अर्थ हुआ प्रमाण वायुमण्डलीय चाप 0°C उष्णता के 1 ग्राम बर्फ के 0°C उष्णता के 1 ग्राम पानी में परिणत करने के लिए 80 कैलोरी ताप प्रयोग करना होगा।

● बर्फ के टुकड़े के बीच छेद करके पानी रखने से वह पानी बर्फ क्यों नहीं बनता? तुम जानते हो 0°C उष्णता के 1 ग्राम पानी 0°C उष्णता 1 ग्राम बरफ में परिणत करने के लिए पानी से 80 कैलौरी ताप निकालना होगा।



0°C उष्णता के पानी से ताप अवशोषित वही कर सकेगा जिस वस्तु की उष्णता 0°C से कम होगा। बर्फ के टुकड़े के बीच छेद करके जो पानी रखा जाता है उसका उष्णता पहले घर के उष्णता के बराबर होता है अर्थात् 0°C से ज्यादा इस बार एक ताप लो? पानी या बर्फ? कुछ वर्फ पानी से ताप ले पायेगा। लेकिन बर्फ की उष्णता

0°C ही रहेगा। पानी से ताप चले जाने के फलस्वरूप जल की उष्णता 0°C होगा। अब जल और बर्फ दोनों की उष्णता 0°C है। अब क्या पानी से बर्फ और ताप का शोषण कर पायेंगे? जैसा कि पानी लीनताप वर्जन नहीं कर पायेगा, इसलिए वह कठिन भी नहीं होगा।

## वाष्पीकरण

पानी से हाथ धोने के बाद, हाथ न पोछने पर भी कुछ समय बाद हाथ सूख जाता है। हाथ में लगा पानी कहाँ जाता है? एक बर्त्तन में पानी रखकर उसे आँच पर चढ़ाने से, पानी उबलना शुरु होता है। कुछ समय बाद पानी उबलते-उबलते खत्म हो जाता है और बर्त्तन खाली हो जाता है। यह पानी भी कहाँ गया?

यह पानी वाष्प बनकर हवा में मिल गया। इस कारण ही भीगें कपड़े सूख जाते हैं। पानी से घर पोंछने पर घर सूख जाता है। नदी-नाले, तलाब का पानी ग्रीष्मऋतु में सूख जाता है।

लेकिन हम यह भी जानते हैं कि पानी को वाष्प बनने के लिए ताप की आवश्यकता होती है। हाथ में लगे पानी को वाष्प बनने के लिए हमने बाहर से किसी ताप का प्रयोग नहीं किया। आस-पास से या हमारे अंदर से उतनी ताप का अवशोषण कर जल वाष्प में परिणत हुआ। ध्यान से देखने पर यह समझ पाओगे कि जल से वाष्पीभूत या वाष्पीकरण की प्रक्रिया एक धीमी पद्धति है।

सिर्फ पानी ही इस प्रकार वाष्पीभूत होता है, ऐसी बात नहीं है। स्पिरिट या इसी प्रकार का वायु में घुलने वाला कोई द्रव्य, इसी पद्धति से बहुत जल्द वाष्पीभूत हो जाता है। किसी तापमान पर इस पद्धति से द्रव्य या तरल का उसके ऊपरी तल से वाष्प में रूपान्तरित होने की प्रक्रिया को वाष्पीकरण कहते हैं।

दो एक तरह के कपड़ों को एक तरह ही पानी में डालो। दोनों को पानी से निकालकर सूखने के लिए डालो। एक कपड़े को पूरा न खोलकर मोड़कर सूखाओ और दूसरे कपड़े को पूरा खोलकर सूखने डालो।

- कौन सा कपड़ा जल्द सूख जायेगा? इस प्रकार कहा जा सकता है कि जल ऊपरी स्तर से वाष्प में परिणत हो रहा है। तरल के ऊपरी स्तर क्षेत्रफल जितना बढ़ेगा, तरल के वाष्पीभूत होने की क्रिया उतनी जल्द होगी।



वर्षा ऋतु में वायु में जलवाष्प की अधिकता रहती है। किन्तु शीत ऋतु में वायु में उपस्थित जलवाष्प की मात्रा बहुत कम हो जाती है। शीत ऋतु में भींगे कपड़ों से पानी तुरंत वाष्प बनकर हवा में मिल जाता है। इस कारण कपड़े जल्दी सूख जाते हैं। इसके अलावा भी वाष्पीकरण की प्रक्रिया तरल के ऊपर पड़ने वाले चाप, वायु प्रवाह जैसे कारणों पर निर्भर करती है।

- **चलो, अब देखते हैं कि हमने वाष्पीकरण की प्रक्रिया के बारे में क्या-क्या जाना —**

(1) यदि तरल या द्रव्य के ऊपरी तल का क्षेत्रफल अधिक होगा, तो वाष्पीकरण की प्रक्रिया बहुत द्रुत गति से होगी।

(2) वाष्पीकरण के लिए किसी विशेष तापमान की आवश्यकता नहीं होती। तरल का तापमान बढ़ने से वाष्पीकरण की प्रक्रिया तेज हो जाती है।

(3) वायु-प्रवाह तेज होने से तरल के वाष्पीकरण की प्रक्रिया तेज हो जाती है।

(4) तरल की प्रकृति के ऊपर भी वाष्पीकरण की गति निर्भर होती है। जैसे स्पिरिट बहुत जल्दी वाष्पीभूत हो जाता है।

- **गर्मी के समय पसीने से भींगे रहने पर तेज हवा के सामने खड़ा होने पर बहुत आराम का अनुभव होता है। ऐसा क्यों होता है?**

इस समय क्या पसीना सूख जाता है?

पसीने के सूखने का अर्थ है उसका वाष्पीभूत हो जाना।

पसीने को वाष्प बनने के लिए ताप की जरुरत होती है। यह ताप वह कहाँ से ग्रहण करता है?

पसीने को वाष्पीभूत होने के लिए आवश्यक 'लेटेंट ऊष्मा' शरीर से मिलती है। जिसका अर्थ है शरीर से ताप ग्रहण कर पसीना वाष्प में परिणत होता है। इस तरह शरीर का ताप होने से हमें ठंड की अनुभूति होती है। इस कारण गर्मी में तेज हवा से पसीना सूखने से हमें बहुत आरामदायक ठंड का अनुभव होता है। इस कारण हथेली पर स्पिरिट रखने से, वह तीव्रता से वाष्प में परिणत होता है, जिससे हमें ठंड का अनुभव होता है।

**अब सोचकर बताओ,**

(1) ग्रीष्म ऋतु में कुत्ता जीभ बाहर निकालकर क्यों हाँफता है?

(2) पारा के थर्मामीटर के मुँह पर भींगा कपड़ा लपेट देने से, पारा एकदम नीचे की ओर क्यों उतर आता है?

## स्फूटन

तुम हर रोज देखने के कारण यह स्वाभाविक रूप से जानते हो कि किसी पात्र या बर्त्तन में पानी लेकर गर्म करने पर वह फूटने या उबलने लगता है। इस तरह उबलता पानी बहुत जल्दी वाष्पीभूत होता है। पानी जब बहुत तीव्र गति से उबलता है, तब सम्पूर्ण पानी में एक उथल-पुथल की अवस्था देखी जाती है। लेकिन इस समय यदि थर्मामीटर लगाकर देखें तो इस समय पानी की उष्णता या तापमान में कोई परिवर्तन नहीं परिलक्षित होता।



एक निश्चित तापमान पर तरल के सम्पूर्ण अंश में अतिद्रुत वाष्पीकरण की प्रक्रिया को स्फूटन कहते हैं।

एक निश्चित तापमान पर तरल में स्फूटन शुरु होता है और जब तक स्फूटन की प्रक्रिया चलती है, तब तक यह तापमान स्थिर रहता है। इस तापमान या उष्णता को तरल का स्फूटनांक कहते हैं।

- **तरल की स्फूटनांक जिन कारणों पर निर्भर करता है:**

(1) तरल की प्रकृति।

(2) तरल में उपस्थित पदार्थ। तरल को यदि द्रवीभूत किया जाये, तो साधारणत: उसका स्फूटनांक बढ़ जाता है। जैसे यदि लगभग 100°C स्फूटित होता है। लेकिन यदि जल में नमक घुला हो, तब 109°C तापमान पर यह नमकीन जल स्फूटित होगा।

(3) स्फूटन के समय तरल वाष्प में रूपान्तरित होता है। तरल का वाष्प में रूपान्तरण होने पर उसका आयतन बढ़ जाता है। अब सोचकर बताओ, चाप या दबाब बढ़ने पर स्फूटन की प्रक्रिया में बाधा पड़ती है, या स्फूटन और तीव्र गति से होता है।

कुछ तरलों के स्फूटनांक

| पदार्थ का नाम | स्फूटनांक (°C) |
|---|---|
| जल | 100 |
| इथर | 35 |
| पारा | 357 |
| तरल हाइड्रोजन | -253 |

दबाव बढ़ने पर स्फूटन प्रक्रिया में बाधा पड़ती है, जिसके कारण स्फूटनांक बढ़ जाता है। फलस्वरूप किसी पदार्थ का स्फूटनांक ठीक करते समय उसे एक निर्दिष्ट दबाव में ठीक जाना पड़ता है। जैसे प्रमाण वायुमंडलीय दबाव जल का स्फूटनांक 100°C।

**खाना बनाते समय बर्त्तन का मुँह ढक्कन से ढककर रखने से खाद्य वस्तु जल्दी तैयार हो जाती है क्यों?**

बर्त्तन का ढकना और उससे उत्पन्न जलीय वाष्प को क्या निकलने देगा?



पात्र में जितना वाष्प जमा होता रहेगा, जलीय वाष्प उतना ही बढ़ता रहेगा। इससे जल का स्फूटनांक बढ़ जाएगा। फलस्वरूप खाद्य वस्तु जल्दी से पक जाता है। प्रेसर कुकर के यंत्र इस नीति के अनुसार 100°C उष्णता से ज्यादा उष्णता जल गर्म किया जाता है। फलस्वरूप खाद्य द्रव्य जल्दी से पक जाता है।

तरल के ऊपर दवाब कम करने पर स्फूटनांक क्या बढ़ जाता है या कम हो जाता है?

स्फूटनांक के समय दबाव कम होने पर तरल आयतन का प्रसारण में क्या बाधा आएगी या सहज से हो जायगा?

तरल दबाव कम होने पर तरल का वाष्प में रूपांतरण में सुविधा होता है। फलस्वरूप तरल स्फूटनांक कम हो जाता है।



दवा की दुकान में जो इंजेक्शन सीरिंज मिलता है उसे जुगाड़ करो। उसके बाद उसकी सूई को फेंक दो। उस इंजेक्शन के सीरिंज का मुँह पानी में डूबाकर दूसरे के पास पिस्टनट को यदि तुम्हारे तरफ खींचा रहे तो पिस्टनट से पानी सीरिंज के बीच प्रवेश करेगा। उसके बाद यदि एक पिस्टनट फिर से उल्टी तरफ ढकेलने पर जल पुनः बाहर निकल आता है।

अब मां जब पानी गर्म करके चाय बनाती है तो पानी खौलना शुरु होने से पहले इंजेक्शन का सीरिंज पर वहाँ से कुछ पानी को ले लो।



अब सीरिंज के मुख पर चित्र जैसा अंगुली लगाकर बन्द करके इंजेक्शन का सीरिंज के पिस्टनट पीछे की ओर खींचकर देखो तो पानी खौलना शुरु किया है कि नहीं?

अब सीरिंज के भीतर जल की उष्णता तो 100°C से भी कम है। इसके बावजूद वह खौलना क्यों शुरु किया?

सीरिंज का नुकीला मुँह अंगुली से रोककर, पिस्टन पकड़कर खीचते समय, सीरिंज के भीतर वायु प्रसारित होता है। उसका आयतन बढ़ जाता है, फलस्वरूप दबाव कम हो जाता है। कम दबाव में स्फूटनांक कम होने के कारण एक सुन्दर उदाहरण हुआ सीरिंज का जल में खौलना आरम्भ करना।

उष्णता को स्थिर रखकर किसी भी तरल का अकेला दबाव वाष्पित होने के कारण जिस ताप की जरुरत है, उस ताप को उस तरल स्फूटन का लीनताप कहा जाता है।

स्टिमट का लीनताप 537 कैलोरी / ग्राम कहने पर समझा जाता है प्रमाण वायुमण्डलीय दबाव 100°C उष्णता एक ग्राम जल को एक ही उष्णता एक ग्राम स्टिम में रूपांतरित करने पर 537 कैलोरी ताप का प्रयोग किया जाता है।

## घनाभवन



कांच के ग्लास के भीतर बर्फ रखने पर कांच के ग्लास के बाहर जलकण तैयार होता है। यह वाष्पीकरण की विपरीत प्रक्रिया है। वाष्प से तरल होने पर घटना को संघनन कहा जाता है। वायुमण्डल में जलीय वाष्प घनीभूत होने के कारण वर्षा और वाष्प बनती है।

**मेघ :** तालाब, नदी, समुद्र गीली मिट्टी और जीव शरीर से जल वाष्पीकृत होता है। इस जलीय वाष्प में मिलकर पृथ्वी पृष्ठ के आस-पास उष्ण वायु के साथ प्रवाहित होता है। उष्णऔर ज्यादा



जलीय वाष्प से भरा हुआ वायु शीतल और कम जलीय वाष्पपूर्ण वायु की तुलना में हल्का होता है। उष्ण और आर्द्र वायु इसके ऊपर की ओर उठते रहता है। उष्णता बढ़ने पर दवाब कम हो जाता है। इसलिए वह वायु के कण अपने के बीच दूरी बढ़ाती है और शीतल होता है। उस समय वायु में उपस्थित जलीय वाष्प हवा में भार साम्य धूलकण और दूसरे कण को केन्द्र करके घनीभूत होता है और जलकण रूप में हवा प्रवाहित होता है और इस द्रव्य को उस समय नमक का सम्पृक्त द्रव्य कहा जाता है। इसे ही हम बादल कहते है।

*कुछ बातें*

**जलीय वाष्प द्वारा सम्पृक्त हवा :** एक चाय पीने के कप में थोड़ा पानी लेकर थोड़ा नमक मिलाओ। एक चम्मच से हिलाओ। थोड़ा समय बाद देखोगे, नमक का दाना अब दिखाई नहीं पड़ रहा है। अर्थात् नमक वाले पानी के बीच द्रवीभूत हो गया। इस तरह इस द्रवण में नमक गलते-गलते निश्चित रूप से एक समय आयेगा जब वह परिमाण में जल जितना नमक गलेगा उतना ही नमक गलेगा। अब उस द्रव्य में अधिक द्रवण मिलाने से वह नीचे फिसल जाएगा। लेकिन उस द्रवण में यदि इस बार कुछ पानी मिला दीजिए उस समय वह नमक उस पानी में मिल जायेगा। अथवा यदि द्रवण की उष्णता बढ़ा देते हैं तब वह नमक द्रवीभूत हो जायेगा। इस बार मान लो तुमको 50°C उष्णता को सम्पृक्त नमक का द्रवण दिया गया। तुम उस द्रवण की उष्णता धीरे-धीरे कम करते रहो।

क्या होगा सोचकर बताओ? निश्चय कुछ नमक गिर जायेगा।

इस तरह निश्चित उष्णता निर्दिष्ट परिमाण कोई हवा यदि सबसे ज्यादा जितनी मात्रा में जलीय वाष्प होता है तभी वह पूर्ण होता है। उस समय पानी वाष्प द्वारा सम्पृक्त होता है कहा जा सकता है।

**कुहासा :** शीत ऋतु के समय प्रात:काल में कुहासा देखा जाता है। दिन चढ़ने कुहासा हट जाता है। रात में हवा प्राय: स्थिर होने से भू-भाग के नजदीक बहुत ज्यादा हवा धीरे-धीरे शीतल होकर जलीय वाष्प देकर सम्पृक्त हो जाता है। वही जलीय वाष्प घनीभूत होकर हवा में प्रवाहित धूल कड़ों के ऊपर पानी की बूंदों को डाल देता है। पानी हवा में तैरने लगता है। इसी को कुहासा कहते हैं।



**तब दिन चढ़ने के साथ कुहासा क्यों नहीं मिलता है? बड़े शहरों में धुआसा क्यों बनता है?**



**वाष्प :** शीत ऋतु के समय प्रात:काल सोकर उठने से पेड़ के पत्तों या घास के पत्तो पर वाष्प की बूँदे जमी रहती है तुमने देखा है। शाम के समय वाष्प पड़ता है और रात के दूसरे पहर गंभीर रात से या प्रात:काल में ओंस पड़ती है?

दिन के समय सूर्य के ताप से पृथ्वी के नजदीक वस्तु जलने लगता फलत: वह उस वस्तु के साथ वायुमण्डल भी गर्म हो जाता है सूर्यास्त के बाद भू-भाग का ताप को कम करते हुए ठण्डा होने लगता है। उष्णता कम होते रहने से एक समय भू-भाग से संलग्न वायु जल वाष्प देकर संपृक्त होता रहता है। उष्णता और कम हो जाय तो क्या होगा बोलो तो? जिस वाष्प में जलकण के हिसाब से अलग होकर वाष्प बनती है। वाष्प गिरने के लिए इस स्थिति को बनने में देरी लगती है। इसी कारण शाम को वाष्प नहीं गिरती।

## ताप का प्रवाह : परिवहन, परिचलन और विकिरण



खौलते पानी में एक लकड़ी का स्केल डुबा दिया गया। कुछ समय बाद उस लकड़ी के स्केल का जो भाग पानी के बाहर है वह हिस्सा हाथ से पकड़ा जायेगा कि नहीं?



उस उबलते हुए पानी में स्टील का चम्मच डुबाइए कुछ समय बाद दूसरी तरफ पकड़ा जा सकता है कि नहीं? लकड़ी के स्केल के दूसरी तरफ उष्णता कम होने के बावजूद ज्यादा गरम भाग की तुलना में दूसरी तरफ ताप खूब कम ही प्रवाहित होता है। फलतः लकड़ी के स्केल के दूसरे भाग को पकड़ा जा सकता है। लेकिन स्टील के चम्मच में ज्यादा उष्णता वाले भाग से कम उष्णता वाले भाग में ताप ज्यादा प्रवाहित होता है। फलतः कम गर्म वाला भाग भी धीरे-धीरे खूब गर्म हो जाता है, जिसके कारण हम पकड़ नहीं सकते। एक वस्तु के एक भाग से दूसरे भाग में ताप ग्रहण उसके प्रवाह के कारण संभव होता है।

इस तरह से देखा गया कि लकड़ी के बीच से ताप सहज प्रवाहित नहीं हो सकता, लेकिन स्टील के बीच से ताप सहज ही प्रवाहित हो जाता है।

किसी कठिन पदार्थ के बीच से ताप प्रवाहित होने वाली पद्धति का नाम परिवहन है। इस पद्धति से पदार्थ का अपनी कोई गति नहीं होती और पदार्थ का किसी अंश में गति नहीं होती। मात्र ताप एक भाग से दूसरे भाग में प्रवाहित होती है। जिस पदार्थ से ताप सहज ढंग से प्रवाहित हो सकता है, वह ताप का सूचालक होता है। जिस पदार्थ से ताप सहज प्रवाहित हो नहीं सकता, उसे ताप का कुचालक कहा जाता है।

ताँबा, एल्म्यूनियम, स्टील तार का सूचालक। इसी कारण खाना बनाने वाले बर्त्तन के प्रयोग में इन सब का प्रयोग किया जाता है।

नीचे की सरणी में लिखों।

|  | खाना बनाने वाले बर्त्तन का नाम | ताप को सुपरिवाही करने के लिए कौन–कौन सा धातु प्रयोग में लाते हैं | गरम अवस्था पकड़ने के लिए ताप का कुपरिवाही कौन–कौन सा पदार्थ प्रयोग किया जा सकता हैं |
|---|---|---|---|
| | | | |

- **ताप का सूचालक पदार्थ और कुचालक पदार्थ लेकर कुछ परीक्षण:**



लकड़ी से बने एक पेंसिल लो और एक तरफ एक पतला कागज को लगाओ। आग के ऊपर पेंसिल के ऊपर लगे कागज को रखो। देखोगे कागज का टुकड़ा काफी जल्दी जल जायेगा।



इस बार धातु से तैयार कोई दण्ड जैसे सड़सी कलछुल छोलनी इत्यादि को लो। उसके ऊपर उसी एक प्रकार एक पतले कागज को लपेटो। पहले की तरह आग के शिरा पर धातु के ऊपर इकट्ठा कागज को जलाओं। देखोगे कि कागज का टुकड़ा पेंसिल के ऊपर इकट्ठा कागज के टुकड़े के जैसे जल्दी से नहीं जलता है।

- **लकड़ी के ऊपर का कागज जल्दी जल जाता है। इसको समझने की कोशिश करो —**

कॉपी के पेज के माप के पतले पृष्ठ के टुकड़े को चार बार मोड़ा गया। उसके तीन मोड़ को एक तरफ रखकर उसके बीच थोड़ा पानी रखा गया। आग के शिरे पर पानी के साथ कागज का पतले तरफ को पकड़ो कुछ समय के बीच वह पानी खौलने लगेगा। जबकि कागज में आग नहीं लगेगा। कागज को जलने के लिए जितनी उष्णता की जरुरत होती है वह पानी के उबाल से बहुत ज्यादा होता है। कागज के जिस टुकड़े को व्यवहार किया गया। वह पतला होने पर उसके बीच काफी जल्दी पानी प्रवाहित होता है। परिणामतः पानी खौलने लगता है लेकिन वह कागज जलता नहीं है।



यही क्रिया मोटा कागज में करने से वह जल जायेगा, लेकिन पानी नहीं उबलेगा।

एक टेस्ट ट्यूब के तीन भाग को पानी से भरो। एक वर्फ के टुकड़े को लोहे के तार से बांधकर टेस्ट ट्यूब के पानी में डाल दो। लोहे के तार का भार इतना होना चाहिए। जिससे बर्फ का टुकड़ा पानी में डूब जाये। चित्र की तरह टेस्ट ट्यूब को आग के ऊपर तब तक घूमाते रहो जब तक कि वह खौलने न लगे। क्या देख पा रहे हो ? टेस्ट ट्यूब में रखा पानी ऊपर जब खौलते हुए वाष्प में रूपायित हो जाये, उस समय उस टेस्ट ट्यूब के ऊपर का पानी जब खौलने लगे उस समय भी उसमें रखा बर्फ गला नहीं। तब क्या पानी ताप का सुपरिवाही है ?



शीत में एक कपड़े की जगह दो पतला कपड़ा पहनने से ज्यादा गर्म लगता है इसके कारण को जानने की कोशिश करों।

बर्फ जब एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए बर्फ के ऊपर लकड़ी का भुरा लगाना पड़ता है कभी-कभी चट को लपेटा जाता है। लकड़ी के भूरे के बीच जो जगह रहता है उसमें हवा भर जाता है वायु ताप का कुचालक होता है।

इसी कारण भीतर का बर्फ गलता नहीं है।

यही कारण है हाथी शरीर पर धूल लपेटता है।



- शीत में हम ऊनी कपड़ा पहनते है।
- शीतकाल में कम्बल लपेटने से आराम मिलता है।
- शीतकाल में पक्षी कभी-कभी पंखो को फैलाकर बैठा रहता है क्यों ?

ध्यान देने पर समझ में आता है कि ऊपर के सभी क्षेत्र में वायु ताप प्रवाहहीन होने पर ताप संचालन नहीं होता है।






**घर बनाने के उपादानों को ताप प्रवाहहीन होने की जरुरत है।**

**इग्लू ग्रीनलैण्ड के यूल क्षेत्र में इस्किमों के निवास स्थल के रूप में परिचित है। इंगलू बर्फ से बनता है।**

पुआल और मिट्टी ताप में प्रवाहहीन है। इसी कारण पुआल से निर्मित मिट्टी का घर ग्रीष्म में जैसे ठण्डा रहता है वैसे ही शीतकाल में गर्म रहता है।

बर्फ ताप का प्रवाहहीन है। इसी कारण इग्लू बर्फ से तैयार होता है। इग्लू का भीतरी भाग काफी गर्म है। तालाब के पानी में डूबकर नहाने का जिनका अभ्यास है वे जानते है कि ग्रीष्म काल में तालाब का पानी ऊपर से जितना गर्म होता है उतना भीतर गर्म नहीं रहता है। फिर शीत काल में ठीक इसके विपरीत होता है। पानी ताप का प्रवाहहीन है यह एक ही प्रकार का रहता है।

- **जो समस्त प्राणी जल में रहता है वे ग्रीष्म काल और शीत काल में जल के किस स्तर में रहने में आराम का बोध करेगा ? पानी के ऊपर के स्तर पर या पानी के नीचे के स्तर पर ?**



चूल्हा नहीं जल रहा है। इसलिए चूल्हे के चारों तरफ वायु का घनत्व एक ही है।



वायु का घनत्व तुलनामूलक ज्यादा है।

वायु का घनत्व कम होता है।

## ताप का परिवहन

आप लोग निश्चय ही ध्यान दिये होंगे कि जलते हुये चूल्हे के पास हाथ रखने पर कितना गर्म लगता है, वही चूल्हे के ऊपर हाथ रखने पर ज्यादा गर्म लगता है। ऐसा क्यों होता है बोलो तो ?

चूल्हे के अधिक वायु चूल्हे के ताप को लेकर गर्म होता है और आयतन प्रसारित होता है। फलस्वरूप उस वायु का घनत्व कम हो जाता है और वायु हल्का हो जाता है। लेकिन ज्यादा ऊपर वायु का घनत्व एक ही रहता है। अर्थात् आग के पास जितना ऊपर की ओर वायु उठेगा उतना ही भारी होते जाता है। भारी वायु पृथ्वी के दबाव के कारण नीचे की ओर आ जाता है। अपेक्षाकृत गर्म और हल्का वायु ऊपर की ओर उठें वह स्थान नहीं है अर्थात् अत्याधिक उष्णता की वायु स्वयं ही यहाँ पर ताप वहन करके ले जाते हैं।



एक विकर में कुछ पानी लेकर उसमें पोटैशियम परमैगनाईट के कुछ टुकड़े को फेंक दिया गया। अब विकर में जिस स्थान पर पोटैशियम परमैगनाईट के टुकड़े है, उस स्थान को धीरे-धीरे गर्म करने पर बैगनी रंग के जल (पोटैशियम पारमैगनेट द्रवण) स्त्रोत किस तरफ उठा है, उस पर ध्यान दो, उसके बाद उस बैगनी रंग के जल स्त्रोत ताप के फैले हुए प्रक्रिया को और समझने में सहायता करता है।

**परिवहन स्त्रोत :** तरल अथवा गैस के गर्म भाग तुलनामूलक हल्का होने के कारण ऊपर उठता है और ठण्डा भाग भारी होने पर नीचे गिरता है। इसके फलस्वरूप तरल अथवा गैस के मध्य जो चक्राकार स्रोत की सृष्टि होती है, उसे परिवहन स्रोत कहा जाता है।



एक बर्त्तन में एक मोमबत्ती लगाकर जला दिया गया। बर्त्तन में कुछ जल ढाला गया। मोमबत्ती को बीच में रखकर एक चिमनी को बैठाकर देखा जाए तो मोमबत्ती बुझ जाती है। मोमबत्ती और चिमनी के नीचे की ओर पानी रहने के कारण कोई भी वायु प्रवेश नहीं कर पाया। समझ में आता है कि चिमनी के ऊपर न होने के कारण मोमबत्ती बुझ जाती है। यदि T आकार के तीन के बर्त्तन में चिमटा मुँह में लगा दिया जाता है। जिसमें मोमबत्ती बुझ न जाए। T आकार के बर्त्तन मुँह में लगाए उसके एक तरफ से भारी और ठण्डा वायु चिमनी के मुख पर प्रवेश कराएँगी वही दूसरी ओर उदप्त हल्का वायु प्रवाहित होगा। फलस्वरूप वायु का एक परिवहन में स्त्रोत की सृष्टि होगा। इसी कारण बत्ती जलती रहती है।

किसी-किसी महामारी सम्बंधी रोगों को अभिर्भाव चक्राकार होता है (दिन/सप्ताह/महीना/साल) टीकाकरण के पहले हाम साधारणतः 2-3 वर्ष के अन्तराल पर इन्फ्लूएंजा 7-10 वर्ष के अन्तराल पर महामारी के रूप में लौटकर आ जाता था। किसी-किसी रोग के क्षेत्र में दीर्घ समय तक 'क्रमागत वृद्धि अथवा ह्रास' प्रवणता को देखा गया। जैसे उन्नत देश में विगत् 50-70 वर्षों से करोनारी हार्ट डिजज, कैंसर, डायबीटिज की घटना लगातार बढ़ ही रही है। फिर उन देशों में आस्थमा, टाइफाईड बुखार, डिपथेरिया और पोलियों जैसे रोग की घटना कमने का लक्ष्य दिखाई दिया है। किसी-किसी महामारी के साथ फिर ऋतुओं का गम्भीर सम्पर्क है। बंसत के आरम्भ में ही हाम, जल बसंत जैसा रोग अधिक होता है। शीत के महीने में श्वास नली के ऊपर का भाग संक्रमण की घटना ज्यादा घटती है फिर गर्मी में पेट का सक्रमण ज्यादा देखा जाता है। साँप के काटने पर सनस्ट्रोक जैसी घटना के साथ भी ऋतु भेद का सम्पर्क देखा जाता है।

कॉलरा — साधारणतः दूषित जल, बिना ढके भोजन पर मक्खी बैठना एवं गंदा परिवेश से ही इस रोग की सृष्टि होती है। शरीर से सारा पानी निकलता रहता है एवं उल्टी होती है। शरीर में अम्ल-क्षार और लवण का भारसाम्य नष्ट हो जाता है। कॉलरा मरण रोग है। इसलिए ठीक समय पर सही चिकित्सा की जरूरत है। कॉलरा रोग के लिए उत्तरदायी जीवाणु का नाम — *Vibrio cholerae* है।



उन्नीसवी शताब्दी में गंगा द्वीप क्षेत्र में पहला कॉलरा रोग का प्रार्दुभाव हुआ। इसके बाद वहाँ से पूरी दूनिया में यह फैल गया। प्रायः सभी महादेशों में कॉलरा से आक्रांत होकर असंख्य लोगों की मृत्यु होती है।



मलेरिया — मलेरिया शब्द का अर्थ है खराब वायु अथवा bad air यह एक मच्छर द्वारा फैलने वाला रोग है। मादा आनोफिलीस मच्छर काटने पर रक्त से आक्रांत व्यक्ति से *Plasmodium vivax* अथवा *Plasmodiun Falciparum* नामक जीवाणु स्वस्थ मनुष्य के रक्त में प्रवेश करने पर यह रोग होता है। वर्षा काल, गर्मी, ठण्डा और मेघमयी परिवेश में इस रोग का प्रकोप बढ़ता है। कम्पन होते हुए बुखार आता है। गर्मी देकर बुखार समाप्त हो जाता है। सिर दर्द, यकृत और प्लीहा बड़ा हो जाता है। गाठों में पीड़ा पूरे शरीर में दर्द। संग-संग चिकित्सा नहीं कराने पर मारे जाते की सम्भावना रहती है।

समीक्षा में देखा गया है कि पूरी दुनिया में मलेरिया रोग से प्रायः 6 लाख 60 हजार लोगों की मृत्यु हुई है। मलेरिया के विरूद्ध सचेतनता के लिए 25 अप्रैल को पूरी दुनिया में मलेरिया दिवस के रूप में पालन किया जाता है।



डेंगू — कोलकाता में सबसे पहले इस महामारी को देखा गया 1963-64 ई० में। *Aedes egypti* मच्छर इस रोग के जीवाणु का वहन करता है। इस रोग के जीवाणु स्लाभि-भाइरस नामक से परिचित है। भयावह बुखार, सिर दर्द, गांठों में दर्द, अनुचक्रिकार की संख्या भयावह रूप से ह्रास पाकर उक्त को जमने में बाधा देती है। रक्त क्षरण ही इस रोग का प्रधान उपसर्ग है। श्वेत रक्त कणिका को ध्वंस करके रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमकर देती है। सठीक समय में सठीक चिकित्सा नहीं होने पर मृत्यु भी हो सकती है।

आप लोग समूह में आलोचना करो। उसके बाद खोज-खबर लेकर मच्छर में फैलने वाले मलेरिया और डेंगू प्रतिरोध के लिए क्या-क्या व्यवस्था किया जा सकता है, उसे लिखो।

दक्षिण-पूर्व एशिया में प्रत्येक वर्ष प्रायः छः हजार लोग इस भयावह मरण रोग से मारे जाते है।

प्लेग — चूहे से मनुष्य के शरीर में इस रोग का संक्रमण होता है। *Yersinia pestis* नामक बैक्टीरिया इस रोग के लिए उत्तरदायी है। फेफड़े का संक्रमण, रक्त क्षरण, लसिका ग्रंथी फूलकर भयावह यंत्रणा, सिर दर्द, उल्टी , खाँसी के साथ रक्त (खून) का गिरना इस रोग का प्रधान उपसर्ग है। विभिन्न प्रकार से यह स्पर्श करके दूषित मिट्टी के स्पर्श से ऐसा कि कुछ कीड़ों के काटने से भी होता है। Xenopsiella cheopis नामक मक्खी प्लेग रोग से



मनुष्य को काटता है या खाने में बैठता है, तो वहाँ से अनिर्धारित रूप से प्लेग रोग होता है। 1897 ई. में तत्कालीन मुम्बई में भालडेमार हाकफीन ने प्लेग रोग के टीका क आविष्कार किया लेकिन मनुष्य की सचेतना एवं टीक समय पर चिकित्सा द्वारा इस रोग को काफी हद तक दूर करना सम्भव है।

प्लेग रोग विश्व स्वास्थ्य संस्था द्वारार घोषित प्रथम तीन महामारी मेंम से एक है। दूसरा कॉलरा और पीर ज्वर है। यह अत्यंत भयावह मरण यीग्य है।

**स्माल पोक्स** — इस रोग का और एक नाम रेड प्लेग है। स्माल पोक्स एक भयावह मरण योग्य है। चमड़ा के सिरा-उपसिरा मुँह और गले में इस रोग का सक्रंमण होता है। पूरे जगह पर तरल भर्ती फुचका भर जाता है। लेकिन इस रोग को काफी हद तक टीका के आविष्कार के कारण काबू में किया गया है। खाँज कटे हुए सुई की सहायता से त्वक के ऊपर इस टीका को दिया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संस्था टीका देकर स्माल पोक्स निर्मूलीकरण कर्मसूची के माध्यम से वर्तमान समय में स्माल पोक्स को निर्मूल करना सम्भव हो पाया है।

*1796 ई. में ब्रिटिश वैज्ञानिक एडवर्ड जेनार गो वसंत के भाइरत के स्माल पोक्स के विरुद्ध प्रतिरोध क्षमता को बनाने के लिए लग गए। इसके बाद से तो इस भयावह रोग पर काफी नियंत्रण पाया।*

**काला ज्वर**—काला ज्वर का एक और नाम दमदम ज्वर है। लिशमानिया नामक प्राटोजोआ अथवा आद्रप्राणी के आक्रमण से यह रोग होता है। धारावाहिक ज्वर (बुखार), भोजन का कम लगना, वजन कम हो जाना, प्लीहा बढ़ जाना, अनीमिया इत्यादि इस ,रोग के लक्षण है। लेकिन यह आद्रप्राणी प्रत्यक्ष रुप से मनुष्य के शरीर में प्रवेश नहीं करता है। यह वाहक के ऊपर निर्भरशील है। बेलेमक्खी इस आद्रप्राणी का वाहक है।

*पूरी पृथ्वी में प्राय: 59 हजार लोद प्रत्येक वर्ष इस रोग से मारे जाते है। 1901 ई. में ब्रिटिश चिकित्सक निसमान दमदम में एक रोगी के के शरीर में इस रोग के लिए उत्तरदायी जीनाणु का प्रथम लक्षण मिला। काफी शीघ्रता से तत्कालीन माडाज में कैप्टन चार्ल्स डोनामान शिलमान के आनिष्कार की सत्यता को मान लिए। इसलिए इस रोग के जीवाणु का नाम — Leishmania donovani है। भारतीय वैज्ञानिक उपेन्द्रनाथ ब्रह्मचारी 1922 ई. में काला ज्वर औषधि का आविष्कार किए, जिसके फलस्वरूप लाखो मनुष्य को इस रोग के हाथ से बचाना अर्थात् रक्षा करना सम्भव हो पाया है।*

**डायरिया** — इस शब्द का अर्थ है-प्रवाहित हवा। तीन बार से अधिक पतला दस्त(मल) होने से सावधान होने की जरुरत है। इससे शरीर का पूरा पानी निकल जाता है। शरीर का पाचन रस नष्ट हो जाता है। मल से रक्त प्रवाहित होता है। शरीर में जल की समानता, अम्ल-क्षार का भार साम्य, यहाँ तक कि लवण का भारसाम्य नष्ठ हो जाता है। दूषित जल, असुरक्षित भोजन से यह रोग फैलता है। इस रोग के लिए उत्तरदायी एक प्रकार का रोटा भाइरस है। घर में ओ.आर.एस बनाकर साथ ही साथ खिलाने पर इस रोग के प्रतिरोध करना सम्भव है। लेकिन रोग के उपर्सग प्रकाश करने के साथ-साथ निकटर्वी स्वास्थ्य केन्द्र में जाना बी जरुरी है।

आप लोग समूह में आलोचना करो कि किस प्रकार ओ.आर.एस बनाया जाता है, उसे लिखो—

समीक्षा में देका गया है कि 2011 ई. में पूरे विश्व में प्राय: 1 लाख 60 हजार लोग डायरिया से आक्रांत हुए है। उनमें से अधिकांशत: पाँच वर्ष के बच्चे अधिक है।

महामारी किसी जगह सीमाबद्ध रह भी सकता है और फैल भी सकता है देश-विदेश में।

SARS- Severe Acute Respiratory Syndrome 2003 ई.में पहली बार एशिया में देखा गया। इसके बाद यह उत्तर और दक्षिण अमेरिका, यूरोप में फैल गया। तेज बुखार, सिर दर्द, शरीर में दर्द। कुछ लोग तो इस रोग से मारे भी गए है। रास्तें पर मनुष्य नाक, मुँह ढकने वाला मुखौटा लगाकर इस रोग से बचने का प्रयास करते है।

**अस्थमा (Tuberculosis ) —** अस्थमा बैक्टीरिया जनित वायु प्रवाहित मरण रोग है। इस रोग के उत्तरदायी बैक्टीरिया का नाम— *Mycobacterium tuberculosis* है यह बैक्टीरिया मनुष्य के फेफड़े में आक्रमण करता है। हड्डी में भी अस्थमा होता है। यह रोग काफी वायु प्रवाहित है। कफ, खाँसी ऐसा की थूक और लार के माध्यम से संक्रमित हो जाता है। इस रोग का लक्षण भयावह खाँसी और उसके साथ रक्त का गिरना है। रात में कष्ट और भी बढ़ जाता है। काफी पसीना आता है, वजन क्रमश: कम होते रहता है। यथा समय में सठीक चिकित्सा द्वारा आस्थमा रोग पर नियंत्रण करना सम्भव है। *DOTS* अथवा *Directly Observed Treatment, Short Course* के माध्यम से पूरे विश्व में इस मरण रोग से असंख्य लोगो को बचाना सम्भव हो पाया है।

2012 ई. में पूरे विश्व में 4 करोड़ 6 लाख मनुष्य में अस्थमा के लक्षण पाये गए है। प्राय: 1 करोड़ 3 लाख मनुष्य मारे गए। उनमें से 74000 बच्चे मारे गए इस मरण रोग से। प्राय: 22 लाख लोगो को DOTS के माध्यम से बचाना सम्भव हो पाया है।

**हेपाटाइटीस—** हेपाटाइटीस भाइरस जनित मरण रोग है। प्रधानत: यह यकृत में आक्रमण करता है। पाँच प्रकार के हेपाटाइटीस होता है। $A, B, C, D$ और $E$। इन पाँच प्रकार के हेपाटाइटीस के भाइतस के अक्रमण से प्रत्येक वर्ष असंख्य लोगों की मृत्यु होती है। यकृत को यह भाइरस पूरी तरह से नष्ट कर देता है। $A$ एवं $E$ दूषित भोजन और जल से संक्रमित होता है और $A, C,$ एवं $D$ संक्रमित लोगो के शरीर रस अथवा रक्त के माध्यम से संक्रमण होता है। इस भाइरस के संक्रमण से जोन्डीस, उल्टी, पेट दर्द इत्यादि लक्षण दिखाई देता है। विश्व संस्था हेपाटाइटीस रोग को समाप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार से व्यवस्था ग्रहण किया है।

पूरी पृथ्वी में हेपाटाइटीस $B$ और $C$ के आक्रमण से 2010 ई. में 14 लाख लोगों की मृत्यु हुई है। विश्व स्वास्थ्य संस्था 28 जुलाई को विश्व हेपाटाइटीस दिवस में पालन करने की घोषणा की है।

**इनफ्लूंजा /फ्लू—** इनफ्लूंजा भाइरस जनित भयानक श्वास रोग है। यह छींक, खाँसी और कफ के माध्यम से संक्रमित होता है। किसी अस्वस्थ मनुष्य में लक्षण आने के पहले से शुरु करके अस्वस्थ होने तक इस रोग का संक्रमण हो सकता है। भयावह बुखार, पसीना, कम्पन, सिर दर्द, गांठ में दर्द, अत्यधिक दुर्बलता, उल्टी, डायरिया ही इस रोग के लक्षण है। लेकिन भाइरस जनित रोग के विरुद्ध एन्टीबाँयोटीक कुछ ज्यादा कार्य नहीं करता है। लेकिन यह रोग होने पर घर पर रहकर पूरा विस्राम करना, पर्याप्त परिमाण में पानी पीने से इस रोग को दूर किया जा सकता है। इस रोग से मुक्ति पाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संस्था शिशु, वृद्ध, स्वास्थ्य कर्मी को इन्फ्लूजा टीकाकरण करने की बात कही गयी है।

विभिन्न प्रकारका फ्लू धरित होते हुए देका गया है। उनमें से सोआइन फ्लू विश्व भर में उल्लेख योग्य है। 2013 ई. में भारतवर्ष में अभी तक 254 लोगो की मृत्यु हुइ है।

एड्स, AIDS- Acquired Immuno Deficiency syndrome विगत् तीन दशक से प्राय: अढाई करोड़ लोगों की मृत्यु इस मरण रोग से हुई है। इसके लिए उत्तरदायी भाइरस काा नाम HIV- Human Immunodeficiency Virus है। इस भाइतस के आक्रमण से शरीर में प्रतिरोध क्षमता पूरी तरह से टूट जाती है। दूसरे विभिन्न रोग जीवाणु के आक्रमण से विभिन्न रोग से आक्रांत होता है। अस्थमा, इन्फ्लूंजा, डायरिया, बुखार, दर्द, गला दर्द से लेकर तीव्रता से वजन में कसी होकर मनुष्य मृत्यु की ओर बढ़ते जाता है। रक्त के जरिए, देह रस के जरिए, लाल के माध्यम से द्रुत संक्रमित यह रोग होता है। इस रोग के प्रतिरोध के लिए सचेतना कर्मसूची के ऊपर विशेष जोर दिया गया है।

2012 ई. में प्राय: 3 करोड़ 53 लाख लोग इस रोग से आक्रांत हुए है। इस रोग से बचने के उपाय को अभी भी खोजा जा रहा है।

समूह में आलोचना करके नीचे की तालिका को पूरा करो:

| | रोग का नाम | ऐसे फैलता है | उत्तरदायी जीवाणु का नाम | कैसे बचाव संभव है |
|---|---|---|---|---|
| महामारी | 1. कॉलरा | बासी भोजन<br>गंदा परिवेश | *Vibrio cholerae* | |
| | 2. | | | |
| | 3. | | | |
| | 4. | | | |
| | 5. | | | |

## असंक्रामक रोग से संबंधित महामारी

कुछ असंक्रामक रोग जैसे डायबीटीज, हाइपरटेंशन, कैंसर, मानसिक अस्वस्थता भी महामारी का आकार धारण किया हैं।

सठीक खाद अभ्यास और जीवन चर्चा के अभाव में यह राग क्रमश: फैल जाता है।

विभिन्न प्रकार के भोजन का अभ्यास और जीवन चर्चा हमारे शरीर में क्या-क्या असुविधा तैयार कर सकता है। उसे आलोचना करके लिखो—

| खाद्य अभ्यास और जीवन चर्चा | क्या - क्या असुविधा उत्पन्न कर सकता है |
|---|---|
| | |

# 6 जीवधारियों की शारीरिक संरचना

## जीवधारियों की शारीरिक संरचना के विभिन्न स्तर

आप अपने चारों तरफ देखें। ऐसी पाँच चीजों का नाम लिखें जो आपको दिखीं। आप इन वस्तुओं को कैसे श्रेणी-बद्ध कर सकते हैं— सजीव या निर्जीव ? इस तालिका में क्या कोई ऐसी चीज है जो चल-फिर सकता है या परिवेशगत उद्दीपन से हिलता डुलता है। लाजवंती सजीव है, लेकिन पड़ी हुई लकड़ी को हम निर्जीव क्यों कहते हैं ?

सजीव श्वाँस लेते हैं, भोजन पचाते हैं, वर्ज्य पदार्थ छोड़ते हैं और जनसंख्या बढ़ाते हैं। इस तरह के एक अथवा एकाधिक काम करने के लिए जीवों के शरीर में क्या होता है ?

- भोजन पचाने के लिए — पाकस्थली, छोटी आँत।
- स्वाँस लेने और छोड़ने के लिए — फेफड़ा।
- रक्त को शरीर के कोने-कोने में पहुँचाने के लिए — हृदय।
- शरीर के वर्ज्य पदार्थ को मूत्र के माध्यम से बाहर निकालने के लिए — वृक्क।
- उद्दीपन को ग्रहण और उसे उत्तेजना में रूपांतरित करने के लिए — मस्तिष्क।

इन सभी अंगों में ऐसा क्या होता है जो इन अंगों को विशेष बनाकर और उनके कार्य में सहायता करता है ?

अब आइए देखा जाए कि एक बॉडी और एक शरीर का गठन कैसे-कैसे होता है —

| मकान | जीवों का शरीर |
|---|---|
| ↓ | ↓ |
| कमरा | अंग (फेफड़ा, हृदय, वृक्क) |
| ↓ | ↓ |
| दीवार, छत, फर्श | उत्तक |
| ↓ | ↓ |
| ईंटो से बना हुआ | कोशिकाओं से बना हुआ |

→




घर की संरचना की सूक्ष्मतम इकाई है ईंट। ठीक इसी तरह जीवों के शरीर की संरचना की सूक्ष्मतम इकाई है कोशिका। जीवों का शरीर जो कार्य करता है वह भी कोशिका में ही सम्पन्न होता है। अर्थात् कोशिका जीवों के शरीर की एक ऐसी सूक्ष्मतम इकाई है जो कोई भी कार्य कर सकता है।

**विशेष बातें**

जीवों के शरीर की संरचनागत और कार्यगत सूक्ष्मतम इकाई है कोशिका। ये इतने छोटे होते है कि माइक्रोस्कोप के अलावा खुली आँखों से देख पाना संभव नहीं होता।

## माइक्रोस्कोप

### कोशिका का पता कैसे चला ?

1665 ई० में वैज्ञानिक रॉबर्ट हुक ने पेड़ के तने की छाल से एक सूक्ष्म अनुभव तैयार किया। उसके बाद खुद ही तैयार किए गए माइक्रोस्कोप के उस अनुभाग का अवलोकन करते वक्त मधुमक्खियों के छत्ते की तरह असंख्य कोठरी नुमा आकृति उन्हें दिखी। उन्होंने इसका Celluliae (लैटिन अर्थ कमरा) नाम रखा। बाद में इन्हीं को उन्होंने कोशिका (Cell) कहा।





### आप कैसे एक कोशिका देख सकते हैं ?

खुली आँखों से कोशिका को नहीं देखा जा सकता। देखने के लिए इन्हें कई गुना बड़ा करना होगा। इसके लिए जिस लेंस वाले यंत्र का व्यवहार होता है, वह माइक्रोस्कोप (Microscope) कहलाता है।



लिवनहिक

**विशेष बातें**

रॉबर्ट हुक ने कॉर्क के पतले छिद्र से प्रयोग करते समय जिन कोशिकाओं को देखा था, वो मृत थे। 1674 ई० में डच वैज्ञानिक लिवनहिक ने पहली बार कोशिका का परीक्षण किया। माइक्रोस्कोप का निकास कर उन्होंने विभिन्न अणुजीव और रक्त कोशिकाओं का परीक्षण किया।

कोशिका की बनावट ठीक से समझने के लिए विभिन्न रंगों के रासायनिक पदार्थ का उपयोग किया जाता है। इन्हें रंजक पदार्थ (Stain) कहा जाता है।



- प्राथमिक रूप से कोशिका को बनाकर परीक्षण करने के लिए सामान्य प्रकाश अनुवीक्षण यंत्र (Simple Light Microscope) का उपयोग होता था। इसमें मात्र एक ही लेंस होता था। फूलों को काटकर उसके अंश विशेष को देखने के लिए इस तरह के अनुवीक्षण यंत्र का इस्तेमाल होता था। यह किसी वस्तु को 15-20 गुना बड़ा दिखा सकता है।
- इसके बाद यौगिक प्रकाश अनुवीक्षण यंत्र (Compound Light Microscope) का आविष्कार हुआ। इससे द्रष्टव्य वस्तु को कई गुना बड़ा करके दिखाने के लिए विवर्धन क्षमता सम्पन्न एकाधिक लेंस (एक्विटल लेंस, ऑवजेक्टिव लेंस) का इस्तेमाल किया जाता है। इस अनुवीक्षण यंत्र से दृश्यमान प्रकाश द्वारा द्रष्टव्य वस्तु को प्रकाशित किया जाता है। इसके लिए विशेष प्रकार के लेंस (Mirror) के उपयोग से द्रष्टव्य को 2000-4000 बड़ा करके देखा संभव हो पाता है।



**यौगिक प्रकाश अनुवीक्षण यंत्र का उपयोग कहाँ-कहाँ होता है ?**

- बैक्टीरिया, शैवाल, छत्रक, विभिन्न एककोशीय और बहुकोशीय जीवों के शरीर की बनावट समझने के लिए।
- उद्भिज के विभिन्न अंशों (जड़, तना और पत्तियाँ) की आंतरिक बनावट के पर्यवेक्षण के लिए।
- जीवों के शरीर के विभिन्न अंग और उसके अनुभाग करके उसके उत्तक की संरचना समझने के लिए।
- कोशिका के भीतरी अंगाणु और कोशिका के बाहरी दीवार की संरचना समझने के लिए।



**इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (Electron Microscope) :** इस यंत्र द्वारा प्रकाश के बदले द्रुतगति वाले इलेक्ट्रॉन प्रवाह द्रष्टव्य वस्तु से होकर गुजर जाता है। इस माइक्रोस्कोप में शीशे के लेंस के बजाय विद्युत चुंबक का व्यवहार किया जाता है। द्रष्टव्य वस्तु को 50,000-3,00,000 गुना बड़ा देखा जा सकता है। वैसे द्रष्टव्य वस्तु को खुली आँखों से इस यंत्र की सहायता के बिना असंभव है। बाद में इसके बदले में फोटोग्राफिक फिल्म का उपयोग किया जाने लगा।

## कोशिका का वैचित्र्य

### किसके शरीर में कितनी कोशिकाएँ हैं ?






**ऊपर के विभिन्न जीवों को उनकी आकृति के अनुसार सजाएँ।**

(1) .......................... (2) ....................... (3)......................(4) ..........................

ऊपर के सभी जीवों के शरीर की बनावट एक जैसी नहीं है। जिस जीव की आकृति जितनी बड़ी होती है, उसके शरीर की कोशिका संख्या उतनी ही अधिक होती है।

अमीबा का शरीर एक कोशिका से बना है। अर्थात् एक कोशिका एक जीव के शरीर के समतुल्य है। ये एककोशीय जीव (Unicellular) हैं। मच्छर, बिल्ली और हाथी का शरीर असंख्य कोशिकाओं से बना है। कोशिकाओं की संख्या सही ढंग से गिन पाना संभव नहीं है। अर्थात् इस तरह के जीव बहुकोशिय (Multicellular) होते हैं। बहुकोशीय जीवों में भिन्न-भिन्न जीवन प्रक्रिया एक ही साथ और अविच्छिन्न रूप से घटित हो सकते हैं। परिवर्तनशील परिवेश में बहुकोशीय जीवों के रहने की संभावना अधिक रहती है।

**कोशिका कैसे दिखते हैं? नीचे की तस्वीरों को देख कर बताइए कि कोशिका की आकृति कितने तरह की हो सकती है।**



**विभिन्न प्रकार की प्राणी कोशिका**



**विभिन्न प्रकार की उद्‌भिज कोशिका**

भिन्न-भिन्न जीवों की कोशिका की आकृति भिन्न-भिन्न (अण्डाकार, आयताकार, बहुभुजाकार, लंबाकार, स्तम्भाकार, सूत्राकार इत्यादि) होती है। बहुकोशीय जीवों के शरीर के विभिन्न अंगों की कोशिकाओं की आकृति कार्य पर निर्भर होती है।

प्राणी शरीर में चमड़े के नीचे अथवा दूसरे अंगों में फैट संचयकारी चर्बी कोशिका होती है। चर्बी जमा होने के कारण कोशिका न्यूक्लियस साइटोप्लाजमा सहित एक तरह हट जाता है। फलस्वरूप चर्बी कोशिका अँगूठी की तरह दिखती है। आँख की रेटिना में मृदु प्रकाश के अवशेषन में सूक्ष्म दण्डाकार रॉड कोशिका और उज्ज्वल प्रकाश और वर्ण के अवशेषन में सूक्ष्म शंकु के आकार की कोन (Cone) कोशिका पायी जाती है। उद्‌भिज के बीज के आवरण और फल की त्वचा में उपस्थित प्रस्तर कोशिका प्रोटोप्लाज्मा नहीं होने के कारण कोशिकाएँ दण्डाकार, स्तंभाकार या तारा की तरह विशिष्ट आकृति के होते हैं। कोई-कोई बैक्टीरिया गोलाकार, रॉड की तरह अथवा कॉमा चिह्न की तरह होता है। फिर स्पाइरोगाइरा की तरह शैवाल को सूत्राकार शरीर कुछ आयताकार कोशिकाओं द्वारा गठित है। कोशिका की उम्र, उनका आपसी दबाव और अन्य बातें कोशिका की आकृति का निर्धारण करती हैं।

- अगले पृष्ठ में अमीबा की आकृति देखिए। इसकी आकृति में कोई एकरूपता नहीं है। अमीबा का आकार दूसरी जीव कोशिकाओं की तरह की नहीं है। हमेशा ही इसकी आकृति बदलती रहती है। अमीबा के शरीर के विभिन्न जगहों से निकली विभिन्न आकृतियों को देखिए। इनका नाम क्षणपद है। अचानक बनते और अचानक गायब हो जाते हैं। ये अमीबा के चलने-फिरने में सहायता करते हैं।



अमीबा



श्वेत रक्त कणिका



अग्रासी श्वेत रक्त कणिका

मनुष्य के रक्त में जीवाणुओं को मारने के लिए श्वेत रक्त कणिकाएँ होती हैं। ये भी अमीबा की तरह अपना आकार बदल सकते हैं। वैसे याद रखें अमीबा एक स्वाधीन जीव है और श्वेत रक्त कणिका एक जीव के शरीर की कोशिका है।

**हमारे शरीर की कौन-सी कोशिका कैसी है?**

अब नीचे के चित्र में मनुष्य के शरीर के कुछ और कोशिकाओं को देखें।



लाल रक्त कणिका



पेशी कोश



स्नायु कोश

लाल रक्त कणिका गोलाकार; दोनों तरफ से चपटा, चकत्ते की तरह होता है। भिन्न व्यास वाली रक्त नलिकाओं से होकर गुजरने के लिए और अधिक परिमाण में ऑक्सीजन होने के लिए इनका आकार इस तरह का होता है।

पेशी कोशिका दो तरफ नुकीला, बीच में चौड़ा, संकुचन-प्रसारण के लिए इनका इस तरह का आकार होता है। पेशी कोशिका के संकुचन-प्रसारण के कारण मनुष्य के स्थान परिवर्तन भोजन नली से भोजन का स्थानांतरण, श्वास नली से वायु परिवहन, रक्त नलिकाओं से रक्त संवहन आदि कार्य संपन्न होते हैं।

अन्य कोशिकाओं की तुलना में स्नायु कोशिकाओं की लम्बाई अधिक होती है। इसका सिरा तार जैसा गोलाकार होता है और इसके साथ भिन्न से उद्दीपन ग्रहण (प्रकाश, शब्द, गंध, स्वाद, दबाव, दर्द और ताप इत्यादि) करते हैं और उसको वहन करते हैं। इस प्रकार जीव शरीर के बाहरी और भीतरी परिवेश के बीच समन्वय स्थापित करता है।

किसी भी मेरुदण्डी (जैसे- मछली, मेढक, साँप, पक्षी, बाघ, मनुष्य) प्राणी के शरीर में प्राय: 200 से अधिक कोशिका के रूपगत वैशिष्ट्य दिखते हैं। उद्भिज कोशिकाओं में भी आकृति गत अंतर दिखता है।

जड़ अथवा तने के अग्र भाग में जो कोशिकाएँ रहते हैं वे क्रमश विभाजित होती हैं। इस तरह की कोशिकाएँ बहुभुजाकार होती हैं। तने के भीतर जड़ से लेकर पत्तियों तक नल के उर्ध्वमुखी संवहन के लिए जो कोशिकाएँ हैं वो बेलनाकार हैं।



अब कोशिकाओं के आकार के आधार पर नीचे की सारणी को पूरा करें और अभ्यास पुस्तिका में प्रत्येक कोशिकाओं का चित्र बनाएँ। इस तरह के आकार वाली कोशिकाओं का नाम शिक्षक/ शिक्षिका के सहयोग से सारणी को पूरा करें।

| कोशिका का नाम | कोशिका का आकार |
|---|---|
| (1) लाल रक्त कणिका | |
| (2) श्वेत रक्त कणिका | |
| (3) पेशी कोशिका | |
| (4) स्नायु कोशिका | |
| (5) जड़ या तना के अग्रभाग की कोशिका | |
| (6) जल परिवहनकारी उद्‌भिज कोशिका | |

**कुछ बातें**

कोशिका का आकार क्या हमेशा एक जैसा होता है? किसी अण्डाकार कोशिका के कैन्सर कोशिका में रूपान्तरित होने पर गोलाकार हो जाता है। लाल रक्त कणिकाएँ जब भिन्न व्यास वाली रक्त नलिकाओं से प्रवाहित होता है तब उनके आकार में परिवर्तन होता है। कोशिका-विभाजन के समय भी प्राणी कोशिकाओं का आकार परिवर्तित होता रहता है।

**प्रयोग करें**

एक अण्डा उबालों। फिर उसके छिलके हटाएँ। क्या दिखेगा? एक सफेद स्तर अंदर के पीले हिस्से को घेरे हुए है। पीले अंश को कुसुम कहा जाता है। यह एक कोशिका का अंश है। यह एकमात्र ऐसी कोशिका है जिसे खुली आँखों से देखा जा सकता है।

स्नायु कोशिका की लंबाई सबसे अधिक होती है।

**एक कोशिका कितनी बड़ी होती है?**

मुर्गी के अण्डे की तरह दूसरी कोशिकाएँ बड़ी नहीं होती। कोशिका का आकार साधारणत: माइक्रोमीटर या माइक्रोन से मापा जाता है। 1 माइक्रोमीटर 1 मीटर का 10 लाख भाग का 1 भाग होता है। 1 मीटर = 1000 मिलीमीटर, 1 मिलीमीटर = 1000 माइक्रोमीटर, 1 माइक्रोमीटर(nm) = 1000 नैनोमीटर और 1 नैनोमीटर(nm) = 10 अंशटम (Å)। इस हिसाब से किसी वाक्य के अंत में जिस विराम चिह्न (Full Stop) का उपयोग करते है उससे 1 माइक्रोन माप में 400 कोशिकाएँ समा जाती है। अधिकांश कोशिकाओं की आकृति 5-10 माइक्रोन होता है।



**हाथी के शरीर की कोशिका क्या चूहे के शरीर की कोशिका की तुलना से बड़ी होती है ?**

कोशिका के आकार के साथ जीव के शरीर के आकार का कोई सीधा संबंध नहीं है। कोशिका का आकार का संबंध बल्कि कोशिका के कार्य से है। हाथी और चूहे दोनों के शरीर में स्नायु कोशिका दीर्घ और शाखा-प्रशाखा युक्त होती है। दोनों में ये उद्दीपन ग्रहण और उत्तेजना के प्रवाह जैसे कार्य से संबंधित हैं।

## विभिन्न अंगों के कार्य और कोशिका की विशेषताएँ

चलो यह जानने की कोशिश करते हैं कि जीवों के शरीर के विभिन्न अंग क्या-क्या कार्य करते हैं —

- भोजन ग्रहण, पाचन, अवशोषण, आत्मसात करना और अपाच्य भोजन का बहिष्कार करना (पुष्टि)।
- श्वाँस लेना, छोड़ना और शक्ति उत्पादन (श्वसन)।
- भोजन के कुछ मुख्य अंशों के ऑक्सीजन ($O_2$) को शरीर की दूरतम कोशिकाओं तक पहुँचाना (संवहन)।
- शरीर में उत्पन्न वर्ज्य पदार्थों को शरीर से बाहर निकाल देना (उत्सर्जन)।
- स्थान परिवर्तन करना (गमन)।
- बदली हुई परिस्थितियों के साथ सामंजस्य स्थापित करना (स्नायविक समन्वय)।
- जनसंख्या वृद्धि और अस्तित्व को सुरक्षित करना (प्रजनन)।

उद्भिज भी जीवों के शरीर की तरह ही विभिन्न कार्य करते हैं —

- मिट्टी से जल और खनिज लवण का अवशोषक कर उसे पत्तियों तक पहुँचाना।
- सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में भोजन तैयार करना।
- सीधे खड़े रहना।
- भोजन संचय करना और उसका परिवहन।
- फूल, फल और बीज की सृष्टि करना।

जीवों के शरीर में इन सभी कार्यों के लिए पाकस्थली, यकृत, फेफड़ा, हृदय, वृक्क, मस्तिष्क जैसे अंगों का उपयोग होता है। उद्भिज भी इसी तरह इन कार्यों के लिए जड़, तना और पत्तियों का इस्तेमाल करते हैं। हर अंग एकाधिक उत्तकों से मिलकर बना है। हर उत्तक कोशिकाओं का समूह होता है अर्थात् जीवों के शरीर निर्माण के विभिन्न स्तर हैं — (शरीर → अंग तंत्र → अंग → उत्तक → कोशिका)।

जैसे कार्य के अनुसार कोशिकाओं के आकार बदलते हैं, ठीक उसी तरह उनकी बनावट भी बदलती है। जीवों के शरीर में जो कोशिकाएँ अवशोषण का कार्य करते हैं, उनका आकार स्तंभाकार होता है। जो कोशिकाएँ स्त्राव का कार्य करती हैं, वे घनाकार होती हैं। मुख के भीतर जो कोशिकाएँ प्रतिरोधी क्रिया कलाप में हिस्सा लेती हैं, उनकी आकृति मछली के शल्क की तरह होती है। विभिन्न अंग जिस कोशिका समूह द्वारा गठित होते हैं, उनकी बनावट में एकरूपता अथवा भिन्नता होने के बावजूद उनके कार्य में एकरूपता होती है। कोशिका के भीतर प्रोटोप्लाजम के अंत:कोशीय वस्तुओं की कुछ महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ हैं — अवलम्बन, अवशोषण, स्राव, संकुचन, उत्तेजना, दबाव, तनाव को सहन करना। जीवन के क्रम विकास के दौरान कोशिका प्रोटोप्लाज्मा के कार्य में विकास हुआ। इस क्रम विकास के दौरान विभिन्न प्रकार के कोशिका समूहों का विकास हुआ, इस कोशिका समूह को ही उत्तक कहा जाता है।

उद्भिज के कोशिका समूह भिन्न प्रकार के भाजक उत्तक और स्थायी उत्तक की रचना करते हैं। जीवधारियों के शरीर में विभिन्न प्रकार के कोशिका समूह एकत्रित होकर चार प्रकार के उत्तक की रचना करते हैं — आवरण कला, योग कला, पेशिकला और स्नायु कला।

### उद्‌भिज कोशिका के कार्य और उत्तक के भेद

नए अंगों की सृष्टि करना, जड़ और तने की लंबाई में वृद्धि करना, नये पत्ते, कलियाँ और शाखाओं की रचना करना, फलों की रचना करना, रक्षा कवच की रचना करना, संवहन उत्तक की रचना करना (भाजक कला)।

कोशिका का प्रोटोप्लाज्मा

खाद्य संश्लेषण, संचय और परिवहन करना, जल का संवहन करना, भार वहन करना, मजबूती प्रदान करना, वर्ज्य पदार्थ का संचय करना, प्लावता प्रदान करना, फल और बीज का विस्तार करना, उद्‌भिजों में दबाव की सहनशीलता में वृद्धि करना, क्षति पूर्ति करना (स्थायी कला)।

### जीवधारियों में कोशिका का कार्य और उत्तक के भेद

शरीर के बाहरी और भीतरी विभिन्न अंगों के सतह पर प्रतिरक्षात्मक कवच तैयार करना, अवशोषण करना, रक्षा करना, संवेदना ग्रहण करना, विज्ञानीय वस्तु और वज्य पदार्थ का अपसरण करना, बाह्य-कंकाल (रोएँ, नाखून, खूर, सिंह इत्यादि) की रचना करना (आवरणी कला)।

संवेदना ग्रहण करना, उद्दीपन का परिवहन करना, शरीर के बाहरी और भीतर परिस्थितियों में समन्वय स्थापित करना, मांसपेशियों के क्षरण को नियंत्रित करना (स्नायु कला)।

कोशिका का प्रोटोप्लाज्मा

भार वहन करना, विभिन्न अंगों को धारण करना, अंग-प्रत्यंगों के बीच के संयोग की रक्षा करना, प्रतिरक्षा देना, फैट का संचय करना, तापक्रम नियंत्रित करना (योग कला)।

अंग-प्रत्यंगों का प्रचलन करना, गति में सहायता करना, भोजन निगलने में सहायता करना, भोजन-नली और मूत्र-नली का क्रम संकुचन करना, धड़कन और रक्त प्रवाह को नियंत्रित करना, रक्तदाब को नियंत्रित करना, आवाज करना, ग्रंथियों की रक्षा करना, मौखिक अभिव्यक्ति करना, शारीरिक हाव-भाव में परिवर्तन करना (पेशी कला)।

## जीवधारियों और उद्भिज की विभिन्न शारीरिक प्रक्रियाएँ और कोशिकीय अंगाणु

पहले ये जानने की कोशिश करते हैं कि एक कोशिका की संरचना कैसे होती है?

**सक्रिय कार्यावली**

- आप ओष्ठ के भीतर या गाल के पास वाला हिस्सा एक टुथपिक की सहायता से उठा लें। फिर एक स्लाइड काँच के बीच में टुथपिक का सिरा रखें।
- अब एक बूँद मिथिलिन ब्लू (एक प्रकार का घोल जो कोशिका को देखने में सहायक है) स्लाइड पर गिराकर कवर स्लिप से ठीक से ढँक दें।




अब माइक्रोस्कोप से देखने पर आपको क्या दिखेगा?




जीवधारियों की कोशिका की एक त्रि-मात्रिक तस्वीर देखिए।



## जीवधारियों की कोशिका की संरचना में क्या-क्या होता है —

- कोशिका झिल्ली (Cell Membrane)— कोशिका के बाहर जो झिल्ली दिखती है, वह प्लाज्मा झिल्ली या कोशिका झिल्ली कही जाती है। यह कोशिका को आकार देता है। इसमें छिद्र होते हैं। यह झिल्ली दूसरी कोशिकाओं से इसे अलग करती है। छिद्रों के कारण जल, खनिज पदार्थ और अन्य वस्तुओं के आदान-प्रदान में हिस्सा लेती है। छिद्रों के आकार और उनकी प्रकृति पर ही निर्भर करता है यह आदान-प्रदान। अत: यह पूर्ण भेद्य नहीं है। यह कोशिका के अंदर एण्डोप्लाज्म की जाली, गॉल्गी बॉडी, न्यूक्लियस की झिल्ली और अन्य झिल्लीदार कोशिकीय अंगाणुओं की रचना में सहायता करता है।
- साइटोप्लाज्म (Cytoplasm)— कोशिका के अंदर जेली जैसा एक अर्द्ध-तरल पदार्थ है। सभी शारीरिक प्रक्रियाएँ के संपन्न होने में जो रासायनिक प्रतिक्रिया होती है, वह साइटोप्लाज्म में संपन्न होती है।
- न्यूक्लियस (Nucleus)— कोशिका के अंदर एक गोल घनी वस्तु है। यह कोशिका के भीतर होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है। इसकी तुलना अक्सर हमारे मस्तिष्क से की जाती है। न्यूक्लियस के बाहर न्यूक्लियोप्लाजम न्यूक्लियों झिल्ली होती है और इसके भीतर न्यूक्लियोप्लाजम नामक तरल पदार्थ होता है। न्यूक्लियस के भीतर एक सूक्ष्म जालीनुमा संरचना दिखती है जो सुतली की तरह एक दूसरे से जुड़े गुंथे हुए रहते हैं। इसे क्रेमाटिन जाली कहा जाता है। क्रोमाटिन जाली कुछ लंबी जूड़ी-गुँथी हुई सुतली जैसे संरचना से तैयार होता है। ये क्रोमोजोम होते हैं। क्रोमोजोम की एक विशेष संरचना होती है। इन्हें जीव कहा जाता है। माता पिता से बच्चों में अनुवांशिक विशेषताएँ जीव द्वारा प्रवाहित होती है। न्यूक्लियस के बीच में एक घना गोलाकार अंश दिखता है, जहाँ राइबोजोम बनता है। इसे न्यूक्लियस कहा जाता है।


न्यूक्लियस

### कुछ बातें

हर प्रजाति के क्रोमोजोम की संख्या निर्दिष्ट होती है। एक स्वस्थ मनुष्य की कोशिका के न्यूक्लियस में क्रोमोजोम की संख्या 46 होती है। क्रोमजोम की संख्या और उनकी संरचना के आधार पर ही एक प्रजाति से दूसरी प्रजाति को अलग किया जाता है।

### सभी कोशिकाओं के न्यूक्लियस की संरचना क्या एक ही तरह की होती है ?

बैक्टीरिया की कोशिका में बहुकोशीय प्राणियों की तरह न्यूक्लियस की तरह का न्यूक्लियस नहीं होता है। इनमें न्युक्लियो झिल्ली नहीं होता। क्रोमोजोम आपस में जुड़कर न्यूक्लियो झिल्ली की रचना नहीं करते। लेकिन प्याज की कोशिका और मुँह के अंदरुनी दीवार की कोशिका का परीक्षण करने पर दिखता है कि इनका न्यूक्लियस झिल्ली से घिरा होता है और उसके भीतर न्युक्लियो झिल्ली होती है।


प्रोकैरियोटस

बैक्टीरिया, नीले हरे शैवाल की तरह झिल्ली हीन न्यूक्लिय वस्तु युक्त कोशिका को प्रोकैरियोटिक (Pro : पुराना, Karyon : न्यूक्लियस) कहते हैं।

बैक्टीरिया और नीले-हरे शैवाल के अलावा अधिकांश उद्भिज और प्राणी कोशिका के न्यूक्लियस में झिल्ली और न्यूक्लीय झिल्ली दिखती है। ये हैं यूकैरियोटिक (Eu प्राकृतिक, : Karyon न्यूक्लियस)।


यूकैरियोटिकम

कोशिका के अंदर न्यूक्लियस और साइटोप्लाजम को संयुक्त रूप से प्रोटोप्लाज्म कहा जाता है।

- अन्य कोशिकीय अंगाणु (Other Cell Organalles)— कोशिका के साइटोप्लाज्म में बिखरे हुए विभिन्न प्रकार की सूक्ष्म संरचनाओं को अंगाणु कहा जाता है। ये संयुक्त रूप से विभिन्न प्रकार की शारीरिक क्रियाओं (भोजन का पाचन, खंडन और ऊर्जा उत्पादन, प्रोटीन संश्लेषण, परिवहन, संचरन और क्षरण; कोशिका विभाजन, खाद्य और वर्ज्य पदार्थ का संचय, प्रतिरक्षा प्रदान करना) में हिस्सा लेते हैं।

- माइट्रोकॉण्ड्रिया (Mitochondria)— गोलाकार, अण्डाकार या रॉड की तरह दिखता है। इसमें विभिन्न प्रकार के एन्जाइम, राइबोजोम और न्यूक्लिक एसिड (**DNA**) रहते हैं। ये भोज्य पदार्थ को खंडन कर (ग्लूकोज, एमिनो एसिड, फैटी एसिड) ऊर्जा उत्पन्न करते हैं। ये दो प्लाज्मा झिल्ली से घिरे कोशिकीय अंगाणु हैं। आंतरिक झिल्ली मुड़कर क्रिष्टी की रचना करती है। ये ऊर्जा (**ATP**) उत्पादन की प्रक्रिया में हिस्सा लेते हैं।



माइट्रोकॉण्ड्रिया

- एण्डोप्लाजमीय झिल्ली (Endoplasmic Reticulum)— ये प्लाज्मा झिल्ली से उत्पन्न होते हैं और न्यूक्लीय झिल्ली तक फैल रहते हैं। इनका आकार अनेक झिल्ली से घिरे हुए नल की तरह होता है। ये साइटोप्लाजम को कुछ अपूर्ण प्रकोष्ठ में विभाजित करते हैं। किसी-किसी पर्दे के बाहर प्रोटीन संश्लेषणकारी राइबोजोम रहते हैं इसीलिए ये खुरदरे दिखते हैं। किसी झिल्ली के बाह्य राइबोजोम के नहीं रहने पर मसृण दिखता है। विभिन्न कोशिकीय वस्तु के परिवहन और संचय में ये अंगाणु हिस्सा लेते हैं।



मसृण अमसृण

अन्डोप्लाजमीय जालिका

- गॉल्गी बॉडी (Golgi bodies)— न्यूक्लियस के निकट स्थित चपटी थैली या छोटे गड्ढे जैसी संरचना वाले अंगाणु। ये परस्पर समांतर दूरी पर रहते हैं। कोशिका के भीतर विभिन्न वस्तुओं के परिवहन और क्षरण (हॉर्मोन और एन्जाइम) में यह एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एण्डोप्लाजमीय झिल्ली से गॉल्गी बॉडी की सृष्टि होती है।



गॉल्गी बॉडी

- लाइसोजोम (Lysosome)— झिल्ली से घिरा हुआ थैली जैसा एक विशेष प्रकार का अंगाणु। इसमें भोजन को पचाने का, जीवाणुओं को मारने का और पुरानी जीर्ण कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए विभिन्न प्रकार के एंजाइम रहते हैं। कोशिका में विभिन्न रूपों में रहते हैं (लाइसोजोम की बहुरूपता)। लाइसोजोम जिस कोशिका में रहता है, उसे ही नष्ट कर सकता है। इसलिए इसे आत्मघाती थैली कहा जाता है। इस अंगाणु की सक्रियता अतिरिक्त बढ़ने पर कैसा होने की संभावना बढ़ जाती है।



लाइसोजोम

- राइबोजोम (Ribosome)— इसमें कोई झिल्ली नहीं होती। साधारणत: राइबोजोम कोशिका के साइटोप्लाजम में बिखरा रहता है, फिर भी अन्य कई अंगाणुओं के अंदर (माइटोकाण्ड्रिया, क्लोरोप्लास्टिड) अथवा एण्डोप्लाजमीय झिल्ली और न्यूक्लिय झिल्ली की बाहरी सतह पर ये अंगाणु चिपके रहते है। प्रोटीन का संश्लेषण ही इस अंगाणु का प्रधान कार्य है। संश्लेषित प्रोटीन कोशिका की क्षतिपूर्ति में और नयी कोशिका के निर्माण में हिस्सा लेता है।



राइबोजोम

- सेंट्रोजोम (Centrosome)— ये भी झिल्ली विहीन होते है। प्राणी कोशिका के विभाजन में ये अंगाणु हिस्सा लेते है।



सेन्ट्रोजोम

**सक्रियता मूलक कार्यावली**

अब एक प्याज लें। प्याज के सूखे हुए छिलके उतार दें। भीतर का कोई भी सफेद स्तर उतार लें। इससे एक पतले आवरण को अलग करें और उसे चौड़ाई में काटें। जो अंश मिला उसे स्लाइड पर रखकर उसमें कुछ बूँद मिथिलीन ब्लू मिलाएं। अब कॉवर स्लिप से ढँककर माइक्रोस्कोप की सहायता से देखें।



प्याज का शल्क पत्र कोश




विवर्धित उद्भिज कोश




एक उद्भिज कोशिका का त्रि–मात्रिक चित्र

बताइए कि कौन–कौन से अंगाणु प्राणी कोशिका और उद्भिज कोशिका दोनों में हैं। उन्हें नीचे की तालिका में लिखें। फिर ऐसे अंगाणुओं के नाम भी इस तालिका में लिखें जो प्राणी कोशिका में नहीं हैं। लेकिन उद्भिज कोशिका में हैं।

| प्राणी और उद्भिज दोनों काशिका में है | प्राणी कोशिका में नहीं, लेकिन उद्भिज कोशिका में है |
|---|---|
| | |

प्याज की कोशिका में प्लाज्मा झिल्ली के बाहर एक अतिरिक्त स्थूल स्तर होता है। इस स्तर को कोशिका-भित्ति (Cell Wall) कहा जाता है। प्राणी कोशिका में ये नहीं मिलता।

## कोशिका-भित्ति की कुछ बातें

उद्‌भिज कोशिका के बाहर फैली हुई जो बाह्य कोशिकीय दीवार होती है वही कोशिका-भित्ति है। यह मृत, स्थूल, सख्त और दृढ़ होती है। वातावरण में तापक्रम प्राय: घटता बढ़ता रहता है। वायु प्रवाह की गति भी बढ़ती-घटती रहती है। हवा में जलवाष्प की मात्रा भी घटती-बढ़ती रहती है। स्थान परिवर्तन नहीं कर पाने के कारण उद्‌भिज को हमेशा इस तरह के प्रतिकूल वातावरण का सामना करना पड़ता है। इसलिए उद्‌भिज कोशिका को अतिरिक्त सुरक्षा की जरुरत पड़ती है। कोशिका-भित्ति ही उसे यह अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती है।

कोशिका-भित्ति के छिद्रों की संख्या निर्दिष्ट होती है। अत: वातावरण और उद्‌भिज कोशिकाओं के मध्य अणुओं का आदान-प्रदान भी कम ही होता है। कोशिका-भित्ति की यांत्रिक दृढ़ता के कारण द्रव्य के बाहर निकलने पर भी उद्‌भिज कोशिका सहज ही बची रह पाती है। इस कोशिका भित्ति की रासायनिक संरचना के अलग होने के कारण उद्‌भिज का कोई अंग मुलायम, कम सख्त या अधिक सख्त और दृढ़ होता है।

कोशिका-भित्ति की उपस्थिति के कारण ही उद्‌भिज और जीवधारियों के मध्य अंत: कोशिकीय संयोग, वृद्धि, जल का संतुलन बनाए रखना, पोषण, जनसंख्या वृद्धि, प्रतिरोध और बाहरी बनावट के भिन्न-भिन्न रूप दिखते हैं।

आपने जब माइक्रोस्कोप से प्याज को देखा था, तब क्या आपकी नजर में कोई ऐसी संरचना पड़ी थी, जो रिक्त हो ?



प्राइमर्डियल यूट्रिकल

यदि ऐसी संरचना आपको नजर आयी हो तो जान लीजिए इन रिक्त संरचनाओं को गह्वर (Vacuole) कहा जाता है। प्याज की कोशिकाओं में इनकी संख्या एक होती है और इनका आकार बड़ा होता है। लेकिन मुख गह्वर की कोशिकाओं में ये अनेक संख्या में होते है और इनका आकार छोटा होता है। साधारणत: उदभिज कोशिकाओं में वृहदाकार गह्वर और प्राणी कोशिकाओं में छोटे गह्वर होते हैं। उद्‌भिज कोशिकाओं के गह्वर के बाहर कोई झिल्ली नहीं होती। गह्वर का आकार जब क्रमश: बढ़ने लगता है,तब न्युक्लिय समेत साइटोप्लाजम कोशिका-भित्ति के भीतर की ओर कोशिका की परिधि की ओर सरक जाता है। गह्वर को भेदकर साइटोप्लाजम के इस रूप विन्यास को प्राइमर्डियल यूट्रिकल कहा जाता है।



उद्‌भिज कोशिकाओं में साइट्रोप्लाजम का परिमाण घटने-बढ़ने पर भी वह जुड़ता नहीं। उद्‌भिज के शरीर की संरचना में गह्वर महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कोशिका का आकार बढ़ेगा या घटेगा, यह कोशिका के भीतर जल के परिमाण पर निर्भर करता है। गह्वर जल ग्रहण करेगा या छोड़ देगा यह इस बात पर निर्भर करता है कि उद्‌भिज मिट्‌टी से किस परिमाण में जल का अवशोषण कर रहा है। कड़ी धूप में अधिक समय तक किसी पौधे को रखने पर पत्ते झुक जाते हैं। फिर जल के संस्पर्श में आने पर पौधा फिर पिछली स्थिति में आ जाता है। इसका कारण समझने की कोशिश करें।



उद्भिज और प्राणी कोशिका का परीक्षण करते हुए क्या और कोई अंतर आपको दिखा?

शैवाल पत्ते की कोशिकाओं को अगर आप रंग कर देखें तो पाएंगे कि एक प्रकार की रंगीन संरचना बिखरी हुई है। इन्हें प्लास्टिड (Plastids) कहा जाता है। रंगने के बाद ये विभिन्न रंग के हो जाते हैं। इनमें से किसी-किसी में हरे रंग का घोल क्लोरोफिल होता है, इन्हें क्लोरोप्लास्टीड कहा जाता है। क्लोरोप्लास्टीड में ग्राना नामक एक विशेष संरचना होती है। इनकी उपस्थिति के कारण ही उद्भिज के कई अंग हरे होते हैं। क्लोरोप्लास्टीड कहाँ दिखता है, इसकी एक सूची बनाएँ।

(1) .................... (2) ........................ (3) ......................... (4) .......................

उद्भिज प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया द्वारा भोजन तैयार करते हैं। क्लोरोप्लास्ट में उपस्थित क्लोरोफिल इस प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। क्लोरोप्लास्टिड के अलावा और दो तरह के प्लास्टिड उद्भिज कोशिकाओं में दिखते हैं। दूसरे प्रकार के प्लास्टिड में नरंगी, लाल, पीले और अन्य रंगों (हरा छोड़कर) के घोल होते हैं। ये फल और फूल का रंग निर्धारित करते हैं। इन्हें क्रोमोप्लास्टिड कहा जाता है और तीसरे प्रकार का प्लास्टिड रंगीन होता है। विभिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थ का संचय करते हैं। इन्हें ल्यूकोप्लास्टिड कहा जाता है।




उद्भिज और प्राणी कोशिका क्या एक ही तरह के होते हैं या उनमें अंतर होता है?

यदि आपने प्याज कोशिका और मुँह के भीतरी दीवार की कोशिका का ठीक से परीक्षण किया है, तो अभ्यास पुस्तिका में दोनों के चित्र बनाकर फिर से देखें और विभिन्न अंशों को लेवेल करें।

| प्याज की कोशिकाएँ | मुँह की भीतरी दीवार की कोशिकाएँ |
|---|---|
| | |

| वैशिष्ट्य | उद्भिज कोशिका | प्राणी कोशिका |
|---|---|---|
| (1) कोशिका-भित्ति | | |
| (2) गह्वर | | |
| (3) प्लास्टिड | | |
| (4) सेन्ट्रोप्लाज्म | | |

चलो फिर एक बार उद्भिज और प्राणी कोशिका के संरचनागत विभिन्न अंशों को इकट्ठा करके फिर एक बार जान-समझ लें।

| अंगाणुओं के नाम | स्थान | वैशिष्ट्य | कार्य |
|---|---|---|---|
| (1) कोशिका-भित्ति | | | |
| (2) प्लाजमा झिल्ली | | | |
| (3) साइटोप्लाज्मा | | | |
| (4) न्यूक्लियस | | | |
| (5) माइटोकॉण्ड्रिया | | | |
| (6) गॉल्गीबॉडी | | | |
| (7) लासोजोम | | | |
| (8) सेन्ट्रोजोम | | | |
| (9) राइबोजोम | | | |
| (10) प्लास्टिड | | | |
| (11) गह्वर | | | |

- देखो तो, निम्नांकित तालिका के दोनों हिस्सों में लिखी बातों को किसी चिन्ह द्वारा मिला सकते हैं कि नहीं। दाहिनी तरफ एक अधिक नाम है।

| स्तंभ A | स्तंभ B |
|---|---|
| (क) कोशिका की सक्रियता में वृद्धि होने पर जिस अंगाणु की संख्या में वृद्धि होती है। | (i) लाइसोजोम |
| (ख) जीवधारियों के कोशिका विभाजन में जो अंगाणु हिस्सा लेते हैं जो अंगाणु दिखते हैं। | (ii) भैकुअल |
| (ग) उद्भिज कोशिका में जिस अंश की उपस्थिति के कारण पेड़ का निचला हिस्सा बहुत सख्त होता है। | (iii) गॉल्गी बॉडी |
| (घ) कोशिका के जिस अंश के अंदर जीन रहता है। | (iv) न्यूक्लियस |
| (ङ) चपटी थैली, गोल थैली और लंबी थैली का भंडार | (v) प्लास्टिड |
| (च) रोगाणुओं को पचाकर ध्वंस करते समय श्वेत रक्त-कणिकाओं में जिन अंगाणुओं की संख्या बढ़ती है। | (vi) माइटोकॉण्ड्रिया |
| | (vii) राइबोजोम |

| स्तंभ A | स्तंभ B |
|---|---|
| (छ) उद्भिज कोशिका में यहाँ जल खाद्य, रेचन द्रव्य, वायु आदि जमा रहते हैं। | (viii) कोशिका-भित्ति |
| (ज) एंजाइम को रक्षा करते समय पाचन ग्रंथी की कोशिका में जिन अंगाणुओं की संख्या बढ़ती है | (ix) एण्डोप्लाजमीय झिल्ली |
| (झ) भोजन तैयार करता है, भोजन संचय करता है, फल-फूल का रंग निर्धारित करता है। | (x) सेंट्रोजोम |
| (ञ) प्रोटीन का संश्लेषण करने वाली कोशिकाओं में एण्डोप्लाजमीय झिल्लियों की बाहरी दीवार पर लगी रहने वाली जिन चीजों के कारण वह खुरदरा दिखता है। | (xi) कोशिका झिल्ली |

- कौन-कौन से अंगाणु इकट्ठा कार्य करते हैं, खोजिए।

(i) प्रोटीन तैयार करने में सहायता करते हैं :

(i) लाइसोजोम (ii) राइबोजोम (iii) न्यूक्लियस (iv) गॉल्गी बॉडी (v) साइटोप्लाज्मा (vi) एण्डोप्लाज्मीय झिल्ली (vii) राइबोजोम (viii) रक्षण दाना (ix) भैक्युअल (निशान लगाए)

(ii) कोशिका के विभिन्न उपादानों के संश्लेष, संचय और रक्षण में सहायता करता है।

(i) एण्डोप्लाजमीय जाली (ii) गॉल्गी बॉडी (iii) लाइसोजोम (iv) रक्षण दाना (v) भैक्युअल (निशान लगाए)

- कौन-कौन से अंगाणु परस्पर विपरीत कार्य करते हैं, खोजकर लिखें।

(i) उद्भिज कोशिकाओं में खाद्य-संश्लेषण और खंडन

(ii) प्राणी कोशिकाओं में प्रोटीन संश्लेषण और प्रोटीन का पाचन

- कोशिका के किस अंगाणु से किस अंगाणु की उत्पत्ति होती है, लिखिए।

(i) गॉल्गी बॉडी : माइटोकॉण्ड्रिया / कोशिका झिल्ली / एण्डोप्लाजमीय जाली

(ii) लाइसोजोम : सेंट्रोजोम / गॉल्गी बॉडी / एण्डोप्लाजमीय जाली

(iii) एण्डोप्लाजमीय जाली : कोशिका झिल्ली / प्लास्टिड / गॉल्गी बॉडी

(iv) राइबोजोम : न्यूक्लियस / सेंट्रोजोम / लाइसोजोम

(v) प्राणी कोशिका का भैक्युअल : एण्डोप्लाजमीय जाली / गॉल्गी बॉडी / लाइसोजोम

- नाखून और बालों के प्रान्तों में उपस्थित कोशिकाएँ निरंतर विभाजित होकर नाखून और बालों की वृद्धि करते हैं। इन कोशिकाओं में कौन-सा अंगाणु काफी सक्रिय होता है।
- श्वेत रक्त कणिकाएँ अपनी कोशिकाओं में रोगाणुओं को पचाकर उन्हें नष्ट करते है। इस समय क्यों उन अंगाणुओं की संख्या काफी अधिक होती है?

- भोजन के तुरंत बाद ही पाकस्थली के एंजाइम को सुरक्षा प्रदान करने वाली ग्रंथियों में अंगाणुओं की संख्या क्यों काफी बढ़ जाती है।

- आंतरिक दीवार की मज्जा कोशिकाएँ धीरे-धीरे हिलती-डुलती हैं। लेकिन हाथ-पैर की मज्जा कोशिकाएँ काफी जल्दी-जल्दी हिलती-डुलती है। फलस्वरूप हाथ-पैर की मज्जा कोशिकाओं में कौन से अंगाणु काफी संख्या में होते हैं?

- जैसे प्याज के शल्क-पत्र पर पर आपने कोशिकाएँ देखी थी, वैसे ही स्लाइड पर रखकर उसका परीक्षण करें और कोई कोशिका दिखती है तो लिखें।

  (i) लौकी के डंठल का छिलका

  (ii) पोई अथवा लिलि पत्ते का छिलका

  (iii) फटे हुए अण्डे का तैरता हुआ पर्दा जैसा अंश (मुर्गी का भ्रूण)

  (iv) मांस से चिपकी हुई सफेद झिल्ली

## विभिन्न प्राकृतिक परिवेश और कोशिका पर उनका प्रभाव

जीव विभिन्न प्रकार के वातावरण में रहते हैं। वातावरण के विभिन्न उपादानों (वायु की उष्णता, आर्द्रता, ऑक्सीजन का परिमाण, सल्फर का परिमाण, दबाव) के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए जीवधारियों के शरीर में संरचनात्मक और कार्यात्मक विभिन्न प्रकार की विशेषताएँ दिखती हैं। इस तरह की संरचनात्मक और कार्यात्मक भिन्नताएँ कोशिकीय परिवेश में भी दिखती हैं। अब देखते हैं जीवधारी कितने भिन्न परिवेश के साथ सामंजस्य स्थापित कर अस्तित्व को बनाए रखने की कोशिश करते हैं।

(1) काफी शुष्क और अत्यंत गर्म परिवेश (मरुस्थल)
(2) काफी शुष्क और अत्यंत ठंड परिवेश (मेरु अंचल)
(3) जलीय परिवेश (तालाब, जलाशय, नदी, गड़ढा, खाल इत्यादि)
(4) नमकीन परिवेश (समुद्र, खाड़ी, मुहाना)
(5) ऑक्सीजन की कमी वाला परिवेश
(6) अतिरिक्त सल्फर युक्त परिवेश
(7) पचनशील जैव पदार्थ युक्त परिवेश
(8) वायवीय परिवेश
(9) उच्च-दाब वाला परिवेश (समुद्र का सुदूर इलाका)
(10) अधिक ऊँचाई वाला परिवेश (15000 फुट से अधिक उच्चता वाला)

**भिन्न परिवेश और जीवों की भिन्न समस्याएँ :**

आइए देखते हैं कि उन परिवेशो में रहने वाले जीव किस तरह खुद ही उन समस्याओं का समाधान करते हैं?

- अत्यंत शुष्क और गर्म परिवेश में कैक्टस जैसे उद्‌भिज पैदा होते हैं। इनके तने की कोशिकाओं

में जल संचय करने वाले उपादान म्यूसिलेज की अधिकता होती है और कोशिका के बाहर मोम जैसे पदार्थ का एक आवरण दिखता है जो वाष्पीकरण को कम करता है।



नागफनी

- काफी शुष्क और ठंड परिवेश में रहने वाले प्राणियों की कोशिकाओं में एण्टी-फ्रिज प्रोटीन रहता है इसी कारण कोशिका में उपस्थित तरल जमकर बर्फ नहीं हो पाता। इसके अलावा तापक्रम संरक्षण के लिए इनके शरीर में फैट संचय करने वाली कोशिकाओं का आधिक्य होता है।

- मीठे पानी में रहने वाले उद्‌भिज के पुष्प और पत्तों में वायु गह्वर युक्त पैरेनकाइमा कोशिका होती है। इस प्रकार की कोशिकाओं के कारण ही यह सहज ही पानी पर तैरता रहता हैं।

- नमकीन परिवेश में रहने वाले उद्‌भिज की जड़ों में लवणपूर्ण कोशिका होती है। प्राणियों के फुल्का में फ्लोराइड कोशिका होती है जिसकी अधिकता $Na^+$ और $Cl^-$ शरीर से बाहर कर सकता है।

- ऑक्सीजन की कमी वाले परिवेश में वैकल्पिक श्वसन के लिए बैक्टीरिया की कोशिका में माइटोकॉण्ड्रिया अनुपस्थित रहता है। समयांतराल में कोशिका झिल्ली अंदर साइटोप्लाजमा की ओर मुड़कर थैली जैसी आवृत्ति के मेसोजोम की रचना करता है। मेसोजोम श्वसन में हिस्सा लेता है।

- उष्ण और अधिक सल्फर अथवा सल्फर यौगिक परिवेश में रहने वाले बैक्टीरिया विभिन्न संचरण प्रक्रियाओं की सहायता से ऊर्जा ग्रहण करते हैं।



मेसोजोम

- पचनशील जैव पदार्थ युक्त परिवेश में रहने वाले जीवधारियों की कोशिकाओं में अधिक अम्ल सहन करने की क्षमता विद्यमान है।

- वायवीय परिवेश में उड़ने और तैरने वाले प्राणियों की लाल रक्त कणिकाओं में अतिरिक्त ऑक्सीजन होने के उद्‌देश्य से अधिक मात्रा में हिमोग्लोबीन रहता है। भोजन का खंडन कर तुरंत ऊर्जा उत्पन्न करने के उद्‌देश्य से माइटोकॉण्ड्रिया काफी संख्या में होता है। पतिंगे तीव्रता से अपने पंख हिला सके इसके लिए पंखों से संलग्न मज्जा कोशिकाओं में इतनी संख्या में माइटोकॉण्ड्रिया होते हैं कि वे इकट्ठे होकर स्फटिक के आकार की संरचना बना सकें।

- समुद्र के उच्च दाब वाले परिवेश में जो सभी प्राणी रहते हैं उनकी कोशिकाओं में भी माइटोकॉण्ड्रिया काफी संख्या में होते है। मज्जा की कोशिकाओं में मायोफ्राइबिल अधिक घना होता है। अत:कंकाल की कोशिकाओं में कैल्शियम की मात्रा तुलनात्मक रूप में अधिक होती है।

- अधिक ऊँचाई पर रहने के कारण उन प्राणियों में लाल रक्त कणिकाओं की संख्या बढ़ जाती है। मज्जा कोशिकाओं में माइटोकॉण्ड्रिया और मायोग्लोबिन (ऑक्सीजन प्रदान करने वाला श्वाँस घोल) की संख्या और परिमाण स्वाभाविक से काफी ऊपर हो जाता है तथा लाल रक्त कणिकाओं की संख्या बढ़ाती है। जिसमें हिमोग्लोबीन का परिमाण भी बढ़ जाता है।

# जीवाणुओं की दुनिया

## जीवाणुओं के प्रकार



ऊपर के विभिन्न उद्‌भिज और प्राणियों को ध्यान से देखिए। ये पर्यावरण के सजीव उपादन है। वायु, जल, मिट्टी अथवा अन्य अनेक स्थानों पर इन्हें देखा जा सकता है। लेकिन क्या हमें पता है कि हमारे चारों ओर इनके अलावा भी और अनेक तरह के जीव रहते हैं। ये खुली आँखों से नहीं दिखते, इन्हें ही जीवाणु कहते हैं। चलिए हम इन जीवाणुओं के संबंध में जानने की कोशिश व



## आपका कार्य

बरसात में पावरोटी भींग जाने पर अथवा लम्बी अवधि तक जलवाष्प के संपर्क में रहने पर जल्दी ही नष्ट हो जाती है। इस पर धूसर सफेद रंग की एक परत बैठ जाती है। एक मैग्निफाईंग ग्लास (Magnifying glass) का जुगाड़ करें, उससे पावरोटी पर पड़ी परतों को देखने की कोशिश करें। आप कुछ काफी छोटे सूक्ष्म काले रंग की कोई गोल-गोल वस्तु देख पाएँगें। इस तरह की संरचनाएँ क्या है और ये कहाँ से आती है?



आप और कहाँ-कहाँ जीवाणु देख सकते हैं?

(a) नीचे के नमूनों को संग्रह कर सबको अलग-अलग रखें। आस-पास के किसी घिरे हुए जलाशय से एक ग्लास में थोड़ा पानी लें। कपड़े के एक टुकड़े से पानी को छान लें। फिर छने तालाब के पानी को रख दें।

(b) एक पत्ती लें। उसके तल को पानी से ठीक से धो लें और जिस पानी से धोया गया उसे किसी पात्र में रख लें।

(c) अपना गंदा हाथ धोयें और धोने के बाद गंदे पानी को किसी पात्र में रख लें।

(d) एक दो बूँद दही लेकर उसमें थोड़ा पानी मिलायें।

(e) अपने आस-पास की जमीन से थोड़ी भींगी मिट्टी लें। मिट्टी के नमूने को बीकर में रखकर पानी मिलाते रहें। मिट्टी जब नीचे तल में बैठ जाय तब ऊपर वाले पानी को किसी अन्य पात्र में रख लें।

जब आप ऊपर के किसी भी नमूने को ध्यान से देखेंगे, तो पाएँगे कि सभी स्वच्छ हैं। लेकिन इनमें से किसी भी नमूने की एक दो बूँद लेकर ग्लास स्लाइड पर रखकर माइक्रोस्कोप से देखने पर आप पाएँगे कि उस पर काफी छोटे-छोटे जीव किलविला रहे हैं अथवा इधर-उधर छिटक रहे हैं। इससे आप किस-किस निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं?

1.

2.

**जीवाणुओं की बातें**

पृथ्वी पर आज तक जितने तरह के जीवों के अस्तित्व का पता चला है उसमें सबसे पुराने हैं यही जीवाणु। प्राय: 3.8 विलियन वर्ष से धरती पर इनका अस्तित्व है। लेकिन इनके बाद अस्तित्व में आए काफी जीव पृथ्वी से विलुप्त हो चुके हैं। सभी जीवाणुओं के वजन को अगर जोड़ा जाय, तब दिखेगा कि खुली आँखों से नहीं दिखने वाले इन जीवाणुओं का वजन पृथ्वी पर उपस्थित समस्त जीवों के वजन का प्राय: 60% हैं। हम श्वास लेते समय जिस परिमाण में ऑक्सीजन ($O_2$) ग्रहण करते हैं उसका आधा हिस्सा में कुछ विशेष प्रकार के जीवाणु होते हैं। आपके पैरों के नीचे जो मिट्टी है उसमें प्राय: 10 लाख प्रकार के जीवाणु रहते हैं। एक ग्राम मिट्टी में प्राय: 100 करोड़ जीवाणु रहते हैं।

## जीवाणुओं का वैशिष्ट्य

1. पृथ्वी पर प्राय: हर जगह ही ये होते हैं— उष्ण मरूभूमि में, मेरू अंचल के बर्फ के स्तूप में, नमकीन पानी में, जलीय भूमि में, उष्ण कटिबंधीय वनों में, अन्य प्राणियों के शरीर के अंदर भी (मनुष्य की भोजन नली में, कीड़े-मकौड़े की भोजन नली में)। कहाँ-कहाँ जीवाणु रह सकते है बातचीत करके लिखें।

2. अधिकांश जीवाणुओं के बचे रहने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है। इस्ट या टिटनस रोग उत्पन्न करने वाले जीवाणु कम घनत्त्व वाले ऑक्सीजन में भी जिन्दा रह सकते हैं। पर्यावरण में किन-किन स्थानों पर ऑक्सीजन का घनत्व कम या अधिक रहता है बातचीत करके लिखें।

3. इनके बचे रहने के लिए भींगी जगहें काफी महत्त्वपूर्ण होते हैं।

4. अंधेरी जगहों पर ये जल्दी-जल्दी बढ़ते हैं। सीधे-सीधे सूर्य की रोशनी पड़ने पर ये मर जाते हैं।

5. इनमें से कुछ सड़े-गले वस्तुओं से भोजन ग्रहण करते हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो किसी अन्य जीवधारी के शरीर में घर बनाते हैं और उसी जीवधारी के विभिन्न अंगों तरल या उत्तक कोशिकाओं से जिंदा रहने के लिए भोजन संग्रह करते हैं और कुछ जीवाणु अपना भोजन खुद ही तैयार कर सकते हैं।



(i) किसी अन्य जीवधारी के शरीर में घर बनाने वाले या किसी अन्य जीवधारी के शरीर से भोजन ग्रहण करने वाले जीवाणु हैं — वाइरस, कुछ बैक्टीरिया (मोनेरा), छत्तक, और कुछ आदिम प्राणी (प्रोटिस्टा)।



(ii) एल्गी जीवाणु अपना भोजन खुद ही तैयार कर लेते हैं।

6. अधिकांश जीवाणु सामान्यत: $25^0C$ से $38^0C$ तापमान के बीच शीघ्रता से बढ़ते और बचे रहते हैं वैसे कुछ जीवाणु $-10^0C$ के नीचे या $100^0C$ तापमान के ऊपर भी बचे रह पाते हैं। कुछ विशेष थर्मोफिलिड बैक्टीरिया $100^0C$ तापमान के आस-पास जनसंख्या वृद्धि करते हैं। उष्ण कटिबंधीय जल या गहरे समुद्र में गर्म जल के स्रोत (hydrothermal vent) के आस-पास थर्मोफिलिक बैक्टीरिया रहते हैं।

7. कई मामलों में जीवाणुओं के परीक्षण के दौरान देखते समय विशेष रंगों के सहारे रंग लेना पड़ता है। इन रंगों को स्टेन (Stain) और रंगने की पद्धति को स्टेनिंग (Staining) कहा जाता है।

## जीवाणु कितने प्रकार के होते हैं—

जीवाणु मुख्यत: चार प्रकार के होते हैं। ये हैं—

- बैक्टीरिया (मोनेटा)
- आदिम प्राणी (प्रोटिस्टा)
- छत्रक (फंगी)
- शैवाल (प्लैंक्टी)

इनके अलावा वाइरस भी अनुवीक्षणिक होते हैं। ये भी विभिन्न प्रकार की भूमिका (उपकारी या अपकारी) पालन करते हैं।



(A) बैक्टीरिया (मोनेटा)



(B) आदिम प्राणी (प्रोटिस्टा)



(C) छत्रक (फंगी)





(D) शैवाल (प्लैंक्टी)





(E) वाइरस

## बैक्टीरिया



- जीवधारियों की दुनिया में कोशिकीय जीवों में आकार में सबसे छोटा और कोशिकीय संरचना की दृष्टि से सबसे सरल।
- ये कई आकार के होते हैं — कॉमा, रॉड, स्क्रू, या गोल।
- कोशिका भित्ति होने के बावजूद उद्‌भिज कोशिका जैसे नहीं।
- स्वाभाविक न्यूक्लियस नहीं होता, इसके बदले में मुड़ा हुआ DNA होता है।
- झिल्ली से घिरा कोई अंगाणु नहीं होता। वैसे झिली विहीन अंगाणु राइबोजोम रहता है।

### कुछ बातें



लूई पस्तुर

एण्टोन फन लिवेन हिक ने 1665 ई० में हॉलैंड के एक लेंस और माइक्रोस्कोप बनाने वाले सर्वप्रथम खुद तैयार किए गए माइक्रोस्कोप के माध्यम से बैक्टीरिया के अस्तित्व को प्रमाणित किया। फ्रांसिसी वैज्ञानिक लुई पस्तुर जल स्तर की टीका और जर्मन वैज्ञानिक रॉबट करव विभिन्न रोगों और कॉलरा के होने में बैक्टीरिया की भूमि का पता लगाया। एरेनेबर्ग (1824) ने बैक्टीरिया शब्द का पहली बार प्रयोग किया। वर्तमान में बैक्टीरिया को 'मोनेरा' समूह के साथ जोड़ा गया है।



रॉबट करव

## आदिम प्राणी



अमिबा

- इनका शरीर सिर्फ एक ही कोशिका से बना होता है। इन्हें अब प्रोटिस्टा कहा जाता है। कोशिकाओं में एक या एकाधिक न्यूक्लियस होते हैं।
- ये कई आकार के होते हैं— गोलाकार, अण्डाकार, लंबाकार अथवा थाल की तरह।
- ये स्वाधीन रूप से अकेले रहते हैं। अनेक मिलकर एक साथ रहते हैं कुछ पोषक कोशिकाओं के बीच से विभिन्न रोगों की सृष्टि करते हैं।
- ये विभिन्न प्रकार से चलते-फिरते हैं। किसी के शरीर पर क्षण पद फिर किसी के शरीर पर चाबुक की तरह फ्लाजेला, अथवा बाल जैसा सिलिया होता है

## छत्रक



इस्ट और पेनीसिलियम

- इनके शरीर को जड़-तना और पत्तों में विभाजित नहीं किया जा सकता।
- इनका शरीर एक कोशिकीय गोलाकर (इस्ट) अथवा पतले धागे जैसे हिस्सों से बना होता है। इस धागा नुमा अंश का नाम है। हाईफी। ये अधिकांशत: शाखा प्रशाखा में विभाजित होकर एक दूसरे से उलझकर माइसेलियम नामक एक संरचना तैयार करते हैं। म्यूकर, पेनीसिलियम छत्रक में इस प्रकार की संरचना दिखती है। पृष्ठ संख्या 194 पर छपे छत्रक के चित्रों में पहले दोनों को माइक्रोस्कोप की सहायता से ही देखा जा सकता है और केवल तीसरे छत्रक को खुली आँखों से देखा जा सकता है।
- इनकी कोशिकाओं में कोशिका भित्ति, न्यूक्लियस, विभिन्न प्रकार के अंगाणुओं के रहने के बावजूद क्लोरोप्लास्ट नहीं रहता। इसीलिए ये खुद अपना भोजन नहीं तैयार कर पाते। ये जल, थल, प्रकाश की उपस्थिति या अनुपस्थिति में रह सकते है।

## शैवाल



स्पारोगाइरा

- इनकी काया को भी छत्रक की तरह ही जड़, तना और पत्तियों में विभाजित नहीं किया जा सकता।
- इनका शरीर एक कोशिकीय या बहु कोशिकीय या बहुकोशिकीय होता है। कई बार एकाधिक कोशिकाएँ परस्पर संयुक्त होकर गेंद जैसी संरचना बनाती है (एक कोशिकीय-क्लैमाइडोमोनस एक कोशिकीय लेकिन कोशिकाएँ परस्पर जुड़ी हुई — भलभकस, बहुकोशिकीय स्पाइरोगइरा)।
- इनकी कोशिकाओं में कोशिका भित्ति, न्यूक्लियस विभिन्न प्रकार के अंगाणु रहते हैं। विभिन्न आकारों के क्लोरोप्लास्ट रहने के कारण ये अपना भोजन खुद ही तैयार कर पाते हैं।
- इनके स्वाभाविक विकास के लिए प्रकाश की जरुरत होती है।
- मुख्यत: जल में रहता है।

## वाइरस



एडवर्ड जेनर

वैज्ञानिक एडवर्ड जेनर (1796) के वसंत रोग से संबंधित खोज से हमें वाइरस का पता चलता है। वैसे 1940 के दशक में इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप के आविष्कार से पहले वाइरस को देख पाना संभव नहीं था। सामान्य माइक्रोस्कोप से वाइरस नहीं दिखता। 'वाइरस' का शाब्दिक अर्थ होता है— विष।



चिकन पोक्स वायरस

- इनमें किसी प्रकार की कोशिकीय संरचना नहीं होती।
- इनके शरीर पर किसी प्रकार का कोशिकीय आवरण, साइटोप्लाजर्म या न्यूक्लियस नहीं होता। इसके बदले शरीर के बाहर प्रोटीन से तैयार खोलक और भीतर न्यूक्लिक एसिड (DNA या RNA) होता है।
- ये सभी परजीवी और रोग पैदा करने वाले होते हैं। इनके अंदर तभी जीवन की विशेषता दिखती है, जब ये किसी पोषक जीव कोशिका में प्रवेश करते हैं और पोषक कोशिका के बाहर होने पर ये जड़ वस्तु जैसा आचरण करते हैं। पृष्ठ संख्या 195 पर दूसरा और तीसरा चित्र वाइरस का मॉडल है।

## जीवों का अंत: संबंध (परजीवी, मिथोजीवी और मृत जीवी)

मनुष्य समेत विभिन्न प्राणी और उद्‌भिज के शरीर में जो रोग दिखते हैं। वह मुख्यत: जीवाणुओं के कारण होता है। विभिन्न प्रकार के जीवाणु वायु, जल, भोजन या रक्त के माध्यम से मनुष्य अथवा अन्य प्राणियों में प्रवेश कर विभिन्न रोगों की सृष्टि करते हैं।

अब देखना है कि किस तरह के जीवाणु मानव शरीर में किस तरह के रोगों की सृष्टि करते हैं।

1) बैक्टीरिया से होने वाले रोग अस्थमा, कॉलरा, डायरिया, टायफायड, टिटनस, हूपिंग खाँसी, डिप्थेरिया, न्यूमोनिया इत्यादि।
2) वाइरस से होने वाले रोग इन्फ्लूएन्जा, पॉक्स, मॉम्प्स, मिसलस हाम, पोलियों, जलातंक, हेपाटाइटिस, डेंग्यू, AIDS इत्यादि।
3) आदिम प्राणियों से होने वाले रोग — ऐमिरियासिस, डिजर्डियसिस, मलेरिया, स्लिपिंग सिकनेस, कालज्वर इत्यादि।
4) छत्रक से होने वाले रोग — दाद, हैजा, खुजली ऐलर्जी, नाक, कान, मुँह, गला अथवा फेफड़े के रोग, फुड प्वायजनिंग।

   कुछ रंगीन छत्रक काफी विषैले होते हैं। इस तरह का छत्रक यदि को मनुष्य गलती से खा ले तो उल्टी, दस्त, यहाँ तक कि मृत्यु भी हो सकती है।

मनुष्य के शरीर में किन रास्तों से होकर किस रोग के जीवाणु प्रवेश करते हैं। इसकी एक सूची बनाएँ।

(1) पीने के पानी के माध्यम से — डायरिया ......................
(2) छींक खाँसी के वक्त संक्रमित वायु को श्वास माध्यम से ग्रहण करने से — अस्थमा ...............
(3) भोजन के माध्यम से— (4) रक्त संचालन के माध्यम से — हेपाटाइटिस ......................
(5) वाहक के माध्यम से — मलेरिया ............................
(6) अन्य माध्यमों से —

## कुछ बातें
### जीवों का अंत:संबंध

जीवाणु जीवों के शरीर में प्रवेश करने के बाद विभिन्न अंगों की कोशिकाओं में प्रवेश करते हैं। उसके बाद आश्रय और भोजन के लिए पूर्णत: उसी कोशिका अथवा अंग पर निर्भर हो जाते हैं। अर्थात् ये स्वाधीन रूप से अकेले बचे नहीं रह पाते। कोशिका के भीतर प्रवेश करने पर ये उसके विभिन्न अंगाणुओं के कार्य में बाधा देते हैं। फलस्वरूप पोषक के शरीर की स्वाभाविक गतिविधियाँ नष्ट हो जाती है। यहाँ तक कि मृत्यु भी हो सकती है। पोषक के शरीर के साथ जीवाणुओं के इस तरह के संबंध को परजीवी संबंध (Parasitism) कहा जाता है।

कई बार ऐसा देखने में आता है कि इन जीवाणुओं में से कुछ जीवधारियों के शरीर पर रहने के बावजूद कोई क्षति नहीं करते। बल्कि पोषक को विभिन्न तरह से लाभ ही पहुँचाते हैं। 1888 ई० में वैज्ञानिकों ने ध्यान दिया कि सेम और मटर प्रजाति के उद्‌भिज की खेती करते समय यदि मिट्टी में नाइट्रोजन या आमोनिया ($NH_3$) खाद नहीं मिलाने पर भी इनका वृद्धि नहीं रुकती।

आपने ध्यान दिया होगा बैक्टीरिया से होने वाले रोग से आक्रांत रोगी डॉ० के पास जाने पर वे उसे रोग के अनुसार विभिन्न प्रकार की दवा देते हैं। दवाओं में जीवाणुओं को मारने की दवा होती और विटामिन B कॉम्प्लेक्स जातीय दवाएँ भी रहती है। अब प्रश्न उठता है कि डॉ० को क्या उस रोगी में विटामिन का अभाव दिखा था या किसी और कारण से विटामिन दिया?

अनेक प्रयोगों के बाद देखा गया है कि मानव शरीर की छोटी आँत में एक तरह का बैक्टेरिया रहते है जो विटामिन ($B_{12}$) तैयार करते है। हमारे रक्त की कोशिकाओं में लाल रक्त कणियों के भीतर रहने वाली हिमोग्लोबीन तैयार करने में ये विटामिन सहायक होते है। अब एन्टिवायोटिक दवा देने पर क्षतिकारक बैक्टीरिया मरते है। वैसे ही अँदर के ये बैक्टीरिया भी मर जाते है। ऐसे में ही अचानक विटामिन की कमी हो सकती है।


राइज़ोबियम और मटर के पौधे की जड़ का अर्वुद

राइजोबियम डाल प्रजातीय पौधों की जड़ो के मूलटोप पर और क्रिश्चेरेचिया कोलाइ बैक्टीरिया जैसे जीवाणु $B_{12}$ मनुष्य की छोटी आँत में आश्रय और वहीं से भोजन ग्रहण करते हैं। जड़ में राइजोबियम वायु से नाइट्रोजन लेकर एक यौगिक बनाता है जो मटर के पौधे की वृद्धि में सहायक होता है। एश्चेरेचिया कोलाइ मानव शरीर के लिए जरुरी विटामिन $B_{12}$ के स्राव में सहायक होता है।

कइ बार एकाधिक जीवाणु एक दूसरे के साथ रहकर पोषण का विनिमय करते है। शैवाल और छत्रक इस तरह आस-पास रहते हैं। छत्रक जल और खनिज लवण का अवशोषण कर शैवाल को देता है और शैवाल उस पोषक तत्त्व का उपयोग कर अपने शरीर में खाद्य तैयार करते है। इय खाद्य का कुछ अंश छत्रक उपयोग करते है। शैवाल और छत्रक की इस तरह की यौगिक संरचना ही लाईकेन कहलाता है। ये भी एक तरह की symbiosis है।

## कुछ बातें
### जीवों का अंत:संबंध

मटर के पौधें की जड़ों का राइजोबियम या मानव के अंदर रहने वाले Eschenichia coli बैक्टीरिया पोषक के शरीर को क्षति न पहुँचाकर परस्पर मद्द के आधार पर साथ रहने की पद्धति है Symbiosis।

### कुछ बातें
### जीवों का अंत:संबंध

बहुत जीवाणु मृत, सड़े-गले वस्तु पर अपने शरीर से एन्जाइम का स्राव कर उस एनजाइम की क्रिया में जटिल खाद्य पदार्थ का खंडन करता है। फलस्वरूप विभिन्न प्रकार के अवशोषण योग्य, उपयोगी उपादान तैयार होता है बहुत बैक्टीरिया और छत्रक इस पद्धति से पोषण की क्रिया संपन्न करते है। यहाँ सभी एक साथ जटिल जैविक वस्तुओं का वियोग और रुपांतर घटित होता। इस पद्धति को मृतजीविता (Saprophytism) कहा जाता है। इस पद्धति से पर्यावरण प्रदूषण मुक्त होता है। जीवाणु संक्रमण की संभावना कम हो जाती है और मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है।

## पर्यावरण में जीवाणुओं की भूमिका (कृषि, भोजन निर्माण, औषधि बनाना, वर्ज्य पदार्थ की सफाई)

### कृषि

जीवाणु मानव समेत अन्य जीवधारियों में जो-जो अपकारी भूमिका निभाते है, उसकी एक सूची बनाएँ। वैसे अपकारी नहीं, कई बार उपकारी भूमिका भी निभाते है। आइए कृषि कार्य में होने वाली कुछ घटनाओं के साथ परिचय करें।

| घटना | समस्या |
|---|---|
| 1. विभिन्न खेती के फसल की शारीरिक संरचना के प्रमुख उपादन है-प्रोटीन और न्यूक्लिक एसिड। इन्हें नाइट्रोजन के बिना तैयार नहीं किया जा सकता। लेकिन कोई भी उद्भिज हवा से सीधे नाइट्रोजन ग्रहण नहीं कर सकता। | कैसे हवा में उपस्थित नाइट्रोजन उद्भिज के व्यवहार योग्य नाइट्रोजन में परिवर्तित हो सकता है? |
| 2. जूट के पौधे बड़े हो जाने पर उन्हे गड्ढ़े या तालाब के गंदे जल में कुछ दिन डूबा के रखा जाता है। | जूट के रेशे को जूट के तने से अलग करना कैसे सम्भव है? |

● अधिकांश उद्भिज नाइट्रोजन को नाइट्रेट अथवा अमोनियम के रुप में उपयोग कर सकता है लेकिन मिट्टी में इनका परिमाण काफी कम है और ये सहज ही मिट्टी से धुलकर निकल जाते है अथवा दूसरे तरह नष्ट हो जाते हैं।

जीवाणु विभिन्न प्रकार के मिट्टी से सीधे-सीधे वायु के नाइट्रोजन का संभोग करते है अथवा नाइट्रोजन युक्त उपयोगी यौगिक तैयार कर मिट्टी में मिला देते है।



(i) क्लॉस्टिडियम, एजोटोबैक्टर जातीय स्वाधीन जीवाणु बैक्टीरिया और विभिन्न सायानोबैक्टीरिया सीधे-सीधे हवा के नाइट्रोजन का अवशोषण करते है और अपने शरीर से नाइट्रोजन यौगिक की संरचना करते है। इन सारे जीवाणुओं के मर जाने पर ये नाइट्रोजन यौगिक मिट्टी में युक्त होते हैं।

(ii) दाल, सोयाबीन प्रजाति के उद्भिज की जड़े के अर्वुद में रहने वाले Symbiosis (सिमबायोसिस) बैक्टीरिया राइजोबियम नाइट्रोजन स्थितिकरण (Nitrogen Fixation) में समर्थ है। इसके कुछ अंश आश्रयदाता उद्भिज को देता है और शेष अर्वुद पच जाने पर मिट्टी में मिल जाते है।

(iii) उद्‌भिज अथवा प्राणी जब मरते है। तब उनके शरीर के विभिन्न नाइट्रोजन युक्त यौगिक का खंडन होकर अमोनिया बनता है। इस प्रकिया को एमोनिफिकेशन (Ammonification) कहा जाता है। नाइट्रोसोमोनास, नाइट्रोबैक्टर नामक नाइट्रिफाइँग बैक्टीरिया अमोनिया को क्रमशः नाइट्रेट और नाइट्रोजन में रुपान्तरित करता है। इस प्रक्रिया को नाइट्रोफिकेशन कहा जाता है।

- जूट के पौधे को कुछ दिन जल में डूबाकर रखने पर जल बैक्टीरिया जूट के तने में रहने वाले पेक्टिन को नष्ट कर देता है। इसके फलस्वरूप जूट के रेशे को उसके तने से अलग करना सहज ही संभव हो जाता है।

## भोजन निर्माण

**(i) दही**– जब दही में उपस्थित लेकटोबैसिलस बैक्टीरिया को 37°C तापक्रम पर गरम दूध के साथ मिलाया जाता है। तब उस बैक्टीरिया की संख्या द्रुत गति से बढ़ने लगती है। यह बैक्टीरिया दूध के लैक्टिक एसिड में रुपांतरित करता है।


ल्यक्टेब्यसिलास


इस्ट

(ii) जीवाणुओं की क्रिया से चीज, केक, ढोकला, इडली, ढोसा, पावरोटी जैसे विभिन्न प्रकार के भोजन तैयार किया जा सकते है।

(iii) इस्ट की कोशिका फल के रस में रहने वाले सर्करा को खँडित कर अलकोहल बनाता है। बैक्टीरिया इस अल्कोहल को विनिगर में रूपान्तरित करता है।

### कुछ बातें

खाने के बाद क्या आप कभी बीमार हुए है? यदि कोई भोजन करने के बाद बीमार होते है, तब समझना होगा कि भोजन में जीवाणु का संक्रमण हुआ है। साधारणतः छत्रक और बैक्टीरिया भोजन के संस्पर्श में आने पर भोजन में उपस्थित विभिन्न यौगिकों को आने पर खण्डित कर देता है और जीवाणुओं के शरीर से निःसृत विषैला पदार्थ भोजन के साथ मिलकर भोजन को अनुपयोगी अर्थात् विषैला बना देता है।

भोजन को कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है?

- वायु शून्य किसी पात्र में अपने भोजन को ढँककर रखना। (Canning)
- बंधागोभी या कटे हुए आम को लबें समय तक धुप में सुखाकर (Sun drying)
- मछली, मांस अथवा फल में नमक लगाकर रखने पर (Salting)
- कटे हुये आम, बंधागोभी, नींबू में विनिगर मिलाकर (Pickling)
- फल में शक्कर मिलाकर (Adding Sugar)
- भोजन को कम तापमान पर रखकर (Refrigeration)
- पस्तुराईजेशन (Pasteurization)

## औषधि निर्माण



कुछ विशेष बैक्टीरिया और छत्रक के शरीर से नि:सृत कुछ जैव यौगिक अन्य बैक्टीरिया की वृद्धि में बाधक होते है। अथवा उन्हें मार देता है। इन सब यौगिक के विशुद्धिकरण के द्वारा और जरुरत पड़ने पर रासायनिक परिवर्तन के माध्यम से विभिन्न जीवनदायी औषधियाँ तैयार की जाती है। इन जीवनदायी को एन्टीबॉयोटिक (Antibiotic) कहा जाता है।

### कुछ बातें


अलेकजेण्डर फ्लेमिंग

अलेकजेण्डर फ्लैमिंग ने 1928 ई० में पहली बार एण्टीबायोटिक का आविष्कार किया था। वे आगा के प्लेट में बैक्टीरिया को बढ़ते हुये देख रहे थे। लेकिन एक प्लेट उन्होंने असावधानीवश खुला छोड़ दिया था। प्लेट पर एक छत्रक की संख्या क्रमश: बढ़ने लगी और बैक्टीरिया की वृद्धि बाधित हुई। यह छत्रक या पेनिसिलियाम नोटेट्म। इस छत्रक से मिला यौगिक या पेनिसिलिन। यही मनुष्य द्वारा आविष्कृत पहला एन्टीबॉयोटिक है।

इसके बाद स्टेप्टोमाइसिन, क्लोरोमाइसेटिन, एम्पिसिलिने जैसे अनेक एन्टीबायोटिक मनुष्य ने बनाया। एन्टीबायोटिक से बैक्टीरिया का संक्रमण रोका जा सकता है। वाइरस अथवा छत्रक के कारण होने वाले किसी रोग में यह कार्य नहीं करता।

**(ii) वैक्सिन—** जब कोई जीवाणु (भाईरस, बैक्टीरिया) हमारे शरीर में प्रवेश करता है, तब जीवाणु के शरीर से निकले विभिन्न हानिकारक यौगिक हमारे शरीर में प्रवेश करते है। इन्हें एन्टीजेन कहा जाता है। इन्हें नष्ट करने के लिये हमारे शरीर से एक तरह का यौगिक तैयार होता है। ये एन्टीजेन पर आक्रमन और उन्हें नष्ट करते है। इन प्रोटीन युक्त यौगिकों को एन्टीबॉडी कहते है। किसी जीवधारी की स्वाभाविक रोग प्रतिरोधी क्षमता को ही Immunity कहा जाता है।

अब किसी मृत, दुर्बल, जीवित जीवाणु को अथवा सीधे-सीधे जीवाणुओं के शरीर से स्रावित दुर्बल विष के निर्दिष्ट पहले से किसी मानव शरीर में डाल देने से क्या हो सकता है? उस प्रकार के जीवाणुओं के विरूद्ध पहले से ही रोग प्रतिरोध की व्यवस्था सक्रिय हो जाती है। इस प्रक्रिया को टीकाकरण (Vaccination या Immunization) कहा जाता है। Vaccine का उपयोग कर टायफायड, टिटेनस, पोलियो, डिपथेरिया जैसे बहुत से रोगों से मुक्ति मिल पायी है।

## वर्ज्य परिष्कार

(i) मल या मूत्र जैसे - वर्ज्य मानव स्वास्थ्य के लिये एक विशेष खतरा है। कुछ बैक्टीरिया कम ऑक्सीजन मुक्त परिवेश में रहते है। ये इस प्रकार के वर्ज्य पदार्थ को खण्डित कर कई उपयोग के लिए यौगिक तैयार करते है। (नाइट्रेट और फासफेट)। ये रोग संक्रमण की सम्भावना को घटा देते है और मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ा देते है।

(ii) भारत और चीन जैसे देशों में गाँवों में मनुष्य और अन्य जीवों के मल, सब्जी के छिलके जैसे वर्ज्य पदार्थों की मिथेनोजेनिक बैक्टेरिया के सहयोग से खंडित कर मिथेन जैसे तैयार करता है। यह गैस, कोयला किरोसिन की तरह ज्वलनशील विकल्प जैसे व्यवहृत होता है।

(iii) महाकाश यान में हवा को शुद्ध करने के लिये कुछ शैवालों को व्यवहार किया जाता है।

# 8 मानव खाद्य और खाद्य-उत्पादन

## फसल, फसल के प्रकार और फसल-उत्पादन

### कृषि विज्ञान

हम विभिन्न प्रकार के खाद्य ग्रहण करते हैं। इनमें से कुछ हमें उद्भिज से प्राप्त होता हैं और कुछ जीवधारियों से। उन्नत मान का उद्भिज और जीवधारियों को खाद्य रूप में पाने के लिए कुछ विशेष व्यवस्था करनी पड़ती हैं। इसके लिए विज्ञान की एक शाखा में खाद्य उत्पादन की प्रक्रिया पर विचार किया जाता हैं। विज्ञान की इस शाखा को ही कृषि विज्ञान (Agriculture) कहा जाता हैं। नए और उन्नत किस्म की फसलों को उत्पादन प्रक्रिया के आविष्कार, पर्याप्त मात्रा में कुछ और उन्नत किस्म के अण्डे या किसी क्षेत्र विशेष में मांस उत्पादन के लिए विभिन्न पशु-पक्षियों (जैसे गाय, बकरी, भेड़ और मुर्गी इत्यादि) के पालन की प्रक्रिया — इन्ही विषयों पर कृषि विज्ञान में विचार किया जाता हैं।

**कृषि विज्ञान के आलोच्य विषय**

1. मिट्टी प्रबंधन अर्थात् मिट्टी को फसल के लिए उपजाऊ बनाने (Soil management)
2. फसल उत्पादन (Crop production)
3. फल, सब्नी, फूल और सजावट के कार्य में आने वाले उद्भिज की खेती (Horticulture)
4. पशु पालन (Animal Husbandry)

### फसल क्या हैं?

बड़े परिमाण में किसी उद्भिज की कृषि करते समय उन उद्भिजों की माँग पर विशेष ध्यान रखा जाता हैं, जिससे उस उद्भिज का उत्पादन बढ़े। इस प्रकार जब काफी जगह लेकर एक ही प्रकार के उद्भिज की खेती की जाती हैं, तब उस उद्भिज को एक साथ फसल (Crop) कहा जाता हैं।

### फसल के प्रकार

फसल विभिन्न प्रकार के हो सकते हैं। निम्नलिखित तालिका में विभिन्न प्रकार के फसलों की बातें हैं। आपकी जानकारी के अनुसार आप कुछ और फसलों के नाम इस तालिका में जोड़ सकते हैं।

| फसल के प्रकार | उदाहरण |
|---|---|
| 1. डण्ठल प्रजाति की फसलें | धान, गेहूं, .............. |
| 2. रेशा प्रजाति की फसलें | कपास, जूट, ............ |
| 3. दाल प्रजाति की फसलें | चना, मटर, बीन, ........... |
| 4. तेल के लिए बीज धारण करने वाली फसलें | सरसो, सूर्यमुखी, .............. |
| 5. कंद-मूल प्रजाति की फसलें | आलू, आदी, .............. |
| 6. ऐसी फसलें जिनसे शक्कर मिलता हो | ईंख, .......................... |
| 7. बागवानी में पैदा होने वाली फसलें | चाय, कॉफी, रबड़, ............ |
| 8. औषधिय फसलें | तुलसी .............. |
| 9. मशाले वाली फसलें | गोलमरीच, आदी ............ |

अच्छा बताइए तो कि ऐसी कौन-सी चीजे हैं जिन्हें हम प्रतिदिन के भोजन के साथ ग्रहण करते हैं, पर उपर्युक्त तालिका में वो नही हैं? सब्जी और फल को उस तालिका में नहीं रखा गया हैं। इसका कारण यह है कि कृषि विज्ञान को एक दूसरी शाखा (Horticulture) उद्यान विज्ञान में फल और सब्जी की कृषि-प्रक्रिया पर विचार किया जाता हैं। निम्नलिखित तालिका में इस तरह के फसलों के नाम दिए गए हैं। आप स्वयं भी इनके साथ कुछ और नाम जोड़ सकते हैं।

| फसल के प्रकार | उदाहरण |
|---|---|
| 1. सब्जी | टमाटर, पत्तागोभी, ............ |
| 2. फल | केला, अंगूर, ................ |
| 3. सजावट के उपयोग के लिए फसल | कैक्टस, बोगेनभेलिया, .......... |
| 4. फूल | गुलाब, जूही, ........... |

कई बार ऐसा भी होता हैं कि कोई फसल किसी ऋतु विशेष में काफी अच्छा होता हैं अर्थात् इस ऋतु विशेष की ताप-मात्रा, आर्द्रता, बारिश उस फसल के उपजने में सहायक होते हैं। ऋतुओं में उपजने के आधार पर फसलों को दो भागों में बाँटा जा सकता हैं।

### i) खरीफ फसलें

साधारणतः वर्षा ऋतु के आरंभ (जून/जुलाई) में इस तरह के फसलों की खेती शुरू होती हैं और साधारणतः वर्षा ऋतु की समाप्ति (सितम्बर/अक्टूबर) पर इन फसलों को काटा जाता हैं। खरीफ फसलों का उपजना दक्षिणी-पश्चिमी मौसमी वायु पर निर्भर करता हैं। धान, भूट्टा, कपास, चीनी-बादाम, सोयाबीन और खरीफ फलसों के उदाहरण हैं।

### ii) रवी फसलें

साधारणतः जाड़े की शुरुआत (अक्टूबर/नवंबर) में इस तरह के फसलों की खेती शुरु होती हैं और मार्च/अप्रैल के महीने में इन्हें काट लिया जाता हैं। रवी की फसलें बारिश पर निर्भर नहीं होती। गेहूँ, चना, मटर, सरसों, बर्ली और रवी फसलों के कुछ उदाहरण हैं।

## फसल उत्पादन

फसल उत्पादन के लिए एक कृषक को काफी समय तक लगातार विभिन्न प्रकार के कार्य करने पड़ते हैं। एक कृषक इस तरह के जिन कार्यों को करता हैं, इन्हें ही कृषि-कार्य (Agricultural practices) कहा जाता हैं। इन कार्यों को निम्नांकित तालिका में दिया गया हैं। एक-एक कर इन कार्यों के संबंध में हम जानने की कोशिश करेंगे।

| | |
|---|---|
| **1. मिट्टी को कृषि-योग्य बनाना** | **5. सोहनी (अनुपयोगी घास-पात हटाना)** |
| **2. बीज बोना** | **6. हानिकारक कीट-पतंगों से फसल की सुरक्षा करना** |
| **3. खाद का उपयोग** | **7. फसल काटना** |
| **4. सिंचाई** | **8. फसल का संचयन** |

## 1. मिट्टी को कृषि योग्य बनाना (Preparation of soil of cultivable land)

बीज के अंकुरन और उद्भिजों के बढ़ने का माध्यम मिट्टी हैं। उद्भिज जल और खनिज लवण मिट्टी से ग्रहण करते हैं। भिन्न प्रकार के उद्भिज के बढ़ने के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार की मिट्टी की जरूरत पड़ती हैं। इसलिए किसी फसल की खेती शुरू करने से पहले उसे कृषि योग्य बना लेना जरूरी होता हैं। खेती की जमीन को जोतकर मुलायम कर लेना पड़ता हैं। ताकि उद्भिज की जड़ मिट्टी की गहराई तक धँस सके।

मिट्टी में विभिन्न प्रकार के खनिज-पदार्थ, जल, वायु, सड़े-गले जैव पदार्थ और विभिन्न प्रकार के जीव रहते हैं। मिट्टी को मुलायम करने पर ऐसी मिट्टी में वायु का आवागमन बढ़ जाता हैं और इससे केंचुआ तथा मिट्टी में रहनेवाले अन्य जीवाणुओं के बचे रहने में सहूलियत होती हैं। ये जीव मिट्टी को सिर्फ मुलायम करनें में सहायक नहीं होते बल्कि मिट्टी के जैव अंश या ह्यूमस बढ़ाने में भी सहायता करते हैं। ये सारे जीव कृषक के शुभचिंतक की तरह ही कार्य करते हैं। मिट्टी में रहने वाले कुछ जीवाणु मृत उद्भिज या प्राणियों के शरीर को लपेटकर उन जीवों के शरीर के विभिन्न यौगिक और तत्त्वों को मिट्टी में मिला देते हैं। ये सब उद्भिज के लिए पोषक-तत्व (nutrients) हैं, जिन्हें वो ग्रहण करते हैं। मिट्टी में ऊपर की ओर केवल कुछ से.मी. मोटे परत ही उद्भिज की वृद्धि में सहायक होता हैं। इसीलिए नीचे की मिट्टी ऊपर लाने या ऊपर की मिट्टी नीचे ले जाने और मिट्टी को मुलायम बना देने से उद्भिजों के पोषक-तत्त्व मिट्टी के ऊपरी हिस्से में चले आते हैं। इस प्रकार उद्भिज इन यौगिकों और तत्त्वों का सहज ही उपयोग कर पाते हैं।



### मिट्टी जोतने के औजार

अब तक निश्चय ही आपने खेती की जमीन में मिट्टी को ऊपर नीचे करने, उसे मुलायम करने का महत्व समझ लिया हैं। जिस प्रक्रिया से मिट्टी को ऊपर नीचे और मुलायम किया जाता हैं, क्या आपको पता हैं उसे क्या कहा जाता हैं, उसे जोतना कहा जाता हैं। खेत जोतने के लिए हल की जरूरत पड़ती हैं। चलो अब कृषि-कार्य में प्रयुक्त होने वाले कुछ औजारों के बारे में जान लें।



हल

#### हल (Plough)

प्राचीन काल से ही कृषि-कार्य में हल का उपयोग होते आया हैं। जमीन जोतने में मिट्टी में खाद मिलाने, बेकार की लताएँ निकालने जैसे अनेक कार्यों के लिए हल का उपयोग होता हैं। वर्तमान में देसी लकड़ी से बनने वाले हल के बजाय लोहे से तैयार हल का उपयोग होता हैं।

#### कुदाल/फावड़ा (Hoe)


कुदाल

कुदाल या फावड़ा के उपयोग से जमीन से बेकार की लताएँ निकालने और मिट्टी को मुलायम करने का काम किया जाता हैं।

#### जमीन जोतने का यंत्र (Cultivator)

वर्तमान समय में बड़ी-बड़ी खेती को जमीन की जुताई करने के लिये ट्रैक्टर की सहायता ली जाती हैं। ट्रैक्टर के पीछे दाँतेदार जोतने की मशीन (यंत्र) से बहुत कम समय में ही बहुत अधिक जमीन जोती जा सकती हैं। छोटी (कम) जमीन या बगीचे में बहुत बार इसी काम के लिए पावर टिलार (विद्युत की सहायता से जोतने के लिये छोटा यंत्र) का उपयोग किया जाता हैं।


जमीन जोतने का यंत्र

इसके बाद काठ (या लकड़ी) अथवा लोहे से बना हेंगा (यंत्र) (Leveller - समतावादी) सहायता से खेती की जमीन के ऊँचे-नीचे हिस्सों को समान कर लिया जाता है। इसके कारण हवा या जल के कारण मिट्टी का क्षय कम होता है। बहुत बार जमीन में खेती करने से पहले खाद मिलायी जाती है ताकि जैविक-खाद मिट्टी के साथ अच्छी तरह से मिल जाये।

## 2. बीजरोपण (बीज का बोया जाना) (Sowing of Seeds)



बीज बोना खेती का एक महत्त्वपूर्ण भाग हैं। बीज बोने से पहले यह निश्चित कर लेना आवश्यक होता हैं कि बीज अच्छे गुण वाला हो अर्थात् बीज ताजे, सूखे और अतिवृष्टि को सहने वाला और संक्रमण मुक्त हों। ज्यादा फसल देने वाले बीज को ही किसान पसन्द करते हैं।

अच्छे ताजे बीज और खराब बीज को कैसे पहचानेंगे ? आओ एक छोटा-सा परीक्षण करके देखते हैं। एक गिलास या वीकर में आधा जल भर दों। एक मुट्ठी गेहूँ के बीज इस जल में डाल कर अच्छी तरह हिलाओं। कुछ देर इन्तजार करो। क्या देखा यह नीचे की तालिका में लिखे।

| क्या किया | क्या देखा | क्यों ऐसा हुआ |
|---|---|---|
| | | |

सड़े (संक्रमक हुए) या दूसरे कारणों से नष्ट हो गये बीज हल्का होने के कारण जल में तैरने लगते हैं और अच्छे स्वस्थ बीज भारी होने के कारण जल में डूब जाते हैं।



### बीज बोने के यंत्र

चित्र में खोखली नली अवश्य देख रहे है। इस खोखली नली (फनेल) के नीचे धारदार मुँह वाले दो या तीन पाइप और होती हैं। बीजों को इसी नली में भरा जाता हैं। पाइप के धारदार मुँह मिट्टी के अन्दर घूँसते हैं। ताकी रखा बीज इस पाइप से होकर मिट्टी के अन्दर जा गिरता हैं। कई बार किसान हल के साथ ही इस नली और पाईप को युक्त कर लेते हैं। हल के द्वारा बने हुये गड्ढ़े में बीज पड़ते हैं।

### बीज बोने के यंत्र (Seed Drill)

आजकल अवश्य दो बीज के लिये उन्नत किस्म के रोपन-यंत्र का व्यवहार किया जाता हैं। इसकी सहायता से सटीक दूरी पर और आवश्यक गहराई में बीज बोना संभव होता हैं। बीज बोने के यंत्र की सहायता से बोये गये बीज सदैव मिट्टी के नीचे ढँके रहते हैं। फलतः पक्षी भी उस बीज के बारे में नहीं जान पाते। समय और श्रम की बचत होती हैं।



बीज बोने के यंत्र

कई बार बोने से पहले किसान बीजों को किसी रसायन से डूबा देते हैं। ये रासायनिक पदार्थ बीजों को जीवाणु/विषाणु संक्रमक से बचाते हैं। धान या कुछ सब्जी (टमाटर, प्याज) के बीज पहले तर जमीन में बोये जाते हैं। फिर जब ये छोटे-पेड़ के रूप में बढ़ जाते हैं तब इनमें से अच्छे, स्वस्थ और मजबूत निरोग शिशु पेड़ों को खेती की जमीन में बोया जाता हैं। फलतः उन्नत किस्म के शिशु पेड़ (चारागाछ) चुनना संभव होता हैं, ये एक स्थान से निकाले गये (विस्थापित) पेड़ भी अपनी जड़ों को जमीन के अन्दर प्रवेश कर पाने में सक्षम होते हैं। फलतः फसल (फलन) में भी वृद्धि होती हैं।

### 3. खादों का प्रयोग (Adding manures and fertilizers)

उद्‌भिजों को अच्छी तरह बढ़ने के लिये कुछ तत्त्वों की आवश्यकता पड़ती हैं — ये ही उद्‌भिजों के (nutrients) पौष्टिक उपादान हैं। पौधे के पौष्टिक उपादान दो प्रकार के होते हैं।

a) मुख्य खाद्य उपादान (Macronutrients) : C, H, O, N, P, K, Mg, S।

b) गौण खाद्य उपादान (Micronutrients) : Fe, Mn, Cu, B, Mo, Zn, Cl।

मिट्टी पौधों के पौष्टिक तत्त्वों को प्रदान करती हैं। पौधों के बढ़ने के लिये ये पौष्टिक उपादान बहुत आवश्यक होते हैं। किसी-किसी क्षेत्र में किसान एक के बाद दूसरी फसल लगातार बोते काटते रहते हैं अथवा एक ही फसल को कई बार बोते हैं। जमीन को कभी अनाबादी के रूप में छोड़ते नहीं हैं। सोचकर देखो तो मिट्टी में उपस्थित पौष्टिक उपादानों की कैसी स्थिति होगी ?

एक ही जमीन में बार-बार फसल बोने-काटने के कारण मिट्टी में उपस्थित पौधे के पौष्टिक उपादान शेष हो जाते हैं। इसलिए खेती की जमीन में खाद मिलायी जाती हैं ताकि मिट्टी उद्‌भिजों के लिये पौष्टिक उपादान फिर से पा सके। अर्थात् मिट्टी में उपस्थित पौधों के पौष्टिक उपादान की कमी को पूरा करके उद्‌भिजों की वृद्धि में जो पदार्थ सहायक होते हैं। उन्हें खाद कहा जाता हैं ये खाद दो प्रकार के होते हैं — जैविक खाद और अजैविक खाद।

#### जैविक खाद (Organic manure)

मृत उद्‌भिज और प्राणियों के वर्ज्य पदार्थ सड़कर इस जैविक खाद को बनाते हैं। किसान एक खुले स्थान पर गिर गये (मृत) उद्‌भिजों और प्राणियों के वर्ज्य पदार्थों को एक गड्ढा खोदकर उसी में सड़ने के लिये रखते हैं। बैक्टीरिया तथा छत्रक (कुकुरमुत्ता) के रासायनिक विक्रिया तथा रूपान्तर क्रिया द्वारा ये सारे वर्ज्य पदार्थ सड़कर जैविक खाद में बदल जाते हैं।

#### अजैविक खाद (Inorganic fertilizer)

अजैविक खाद एक प्रकार के रासायनिक पदार्थ होते हैं। इसमें कई प्रकार के अजैव लवण होते हैं जो पौधों की वृद्धि में सहायक होते हैं। खाद कारखानों में यह जौविक खाद बनाये जाते हैं। अजैविक खाद मूलरूप से तीन तत्वों की कमी को पूरा करते हैं – ये हैं नाइट्रोजन (N), फासफोरस (P) और पोटेशियम (K)। NPK खाद में यही तीनों उपादान विभिन्न अनुपात में मिलाये गये रहते है और कभी-कभी अथवा किसी अजैविक खाद में इन तीनों में से कोई एक ही उपादान उपस्थित रहता हैँ। जैसे पोटाश-खाद अथवा सुपर फासफेट। अन्य अजैविक खाद, युरिया, अमोनियम सल्फेट हैं।

**स्वयं करो**

चना, मूँग अथवा कोई तीन चारागाछ (शिशु पौधा) समान ऊँचाई के लो। तीन खाली ग्लास लो। ग्लास पर 1,2,3 संख्या लगा दो। 1 सं० वाले ग्लास में यूरिया मिली मिट्टी लो। 2 सं० वाले ग्लास में गोबर खाद मिश्रित मिट्टी लो। ध्यान रखो 1 और 2 संख्या वाले ग्लास में ली गयी मिट्टी का परिमाण समान रहे। 3 संख्या वाली ग्लास में समान परिमाण सें मिट्टी एक ही जगह से लेना। तीनों ग्लासों में समान-समान परिमाण में जल मिलाओं। अब तीन शिशु पौधे तीनों ग्लासों में मिट्टी में गाड़ दो। प्रतिदिन तीनों ग्लासों में समान-समान परिमाण में जल डालो। 7-10 दिनों तक तीनों ग्लासों के शिशु पौधों की वृद्धि का पर्यवेक्षण करो।



**क्या देखा-नीचे की सारणी में लिखो।**

| दिन | प्रथम ग्लास | द्वितीय ग्लास | तृतीय ग्लास | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10 दिन बाद

1. शिशु पौधों की वृद्धि तीनों ग्लासों में एक ही दर से हुई ?
2. किस ग्लास के शिशु पौधे की वृद्धि सबसे अच्छी हुई ?
3. किस ग्लास के पौधे की वृद्धि अपेक्षाकृत जल्दी हुई ? ऐसा होने का कारण तुम्हारे अनुसार क्या हैं ?

### अजैविक खाद के उपयोग में कारण समस्या

अजैविक खाद का व्यवहार किसानों को विभिन्न फसलों जैसे धान, गेहूँ और भूट्टे को अच्छी उपज पाने में सहायता करती हैं। लेकिन अजैविक खादों का ज्यादा उपयोग अथवा अनियंत्रित उपयोग मिट्टी में उपस्थित उपकारी बैक्टीरिया के कार्य में बाधा डालकर मिट्टी की उर्वरा-शक्ति उत्पादन क्षमता घटा देती हैं। मिट्टी की प्रकृति (विशिष्टता) के अनुसार अजैविक खाद का व्यवहार न करने पर मिट्टी के रसायन में परिवर्तित होकर लाभ से ज्यादा नुकसान ही होता हैं। जैसे अमोनियम सल्फेट $[(NH_4)_2 SO_4]$ का उपयोग करने पर मिट्टी की अम्लीयता बढ़ जाती हैं उसी प्रकार सोडियम नाइट्रेट ( $NaNO_3$) का उपयोग करने पर मिट्टी की क्षारीयता भी बढ़ जाती हैं। उद्भिजों की वृद्धि के लिये अम्ल-क्षार में सन्तुलन होना बहुत आवश्यक हैं। इसके अलावा भी अजैविक-खाद मिले खेती को जमीन से नाइट्रोजन या फास्फोरस के यौगिक मिला जल नदी अथवा तालाब के जल में मिलकर जल प्रदूषण का कारण होता हैं। इसीलिए मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाये रखने के लिये वर्तमान समय में अजैविक खादों के बदले जैविक खादों के उपयोग की चेष्टा की जा रही हैं।

### जैविक खाद क्यों अजैविक खाद से अच्छी ?

i) जैविक खाद मिट्टी की जल धारण-क्षमता को बढ़ाते हैं।

ii) जैविक खाद के प्रयोग से मिट्टी छिद्र (रन्ध्र) युक्त बनती हैं। फलत: मिट्टी से होकर विभिन्न गैसों का आदान प्रदान बढ़िया ढंग से हो पाता हैं।

iii) मिट्टी में उपस्थित उपकारी जीवाणुओं की संख्या वृद्धि में जैविक खाद सहायक हैं।

iv) मिट्टी की गठन (प्रकृति) उन्नत करने में जैविक खाद सहायक होते हैं।

अब जल्दी से बताओं की जैविक और अजैविक खादों में अन्तर क्या क्या हैं - लिखने का प्रयास करो।

मिट्टी में बाहर से खाद न मिलकर मिट्टी से खोदे जा रहे पौधो के पौष्टिक-उपादानों को लौटाने के लिये कौन-कौन प्राकृतिक उपाय किये जा सकते हैं - अब इसे देखें।

### a) कृषि योग्य जमीन को खाली छोड़ना

दो फसलों के बीच के समय में यदि कोई फसल न बोयी जाये तब प्राकृतिक उपाय से हो मिट्टी अपने खो गये उपादानों को वापस पा लेती हैं। कारण इस समय कृषि जमीन पर जमा हुए मृत पौधे-पत्ते, प्राणी न अन्यान्य जैविक पदार्थ-कई-कई प्रकार के जीवाणु विक्रियाओं द्वारा सड़कर मिट्टी में मिल जाते हैं। फलत: मिट्टी अपने खत्म हो गये उपादानों को वापस पा लेती हैं।

### b) फसल में बदलाव (शस्य आवर्तन)

मिट्टी से पाये जाने वाले उपादानों को अलग-अलग फसलों के लिये अलग-अलग रूप से आवश्यकता पड़ती हैं। एक जमीन में एक ही फसल को बार-बार खेती करते रहने से उसके लिये आवश्यक उपादानों में क्रमश: कमी आती जाती हैं। इसीलिए दो फसलों के बीच में कई बार एकजातीय उद्भिज जैसे, मटर, बीन, चना अथवा दालों की खेती की जाती हैं। इस प्रकार के उद्भिजों की जड़ में मिथोजीवी राइजोबियम नामक एक प्रकार का बैक्टीरिया घर बनाती हैं। उद्भिज हवा से सीधे नाइट्रोजन ग्रहण नहीं कर पाते। ये बैक्टीरिया वातावरण (परिवेश) से नाइट्रोजन

ग्रहण कर, उद्भिजों के उपयोग के लायक नाइट्रोजन को यौगिक बनाकर उद्भिजों को देते हैं। नाइट्रोजन के ये यौगिक उद्भिजों के उपयोग के बाद शेष बचे मिट्टी में रह जाते हैं। इसीलिए सेम (मटर) जातीय उद्भिजों की फसल काट लेने पर भी मिट्टी में पर्याप्त नाइट्रोजन रहती हैं। इसके बाद धान, गेहूँ और भुट्टा जातीय फसलों की खेती करने पर ये मिट्टी से पर्याप्त परिमाण में नाइट्रोजन के यौगिक ग्रहण कर पाते हैं। इसीलिए इस तरह की फसल की खेती एक बार करके सेमजातीय उद्भिजों की खेती करने से मिट्टी फिर से हुई नाइट्रोजन के यौगिक को पा लेती हैं। एक ही फसल की बार-बार खेती न करके बीच में दूसरे प्रकार की फसल (विशेषकर समजातीय उद्भिज) की खेती करना – फसल में परिवर्तन/बदलाव हैं।

मिट्टी के पौष्टिक उपादानों को बनाये रखने के लिये-मिट्टी में कभी मृतोपजीवी आणविक जीव मिलाये जाते हैं। यही सूक्ष्म (अणु) जीव खाद हैं। यह खाद् मिट्टी की जल ग्रहण करने की क्षमता को बढ़ाता हैं और मिट्टी को रन्ध्रयुक्त करके हवा का आवागमन बढ़ाता हैं।

## 4. सिंचाई (Irrigation)

प्रत्येक जीव के बचे रहने के लिये जल आवश्यक हैं। उद्भिजों के बढ़ने के लिये और फूल-फल-बीज के विकास के लिये जल बहुत आवश्यक हैं। तुम जानते हो कि उद्भिज अपनी जड़ों की सहायता से जल शोषित करते हैं और जल के साथ मिट्टी से विभिन्न पौष्टिक उपादान तथा खाद भी ग्रहण करते हैं।

उद्भिजों में प्राय: 90 % जल होता हैं। बीजों के अंकुरण के लिये जल अत्यावश्यक है। इसके अलावा जल के साथ मिलकर पौष्टिक उपादान भी उद्भिजों के विभिन्न हिस्सों में पहुँचते हैं। अच्छी फसल पाने के लिये मिट्टी की आर्द्रता को बचाए रखना बहुत जरूरी होता हैं। फसलों के खेतों में निर्दिष्ट समय के अन्तर पर जल देने की जरुरत होती हैं। इसे ही सिंचाई कहते हैं। सामान्यत: नदियों, तालाबों, नहरों, प्रपातों, कुँओं, टयूब वेल- आदि श्रोतों जल सिंचाई के लिये प्रयुक्त किया जाता हैं। क्षेत्र विशेष में अन्तर होने के कारण इस जल को संग्रह करने की पद्धति में भी फर्क होता हैं। इसके बाद इस जल को नालियों से या नलियों (Pipe) से विद्युत या डीजल पम्प की सहायता से खेती की जमीन तक पहुँचा दिया जाता हैं। कभी-कभी विद्युत या डीजल के बदले सौर्य-ऊर्जा या बायोगैस भी व्यवहार में लाये जाते हैं। इस काम में प्राचीन काल से चल आ रही पद्धति में साधारण: मानवश्रम अथवा पशुशक्ति का व्यवहार किया जाता रहा हैं। लेकिन ये पद्धतियाँ सस्ती होने के बावजूद कम कार्यकारी हैं और जल का नुकसान भी होता हैं।

### प्राचीन काल से चली आ रही पद्धति



घिरनी-रस्सी बाल्टी की पद्धति



झूलाती हुई बाल्टी-पद्धति



चेन पम्प पद्धति



ढेकुली पद्धति



राहत-पद्धति

राहत पद्धति में बड़ा कुँआ और चक्रों का व्यवहार किया जाता हैं। चक्र पर अनेक बाल्टियाँ लगी रहती हैं। पशु-शक्ति का उपयोग कर इस चक्र को घुमाकर कुँआ से बाल्टी में जल ऊपर उठाया जाता हैं। फिर इस जल को खेती की जमीन में डाल दिया जाता हैं।

**आधुनिक पद्धति :** आधुनिक पद्धतियों से जल का अपचय (हानि) कम करना सम्भव हुआ हैं।



फौव्वारा पद्धति (Sprinkler system)

खेती की जमीन में फसल के ऊपर फौव्वारे की तरह जल डाला जाता हैं।



ड्रिप पद्धति (Drip system)

पाइप की सहायता से उद्‌भिजों के मूल (जड़) के ठीक पास (निकट) बूँद-बूँद करके जल के गिरने की व्यवस्था की जाती हैं।

## 5. खर-पतवार से रक्षा (Protection from weeds)

बहुत-बार खेती को जमीन में जिस फसल की खेती की जाती हैं, उसके अलावा और कई पौधे उग आते हैं। ये अप्रयोजनीय उद्‌भिज ही खर-पतवार हैं। ये खर-पतवार जिस पौधे की खेती की गयी हैं, उसके लिये जल, पौष्टिक उपादान, उसकी जगह और प्रकाश में हिस्सा बाँट लेते हैं। इसलिये मुख्य फसल की वृद्धि में बाधा पड़ती हैं। कई खर या अनिच्छित पौधे तो मुख्य फसल को काटने में भी बाधा देते हैं। किसान खर-पतवारों को निर्मूल करने के लिये विभिन्न प्रकार की पद्धतियां प्रयोग में लाते हैं। जमीन में बीज बोने के पहले किसान जब जमीन को जोतते हैं तब ये खर-पतवार अपने जड़ समेत उखड़ जाते हैं। उसके बाद सुखकर मिट्टी में मिल जाते हैं।



ऐमारांथस घास चेनोपोडियम

किसान अक्सर हाथ से मिट्टी में से खर-पतवार उठाकर फेंक देते हैं। कभी-कभी खर-पतवारों को मिट्टी के नजदीक तक के हिस्से को काट देते हैं। फिर बहुत बार कुछ रासायनिकों (जैसे 2, 4-D, डैलापोन, पिक्लोरम इत्यादि) का छिड़काव करके भी खर-पतवारों का दमन किया जाता हैं। ये रासायनिक पदार्थ ही खर-पतवारनाशक (weedicide) हैं। ये रासायनिक फसलों को नुकसान नहीं पहुँचाते। ये रासायनिक पदार्थ मानवों के लिये क्षतिकारक होते हैं। इसीलिए छिड़काव के समय किसानों को नाक और मुहँ ढँक लेना चाहिए।

खर-पतवार के दमन (नष्ट) करने की बात हमने जानी। आओं इसी बीच खेती को जमीन के कई खर-पतवारों के नाम तुमलोगों को बता दिया जाय। ये हैं — पार्थनियम, ऐमरांथस, चेनोपोडियम, घास इत्यादि।

## 6. क्षतिकारक कीट-पतंगों से फसल को बचाना (Protection from pests)

चूहे विभिन्न कीट, (टिड्डेड, दीमक, गोबर में रहने वाले कीड़े) फसल खा लेते हैं अथवा नष्ट कर देते हैं। यही फसलों के ध्वंसकारी प्राणी (Pest) हैं। टिड्डेड दल बनाकर उड़कर आते हैं और ईख, गेहूँ गैसे उद्‌भिजों के पत्तों को खाकर व्यापक क्षति करते हैं। कुछ कीड़े हैं जो तने भुर-भुराकर खाते हैं। (stem borer)। दीमक पौधो की जड़ों को खाता हैं।



टिड्डा



दीमक



गुबारे जातीय कीड़ा

इसके अलावा भी बैक्टीरिया, छत्रक और विषाणु भी उद्‌भिजों में विभिन्न प्रकार के रोग निर्मित कर फसलों के उत्पादन में कमी ला देते हैं। छत्रक जैसे गेहूँ में मरिचा रोग और आलू में सड़न पैदा करते हैं और भी बैक्टीरिया विल्ट (Wilt) नामक एक रोग उत्पन्न करते हैं।

फसलों को ध्वंस करने वाले प्राणियों के दमन के दो उपाय हैं – रासायनिक (Chemical) और जैविक (Biological)।

### रासायनिक दमन पद्धति

डीडीटी (DDT), बीएचसी (BHC), मैलीथियोन पतंगों के दमन (नष्ट करने में) में सहायता करते हैं। सल्फर और ताँबे के विभिन्न लवण छत्रक के दमन में सहायता करते हैं। जिंक फास्फाइड और ओयरफेरिन चूहा प्रजाति प्राणियों का दमन करते हैं।

रासायनिक दमन पद्धति द्वारा क्षतिकारक प्राणियों की मृत्यु बहुत जल्दी होने पर भी अनेक समस्यायें हो सकती हैं।

i) कई बार क्षतिकारक ये प्राणी किसी निर्दिष्ट रासायनिक पदार्थ के विरूद्ध प्रतिरोध बना लेते है।

ii) फिर कई बार ये रासायनिक पदार्थ–नदी या खाल के जल में मिलकर उसे प्रदूषित करते हैं।

iii) रासानिक पदार्थों के खाद्य–शृँखला में प्रवेश कर जाने पर शृँखला के अन्त में आने वाले जीवों की क्षति हो सकती हैं।

iv) फल या सब्जी के माध्यम से रासायनिक पदार्थ मनुष्यों के शरीर में पहुँचने पर अनेक समस्यायें हो सकती हैं।

v) रासायनिक पदार्थ कई बार उपयोगी पतंगों (धौसे मधुमक्खियों) को मार डालते हैं।

इन्हीं सारे कारणों से कई बार फसल ध्वंसकारी जीवों के दमन के लिये जैविक दमन पद्धति की सहायता ली जाती हैं।

### जैविक दमन पद्धति

इस पद्धति में एक जीव का प्रयोग दूसरे जीव की संख्या को नियंत्रित करने में किया जाता हैं। पशु भक्षी (predator) और परजीवी (parasites) के द्वारा फसल ध्वंसकारी जीवों के नियन्त्रण का प्रयास किया जाता हैं। प्राकृतिक रूप से कई प्रकार के मकड़े, हाणा, भीमरुल, गंगा फर्डिंग और कई प्रकार के पक्षी फसल के शत्रुओं (जैसे मोथ, रसशोषक कीड़ा, दीमक, उच्चिांर्ड आदि) को पकड़ कर खा जाते हैं। इसके अलावा भी कुछ छत्रक, प्रोटोजोआ, बैक्टीरिया और वायरस फसल के शत्रुओं (के शरीर) पर परजीवी के रूप में रहकर उन जीवों की संख्या नियन्त्रण में रखते हैं।

## 7. फसल काटना (Harvesting)

फसल के तैयार हो जाने पर फसल को काटना बहुत महत्त्वपूर्ण कार्य हैं। फसल काटते समय किसी विशेष फसल को हाथ द्वारा ही निकाला जाता हैं और कभी किसी फसल को मिट्टी के निकट से हँसिया द्वारा काट लिया जाता हैं।



हँसिया

### मड़ाई (Threshing)



अन्न जातीय फसल के भोज्य अंश (खाये जाने वाले भाग) से फसल के पेड़ को (Crop plant) को अलग करना पड़ता हैं। यही मड़ाई हैं। कभी मिट्टी पर पटक कर यह काम किया जाता हैं और कभी फसल के पेड़ को जमीन पर रखकर गधे या साँडों–बैलों को इस पर घुमाया जाता हैं। कम्बाइन (Combine) नामक मशीन को सहायता से फसल दाने को अलग करना और पौधे वाले भाग को अलग कर देना दोनों काम एक साथ ही हो जाता हैं।



कम्बाईन



### ओसाना (Winnowing )

छोटे किसान अर्थात् जो कम जमीन पर खेती करते हैं वो ओसा कर दाने और भूसे को अलग करते हैं। इस काम में हवा की सहायता ली जाती हैं। ऊँचाई पर से गिराने पर हल्की मूसी उड़ जाती हैं और दाना–फसल मिट्टी पर जमा हो जाती हैं।

फसल निकाल लेने पर तने के जो अंश खेती वाली जमीन पर रह जाते हैं, वे सब और भूसी गाय आदि पशुओं को भोजन के रूप में दिया जाता हैं। गाय आदि पशुओं का यह भोजन ही उनका चारा (fodder) हैं।

### 8. फसलो को संचित कर रखना/भण्डारण (Storage)

फसल काटने के बाद और एक महत्वपूर्ण कार्य हैं भविष्य में उपयोग के लिये फसल का भण्डारण (अर्थात् सुरक्षित रखाव)। लम्बे समय के लिये जमा करते समय कीड़े, चूहे और विभिन्न जीवाणुओं से सुरक्षित रखने की आवश्यकता होती हैं। सद्यः (तुरत) संग्रह किये गये फसलों में आर्द्रता (नमी) अधिक रहती हैं। दाना जातीय फसल को सुखाकर न रखने पर इनमें कई जीवाणुओं का आक्रमण हो सकता हैं। इसीलिए भण्डारण से पहले दाना जातीय अन्न फसल को अच्छी तरह सूर्य के प्रकाश में सुखा लेना आवश्यक होता हैं। आद्रता कम रहने पर कीड़े, बैक्टीरिया, छत्रकों के आक्रमण को रोक पाना संभव हैं। किसान चट के बोरे में या धातुओं के पात्रों में संचय के लिये अन्न-भण्डार या वायुहीन घर (Silo) का उपयोग किया जाता हैं। उन्नत किस्म के ये अन्न के भण्डार वायु रहित, शून्य आद्रता वाले होते हैं। चूहे प्रजाति के जीव इनमें प्रवेश नहीं कर सकते। यहाँ तक कि हर समय एक निश्चित तापक्रम बनाये रखने की व्यवस्था रहती हैं। बहुत बार फसल को संचित करने से पहले फसलों के गोदाम में और फसल रखे जाने वाले थैले बोरों में कीटनाशक और फुफुँदनाशक स्प्रे कर दिये जाते हैं।



भण्डार घर

वर्तमान में अन्नगार के अन्दर हर समय नाइट्रोजन गैस के प्रवाहित करते रहने के कारण फसल ध्वंसकारी जीव (चूहा जातीय प्राणी, कीड़े और जीवाणु) अन्नगार में आक्सीजन के अभाव में बच नहीं पाते।

**बीज संरक्षण :** आगे आने वाले मौसम में कृषि के लिये किसान बीजों का संरक्षण करते हैं। इसके अलावा जोते जा रहे विभिन्न अन्नों के बीजों का अनेक प्रकार से संरक्षण किया जाता हैं।

## उद्भिज प्रजाति के खाद्यों की खेती की विभिन्न पद्धति

### धान

धान पृथ्वी का महत्त्वपूर्ण अन्न हैं। भारत का अन्यतम प्रमुख खाद्यान्न धान हैं।

तुम कितने प्रकार के धान जानते हो या तुमने सुना हैं? अपने क्षेत्र के धान की खेती करने वाले व्यक्तियों से पूछकर जानने की चेष्टा करो। उस क्षेत्र में कौन-कौन धान उत्पन्न होते हैं। पहले होता था लेकिन अब उस धान की खेती नहीं होती ऐसे धानों के नाम उनसे जानने का प्रयास करों।

| अपने जाने हुए धानों के नाम | अभी जिन धानों की खेती होती हैं | अभी जिन धानों की खेती नहीं होती |
|---|---|---|
| | | |

**धान के खेत का चित्र बनाओं**

### भारत में धान की खेती कहाँ-कहाँ होती हैं

भारत के सभी राज्यों में ही कमोवेश धान की खेती होती हैं। लेकिन पश्चिमबंग, आन्ध्रप्रदेश, पंजाब, उत्तरप्रदेश, उड़िसा, और तमिलनाडु में धान का उत्पादन यथेष्ट रूप में अच्छा होता हैं।

### चावल की पौष्टिकता/चावल में पौष्टिक गुण

धान से चावल मिलता हैं। चावल में 79.1% कार्बोहाइड्रेट 6% प्रोटीन और 0.4% विभिन्न तत्त्व उपस्थित रहते हैं। इसके अलावा विटामिन B कम्पलेक्स और कुछ अन्य विटामिन रहते हैं (इसके अलावा धान की भूसी से तेल प्राप्त होता हैं।)

### धान के प्रकार

प्रजातिगत विशेषता और खेती करने की पद्धति के अनुसार धान को तीन भागों में बाँटा गया हैं। ये हैं आऊस या शरद्कालीन धान, अमन या शीतकालीन धान और बोरो या ग्रीष्मकालीन धान।



उत्पादन क्षमता के अनुसार धान को फिर दो भागों में बाँटा गया हैं — अपेक्षाकृत कम फलनशील देसी धान और उच्च फलनशील प्रकार के धान।

अब आऊस, आमन और बोरो धान की खेती के सम्बन्ध में कुछ साधारण बातें जान लेते हैं।

**आऊस**



आऊस धान एक बारगी ही मुख्य खेत में बोया जाता हैं। इसीलिए इसकी खेती की पद्धति अमन और बोरो धान की खेती की पद्धति से थोड़ा अलग हैं। सामान्यत: रवी फसल की कटाई के बाद खेत को तैयार कर धान बोया जाता हैं। भरभरी, दोमट या एँटेल प्राय: सभी प्रकार की मिट्टी में आऊस धान बोया जाता हैं। किसी-किसी क्षेत्र में सीधे बीज न बोकर, शिशु पौधा तैयार कर भी आऊस धान बोया जाता हैं।

**अमन**

अमन धान की खेती किसी भी प्रकार का मिट्टी में वर्षाकाल में की जाती हैं। लेकिन काटा मिट्टी और जलोढ़ मिट्टी इसकी खेती के लिये अच्छी हैं। पश्चिम बंग में अमन धान की खेती ही अधिक होती हैं। हमारे देश में कई हजार प्रकार के अमन धान हैं। इसकी विभिन्न प्रकार की जातियाँ होती है जो भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग नामों से परिचित हैं। देशी अमन धानों में से उत्कृष्ट प्रजाति हैं — भासामानिक, झिंगाशाल, रघुशाल, पटनाई-23 बासमती आदि। अमन धान की खेती के लिये पहले बीज सेल में बीज लगाकर शिशु पौधे तैयार किये जाते हैं, इसके बाद खेती की जमीन में चारों को गोदा जाता हैं। बीज-तल में लगाने से पहले बीजों को शोधित कर लेना आवश्यक हैं।

**बोरो**

अमन धान को काटने के बाद बीज तल तैयार करके इस प्रकार के धान की रोपाई की जाती हैं और मार्च-अप्रैल के आस-पास काट लिया जाता हैं (जिन क्षेत्रों में जल सिंचाई की व्यवस्था हैं वहाँ बोरो धान की खेती होती हैं।

धान के पेड़ बहुत जल्दी पकते हैं। इस आधार पर धान को और तीन भागों में बाँटा जा सकता हैं।

i) स्वल्प कालिक प्रजाति/जल्दी जाति — धान बहुत शीघ्र पक जाते हैं - जैसे रत्ना प्रजाति का धान 95-115 दिनों में ही पक जाता हैं।

ii) मध्यम जाति/मध्य कालिक प्रजाति — इस धान को पकने में समय लगता हैं। जया, जयन्ती आदि प्रजाति के धान 116-135 दिनों के अन्दर ही पक जाते हैं।

iii) नाविजात/दीर्घ कालिक प्रजाति — धान पकने में अधिक समय लगता हैं। सोना, मसूरी, पंकज आदि धान पकने में 140-150 दिन समय लगता हैं।

आऊस, अमन, बोरो क्रमश: अल्प, मध्य और दीर्घ कालिक धान हैं। एक बात और ध्यान में रखना, एक ही जाति के धान को आऊस, अमन या बोरो इन्हीं तीन मौसमों में ही खेती की जाती हैं।

**गोल्डेन राइस :** विटामिन की आवश्यकता को पूरा करने के लिये विशेष प्रकार का यह धान बनाया गया।

नीचे की तालिका में आऊस, अमन और बोरो धान की खेती के लिये सामान्य समय सूची दी गयी हैं।

| धान का प्रकार | बीज तल बनाना | धान रोपना | धान बोना | धान काटना |
|---|---|---|---|---|
| 1. आऊस | —— | —— | उ० बंग : मार्च–अप्रैल<br>द० बंग : मई–जून | जुलाई–सितम्बर |
| 2. अमन | जून–जुलाई | जुलाई–अगस्त | —— | दिसम्बर–जनवरी |
| 3. बोरो | नवम्बर | दिसम्बर | —— | अप्रैल–मई |

## खेती की पद्धति

| खेती के क्रम | क्या किया जाता हैं |
|---|---|
| i) बीज का चुनाव | नमक का जल में गाढ़े घोल में बीजों को डूबाकर हिलाने से स्वस्थ और अच्छे बीज भारी होने के कारण घोल में डूब जाते हैं। इन्हीं बीजों को स्वच्छ जल से धोकर सूखा लिया जाता हैं। |
| ii) बीज का शोधन | *a) शुष्क शोधन पद्धति :* मुख्य जमीन में सीधे बीज बोने के लिये या सूखे बीज–तल में बीज बोने के लिये यह पद्धति सहायक हैं। बीज में रहने वाले (बीज को नष्ट करने वाले) रोग के जीवाणुओं को नष्ट करने के लिये बीजों के साथ रासायनिक पदार्थों का पाउडर मिलाया जाता है। |
| | *b) सिक्त शोधन पद्धति :* भीगें हुये बीज–तल में अंकुरित बीज बोने के लिये यह पद्धति उपयोगी हैं। बीज में उपस्थित रोग जीवाणुओं को नष्ट करने के लिये बीजों को रासायनिक पदार्थों के गलीय मिश्रण मे भींगा लिया जाता हैं। कई बार गर्म जल से भी बीज शोधन किया जाता हैं। |
| iii) बीज-तल की प्रस्तुति एक शिशु पौधे की तैयारी | *a) शुष्क (सूखे) बीजतल :* खरीफ ऋतु में अच्छी वर्षा होती हैं – ऐसे क्षेत्रों के लिये शुष्क बीजतल उपयोगी हैं। बीज में उपस्थित रोग जीवाणुओं को नष्ट करने के लिये बीजों को रासायनिक पदार्थों के जलीय मिश्रण में भींगा लिया जाता हैं। जमीन जोतते समय उचित परिमाण में जैविक और अजैविक खाद का उपयोग किया जाता हैं। शिशु पौधों में 5-6 पत्तियाँ होती हैं और 12-15 से०मी० लम्बी होने पर रोपने लायक हो जाती हैं। |
| | *b) सिल्क अथवा कादा युत्क बीजतल :* निर्वाचित जमीन में जल जमा कर जैविक खाद डाली जाती हैं। मिट्टी के नर्म होते ही इसे जोता जाता हैं। अत: कुछ दिनों के लिये मिट्टी कादे में बदल जाती हैं। फिर उचित परिमाण में अजैविक खाद मिट्टी में मिलायी जाती है। इसके बाद बीज तल में अंकुरित बीजों की यहाँ बोया जाता हैं। बीजतल को सुखाने और जल सिंचाई करने के कारण शिशु पौधों को जड़ों में वृद्धि अच्छी होती हैं। आवश्यकतानुसार कीटनाशक औषधि एवं खाद दिया जाता हैं। |
| (iv) जमीन की तैयारी | *a) शुष्क पद्धति :* आऊस धान और किसी–किसी क्षेत्र में नीची जमीन में अमन धान की खेती के समय बीज तल का व्यवहार न करके जमीन में सीधे बीज बोये जाते हैं। रवी की फसल काट लेने के बाद दो एक बार जोती हुई जमीन को छोड़ दिया जाता हैं। इस कारण जमीन के खर पतवार नष्ट होते हैं और जमीन सूखती हैं। जमीन में आवश्यक परिमाण में खाद दी जाती हैं। |

| खेती के क्रम | क्या किया जाता हैं |
|---|---|
| | *b) सिक्त अथवा कादे वाली जमीन तैयार करना :* सिक्त बीजतल से धान के शिशु पौधों को रोपन के लिये सिक्त (भींगी हुई) या कादा वाली जमीन तैयार करना आवश्यक हैं। शुष्क पद्धति की तरह रवी की फसल काट लेने के बाद एक-दो बार जमीन को जोतकर छोड़ दिया जाता हैं। इसी समय खेत में 5 से॰मी॰ के समान गहरा जल 2-4 दिनों तक खेत में रोककर जल द्वारा कई बार जोतने पर मिट्टी कादे में बदल जाती हैं। अन्तिम बार जोतते समय आवश्यकतानुसार जैविक और अजैविक खाद बिखेर दिया जाता हैं। |
| **v) बीज बोना और चारा (शिशु) पौधे रोपना** | ***a)*** *बीज बोना :* आऊस धान के बीज सीधे खेत में बोये जाते हैं। मिट्टी के नरम रहते ही, हाथ से बीज छींटकर या खेत को जोतते समय हल के पीछें बनी-क्यारियों में हाथ से बीज डालकर या बीज बोने के यंत्र की सहायता से खेत में बीज बोया जाता हैं। |
| | ***b)*** *चारा पौधे को रोपना :* सुबह में बीजतल (बीज को अंकुरित करने वाले खेत) से चारापौधों को सावधानी से निकाल लिया जाता हैं। उसके बाद तैयार खेत में 2-3 से॰मीटर जल की गहराई रखकर कतार युक्त तरीके से चारा पौधों को रोपा जाता हैं। |
| **vi) खाद का प्रयोग** | जमीन की उर्वर क्षमता और धान को प्रजाति के अनुसार खाद के प्रकार और उसकी मात्रा भिन्न-भिन्न होती हैं। इस दशा में जैविक और अजैविक दोनों प्रकार के खाद व्यवहार में लायी जाती हैं। |
| **vii) भीतरी निराई और साफ-साफाई** | धान के खेत की समय-समय पर निवराई करते रहने पर जमीन के खर-पतवारों को सहज ही नष्ट किया जाता हैं। इससे मिट्टी भी नरम रहती हैं और चारापोधों में वृद्धि भी अच्छी होती हैं। कई बार खर-पतवार को नष्ट करने वाले रासायनिक पदार्थों का उपयोग करके भी खर-पतवार नष्ट किये जाते हैं। |
| **viii) जल से सिंचाई** | रोपे गये आऊस, अमन और बोरो धानों के बढ़ते समय और परिवर्तित काल में पौधों को जड़ के पास 30 मिलीमिटर से 50 मिलीमिटर तक गहरा जल रहना आवश्यक हैं। इसके अलावा भी खरीफ ऋतु में अनियमित वर्षा में खरीफ से पूर्व तथा बोरो धान की खेती में नियमित जल सिंचाई की आवश्यकता होती हैं। |
| **ix) फसल काटना** | फसल काट कर गट्ठर बना कर खलिहान में ले जाया जाता हैं। इसके बाद करके पत्तियों-डण्डलों से अन्न अलग किया जाता हैं। |

## आम

फलों का राजा हैं आम। तुमने भी आम अवश्य खाया होगा। तुम किस-किस प्रकार के आमों के नाम जानते हो? उन नामों को नीचे की तालिका में लिख डालो। ये आम वर्ष के किस समय होते हैं - यह भी लिखो।

| आमों के नाम | वर्ष के किस समय होता हैं |
|---|---|
| | |

आम से किस प्रकार की खाने की वस्तु बनती हैं?

आमों का जन्म स्थान हमारा यही भारतवर्ष हैं। बाद में आम श्रीलंका, ब्रह्मदेश, मलेशिया, इण्डोनेशिया और पूर्व भारतीय द्वीप समूहों में ले जाया गया। भारत में प्राय: सभी स्थान पर कम या अधिक आम की खेती होती हैं। पश्चिम बंग में मालदा, मुर्शिदाबाद और नदिया में सबसे अधिक आम की खेती होती हैं।

**आम का पेड़ अवश्य देखा हैं तुमने। आम के पेड़ का चित्र बनाओं।**

## आम के गुण-अवगुण

अच्छी प्रजाति के आम सुन्दर गन्ध युक्त सुगन्ध वाले होते हैं। दुर्गन्ध न होना ही वाछंनीय हैं। आम में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा और खनिज पदार्थ (Ca, P, Fe इत्यापि) प्रचुर परिमाण में होते हैं। विटामिन A, B कम्पलेक्स और C पाई जाती हैं। इसके अलावा इसमें जल, तन्तु और फाइटोकेमिकल (बीटा कैरोटीन) पाये जाते हैं।

## जलवायु

अब जान लेते हैं कि किस प्रकार की जलवायु आमों की वृद्धि के लिये उपयोगी हैं। समुद्र-तल से 1500 मीटर की ऊँचाई पर आम के पेड़ अच्छी तरह से उत्पन्न होते हैं। लेकिन इससे अधिक ऊँचाई पर आम के पेड़ बढ़ते हैं लेकिन व्यवसायिक रूप से इनकी खेती नहीं जाती हैं। आम के पेड़ों पर बोरो (मुकुल-नन्हें फूलों का मुख्य) आने के समय आकाश का साफ होना, हिमपात या कुहासा का ना होना एकदम आवश्यक हैं, क्योंकि हिमपात या कुहासा बोरो के लिये अत्यन्न क्षतिकारक हैं।



## मिट्टी किस प्रकार की हो

आम कई प्रकार की मिट्टियों में उत्पन्न होता हैं। फिर भी नदी प्रवाह द्वारा जमी मिट्टी और उर्वर दोमट मिट्टी आम की खेती के लिये विशेष रूप से उपयुक्त हैं। बलुई, कादा और जलोढ़ मिट्टी आम की खेती के लिये अनुपयुक्त हैं।

## आम की प्रजाति (प्रकार)



हेम सागर, बम्बइया, लँगड़ा, गुलाब-खस, बीड़ा (या सफदर-पसन्द), प्याश्रफुली, रानीपसन्द, झूमकोफजली, नीलम, चाँसा, दसदरिया, आम्रपाली, अलफान्सी, वेगम फुली — पूरे भारत में विभिन्न प्रकार के आम पाये जाते हैं। इनके स्वाद और गन्ध भी अलग-अलग होते हैं। पश्चिमबंग में हेमसागर, गुलाब-खस, सफदर-पसन्द या बोड़ा, पेयाराफुली, रानीपसन्द, झूमकोफजली प्राय: प्रत्येक वर्ष ही फल देते हैं। इस दृष्टि से लंगड़ा बहुत अनियमित हैं। प्रति वर्ष ठीक ढंग से ऊपज नहीं पायी जाती हैं। पश्चिमबंग के जिन आमों के नाम बताये गये उनमें सबसे पहले गुलाब-खस पकता हैं और रस से अन्न में झूमकोफजली पकता हैं। झूमकोफजली वास्तव में एक प्रकार का फजली आम हैं। आकार में थोड़ा छोटा हैं। झूण्ड का झूण्ड फलता हैं। पर्याप्त मात्रा में नियमित फलता हैं।

## वंशविस्तार

बीज से आम का वंशविस्तार करने की परम्परा ही बहुत समय से प्रचलित हैं। लेकिन बीज सें उगे आम के पेड़ों में कभी भी उसकी प्रजाति की विशिष्टता पूरी-पूरी बनी नहीं रह पाती। एक अच्छे प्रकार के आम की गुठली बो देने पर जो चारा पौधा उगता हैं, उसमें लेकिन उस अच्छे प्रकार के सारे गुण वाले आम नहीं फलेंगे।

इस समस्या को दूर करने के लिये अच्छी प्रजाति के आमों से उनका ''कलम'' किया जाता हैं। ''कलम'' से तैयार चारा पौधों में उसके सभी गुण बने रहते हैं। तुम अवश्य ही सोच रहे हो कि यह कलम करना क्या हैं ? तुमने शायद देखा होगा कि रवी या जवा के पौधों की एक डाल काटकर जमीन में गाड़ देने पर उससे एक नया पौधा निकल

आता हैं। यह भी एक प्रकार का कलम करता हैं। इसे शाखा कलम कहते हैं अर्थात् उद्भिज के किसी एक अंग से नया उद्भिज तैयार करना। यह उद्भिजों का एक तरह से अंग विस्तार (propagation) हैं जो कृत्रिम पद्धति से किया जाता हैं।




आम के पेड़ का कलम अनेक विधियों से किया जाता हैं। जैसे जोड़ा-कलम विनिमय (अंगूरी) कलम, टुकड़ा (चिप्पड़) कलम, गुठली-कलम। हमलोग यहाँ केवल सबसे प्रचलित विधि-योग-कलम (जोड़ कलम) की संक्षिप्त जानकारी हासिल करेंगे।

**आम का जोड़ कलम**

गुठली से तैयार किये गये एक चारा पौधें (स्टाक) के साथ उन्नत किस्म के आम के पेड़ को (सियन) शाखा जोड़कर बाँधकर कलम किया जाता हैं। इसीलिए इस विधि का नाम जोड़-कलम हैं। सामान्यत: आषाढ़ महीने में यह कलम किया जाता हैं।

i) कलम करने के लिये चारा पौधे और उन्नत प्रकार के आम के पेड़ को टहनी से दोनों का कुछ भाग काटकर दोनों का जोड़ा लगाकर सुतली (डोरी) से बाँध दिया जाता हैं। जोड़ा न लगने तक न जुड़ने तक चारा पौधें में जल दिया जाता हैं।

ii) जोड़ा लगने की क्रिया पूरी होने (जुड़ने) पर चुने गये उन्नत किस्म के पौधें के जोड़ के नीचे की ओर के भाग और चारा पौधें के जोड़ के ऊपर के भाग को एक बार ही न काटकर 2 से 3 बार तक काटकर फेंक दिया जाता हैं (काटने की जगह चित्र में तीर चिन्ह से दिखा गया हैं।)

iii) जोड़ कलम के द्वारा तैयार पौधे को कई दिनों तक छाँव में रखा जाता हैं। इसके बाद नर्सरी में लगा दिया जाता हैं।

**खेती की पद्धति (विधि)**

| खेती के क्रम | क्या किया जाता हैं |
|---|---|
| i) खेत की तैयारी | सूर्य की पर्याप्त रोशनी मिले तथा जल निकलने की अच्छी व्यवस्था हो ऐसी ऊँची जमीन चुन ली जाती हैं। अच्छी तरह जोतकर जमीन समान कर ली जाती हैं। इसके बाद जमीन में शन के बीज (जूट प्रजाति) बोये जाते हैं। शन के पौधें की उम्र 5-6 सप्ताह हो जाने पर हल और हेंगा की सहायता से मिट्टी को भली-भाँति दबाकर सड़ाकर हरित खाद तैयार की जाती हैं। |
| ii) चारा पौधे लगाना | कलम करने के कई महिनों के बाद ही चारापौधे लगाना अच्छा होता हैं। हमारे देश में वर्षा के समय चारापौधे लगाना अच्छा होता हैं। समान-समान दूरी पर गडढे खोदकर, निकली मिट्टी के साथ उचित परिमाण में गोबर खाद, सुपर फास्फेट, और छाई मिलाकर उन्हीं गड्ढों को भर दिया जाता हैं। इसके बाद चारा पौधों को सीधा खड़ाकर गाड़ दिया जाता हैं। इनके साथ काठ या बाँस बाँधकर खड़ा करने पर पेड़ सीधे बढ़ते हैं। |
| iii) खाद का प्रयोग | नियमित और आवश्यक परिमाण में आम के फल पाते रहने के लिये प्रति वर्ष सटीक परिमाण में खाद देना आवश्यक होता हैं। पौधों के प्राथमिक वृद्धि के लिये नाइट्रोजन की आवश्यकता अधिक होती हैं। इसीलिए अमोनियम सल्फेट अथवा यूरिया दिया जाता हैं। |
| iv) सिंचाई | चारा पौधों को 6 माह तक सप्ताह में दो बार और इसके बाद सप्ताह में एक बार सिंचाई करना अच्छा होता हैं। पौधों के बड़े हो जाने पर 15 दिनों के अन्तर पर सिंचाईं करना उचित होता हैं। |

| खेती के क्रम | क्या किया जाता हैं |
|---|---|
| v) अन्य देखभाल | आम का पेड़ लगाकर जल और खाद देने से ही नहीं होगा। इसके साथ ही बगीचे की जमीन जोत कर सदैव साफ रखना होगा — एक बार वर्षा से पहले और एक बार वर्षा के बाद। इसके फलस्वरूप गिरे हुये पत्ते तथा अन्य खर-पतवार सड़कर जैविक खाद के रूप में बदल जाते हैं। |
| vi) फल-संग्रह | फूल से फल आने में प्राय: 4-5 महीने लग जाते हैं। पश्चिमबंग में आमों पर बौर पौष-माघ महीने में आ जाते हैं। पूरे तौर पर आमों के पकने से पहले ही पेड़ पर से आम तोड़ लेने चाहिये। अन्यथा पक्षी इसे नष्ट कर देते हैं। आम जब हल्का हरा होना प्रारम्भ करें, तभी समझना चाहिए कि इन्हें तोड़ने का समय आ गया हैं। |
| vii) फल-देना (फलना) | कलम किये गये आम के पौधों में बाद के वर्ष में ही फूल लग जाता हैं लेकिन 5 वर्षों से पहले फल तोड़ना उचित नहीं हैं। बौर या फूल के आते ही इसे तोड़ देना चाहिये। पौधों की उम्र बढ़ने के साथ-साथ फलों की संख्या और परिमाण बढ़ता रहता हैं। |
| viii) फल-संरक्षण | उन्नत किस्म के आमों की समूचे कड़े और हरे अवस्था में तोड़कर अच्छी तरह से पैकिंग करके हिम-घर में उचित उष्णता और आर्द्रता में कई सप्ताह तक अच्छी तरह से रखा जाता हैं। |

## चाय

चाय के साथ तुम सभी लोगों का कमोवेश परिचय हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया के इरावती नदी की उपत्यका चाय का मूल स्थान हैं। चीनी भाषा के Tey से Tea शब्द निकला हैं-ऐसा माना जाता हैं। चीन, भारत, केन्या, श्रीलंका और टर्की पृथ्वी पर सर्वाधिक चाय उत्पादन करते हैं। भारत में चाय उत्पादन के मुख्य राज्य असम, पश्चिमबंग, तमिलनाडू तथा केरल हैं। 1000 से लेकर 2500 मीटर ऊँचे क्षेत्रों के पहाड़ों पर अम्लीय मिट्टी में चाय की खेती की जाती हैं। भारत में अनेक प्रकार की चाय पायी जाती हैं। जिसमें दार्जिलिंग, असम और नीलगिरी की चाय प्रसिद्ध हैं।



### चाय के गुण-अवगुण

i) चाय पीने से शरीर में उत्तेजना आती हैं। इसका मुख्य कारण चाय में उपस्थित कैफिन हैं।

ii) चाय में फ्लैबोनायड, टेनिन नुकसानदायक तेल और विटामिन B उपस्थित होते हैं — जो स्वास्थ के अनुकूल हैं।

iii) चाय में उपस्थित पोलीफेनल रक्त में कालेस्टोटेल की मात्रा को कम करने में सहायक हैं। इसके अलावा उच्च रक्त दबाव, हेपाटाइटिस को दूर करने में सहायक हैं।

iv) चाय में उपस्थित पैण्टोथेनिक, एसिड, कैफीन और थियोफाइलेन स्नायु को उत्तेजित करते हैं और हृदय को स्वस्थ रखते हैं।

v) चाय में अधिक परिमाण में उपस्थित फ्राइड दाँत के क्षय को रोकता हैं।

vi) काली चाय में पर्याप्त विटामिन B कॉमप्लेक्स और फोलिक अम्ल रहते हैं। ये अतिउष्णता-प्रतिरोध और कैन्सर प्रतिरोधी की भूमिका का निर्वाह करते हैं।

vii) हरी चाय में विटामिन K रहती हैं जो शरीर के भीतर होने वाले एक-क्षरण, हिउमेटिक प्रवाह और हार्ट अटैक को बाधा देती हैं।

## चाय के पौधों में अन्तर



उद्‌भिज-वैज्ञानिकों ने *Camellia* प्रजाति की चाय को उत्पन्न करने वाले तीन प्रकार के पौधों को अलग से चिन्हित किया हैं। ये चीनी जाति, असमी जाति और कैम्बोड मिश्रित (संकर) जाति हैं। इसके अलावा चाय को तैयार नहीं किया जाता हैं। *Camellia* प्रजाति के और भी अनेकों प्रजाति के उद्‌भिज हैं। वर्तमान समय में व्यवसायिक रूप से जिन चायों की खेती की जाती हैं। इन चायों के पौधों की उत्पत्ति में इन सब की भूमिका हैं। अत: वाणिज्यिक चाय के पौधों की विशेष किसी प्रजाति का कहकर चिन्हित करना मुश्किल हैं।

## वंश विस्तार (Propagation)

बीज से या पौधे के किसी भाग से-इन्हीं दो तरह से चाय के पौधों का वंश विस्तार किया जाता हैं।

### बीज से

अच्छे प्रकार के पुष्ट, स्वस्थ और चमकीले बीजों को चुन लिया जाता हैं। इसके बाद बालू पर (Sand bed) बीजों को अंकुरित किया जाता हैं। अंकुरित बीजों को पोलिथीन के पैकेट में नर्सरी-बगीचे में इन्हें भेज दिया जाता हैं। नर्सरी बगीचे में जल-निष्कासन की व्यवस्था अच्छी होती जरुरी हैं। इनके ऊपर शामियाना अथवा पण्डाल लगाकर छाया की व्यवस्था की जाती हैं। 15-18 माह में चारा पौधे अन्य स्थान पर स्थानान्तरण के लिये तैयार हो जाते हैं।

### अंगों का विस्तार

गाँठ से काटी गयी शाखा के अंगों के विस्तार के लिये उपयोग होता हैं। छायाहीन स्थान में उत्पन्न और जिसके पत्ते तोड़े न गये हो ऐसे पौधे के झोप से शाखा काट ली जाती हैं। सामान्यत: यह काम प्रात: अथवा संध्या के समय किया जाता हैं। सामान्यत: 3-4 सेण्टी मीटर लम्बी शाखा काटी जाती हैं। ताकि उसमें एक पत्ता और एक खिला हुआ मुरझाया हुआ फूल (मुकुल) रहे। इन काटी हुई शाखाओं को पहले नर्सरी में फिर पोलिथीन पैकेट में स्थानान्तरित किया जाता हैं। शामियाना या पण्डाल लगा कर छाया की व्यवस्था की जाती हैं। सामान्यत: 12-18 माह की उम्र वाले चारे पौधे खेती की जमीन में लगाये जाते हैं।

## खेती के क्रम

| खेती के क्रम | क्या किया जाता हैं |
|---|---|
| i) खेत को तैयार करना | चाय के खेत में उगे सभी उद्‌भिजों को जड़ सहित उखाड़कर फेंक दिया जाता हैं क्योंकि मिट्टी के नीचे गड़े रह जाने पर वहाँ से नई चाय के पौधे में नाना प्रकार के संक्रमण हो सकते हैं। इसके बाद 45 से०मी० की गहराई तक खेत जोता जाता हैं। इसके बाद गुयाटे माला घास, सिट्रीनेला घास, क्रोटोलारिया और अन्यान्य कुछ घासों की खेती की जाती हैं। NPK जातीय अजैविक खाद अथवा जैविक खाद दी जाती हैं। इन सभी घासों की खेती मिट्टी का गठन उन्नत करके मिट्टी में जैविक पदार्थों की उपस्थिति बढ़ा देती हैं? इन फसलों को उपस्थिति मिट्टी में उपस्थित बहुत से रोग सृष्टिकारी (रोग उत्पन्न करने वाले) जीवाणुओं की मार डालने या इन्हें निष्क्रिय करने में मददगार सिद्ध होती हैं। इसके बाद इन सभी उद्‌भिजों को हटाकर चाय के पौधे (चारा पौधे) रोपने की तैयारी शुरू की जाती हैं। |

| खेती के क्रम | क्या किया जाता हैं |
|---|---|
| ii) चारा पौधों को रोपना | रोपन के एक सप्ताह से पहले गहरा गड्ढा खोदा जाता हैं। इसके बाद गड्ढे जमीन के ऊपरी स्तर तक (top soil) भर कर 12-18 महीनों के चारापौधे रोपे जाते हैं। चारा (शिशु) पौधों की जड़ों के चारों ओर भींगे पत्ते खर इत्यादि रखे जाते हैं (mulching) । |
| iii) छाया की व्यवस्था  | क्रान्तीय (कर्क और मकर अक्षांश पर या निकट) और उप-क्रान्तीय क्षेत्र में चाय की खेती छाया में की जाती हैं। चाय के पौधों को यह छाया कुछ छाया-वृक्ष (Shade tree) देते हैं। छाया वृक्ष सूर्य के विकिरण का अधिकांश भाग शोषित कर आसपास तापक्रम को कम कर देते हैं। परिणामत: ग्रीष्म (गर्मी ऋतु) में चाय की पत्तियों में होने वाला प्रकाश संश्लेषण की उचित दर बनी रहती हैं। छाया वृक्षों की पत्तियाँ जमीन पर गिरकर जैविक पदार्थों का परिमाण भी बढ़ाते हैं। ओक प्रजाति के पेड़ छाया वृक्ष का काम करते हैं। |
| iv) खर-पतवार को नष्ट करना | चाये के बगीचे में एक बीज पत्ती और द्विबीज पत्ती - यही दो प्रकार के खर-पतवार उत्पन्न होते हैं। खर-पतवार नाशक कई पदार्थों (डाइयूरन, सिमाजीन, 2.4-D इत्यादि) का प्रयोग किया जाता हैं। जल में इन पदार्थों को घोलकर स्प्रे किया जाता हैं। |
| v) खाद का प्रयोग | चाय चूँकि एक पत्ती प्रधान फसल हैं। अत: नाइट्रोजन युक्त खाद के उपयोग से उत्पादन में वृद्धि होती हैं। यूरिया, अमोनियम सल्फेट अथवा कैल्शियम अमोनियम नाइट्रेट जैसे खादों के व्यवहार से मिट्टी में नाइट्रोजन का परिमाण बढ़ाया जाता हैं। |
| vi) सिंचाई | उत्तर-पूर्व भारत में सूखे मौसम (अक्टूबर-फरवरी) में सामान्यत: फौव्वारा पद्धति द्वारा जल सिंचाई की व्यवस्था की जाती हैं। |
| vii) फसल काटना  | आगे का मुकुलित भाग, गाँठों के बीच का और उसके ठीक नीचे का भाग 2 या 3 पत्तियों सहित चाय के पौधे की नई शाखा तोड़ी जाती हैं अर्थात् 1 कुँड़ी और 2 या 3 पत्ते। इसी कार्य पर चाय का उत्पादन और चाय के गुण निर्भर होते हैं। व्यवसायिक चाय के पौधों से वर्ष में 35-40 बार पत्ते तोड़े जाते हैं। एक बार प्रति पौधे से 10-15 ग्राम पत्ते तोड़े जाते हैं। |
| viii) चाय पत्ती की तैयारी | चाय के पौधे से तोड़ा गया पत्ता चाय बनाने के लिये किन्तु उपयुक्त नहीं होता। इसे तोड़ने के बाद नाना प्रकार के परिवर्तनों से गुजर कर ही चाय की पत्ती चाय तैयार होने के योग्य होती हैं। |
| ix) चाय के गुण-अवगुण की परीक्षा | चाय पत्ती तैयार करने का एक महत्वपूर्ण कदम चाय के स्वाद की परीक्षा करना हैं। बेचने से पहले चाय के विशेषज्ञ लोग चाय के स्वाद, रंग, गन्ध की परीक्षा करके देख लेते हैं। |

चाय पत्ती को तैयार करने की विधि के अनुसार व्यवसायिक चाय को तीन भागों में बाँटा जाता हैं। ये हैं — काली चाय (Black tea), हरी चाय (Green tea) और ऊलंग चाय (Oolong tea)। पूरी पृथ्वी पर चाय के कुल उत्पादन का प्राय: 75% काली चाय हैं।






## प्राणी खाद्य की खेती की विभिन्न पद्धति

हम लोग जैसे उद्‌भिजों से विभिन्न प्रकार के खाद्य पाते हैं वैसे ही प्राणियों से भी पाते हैं। इससे पहले तुमने देखा हैं कि उद्‌भिज-जात खाद्य के लिये खेती करनी पड़ती हैं। ठीक उसी तरह प्राणी जाति से उत्पन्न खाद्य को नियमित और यथेष्ट परिमाण में पाने के लिये उन सभी प्राणियों का प्रयत्न करके प्रतिपालन करने की जरूरत हैं और इसके साथ ही उनके प्रजनन की व्यवस्था करना भी आवश्यक हैं। यही पशुपालन (Animal husbandry) कहलाता हैं।

हम लोग यहाँ मधुमक्खी, मछली और मुर्गी पालन के सम्बन्ध में जानेंगे।

### मधुमक्खी

तुममे से कई लोगों ने मधुमक्खी देखा हैं और क्या छत्ता देखा हैं? पेड़ों की डालीं पर, घर के कार्निस पर, झाड़ियों अथवा अन्य जगहों पर भी छत्ते को लटकते हुये अवश्य देखा होगा। मधुमक्खियों से हम मधु और मोम पाते हैं। पेड़ों की डाली पर या दूसरे जगहों पर जो छत्ते तुम देखते हो, वे वास्तव में (बूना) जंगली मधुमक्खियों द्वारा बनाया गया ढाँचा है। (बूना) जंगली मधुमक्खी इसलिये कहा कि इन मधुमक्खियों का पालन नहीं किया जाता हैं। वे अपनी आवश्यकता के कारण ही छत्ता बनाती हैं और वहाँ मधु भी तैयार करती हैं।



छत्ता

#### मधुमक्खियों का समाज

मधुमक्खियों में विभिन्न कार्य करने के लिये विभिन्न प्रकार की मधुमक्खियाँ पाई जाती हैं- रानी मधुमक्खी, पुरूष मधुमक्खी और श्रमिक मधुमक्खी। मधुमक्खियाँ समाज बद्ध (सामाजिक) जीव हैं। मधुमक्खियों के समाज में तीन प्रकार की मधुमक्खियों में प्रत्येक का निर्दिष्ट कार्य हैं। रानी मधुमक्खी का काम अण्डे देना हैं। पुरूष मधुमक्खी का काम रानी मधुमक्खी के साथ प्रजनन करना हैं और श्रमिक मधुमक्खी के अनेक काम हैं - छत्ता तैयार करना, फूलों से उनके पराग-रेणु तथा मकरन्द (रस) ग्रहण करना, रानी और पुरूष मधुमक्खियों की सेवा करना मधु और मोम तैयार करना, सन्तान का लालन-पालन करना, छत्ते का पहरा देना।



श्रमिक रानी पुरूष

#### छत्ता और मधु तैयार करना

मधुमक्खियाँ छत्ता कैसे तैयार करती हैं। तुम जानते हो क्या? श्रमिक मधुमक्खियों की पेट की थैली में मोम ग्रन्थि होती हैं। इसी मोम ग्रन्थि के क्षरण से वे छत्ता बनाती हैं। प्रत्येक छत्ते में असंख्य पृष्ठभुज प्रकोष्ठ होते हैं और मधुमक्खी मधु कैसे तैयार करती हैं? श्रमिक मधु मक्खियों फूल से मकरन्द इकट्ठा करती हैं। संग्रह किये हुए मकरन्द को अपने शरीर की मधुथैली में जमा रखती हैं। मधुथैली में मकरन्द के साथ लाल रस मिलता हैं। इसके फलस्वरूप मकरन्द में उपस्थित शर्करा में थोड़ा परिवर्तित होता हैं। श्रमिक मधुमक्खी इसके बाद

इस मिश्रण को मधु प्रकोष्ठ में उगल देती हैं और डैनों से लगातार हवा करती रहती हैं। फलस्वरूप जल वाष्पित होकर मधु में बदल जाता हैं।

**मधु के पौष्टिक गुण**

मधु में पर्याप्त ग्लूकोज और फ्रुक्टोज के रहने के कारण यह पुष्टिदायक हैं। इसके अलावा भी इसमें एमीनो एसिड और विभिन्न खनिज पदार्थ (Na, K, Ca, Fe, Mg, P) रहते हैं। इसमें विटामिन A, B कॉमप्लेक्स तथा C होती हैं।

## मधुमक्खी कैसे बड़ी होती हैं

आओं अब जल्दी से यह जान लिया जाये कि, मधुमक्खियाँ छोटी से बड़ी कैसे होती हैं। मधुमक्खियों के जीवन में चार दशाए होती हैं – अण्डा, लार्वा, पिउपा, पूर्णांग। रानी और पुरुष मधुमक्खियों के मिलन के बाद रानी मधुमक्खी अण्डा देती हैं। फिर अण्डे से लार्वा और लार्वा से पिउपा होता हैं। पिउपा पूर्णांग मधुमक्खी के रूप में बदल जाता हैं।




## मधुमक्खियों के प्रकार


पहाड़ी मधुमक्खी


भारतीय मधुमक्खी


छोटी मधुमक्खी


यूरोपीय मधुमक्खी

## मधुमक्खियों का पालन

जंगली मधुमक्खी की चाक से जो मधु पाया जाता हैं उसका परिमाण अत्यन्त अल्प होता हैं और यह नियमित रूप से पाया भी नहीं जाता। इस मधु के गुण-अवगुण को नियन्त्रित भी नहीं किया जा सकता। इसीलिये विज्ञान सम्मत और कृत्रिम उपायों मधुमक्खियों का प्रतिपालन किया जाता हैं। यही मधुमक्खी पालन हैं। मधुमक्खी के पालन के लिये जिन प्राकृतिक अथवा कृत्रिम मधुमक्खियों के रहने की जगह उपयोग में लायी जाती हैं- उसे ही मधुमक्खीशाला या एपियारी कहते हैं।

भारत में मधुमक्खी पालन के लिये दो प्रकार की विधि का व्यवहार किया जाता हैं — देशीय विधि और आधुनिक या वैज्ञानिक विधि।

## देशी पद्धति (विधि)

i) इस पद्धति (विधि) से मधुमक्खियों का प्रतिपालन नहीं किया जाता। प्राकृतिक रूप से पेड़ों की डाल, घर की दीवार या कार्निस जैसी जगहों पर तैयार किये गये छत्ते को खोज लिया जाता हैं।



ii) कई बार खोखली लकड़ी का गुटका (गुँड़ा), लकड़ी का सन्दूक या मिट्टी की हांड़ी मधुमक्खियों की आवाजाही वाले स्थानों पर रख दिये जाते है। मधुमक्खियाँ स्वेच्छा से आकर यहाँ अपना चाक बनाती हैं।

iii) बाद में आग जलाकर या धुआँ उत्पन्न करके मधुमक्खियों का इन वस्तुओं से बने चाक पर से भगाने का उपाय करते हैं। फलत: मधुमक्खियाँ चाक छोड़ कर भाग जाती हैं - कभी-कभी मारी भी जाती हैं। बाद में उस छत्ते को तोड़कर मधु निकालते हैं।

## आधुनिक पद्धति (विधि)



i) इस पद्धति में प्राकृतिक छत्ता तैयार करने की कुशलता के आधार पर कृत्रिम छत्ता तैयार किया जाता है। प्राकृतिक रुप से तैयार छत्ते के नीचे मधुमक्खियों की सन्तानों के पालन के लिये घर होता हैं और ऊपर की ओर मधु-प्रकोष्ठ होते हैं। इस कृत्रिम छत्ते में भी यही व्यवस्था होती हैं।



कृत्रिम छत्ता

ii) एक रानी मधुमक्खी और कई श्रमिक मधुमक्खियों को पकड़कर इस कृत्रिम छत्ते में छोड़ा जाता हैं। कुछ दिनों के अन्दर ही और मधुमक्खियाँ आकर इस छत्ते से जुट जाती हैं।

iii) बहुत कम समय में ही रानी के अण्डे से छत्ते में पर्याप्त मधुमक्खियाँ हो जाती हैं।

iv) आम, जामुन, नीबू, अमरुद, गाजर, धनिया, सरसो, सौंफ, लौकी, कुम्हड़ा, प्याज, मटर आदि विभिन्न प्रकार के पेड़ों से मधुमक्खियाँ मकरन्द संग्रह करती हैं। इसीलिए मधुमक्खी पालन के लिये मघुमक्खीशाला के निकट या चारों ओर इन पेड़ों का होना जरुरी हैं।



v) छत्तों से विशुद्ध मधु संग्रह करने के लिये विशेष प्रकार का मधु निष्कासन यंत्र का उपयोग होता हैं।

## मछली

मछली खेती (Fisheries), शब्द व्यापक अर्थ में व्यवहार किया जाता है। मछली के अलावा चिंगड़ी घोंघा, सीप मेढ़क इत्यादि प्राणियों की खेती भी मछली की खेती के अन्तर्गत ही आता हैं। हमलोग केवल मछली की खेती (Pisciculture) के बारे में ही आलोचना करते हैं।

### मछली की खेती के प्रकार

मछली के उत्पादन के आधार पर मछली की खेती को दो भागों में बाँटा गया हैं।

**मछली की खेती** (मछली के उत्पादन की व्यवस्था के अनुसार)

**संग्रह आधारित** (Capture)

नद-नदी और बड़े जलाशय में मछली पालन करना संभव नहीं होता। इसलिए नद-नदी एक विशाल जलाशयों से मछलियाँ केवल पकड़ी जाती हैं।

**पालन आधारित** (Culture)

तालाब, नाला, विल डोवा भेरी जैसे जलाशयों में मछलियों का चारा छोड़ा जाता है। नियमित रूप से खाद्य का प्रयोग, खाद्य वितरण, रोग नियंत्रण और दूसरे उपायों के माध्यम से मछली के उत्पादन में वृद्धि की चेष्टा की जाती हैं।

मछली के उत्पादन के क्षेत्र के आधार पर मछली की खेती को और दो भागो में बाँटा जाता हैं।

**मछली की खेती** (मछली के उत्पादन के आधार पर)

- **अन्तर्देशीय** (Inland)
  - **मीठा जल/ताजा जल** (Fresh water)
  - **अल्प लवण युक्त जल** (Brackish water)
- **सामुद्रिक** (Marine)
  - **तटवर्तीय** (Coastal)
  - **गहरा सामुद्रिक** (Deep Sea)

हम यहाँ मुख्य रुप से मीठे स्वादिष्ट जल में पलने वाली मछली के बारे में चर्चा करेंगे।

मछली की खेती को लेकर आलोचना शुरू करने से पहले साधारणत: जिन सब मछलियों की खेती की जाती है, उसके संबंध में जान लो।

### कार्प (एक तरह की ताजे जल की मछली) क्या हैं ?

मीठे जल में रहने वाली हड्डीयुक्त मछलियों के त्रिकोणात्मक सिर में अंश नहीं रहता, अतिरिक्त श्वासयंत्र और जबड़े मे दाँत अनुपस्थित हो, देह में पटका हो वही कार्प हैं। जैसे रोहू, कतला, बाटा आदि महलियाँ। कार्प को दो भागों में बाँटा जा सकता हैं।

**कार्प**

- **देशी कार्प** (Indigenous carp)
  - **मेजर कार्प**
    - (i) आकार में बड़ी होती हैं।
    - (ii) जल्दी-जल्दी बड़ी होती हैं। साधारणत: गहरे जल में अण्डा नहीं देती।
    - (iii) व्यपारिक रुप से महत्त्वपूर्ण और मांग भी अधिक है।
    - उदाहरण–रोहू, कातला, मृगेल, कालबोस
  - **माईनर कार्प**
    - (i) आकार में छोटी होती है।
    - (ii) जल्दी नहीं बढ़ती। साधारणत: गहरे जल में अण्डे देती हैं।
    - (iii) व्यपारिक रुप से महत्त्वपूर्ण नहीं हैं।
    - उदाहरण – बाटा, पूँटी इत्यादि।
- **बाहरी कार्प** (Exotic carp)
  - (i) विदेश से मगांई गयी।
  - (ii) भारतीय जलवायु के अनुकुल हो बढ़ती हैं और प्रजनन में भी सक्षम होती है।
  - उदाहरण – ग्रास कार्प, छेसो रोहू, कामन कार्प, अमेरिकन रोहू। सिल्वर कार्प।


रोहू


कतला


पूँटी


सिल्वर कार्प


मृगेल


कालवोस


कामन कार्प


ग्रास कार्प

## मछली की खेती के विभिन्न अनुक्रम

### 1. अण्डे के पोने का संग्रह :

प्रजनन ऋतु में अर्थात् जून-जुलाई (आषाढ़-सावन) महीने में रोहू, कतला, मृगेल की मादा मछलियाँ कम गहरे जल में डिम्बाणु छोड़ती हैं और पुरुष मछलियाँ शुक्राणु निःसृत करते हैं। शुक्राणु और डिम्बाणु के मिलने से अण्डे का पोना तैयार होता हैं। मछली को किसान जाल की सहायता से अण्डे का पोना और निषिक्त अण्डे को हांड़ी में एकत्रित करते हैं। निषिक्त अण्डे कौन अण्डे हैं जानते हैं? जिन अण्डे के साथ शुक्राणु का मिलन हो गया हैं। वही निषिक्त अण्डे कहलाते हैं और मिलन की यह प्रक्रिया निषेक होती हैं। निषिक्त अण्डों से ही अण्डे का पोना तैयार होता हैं।



### कृत्रिम पद्धति

i) कृत्रिम पद्धति से अण्डे का पोना तैयार करने पर किन-किन मछलियों के अण्डे का पोना तैयार हो रहा हैं - यह अपने वश में होता हैं और अण्डे के पोने को संग्रह करने में भी सुविधा होती हैं।

ii) इस पद्धति में प्रत्येक स्वस्थ सबल मादा मछली के लिये दो स्वस्थ, सबल पुरुष मछली ली जाती हैं। मछलियों के सिर में मनुष्यों के सिर की भाँति एक अन्तः निसत ग्रन्थि रहती हैँ जिसका नाम पिटुइटारी ग्रन्थि हैं। मछली की पिटुइटरी ग्रंथि का नमूना लेकर उन चुनी गयी मछलियों को इंजेक्शन दिया जाता हैं। पुरुष और मादा मछलियों में से किसे कितनी बार यह इंजेक्शन दिया जाये इसका एक निर्दिष्ट नियम हैं। तुम अपनी अगली कक्षाओं में इसके बारे में विस्तृत जानकारी पा सकोगे।



iii) पिटुइटारी इंजेक्शन देने के कारण मादा मछली डिम्ब तथा पुरुष मछली शुक्राणु निःसरण करते हैं। शुक्राणु और डिम्बाणु के मिलन से (डिम-पोना) अण्डे का पोना तैयार हैता हैं।

### 5. अण्डे के पोना (डिम पोना) से पुरुष मछली

प्रकृति से मछलियों के किसानों द्वारा संग्रह किये गये निषिक्त अण्डों से अण्डे का पोना (डिम पोना) तैयार करने के लिये इन्हें एक तालाब में रखा जाता हैं। यही अण्डे सेना हैं। अण्डों के पोनें को बारी-बारी से कई तालाबों में प्रतिपालन करके पूर्णांग मछली तैयार की जाती हैं। इन तालाबों के प्रसव तालाब, पालक तालाब, और संचयी तालाब कहते हैं।

अण्डे की गोली पोना —(प्रसव तालाब)→ धानी पोना —(पालक तालाब)→ चारा पोना —(संचयी तालाब)→ पूर्णांग मछली

### मिश्रित मछलियों की खेती

देशी मछलियों में रोहू, कतला, मृगेल ये तालाब के जल के विभिन्न स्तरों (गहराई) में रहती है और वही से भोजन ग्रहण करती हैं। जैसे कतला और सिल्वर कार्प मछलियाँ जल के ऊपरी स्तर (लगभग ऊपरी तल) से, रोहू और ग्रास कार्प जल के बीच वाले स्तर से तथा मृगेल मछली और कामन कार्प जल के निचले स्तर (अधिक गहराई) से अपना भोजन संग्रह करती हैं। इसीलिये इन मछलियों की खेती एक साथ करने पर इनके भोजन संग्रहण और रहने की जगह को लेकर इनके बीच कोई प्रतिद्वन्दिता नहीं होती। फलतः यें मछलियाँ जल्दी-जल्दी बढ़ती है। इस पद्धति से कई बार एक ही तालाब में केवल रोहू, कातला और मृगेल मछलियों की खेती की जाती है और

कई बार देशी और बाहर से आई – इन दो प्रकार की मछलियों की खेती एक ही तालाब में की जाती हैं। इन दोनों स्थितियो में ही मछलियों के उत्पादन की संख्या में वृद्धि दिखाई पड़ती हैं। तीन प्रकार की देशी मछलियों की एक ही तालाब में खेती करना ही मिश्रित मछलियों की खेती कहलाता हैं और तीन प्रकार की देशी कार्प मछलियों के साथ तीन प्रकार की बाहरी (विदेशी) कार्प मछलियों की खेती को निविड़ मिश्र खेती अथवा पोलोकल्चर कहते हैं।

### गन्दे जल में मछली की खेती

पहले यह जान लेना आवश्यक हैं कि 'गन्दे जल' से क्या पता चलता है। घर मकान, नगरपालिका के वर्ज्य–पदार्थ मिले काले रंग के जल को गन्दा जल कहा जाता हैं। इस जल में मल–मूत्र भी मिले रहते है और इसमें जटिल पदार्थ के रुप में विभिन्न जैविक और अजैविक पदार्थ भी होते हैं।

गन्दे जल में उपस्थित अजैविक पदार्थ अजैविक खाद की तरह काम करते हैं। फलत: जल में नाइट्रोजन और फास्फोरस की मात्रा में वृद्धि होती हैं। इसलिए मछलियों का मौलिक भोजन, फाइटोप्लैकटन का पर्याप्त मात्रा में निर्माण होता हैं और इसके साथ ही जुप्लैकंटन और दूसरे कीड़े मकोड़े भी तैयार होते हैं। ये सब भी मछली के भोजन हैं। इसलिए बाहर से कृत्रिम भोजन देने की जरुरत नहीं होती।

यहाँ एक बात ध्यान देने योग्य हैं कि मछलियों की खेती किये जाने वाले तालाबों में सीधे अपरिशोधित गन्दे जल का व्यवहार करने से मछलियों को क्षति पहुँच सकती हैं। अत: महलियों की खेती की जाने वाले तालाबो में इस गन्दे जल को मिलाने से पहले इसका परिशोधन आवश्यक होता हैं।

पूर्व कलकत्ता की भेरियां गन्दे जल में मछली की खेती का अन्यतम केन्द्र हैं। विभिन्न नालों की सहायता से कलकत्ता का गन्दा जल इन भेरियो में भेजा जाता हैं और वहाँ मछलियों की खेती की जाती हैं।

**मछलियों में पौष्टिक गुण**

प्राणी प्रोटीन अपरिहार्य (अत्यावश्यक) एमिनो एसिड और फैटी एसिड पाने में मछलियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका हैं। इसके लिये विभिन्न खनिज पदार्थ (Ca, P, Na, K, Mg, S) और कुछ विटामिन (A, C, D और B कॉम्प्लेक्स) भी इनमें होते हैं।

## पोलट्री

हंस और मुर्गी जैसे पक्षियों का पालन आर्थिक लाभ के लिये किया जाता हैं, क्योंकि इनके अण्डों और मांस की यथेष्ट माँग है। हंस और मुर्गी दोनों ही आर्थिक महत्त्व के पोल्ट्री पक्षी है। हमलोग यहाँ केवल मुर्गी–पालन के बारे में जानेंगे। अर्थनैतिक उपयोगिता के आधार पर मुर्गियों को तीन हिस्सों में बाँटा जाता हैं।

**मुर्गी** (अर्थनैतिक उपयेगिता के आधार पर)

| अण्डे देने वाली जाति (Laying breed) | मांस उत्पादनकारी जाति (Table breed) | उभय गुण सम्पन्न जाति (Dual breed) |
|---|---|---|
| ये वर्षभर में 150-200 या उससे भी अधिक अण्डे देती हैं इसलिये अण्डे के लिये इनका पालन होता हैं।<br>उदाहरण – लेगहार्न, मिनेर्का | ये वर्ष में अधिक परिमाण में मांस उत्पन्न करती हैं। इसीलिये इनका पालन केवल मांस के लिये होता हैं।<br>उदाहरण – आसिल, टीटांग, गवर्या, कोचीन | इस प्रकार की मुर्गियों से पर्याप्त परिमाण में अण्डे और मांस पाये जाते हैं। अण्डे और मांस दोनों पाने के लिये ही इनका पालन किया जाता हैं। उदाहरण – रोड आइलैण्ड, प्लाउमाउथरशक, न्यूहैम्प शायर। |

भार के अनुसार भी मुर्गियों को दो भागों में बाँटा जाता है।

मुर्गी (भारानुसार)

| हल्की जाति (Light Breed) | भारी जाति (Heavy Breed) |
|---|---|
| जिन मुर्गियों का भार 2-3 किलोग्राम होता हैं उदाहरण लेगहर्न | जिन मुर्गियों का भार 3 किलोग्राम से अधिक होता हैं। उदाहरण असिल, वर्मा, प्लाईमाउथराक |

अण्डा सेने की प्रकृति (ढंग) के अनुसार भी मुर्गियों को दो भागों में बाँटा गया हैं।

मुर्गी (अण्डा सेने के ढंग के अनुसार)

| सीटर (Sitter) | नन सीटर (Non-Sitter) |
|---|---|
| जो मुर्गिया अण्डा सेती हैं उदाहरण वर्मा, कोचीन | जो मुर्गियां अण्डा नही सेती उदाहरण लेगहर्न |

## मुर्गी पालन

हम लोग यहाँ मुर्गी पालन के दो आधुनिक पद्धतियों के बारे में संक्षेप में जानेंगे।

### 1. बैटरी पिंजरे में मुर्गी पालन की पद्धति

व्यवसायिक आधार पर मुर्गी पालन की यह एक उल्लेखनीय पद्धति है। इस पद्धति में प्रत्येक मुर्गी के लिये अलग-अलग पिंजड़े की व्यवस्था की जाती है। पिंजड़े ऐसे होते है कि एक मुर्गी इसमें स्वच्छन्दता पूर्वक उठ बैठ सके। इस तरह के अनेक पिंजड़े कतार बद्ध रुप में होते है। पिंजड़े के तल पीछे से आगे की ओर ढलवाँ होते है। तलों के ढाल होने के कारण मुर्गी के अण्डा देते ही अण्डा लुढ़ककर पिंजड़े के बाहर आकर एक और बर्त्तन में जमा होता है। पिंजड़े के बाहरी ओर भोजन और जल के पात्र लगे रहते है और पिंजड़े के नीचे मुर्गियों के मल संग्रह करने का बर्त्तन होता है।



बैटरी पिंजड़े में मुर्गियाँ ज्यादा हिल-डुल नहीं सकती (अत: उनकी शक्ति कम खर्च होती है)। अत: ये जो भी खाती है उसका, अधिकांश भाग ही शरीर गठन और अण्डा को तैयार होने में लगता है।

### 2. डिप-लीटर पद्दति

लीटर (कुड़ा-कर्कट) के तैयारी के लिये घर को प्रकाश हवा युक्त होना चाहिए। घर के तल (फर्श) को लीटर की तैयारी से पहले चूना और ब्लीचिंग पाउडर छिड़ककर जीवाणु मुक्त कर लेना चाहिये। इसके बाद इस साफ सुथरे हुये फर्श पर कुड़ा कर्कट (litter) बिछाया जाता है। इस बार यह जान ले कि लीटर (litter) क्या है? बिचाली (धान पौधे के छोटे-छोटे टुकड़े) लकड़ी का चुरा सुखे पत्ते धान, कपास के बीज और भूट्टा, आम का छिलका टुकड़े आदि मिलाकर घर के फर्श पर सोने के लिये बिस्तर तैयार किया



जाता है। यही लीटर है। पहले लकड़ी की भुसी (चूर्ण) फैलाकर उसके ऊपर बिचाली बिछाया जाता है। इसके अन्य वस्तुओं को इसपर फैलाकर 10-15 सेण्टी मीटर मोटा नया लीटर तैयार किया जाता है। मुर्गियों का रहना आरम्भ होने पर इस लीटर में मुर्गियों मलके अच्छी तरह मिल जाने पर पुराने लीटर पर फिर 5 से० मी० मोटा लीटर बिछाया जाता है। इसके कारण प्राय: 20 से० मी० मोटा स्थायी लीटर की तैयारी पूरी हो जाती है।

डिप लीटर घर की दीवाली के बाहर भोजन और जल इस प्रकार रखे जाते है कि मुर्गियाँ घर के भीतर से ही छड़ों की फाँक (सुराख) से सिर निकालकर भोजन और जल ग्रहण कर सके। इसी घर में अण्डे सेने के लिये अलग से घर (बासा) बनाकर रखने होते है। इन्ही घरों में मुर्गियाँ आकर अण्डा देती है।

### मुर्गियों के मांस और अण्डों के पौष्टिक गुण

मुर्गियों का मांस और अण्डा प्राणी प्रोटीन का एक महत्त्वपूर्ण श्रोत हैं। मुर्गी के मांस में क्षतिकारक फैट का परिमाण अन्यान्य मांसों की तुलना में कम होने के कारण यह स्वास्थदायक हैं। मुर्गी का अण्डा अपरिहार्य एमिनो एसिड प्रदान करता हैं। अण्डा विभिन्न तत्त्वों (Fe, Ca, P, K) और विटामिन (A, B-काम्प्लेक्स, D और E) की आवश्यकता की पूर्ति करता हैं।

### ब्रायलार



ब्रायलार मुर्गी एक प्रकार की वर्ण संकर मुर्गी है। केवल मांस पाने के लिये ही इनकी सृष्टि की गयी हैं। वर्ण संकर (मिश्रित / दोगली) जाति मुर्गी बनाने की पहली चेष्टा संभवत: 1930 में की गयी थी। कर्निस जाति के पुरुष मुर्गा के साथ सफेद प्लाड माउथ जाति की मादा मुर्गी के मिलन से दोगली (संकर) जाति की मुर्गी तैयार की जाती हैं। यही ब्रारलार जाति की मुर्गी हैं।

ब्रायलर जाति की मुर्गी बहुत जल्दी बढ़ती है। बहुत हिलना डुलना या काम यह नहीं करती। जो भी खाती है उसका अधिकांश शरीर गठन में ही जाता है। ये केवल 5-7 सप्ताह में ही विक्रय करने के भार तक पहुंच जाती है। दूसरी ओर स्वाधीन रुप से पल रही मुर्गियों को बेचे जाने के भार के लायक होने में 12-16 सप्ताह लग जाते हैं।

धान, आम अथवा चाय की खेती से सम्बन्धित अपना कोई अनुभव हो तो नीचे लिखो।

| तुम्हारा अनुभव |
|---|
| |

मधुमक्खी पालन, मछली की खेतों, अथवा पोल्ट्री पक्षी-पालन सम्बन्धी कोई अनुभव हो तो नीचे लिखो।

| तुम्हारा अनुभव |
|---|
| |

# 9 अंतःस्रावित ग्रंथियाँ और वय:संधि

## अंतः स्रावित ग्रंथि

निम्नलिखित कहानियाँ पढ़ो। प्रत्येक कहानी की घटनाओं से तुम परिचित हो। उन परिचित घटनाओं के कारणों को ढूँढ़ने का प्रयास करो :—



### कहानी - 1

आजकल तापस में एक नया बदलाव देखा जा रहा है कि वह बार-बार आईने में अपनी शक्ल देखता है। सुबह विद्यालय जाने से पहले वह कई बार सुंदरता से अपने बालों पर कंघी करता है। माँ कभी-कभी उसको डाँटती भी है कि वह बार-बार आईने के सामने आकर क्यों खड़ा हो जाता है। फिर भी तापस अपनी नई आदत को नहीं छोड़ता और बार-बार अपनी सूरत आईने में निहारता रहता है। उसकी छोटी-छोटी मूँछे भी निकल आयी हैं तथा उसके गले कि आवाज भी पहले से भारी हो गई है। वह हमेशा अपनी माँ से कहता है कि माँ तुम मुझे बार-बार क्यों डाँटती हो ? देखती नहीं, अब मैं बड़ा हो गया हूँ।

### कहानी - 2

आज विद्यालय की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का दिन है। असित को अपने अन्य साथियों के साथ दौड़ना हैं।



सीटी बजते ही दौड़ आरम्भ हुई। तेजी से सारे प्रतियोगी मैदान के एक कोने में खींची गई रेखा के सामने आकर खड़े हो गए। दूसरी सीटी बजते ही दौड़ते हुए जब उसने सीमा रेखा को पार किया, तो उसने देखा कि उसने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वह इतना हाँफ गया था कि उसके मुख से आवाज भी नहीं निकल पा रही थी। उसकी दिल की धड़कने बहुत तेज हो गई थीं, लेकिन पसीने से लथपथ हो गया था और उसकी जीभ भी सूख गई थी। लेकिन थोड़ा सा आराम कर लेने के बाद धीरे-धीरे सब ठीक हो गया।

### कहानी - 3



सुजाता अपने पिताजी के साथ सर्कस देखने गई थी। सर्कस देखकर वह बहुत खुश थी। सर्कस में उसे दो लोग सबसे अच्छे लगे एक सबसे लंबा आदमी टॉनी और दूसरा बौना रॉनी। टॉनी इतना लंबा था कि जिसे देखकर सुजाता को लगा कि उसने अपने पैरों में कुछ बाँध रखा है। सुजाता आश्चर्यचकित थी कि इतना लंबा और इतना बौना आदमी भी होता है क्या ?

## कहानी - 4



राबेया अपनी माँ के साथ मेले में गई थी। घूमते-घूमते उसे बहुत प्यास लग गई। उसने अपनी माँ से कहा। उसकी माँ ने उसके लिए शरबत खरीद दिया। लेकिन दुकानदार को शरबत में चीनी मिलाने से मना किया। राबेया ने भी अपनी माँ से शरबत में चीनी मिलाने की ज़िद नहीं की। उसे पता है कि उसका चीनी अथवा कोई मीठी चीज़ खाना बिल्कुल मना है। इसलिए वह मिठाई भी नहीं खातीं। आजकल थोड़ी-सी भाग-दौड़ करने पर ही वह हाँफने लगती है। यदि कहीं कट-फट जाता है, तो घाव भी जल्दी नहीं भरता है।

## कहानी - 5



आजकल चायना को बहुत नींद आती है। उस दिन तो वह अपनी कक्षा में ही सो गई थी। इसलिए उसे मैडम से डाँट भी सुननी पड़ी थी। पता नहीं, चायना को क्या हुआ है? गले के सामने कुछ ऊँचा-सा हो गया है और ऊपर नीचे होता रहता है। पढ़ने-लिखने का तो बिल्कुल मन ही नहीं करता है। हर वक्त उसे नींद आती है।

छोटे से बड़े होने के क्रम में एक निर्दिष्ट उम्र में हमारे शरीर में विभिन्न बदलाव होते है। अपने साथियों से इसकी चर्चा करों।

तुम्हारे बाल्यकाल से तुलना कर नीचे के कार्यों को लिखो:—

| शरीर के विभिन्न बदलाव | किस तरह के बदलाव हुए |
|---|---|
| 1. शरीर की ऊँचाई | |
| 2. वजन | |
| 3. कंठ स्वर | |
| 4. पेशियों का गठन | |



तुमलोगों ने देखा कि एक निर्दिष्ट उम्र के साथ तुम्हारी तरह तुम्हारी साथियों में भी ऊँचाई, वजन, कंठ स्वर आदि में कुछ न कुछ बदलाव आया है। अच्छा, अब तुमलोगों के मन में यह प्रश्न तों अवश्य उठ रहा होगा कि इस तरह के शारीरिक बदलाव के क्या कारण है ? क्या तुम्हारे शरीर में ही बदलाव आया है अथवा मन में थी ?

अब तुम अपने साथियों से चर्चा करने के बाद यह लिखने का प्रयास करो कि तुम्हारे मन में क्या-क्या परिवर्तन हुए है:—

| मन का परिवर्तन | कब होता है |
|---|---|
| 1. क्रोध आना | |
| 2. रोना | |
| 3. ईर्ष्या करना | |
| 4. अच्छा लगना | |
| 5. अभिमान होना | |

जन्म से लेकर मृत्यु तक हमारे शरीर और मन में विभिन्न परिवर्तन होते रहते है। इन सभी परिवर्तनों को नियंत्रित करता है- हॉर्मोन। शारीरिक विकास वजन, पाचन क्रिया, रोग प्रतिरोध, रक्तचाप, मूत्र उत्पादन, पसीने का बनना, हृदय तंत्र तक की भी ठीक रखने में हॉर्मोन अपनी सक्रिय भूमिका निभाता है। तुम्हारा अच्छा लगना, बुरा लगना, हँसना, रोना आदि सभी आवेगों को अधिकांशता हॉर्मोन ही नियंत्रित करता है।

वास्तव में हॉर्मोन हमारे रक्त में प्रवाहित होने वाला एक रासायनिक पदार्थ है। आवश्यकतानुसार ये हॉर्मोन हमारे शरीर में एक सेकेंड के लिए भी बनना है और कुछ हॉर्मोन जीवन पर्यंत हमारे रक्त में पाया जाता है।

हमारे शरीर के विभिन्न अंग-प्रत्यंगों के मध्य दो प्रकार का संयोग स्थापित होता है। पैर में मच्छर बैठने पर मस्तिष्क को पता चल जाता है। उस समय मस्तिष्क हाथ को मच्छर भगाने का निर्देश देता है। हाथ उस समय मस्तिष्क के निर्देशानुसार कार्य करता है। यह एक स्नायु संबंधी संयोग स्थापना का उदाहरण है। दूसरी संयोग स्थापना हुई- रासायनिक। रासायनिक संयोग स्थापना के वार्तावाहक के रूप में हॉर्मोन मुख्य भूमिका निभाता है। आवश्यकतानुसार, निर्देश मिलते ही निर्दिष्ट जगह से तैयार होकर अपने लक्ष्य स्थल तक पहुँच जाता है। इस लक्ष्य स्थल को ग्राहक कहा जाता है। हॉर्मोन अपना कार्य बहुत धीरे-धीरे आरंभ करता है, पर इसका प्रभाव दीर्घकालिन होता है। कार्य पूरा हो जाने पर Hormones नष्ट हो जाते हैं। रक्त में Hormones की मात्रा कम हो जाने पर आवश्यकतानुसार नये Hormones फिर से बनते है। आवश्यकतानुसार रक्त में Hormones की मात्रा नियमित कम अथवा अधिक होने पर विभिन्न प्रकार की समस्यायें देखी जाती है। कुछ Hormones हमारे शरीर में प्रोटीन की उपयोगिता को कम कर देते है। Fat के क्षरण को बढ़ा देता है तथा अव्यवहृत प्रोटीन को शारीरिक गठन एवं वृद्धि कार्य में लगा देता है।

## शरीर में हॉर्मोन कहाँ बनता है




हमारे शरीर के विभिन्न अंगों में भिन्न-भिन्न प्रकार के कोशिका समूह और ग्रंथियाँ फैली हुई है। उनमें से कुछ ग्रंथियों से पतली नलियाँ भी निकली हुई है।

इन नलिकाओं द्वारा ग्रंथियों से निकलने वाला रस एक जगह से दूसरी जगह भेजा जाता है। ऐसी ग्रंथियों को वहिःस्रावित ग्रंथियाँ अथवा एक्सोक्राइन ग्लांड कहा जाता है। उदाहरण स्वरूप, लाल ग्रंथि से निकलने वाला रस, पाकस्थली ग्रंथि से निकलने वाला पाक रस, अग्नाशय से निकलने वाला अग्नाशय रस आदि। इन रसों में भिन्न प्रकार के Enzymes भी होते है जो खाद्य पदार्थो को पचाने में सहायता करते है।

कुछ ऐसी ग्रंथियाँ भी होती है, जिनमे नलिकाएँ नहीं होती है। इसीलिए इन ग्रंथियों से निकलने वाला रस सीधे रक्त में मिल जाता है। रक्त संचालन द्वारा ये एक जगह से दूसरी जगह पहुँचती है। इन ग्रंथियों से ही हॉर्मोन निकलता है। रक्त इन हॉर्मोनों को निर्दिष्ट क्रिया स्थल तक ले जाता है। ऐसी ग्रंथियों को अंतःस्रावित ग्रंथि अथवा इन्डोस्क्राइन ग्लांड कहा जाता है। जैसे:— Thyroid Gland कुछ ऐसी ग्रंथियाँ भी होती है, जिनमें अंतःस्रावित और बहिःस्रवित दोनों प्रकार के ग्रंथि कोष होते है, जिन्हे मिश्र ग्रंथि कहा जाता है। तालिका विहीन कोष से हॉर्मोन निकलता है तथा नलिकायुक्त कोषों से उत्सेचक निकलता है, जो भोजन को पचाने में सहायता करता है।

## मुख्य अंतःस्रावित ग्रंथियाँ और उनके कार्य

1. पिटुइटरी ग्रंथि:— मस्तिष्क के मुख्य हिस्से में दो विशिष्ट पिटुइटरी ग्रंथि होती है। ऊपरी हिस्से की ग्रंथि को अग्र पिटुइटरी तथा निचले हिस्से को पश्च पिटुइटरी ग्रंथि कहा जाता है। पिटुइटरी के इन दो हिस्सों से विभिन्न प्रकार के Hormones स्रावित होते है। जैसे— सोमाटोट्राफिक हॉर्मोन, Thyroid Stimulating Hormone भेसोप्रेसिन, गोनोडाट्रापिक, हॉर्मोन इत्यादि। इस तरह की ग्रंथियाँ पूरे शरीर के विभिन्न महत्त्वपूर्ण कार्यो को नियंत्रित करती है।




अंतःस्रावित जहाँ-जहाँ रहता है।

- सोमाटोट्राफिक हॉर्मोन:— इस हॉर्मोन को वृद्धिपोषक हॉर्मोन भी कहा जाता है। यह हमारे शरीर की विभिन्न पेशियों और हड्डियों की वृद्धि करता है। प्रोटीन की उत्पादकता को बढ़ाता है तथा प्रोटीन को नष्ट/क्षय होने से बचाता है।

कम उम्र में इस हॉर्मोन के क्षय होने से कई समस्याएँ उत्पन्न हो जाती है। हड्डी बढ़ जाती है। ऊँचाई 7-8 फीट हो जाती है। कम क्षय होने से भी कुछ समस्याएँ उत्पन्न होती है। ऊँचाई 3 फीट के आस-पास ही रहती है। वयस्क मनुष्य प्राय: शिशु के समान दिखाता हैं।

इसके अलावा पिटुइटरी ग्रंथि कुछ अन्य Hormones को भी स्रावित करता है, जो अन्य अंतःस्रावित ग्रंथियों को उत्तेजित करता है।




● **Thyroid Stimulating Hormone:-** यह Hormones पिटुइटरी ग्रंथि से स्रावित होता है। थायरॉयड ग्रंथि शारीरिक वृद्धि को नियंत्रित करता है। थायरायड ग्रंथि से थायरॉक्सिन Hormones स्रावित होता है, जो उद्दीपन को जमाता है। इस Hormones के अत्यधिक स्रवण से थायरॉयड ग्रंथि फुल जाती है। परिणाम स्वरूप गला फुल जाता है।

2. **थायरॉयड ग्रंथि :—** हमारे गले के सामने ही स्वरतंत्र मौजूद है। ठीक उसके नीचे श्वसन नली के दोनों ओर थायरॉयड ग्रंथि रहती है। किसी-किसी को घुँट भरते समय यह ऊपर-नीचे करती है। इस ग्रंथि के दो खंड-होते है। इस ग्रंथि से थायरॉक्सिन नामक Hormones स्रावित होता है जो शरीर के ताप उत्पादन, ऑक्सीजन ग्रहण करने, दिल की धड़कनों में वृद्धि करने जैसे महत्त्वपूर्ण कार्यों को नियंत्रित करता है।

● **थायरॉक्सिन :—** यह हॉर्मोन दिल की घड़कनों की औसत संख्या को बढ़ाने में सहायता करता है, हमारे शरीर के शक्ति उत्पादन को प्रभावित करता है, हमारे शरीर के कोषों में ऑक्सीजन की उपयोगिता में वृद्धि करता है। शरीर की हड्डियों और पेशियों को बढ़ाने में सहायता करता है।



इस Hormones के अत्यधिक स्रावित होने से थायरॉयड ग्रंथि फुल जाती है तथा कभी-कभी ऐसा लगता है कि दोनों आँखे बाहर निकलती जा रही है।
बच्चों में कम स्रावित होने से शारीरिक विकास कम होता है, पेट फुल जाता है, पेशियाँ कमजोर हो जाती है। जीभ निकली रहती है, मुँह से लार टपकती रहती है। व्यस्कों के शरीर में इस Hormones के कम क्षरण होने से शरीर की त्वचा फुली-फुली तथा खुरदरी हो जाती है।

3. **अग्नाशय ग्रंथि:—** पाकस्थली के नीचे क्षुद्रान्तर डिउडेनाम की 'U' आकृति बॉक से लेकर व्लीहा तक अग्नाशय रहता है। हम पहले ही पढ़ चुके हैं कि अग्नाशय एक मिश्र ग्रंथि से इंसुलिन, ग्लुकागन नामक हॉर्मोन निकलता है। इंसुलिन रक्त से कोष तक ग्लूकोज के शोषण को बढ़ा देता है। फलस्वरूप रक्त में ग्लूकोज की मात्रा रहती है। डायबिटिज होने की संभावना कम हो जाती है।






● **इंसुलिन :—** अग्नाशय ग्रंथि से निकलने वाला यह Hormones रक्त की सहायता से ग्लूकोज को कोष तक पहुँचाने में मदद करता है। ग्लूकोज के टूटने की प्रक्रिया को कमकर शक्ति उत्पादन में सहायता करता है। साथ ही ग्लूकोज को यकृत और पेशियों में ग्लाइकोजेन के रूप में संचय करने में सहायता करता है। कभी-कभी प्रोटीन, चर्बी (Fat) से ग्लूकोज उत्पादन करने में बाधा उत्पन्न करता है, इसलिए इसे Anti Diabetic Hormones भी कहा जाता है।

इस Hormones के कम स्रावित होने से रक्त में ग्लूकोज का परिमाण बढ़ जाता है। फलस्वरूप मूत्र द्वारा ग्लूकोज शरीर से बाहर निकल जाता है। इसलिए कोषों में आवश्यकतानुसार ग्लूकोज प्रवेश नहीं कर पाता है। बार-बार भूख लगती है। शरीर सुस्त हो जाता है। रक्त में चीनी का परिमाण बढ़ जाने के कारण रोग उत्पन्न करने वाले जीवाणुओं का संक्रमण बढ़ जाता है। हृदय पिण्ड, वृक्क और आँखों की कार्य क्षमता कम हो जाती है।

**4. Adrinal Gland:-** हमारे दोनों किडनी या वृक्क के त्रिभुजाकार एक जोड़ी ग्रंथि है। बॉयीं ओर की ग्रंथि आकार में बड़ी होती है तथा दाहिनी ओर की ग्रंथि छोटी होती है। वृक्क के ऊपर टोपीनुमा बैठायी गई इस ग्रंथि से निकलने वाला एड्रिनालिन हॉर्मोन शरीर की विभिन्न जरुरी अवस्थाओं में क्षरित होता है। जरूरी अवस्थाओं में मुकाबला करने के लिए शरीर को मजबूत बनाना है, इसलिए इस Hormones को आपातकालीन Hormones कहा जाता है।




● **एड्रिनालिन ग्रंथि :** एड्रिनाल ग्रंथि से एड्रिनालिन हॉर्मोन का क्षरण होता है। यह हॉर्मोन हमारे शरीर में श्वसन कार्य की क्षमता को बढ़ाता है। हमारे शरीर के तापमात्रा को नियंत्रित करता है। हृदय पिण्ड संकोचन और प्रसारण की क्षमता को बढ़ाता है। मूत्र उत्पादन को नियंत्रित करता है। विशेष कर हमारे विभिन्न मानसिक अवस्था अर्थात् भय, द्वन्द्व और भागने की मनोवृत्ति को एड्रिनालिन हॉर्मोन जरूरी आधार पर नियंत्रण करता है।



इस Hormone के अत्यधिक स्रवित होने से मुखमंडल गोलाकार होकर फुल जाता है। इसलिए ऐसे मुखमंडल को मून फेस कहा जाता है। चेहरे की त्वचा खुरदरी हो जाती है। महिलाओं के मुखमंडल में छोटे-छोटे बाल बढ़ते हैं। घाव इत्यादि भरने में भी समय लगता है। कम क्षरण होने से पाचन संबंधी परेशानियॉ, पेशियों की दुर्बलता आदि समस्याएँ उत्पन्न हो जाती है।



दौड़ते समय हमारे शरीर में जो परिवर्तन होते है, आपस में मिलकर उसकी चर्चा कर लिखे।



| आँख/मुँह | शरीर की त्वचा | मांस पेशी | हृदयपिण्ड |
|---|---|---|---|
| | | | |

एड्रिनाल ग्रंथि से निकलने वाला एड्रिनालिन Hormone संकटकालीन Hormone होता है। दौड़ते समय अत्यधिक शक्ति की आवश्यकता पड़ती है। एड्रिनाल ग्रंथि से निकलने वाला एड्रिनालिन उस समय सहायता करता है।

5. जनन ग्रंथि :— बालक-बालिकाओं में भिन्न-भिन्न जनन ग्रंथि होती है। बालिकाओं की जनन ग्रंथि को शुक्राशय कहा जाता है। इन ग्रंथियों से टेस्टोस्टेरन Hormone निकलता है। इस्ट्रोजेन और टेस्टोस्टेरन Hormone बालक-बालिकाओं के शरीर में एक निर्दिष्ट उम्र के बाद ही सक्रिय होता है। फलस्वरूप जनन तंत्र तथा शरीर के विभिन्न अंगों के गठन में विभिन्न परिवर्तन देखे जाते हैं।




● टेस्टोस्टेरन : इस Hormone के कारण वय:संधिकाल में लड़कों की मूँछ, दाढ़ी निकलनी शुरू हो जाती है। धीरे-धीरे हड्डी और मांस पेशी मजबूत हो जाती है। चेहरा पेशी युक्त हो जाता है। गले की आवाज भारी हो जाती है। आवाज फटने लगती है।

● इस्ट्रोजेन : लड़कियों के शरीर से निकलता है। हड्डियों और पेशियों में वृद्धि के साथ-साथ संपूर्ण शरीर में वृद्धि प्रक्रिया को बढ़ाता है। त्वचा के नीचे चर्बी युक्त पदार्थों के संचय को कम कर शरीर में बदलाव लाता है। पुरूषों के शरीर में भी इस्ट्रोजेन पाया जाता है, लेकिन स्त्रियों की तुलना में कम परिमाण में। स्त्रियों में भी टेस्ट्रोस्टेरन पाया जाता है, लेकिन पुरूषों की तुलना में कम परिमाण में।

प्रथम पृष्ठ में दी गई कहानियों को फिर से पढ़ो और नीचे दी गई तालिका को पूर्ण करों :—

| कहानी संख्या | जिस Hormone के कम/अधिक क्षरण के परिमाण स्वरूप घटना घटी |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

नीचे की घटनाएँ किन-किन Hormone के कारण घटती है। साथियों के साथ आलोचना कर लिखें :—

| उपसर्ग | उत्तरदायी Hormone |
|---|---|
| ग्रंथि फुल जाती है, ऐसा लगता है कि दोनों आँखे बाहर निकल आयेगी। शरीर का तापमान बढ़ जाता है। | |
| शरीर में अस्वाभाविक बढ़ोत्तरी होती है, हड्डियॉ बढ़ जाती है। | |
| रक्त में ग्लूकोज का परिमाण बढ़ जाता है, मूत्र के साथ ग्लूकोज निकलता है, बार-बार भूख लगती है, शरीर सुस्त हो जाता है। | |
| मुखमण्डल फुलकर गोलाकार हो जाता है। मुँह की त्वचा खुरदरी हो जाती है। घाव भरने में समय लगता है। | |

## वय:संधि

### फटिक की कहानी – 1

सर्वप्रथम कोलकाता में मामा के घर पहुँचकर मामी के साथ परिचय होता है। मामी परिवार की अनावश्यक वृद्धि से कितनी असंतुष्ट थी, यह कहा नहीं जा सकता। वे अपने तीन बच्चों को लेकर जैसे-तैसे अपना गुजारा कर रही है। इस अवस्था में एक तेरह-चौदह वर्ष का अपरिचित गँवार सदस्य बढ़ जाए, तो कितने झगड़े खड़े हो जाते हैं, उसके बारे में क्या कहा जाए। विश्वभर की उम्र इतनी होने पर भी बुद्धि की कमी नहीं है।

विशेषत: तेरह-चौहद वर्ष के बालक के लिए यह समय काफी कष्टप्रद होता है। शोभाहीन किसी काम में नहीं लगाया जा सकता। स्नेह भी नहीं किया जा सकता, उसका सान्निध्य भी सुहाता नहीं है। उसके मुँह से निकलने वाली मीठी बोली भी कर्कश लगती है। अचानक उसके शैशव का बचपन समाप्त हो जाना, बोली की मिठास खत्म हो जाना। शैशव एवं यौवन की अनेक गलतियों को माफ किया जा सकता है, लेकिन इस अवस्था में स्वाभाविक त्रुटि भी असह्यबोध होता है।

अतएवं, ऐसी अवस्था में माँ का घर छोड़ना और किसी अपरिचित जगह में बालक को ले जाना, बालक के लिए नरक के समान है। चारों ओर से मिलने वाली स्नेह-शून्यता उसके सीने में काँटे की तरह चुभती है। इस उम्र में साधारणत: नारी जाति के प्रति यह धारणा बन जाती है कि वह स्वर्ग लोक की अन्यतम जीव है और ऐसी अवस्था में नारी से मिलने वाली उपेक्षा अत्यंत असह्यबोध होता है।

वह भी मन ही मन समझ रहा था कि धरती में कहीं भी सही नहीं हो रहा है, इसलिए अपने अस्तित्व के संबंध में लज्जित और क्षमा प्रार्थी होना पड़ता है। लेकिन इस उम्र में स्नेह के लिए कुछ अतिरिक्त कातरता का मन जन्म लेता है। इस समय यदि किसी सहृदय व्यक्ति के निकट जाने के लिए स्नेह भाव उत्पन्न करना पड़ता है। लेकिन उसके निकट आत्म विक्रित होते रहता है। लेकिन उसे स्नेह करने में साहस नहीं होता है। क्योंकि वह साधारण प्रक्षय समझता है। इसलिए उसका चेहरा एवं भाव कुछ-कुछ प्रभुहीन पथ में कुत्ते की भाँति हो जाती है।

इस परिस्थिति में मातृ भवन के अलावा और किसी अपरिचित स्थान बालक के पक्ष में नरक के समान है। चारों ओर शून्य विराग उसे प्रदि पद समस्या से सम्मुखीन होता है। इस उम्र में साधारणत: नारी जाति के किसी एक श्रेष्ठ स्वर्ग लीक को दुर्लभ जीव कहकर मानने का अवधारणा उत्पन्न होता है। इन सभी कारणों से उपेक्षा अत्यन्त दु:ख का बोध होता है।

| | |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |

यह रवीन्द्रनाथ ठाकुर की कहानी 'छुट्टी' का एक छोटा-सा अंश है। कहानी में फटिक की उम्र तेरह-चौदह वर्ष होगी। तुमलोगों की उम्र के बराबर। बचपन से अभी तक फटिक की तरह तुम्हारे अंदर भी जो परिवर्तन हुए समूह में उसकी आलोचना करके लिखो।

## फटिक की कहानी – 2

विद्यालय में इतना बड़ा और अमनोयोगी बालक नहीं था। आसान सा प्रश्न पूछने पर भी मुँह बाये खड़ा रहता। शिक्षक यदि मारना शुरु करते तो वह गदहे की तरह चुपचाप मार खाया करता। अन्य लड़के छुट्टी के समय मैदान में खेलते, तो वह चुपचाप खिड़की के पास बैठकर दूसरे के घरों की छतों का निरीक्षण करता। उस तपती दोपहर में यदि कोई बालक-बालिका खेलते हुए नजर आ जाते तो वह अधीर हो उठता था।

एकदिन बहुत साहस करके अपने मामा से पूछा कि माँ के पास मुझे कब ले जाओगे। मामा ने कहा था- स्कूल की छुट्टियाँ शुरु हो जाए तब। कार्त्तिक महीने में स्कूल की छुट्टियाँ शुरु होंगी, जो अभी बहुत देर है।

एकदिन फटिक ने अपनी किताब खो दी। एक तो पढ़ना उसके लिए पहाड़-सा लगता था और उसमें किताब खो देना और भी बड़ा सिरदर्द बन गया। शिक्षक ने प्रतिदिन उसे मारना-पीटना अपमानित करना शुरु कर दिया। स्कूल में उसकी ऐसी स्थिति हो गई कि उसके ममेरे भाई उसे अपना भाई कहने में लजाने लगे।

इस अवस्था में वह अपनी मामी के पास जाकर अपराधी की तरह कहता है कि उसने अपनी किताब खो दी है।

मामी ने नाक भौं सिकुड़ते हुए ताना मारा कि अच्छा किया। मैं तुम्हें महीने में पाँच बार किताब खरीदकर नहीं दे सकती।

फटिक ने कुछ नहीं कहा। वह चुपचाप वापस आ गया। वह दूसरों का पैसा बर्बाद कर रहा है, यह सोचकर उसे अपनी माँ पर थोड़ा क्रोध आया। वह अपमानित बोध करने लगा, शर्म से वह धरती में गड़ता जा रहा था।

तुमलोगों ने देखा न कि रवींद्रनाथ ने अपनी कहानी 'छुट्टी' में दिखाया है कि फटिक चाहे कुछ न करता हो, पर उसे लगता कि दूसरे उसके साथ गलत कर रहे हैं। उसके मन में हीन भावना उत्पन्न हो गई थी। अच्छा, तुमलोग ही बताओ यदि तुम्हारे विद्यालय में फटिक की तरह कोई विद्यार्थी होता, तो तुम किस तरह उसकी मदद करते।

फटिक को जिस तरह खेलना अच्छा लगता था, घर में कुछ-कुछ काम करना अच्छा लगता था, उसी तरह तुमलोगों को कुछ-कुछ काम करना अच्छा लगता होगा। तुम्हें कौन-कौन सा काम करना अच्छा लगता है।

किसी कार्य के लिए प्रशंसा मिलने पर तुम्हें कैसा लगता है?

काम करने के बाद यदि कोई तुम्हारी निंदा करता है, तो कैसा लगता है?

बचपन में भी तुम्हें क्या ऐसा ही महसूस होता था?

बचपन से लेकर अभी तक तुम अपने अंदर कौन-कौन से परिवर्तन देख रहे हो?

## शरीर में होने वाले द्रूत परिवर्तन

शैशवावस्था से यौवन तक के समय को किशोरावस्था कहा जाता है। किशोरावस्था को वय:संधि काल कहा जाता है। WHO ( WORLD HEALTH ORGANISATION) के अनुसार 10 – 19 वर्ष तक की उम्र को वय:संधि काल निर्धारित किया गया है। इस समय शरीर तथा मन में द्रूत परिवर्तन होते हैं। तुमलोगों ने निश्चय ही इन परिवर्तनों को अपने अंदर महसूस किया होगा। जैसे तुम्हारी ऊँचाई, वजन, यहाँ तक कि शारीरिक गठन में बदलाव आदि। प्रत्येक मनुष्य में एक निर्दिष्ट उम्र में यह बदलाव देखा जाता है। कुछ विशेष अंत:स्रावित ग्रंथियाँ तथा Hormones इस बदलाव में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

**साथियों के साथ आलोचना कर नीचे दिए गए कार्यों को करों।**

1. वय:संधि काल में कौन-कौन Hormones शरीर में होने वाले द्रुत परिवर्तन में सहायता करता है ?
2. किन अंत:स्रावित से Hormones स्रावित होता है ?

## वय:संधि काल में होने वाले मानसिक परिवर्तन

वय:संधि काल में जिस तरह बालक-बालिकाओं में द्रुत शारीरिक परिवर्तन देखे जाते हैं, ठीक उसी तरह मन तथा परस्पर संबंधों में परिवर्तन लक्षित होते हैं। शरीर में होने वाले परिवर्तन हम अपनी आँखों से देख सकते हैं ? पर क्या मन में होने वाले परिवर्तन आँखों से देखते हैं ?

राजू और शुभ दोनों अच्छे मित्र हैं। राजू के पिताजी का ट्रांसफर (स्थानांतरण) किसी दूसरी जगह हो गया था। इसलिए राजू को अपने पिताजी के साथ जाना पड़ा। बहुत दिनों के बाद राजू के साथ शुभ की मुलाकात होती है। शुभ ने देखा कि राजू तो पहले जैसा नहीं रहा। शुभ ने पूछा— स्कूल में पढ़ाई लिखाई कैसी चल रही है ? राजू ने कहा कि स्कूल में होने वाले नाटक में उसे एक अहम भूमिका मिली थी, लेकिन दो दिन पहले ही उसे उस भूमिका से हटा दिया गया। क्योंकि मैं बहुत ही दुबला-पतला हूँ। साथ ही मेरी आवाज भी फटी-फटी हैं।

शुभ ने अपनी अवस्था के बारे में एक बार सोचा। उसकी ऊँचाई की दुश्चिंता घूम-फिरकर आ गई। शुभ जानता है कि उसकी कक्षा में सभी विद्यार्थी उससे लंबे और पतले हैं। तो क्या उनका लंबा होना स्वाभाविक है। क्या दिन-दिन उसका वजन बढ़ रहा है ?

टुम्पा और रुमा दोनों अच्छे दोस्त हैं। बहुत दिनों के बाद दोनों की मुलाकात होती है। टुम्पा बहुत उदास लग रही थी। टुम्पा ने पूछा— अच्छी तो हो न ? टुम्पा ने कहा— नहीं, मन उदास है। देखो न चेहरे में छोटे-छोटे Pimple निकल आए हैं। दूसरों से मेरा चेहरा कितना बुरा लग रहा है।

रूमा ने कहा— अरे ! उदास होने की आवश्यकता नहीं है। हमारी उम्र में Pimple का निकलना स्वाभाविक है। एक निर्दिष्ट उम्र के बाद हमारे मुखमंडल की त्वचा के रोम छिद्रों में अधिक परिमाण में सिवाम के जम जाने से Pimple होने की संभावना बढ़ जाती है। इस समय यदि हम अपने शरीर की विशेष देखभाल करें, तो Pimple निकलने पर भी जल्द ही ठीक भी हो जाते हैं। हम दोनों में होने वाले परिवर्तन स्वाभाविक हैं तथा हम दोनों ही सुंदर हैं।



### एक खरगोश की कहानी

एक खरगोश का एक कान झुला हुआ था। उसे देखकर दूसरे खरगोश चिढ़ाते थे। इससे क्रोधित होकर वह कान खड़ा करने का व्यायाम करना आरम्भ किया। पिछले पैर को पेड़ के डाल पर सटाकर झुलने लगा। जिससे उसका झुला हुआ कान सीधा हो जाए। ठीक उसी समय एक बिल्ली पेड़ के नीचे से जा रही थी। खरगोश की इस स्थिति को देखकर उसके बारे में जानने का प्रयास किया। बिल्ली ने कहा— तो क्या हुआ है ? तुम्हारे कान छोटे होने पर क्या तुम दूसरे खरगोश से छोटे हो गये हो ? यदि वे सीधे कान को लेकर स्वाभाविक है तो तुम भी झुले हुए कान को लेकर स्वाभाविक हो। इससे तुम्हारी कोई भी असुविधा नहीं होगी। खरगोश अपनी गलती को समझ गया। वह दौड़कर दूसरे खरगोश को यह बात बताया। दूसरे इन बातों को सुनकर उनका मजाक उड़ाना बन्द कर दिए।

पिछले पृष्ठ की दोनों कहानियों को ध्यान से पढ़ों। फिर अपने साथियों से इसकी चर्चा कर नीचे दिए गए कार्यों को करों—

1. किन-किन ग्रंथियों से स्रावित होने वाला कौन-कौन Hormone राजू, शुभ और टुंपा की इस अवस्था के लिए उत्तरदायी है?
2. तुम्हें क्या लगता है, राजू और शुभ अपनी इस अवस्था में कैसे बदलाव ला सकता है?
3. टुम्पा अपनी इस अवस्था में उन्नति लाने के लिए क्या कर सकती है?
4. तुम अपने साथियों में कौन-सा गुण विशेषत: देखना चाहते हो? मित्रता में मुख सौंदर्य का महत्त्व है क्या?

## वय:संधि काल में आचरण संबंधी समस्या



रतन प्रतिदिन विद्यालय जाने के लिए निकलता है। परंतु वह विद्यालय नहीं जाता है। प्राय: वह अपने विद्यालय में अनुपस्थित रहता है। जिस दिन वह विद्यालय जाता है, उस दिन तो और भी बड़ी समस्या खड़ी कर देता है। दोस्तों के साथ मार-पीट करना, उनकी किताबें छिपा देना, बात-बात पर तर्क करना— ये सब उसकी आदत बनती जा रही है। कारण-अकारण झूठ बोलना उसके लिए बड़ी बात नहीं है। घर में भी उसकी एक ही दशा है। बात-बात पर माता-पिता से मुँह लगाता है। एक बार गुस्से में उसने काँच का गिलास भी तोड़ दिया।



महुआ जब भी अपने हाथ धोती है, बार-बार अपने हाथ धोती रहती है। उसे यही लगता है कि उसके हाथ अच्छी तरह से नहीं धुले हैं। इसलिए वह दोबारा अपने हाथ धोती है। गणित की कक्षा में तो रेखा खींचते वक्त वह बार-बार रेखा को रबर से साफ कर देती है फिर रेखा खींचती है। वह बार-बार देखती है कि रेखा-सीधी हुई या नहीं। एक दिन तो घर में ताला लगाते-लगाते बेचैन हो गई। ताला बंद कर देने के बाद भी वह बार-बार चाबी से ताले को खोल देती। उसे लगता कि शायद ताला बंद ही नहीं हुआ।



सुमन पढ़ने-लिखने में ठीक है। शांत स्वभाव का भी है। बातें कम करता है। मुहल्ले के साथियों के साथ ज्यादा मिलना-जुलना नहीं करता है। अकेले-अकेले रहना उसे अच्छा लगता है। कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि अकेले में न जाने क्या बड़बड़ाता रहता है। एक दिन तो उसने अपनी कक्षा के किसी साथी को जोर से पीट भी दिया। उसे ऐसा लगा था कि उसका वह साथी उसे कुछ नुकसान पहुँचाने वाला है। कक्षा के सभी साथियों के ऊपर संदेह करना शुरु कर दिया। सिर्फ अपने मन में कुछ-न-कुछ बड़बड़ाता रहता है। ऐसा लगता है वह किसी से बातें कर रहा है। उसके बाल हमेशा बिखरे रहते हैं, स्नान-भोजन आदि का भी ध्यान नहीं रहता। अंत में उसने विद्यालय जाना भी छोड़ दिया।

किसी-किसी का आचरण दूसरों की नजर में समस्या के रूप में दिखाई पड़ता है। कुछ आचरण दूसरों को नुकसान भी पहुँचाता है। उन्हें पछतावा भी नहीं होता। स्वयं भी कोई कष्ट अनुभव नहीं करता। उसके इस आचरण के परिणाम स्वरूप उसे दंडित भी किया जा सकता है, इसकी भी उन्हें तनिक चिंता नहीं होती।

इस विषय में अपने साथियों के साथ आलोचना करो। फिर समूह में नीचे दिए गए कार्य को करो।
तेरह-चौदह वर्ष की उम्र में आचरण में कौन-कौन से बदलाव देखे जाते हैं ?

1. छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करना।
2. अनावश्यक रोना।
3.
4.
5.
6.
7.

तुम्हारे विचार से ऐसी समस्याएँ होने पर क्या करना चाहिए ?

## वय:संधि में आचरण की समस्या



अली ने फुटबॉल के फाइनल मैच से पहले ढेर सारे पटाखे खरीदे हैं। उन पटाखों में आवाज करने वाले पटाखे भी हैं। हालाँकि उसने ये सारे पटाखे छिपाकर खरीदे हैं। टीम के जीत जाने पर सारे पटाखों को जेब में भरकर वह इधर-उधर घूम रहा था और नाच रहा था। बीच-बीच में वह पटाखे निकालकर फोड़ता भी रहा था। कुछ पटाखे नहीं फटते थे तो वह उसे उठाकर फिर से फटाता था। वह बुझा हुआ पटाखा उठाने गया, वह पटाखा फट जाता है और उसका दाहिना हाथ बुरी तरह से जल जाता है।



एक दिन शाम को खेलते समय मुहल्ले के मंटू दा ने बबलू से बीड़ी का पैकेट लाने को कहा। खेला छोड़कर बबलू बीड़ी लाने चला गया। इसी क्रम में मंटू दा ने एक दिन बबलू से बीड़ी पीने को भी कहते हैं। बबलू उस समय बीड़ी पी लेता है। धीरे-धीरे बीड़ी पीना उसकी आदत बन जाती है। जो किसी तरह छुटने का नाम नहीं लेती है। अब बबलू को रात में ठीक से नींद नहीं आती है। साँस लेने में भी कष्ट होता है। डॉक्टर ने कहा है कि उसका फेफड़ा खराब हो गया है।

1. उपर्युक्त दोनों कहानियाँ तुम्हें कैसी लगीं ?
2. अली का दाहिना हाथ जल गया—इसके लिए कौन जिम्मेदार था ?
3. अली को उस समय क्या करना चाहिए था ?
4. बबलू की इस दुरवस्था के लिए कौन जिम्मेदार था ?
5. बबलू को उस समय क्या करना चाहिए था ?

## मना करना



विद्यालय का वार्षिकोत्सव के दिन खाना-पीना खत्म कर सबीना, मिना और रतन घर लौट रहे थे। मीना और रतन विद्यालय के पास में ही रहते हैं। सबीना को थोड़ा पैदल चलना पड़ता है। उस समय उसकी मुलाकात संतोष दा के साथ होती है। संतोष दा उसके घर के पास ही रहते हैं। संतोष ने सबीना से कहा—शहर में काम करने चलोगी ? तुम्हारे घर की अवस्था तो ठीक नहीं है। शहर में एक बड़े डॉक्टर का घर है। परिवार भी बहुत अच्छा है। ढेर सारे रूपये देंगे। सबीना ने कहा संतोष दा अभी बाहर जाकर काम करने का बिल्कुल ही मन नहीं है। अभी मैं पढ़ना चाहती हूँ। माँ भी अस्वस्थ है। माँ भी चाहती कि मैं पढ़ाई-लिखाई करूँ। मेरे चले जाने के बाद मेरे घरवालों की देख-रेख करने वाला भी कोई नहीं है। इसलिए अभी नहीं। थोड़ सा कष्ट होगा, लेकिन गुजर-बसर तो होगा ही।

कई बार अनिच्छा होते हुए भी दूसरों के अनुरोध एवं आदेश मान लेने पड़ते हैं। साथी अथवा किसी संबंधी को सीधे-सीधे मना कर देने पर संबंध टूटने का भय बना रहता है। अथवा सत्य है कि कभी-कभी सीधे मना कर देने से कई समस्याओं से भी बचा जा सकता है।

उपर्युक्त कहानी पढ़ो फिर साथियों से इसकी चर्चा कर निम्नलिखित कार्य करो।

1. तुम्हें क्या लगता है, सबीना यदि हाँ कर देती तो क्या होता ?
2. सबीना ने जिस तरह से संतोष दा को सीधे-सीधे मना कर दिया, तो क्या पड़ोसी के साथ उसके संबंध खराब हो गए ?
3. तुम्हें क्या लगता है,तुमने कभी 'ना' कहकर अच्छा काम किया है ?
4. कब हमे सीधे-सीधे मना कर देना चाहिए ?

## आवेग नियंत्रण

हिन्दी में आवेग और अनुभूति शब्द का प्रयोग प्रायः एक ही होता है। अंग्रेजी में आवेग को EMOTION तथा अनुभूति को FEELINGS कहा जाता है।

अच्छा गाना सुनने पर खुशी होती है। अपनी निंदा सुनने पर गुस्सा आता है। दुःख होता है। किसी के बारे में बुरी खबर सुनने पर आँखें भी भर आती है। ये सब स्वाभाविक है। लेकिन अत्यधिक क्रोध अथवा खुशी का अति प्रकाश शरीर और मन को हानि पहुँचाने का कारण भी बन जाता है। आवेगों के ऊपर नियंत्रण रखना बहुत जरुरी है। अनुभूतियों को समझकर आवेगों का यथार्थ प्रकाश करने के जीवन कौशल पर चर्चा करना आवश्यक है।

क्रोध एक तरह से आवेग के साथ-साथ एक अनुभूति भी है। हम जब क्रोधित हो जाते हैं, तो हमारे शरीर में कई जैविक-रासायनिक परिवर्तन घटित होते हैं। परिणाम स्वरूप रक्तचाप बढ़ता है।



अच्छा बताओ तो क्या हम अपने आवेगों अनुभूतियों को पहचानते हैं ? तो फिर हम क्रोधित क्यों हो जाते हैं ? तो कभी-कभी हम अपने आवेगों को मन में ही छिपाकर रखते है। खाना बनाते समय रसोई घर में प्रेशर कूकर में अत्यधिक दबाव बढ़ने पर सारा वाष्प बाहर निकल जाता है। उसी प्रकार यदि हम अपनी सारी अनुभूतियों को दबाकर रखें तो कोई बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। ठीक ना ?

इसलिए सर्वप्रथम हमें अपने आवेगों — अनुभूतियों को पहचानना परम आवश्यक है। आवेग व्यक्त करना सीखना भी जरुरी है। नहीं तो हमारी अवस्था भी ठीक प्रेशर कूकर की तरह हो जायेगी।

साथियों के साथ मिलकर तुम अपने आवेगों, अनुभूतियों की सूची बनाओं। उसके बाद उन आवेगों, अनुभूतियों को किस तरह नियंत्रित करोंगे, इस विषय में दो-चार वाक्य लिखों।

| आवेग / अनुभूति | | | |
|---|---|---|---|
| 1. क्रोध | 4. हताशा | 7. तृप्ति | 10. |
| 2. भय | 5. क्षोभ | 8. अभिमान | 11. |
| 3. रोना | 6. आनन्द | 9. दुःख | 12. |

अंधकार में अकेले रहने पर रमा के दिल की धड़कनें तेज हो जाती हैं। हाथ-पाँव फुल जाते हैं। कापने लगते हैं। पेशियों में खिंचाव शुरु हो जाता है। सिर दर्द करने लगता है, पीठ में दर्द शुरु हो जाता है।

कहानी पढ़ो / साथियों के बीच इसकी चर्चा कर निम्नलिखित कार्य करो।

1. यहाँ रमा में कौन-कौन से अनुभूति उत्पन्न हुई है?
2. ऐसी परिस्थिति में क्या किया जाना चाहिए?
3. पिछले एक महीने तुम्हें कौन-कौन सी अनुभूति हुई थी? लिखो।
4. उन अनुभूतियों में किन अनुभूतियों की पहचान तुम आसानी से कर पाये थे?
5. तुम्हारी कौन-सी अनुभूति अधिक कष्टदायी रही?
6. तुमने अपने हाव-भाव द्वारा किस अनुभूति को प्रकाशित किया?

| शरीर सम्बंधी | अनुभूति |
|---|---|
| 1. सीना धड़कना | भय |
| 2. | |
| 3. | |
| 4. | |
| 5. | |
| 6. | |

## आत्म-उपलब्धि

नीचे दिए गए अंश को ध्यान से पढ़ो। तुम्हारे लिए कौन-सी पंक्ति महत्त्वपूर्ण है। उसे चिह्नित करो।

मैंने एक अच्छा इंसान बनने के लिए ही जन्म लिया है। मैं सबसे अलग हूँ। मैं अपने-आपसे प्रेम करती हूँ। मैं तुम सभी को प्यार करती हूँ। मेरे अंदर कुछ करने की क्षमता है। जीवन में कुछ कर दिखाने का विशेष गुण भी है। दूसरे की तरह मैं भी जीवन में कुछ विशेष कर सकती हूँ।

आत्म-सचेतनता के लिए नीचे दिए गए कार्य करते समय स्वयं के प्रति अवश्य ही सचेतन रहना है।

1. मैं अपने माँ-बाप की अच्छी संतान हूँ क्योंकि ____________।
2. मैं एक अच्छा दोस्त हूँ क्योंकि ____________।
3. मैं अपनी कक्षा का अच्छा विद्यार्थी हूँ क्योंकि ____________।
4. मेरे विशेष गुण हुए ____________।
5. मेरे विशेष गुण जो सभी को अच्छे लगते है, वे हैं ____________।
6. जो गुण मुझे पसंद है, वह है ____________।



## वय:संधि और जीवन कौशल की शिक्षा

जन्म से मृत्यु तक के विकास में मानव के जीवन में वय:संधि एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। इस वय:सन्धि काल में मानव में द्रूत शारीरिक और मानसिक परिवर्तन होते हैं। कभी-कभी हम दिग्भ्रमित भी हो जाते हैं। इसलिए परिवेश के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए जीवन कौशल का ज्ञान अर्जित करना आवश्यक हो जाता है। जीवन कौशल विभिन्न प्रकार के होते हैं। विश्व स्वास्थ संस्था (WHO) द्वारा परिकल्पित इस जीवन कौशल मानव को जीवन की चुनौतियों का साहसपूर्ण सामना करने का कौशल प्रदान करता है। जो निम्नलिखित हैं—

जीवन कौशल एक विशेष प्रकार का आचरण है जो प्रत्येक मनुष्य के विभिन्न मांग और चुनौती को सम्मुखीन होकर मुकाबला करने का साहस प्रदान करती है।

1. आत्मसचेतनता — स्वयं को अच्छा या बुरा लगना से आरंभ कर आवेग अनुभूतियों को पहचानना तथा उन पर नियंत्रण रखना।

2. विश्लेषण धर्मी चिंता — जीवन की विभिन्न समस्याओं पर गहन चिंतन कर डटकर उसका मुकाबला करना।

3. सिद्धांत लेना — असमंजस्य परिस्थिति को स्थिर करते हुए उचित सिद्धांत लेना।



4. समस्या दूर करना — समस्या को पहचानना। उसके समाधान के विभिन्न उपायों पर विचार करना। फिर उपयुक्त समाधान चुनकर उसे व्यवहार में लाना।

5. सृजनशील चिंता — गीत, नृत्य, तैरना, चित्रांकन, खेल आदि सहित विभिन्न सृजनशील कार्यों में हिस्सा लेना।

6. पारस्परिक सहयोग स्थापन — दूसरों की बातों को धैर्य से सुनने का अभ्यास करना। महत्त्वपूर्ण बातें कहने के लिए अनुशीलन करना।



7. परस्पर संपर्क — परिवार, सगे-संबंधी, मित्र तथा अन्य लोगों के साथ अच्छा सम्पर्क स्थापित करना।

8. समानुभूति — दूसरों की समस्याओं को सुनकर उसमें अपने-आप को शामिल करना, उनकी अनुभूतियों को समझना, व्यक्त करना।

9. मानसिक दबाव नियंत्रण — बढ़ते हुए मानसिक दबाव को पहले पहचानना फिर उसे कम करने के लिए अनुशीलन करना।

10. आवेग नियंत्रण — अपनी विभिन्न अनुभूतियों के संबंध में सचेतन होना तथा उसी के अनुरूप उसे प्रकाश करना।

## वन



निम्न शब्दों में से किस शब्द से उद्‌भिज-समूह का बोध होता है ?

- समुद्र
- पहाड़
- वन

वन विस्तृत अंचल में फैले और उगे उद्‌भिदों के समूह को वन कहते हैं। पृथ्वी पर स्थल भाग का एक तिहाई हिस्सा वन से ढका हुआ है। पूरे भारत वर्ष का 21 प्रतिशत स्थल भाग वन है लेकिन पृथ्वी की वनभूमि का परिमाण चिन्ताजनक दर से घटने लगा है। वन संरक्षक के लिये सचेतनता बढ़ाने के लिये राष्ट्र संघ ने वर्ष 2011 को 'अन्तर्जातीय वन वर्ष' के रूप में घोषित किया था।

अब वन विषय से सम्बन्धित निम्न सारणी को पूर्ण करों :

| वन से मनुष्य का क्या-क्या उपकार होता है | वन कैसे अपनी भूमिका का पालन करता है। | जलवायु के किन-किन भौतिक उपादनों (अवयवों) पर वन की संरचना निर्भर होती है। |
|---|---|---|
| 1. जलवायु-नियन्त्रण | | 1. सूर्य-प्रकाश |
| 2. भू-पृष्ठ पर ताप क्रम एवं जल चक्र का नियन्त्रण | | 2. तापक्रम/उष्मा की मात्रा |
| 3. वनज प्राणियों का आश्रय स्थल | | 3. वायुप्रवाह |
| 4. मिट्टी का क्षय और बाढ़ नियंत्रण | | 4. वृष्टिपात |
| 5. बहुत सारी वस्तुयें विभिन्न प्रकार के उद्योगों के लिये आवश्यक लकड़ी का उत्पादन | | 5. वायु में जलवाष्प (नमी) का परिमाण |
| 6. मिट्टी के नीचे स्थित जल-स्तर का नियन्त्रण | | |
| 7. जलावनों का श्रोत | | |
| 8. विभिन्न घातक रोगों की औषधियों का श्रोत | | |
| 9. | | |

वन के विभिन्न वृक्षों से हमारे दैनिक जीवन में व्यवहार में लाये जाने वाले 5000 से अधिक वस्तुए पाई जाती है।

जाती है। यदि दीर्घायु वृक्ष 50 वर्ष बचे रह जाते हैं तो ये सजीवों के लिये 2700 किलो ऑक्सीजन हवा में मिलाते हैं।

तुम अपने विद्यालय में, घर में या खेल के मैदान में अथवा यातायात के दौरान जिन सभी वस्तुओं का व्यवहार करते हो, देखो उनकी एक तालिका दी गयी है। इनसे निम्न सारणी के खाली स्थानों की पूर्ति करो:

| व्यवहार में लायी जाने वाली वस्तुयें | इसे बनाने में लगे वन के उपादान का नाम | श्रोत |
|---|---|---|
| 1. पेन्सिल | | |
| 2. खेलने का बैट | | |
| 3. औषधि | | |
| 4. पोशाक | | |
| 5. वाहन | | |
| 6. चटाई | | |
| 7. छावनी | | |
| 8. जलावन | | |

जलवायु की भिन्नता के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग किस्म के वन पाये जाते हैं। इन विभिन्न प्रकार के वनों में कौन-कौन उद्भिद और प्राणी रहते हैं या रह सकते हैं उनके नाम नीचे के खाली स्थानों से लिखो।

- सूई के आकार के पत्तों वाले वृक्षों का वन (पाईन, ओक, काले भालू, चीता .......................)
- झड़े पत्तों वाले वृक्षों के वन (सैगुन, अर्जुन, आमड़ा, बाघ, हाथी .......................)
- चिरहरित वृक्षों (सदाबाहर) के वन (जामुन, बरगद, आम, बाघ, हरिण, मोर .......................)
- काँटे दार झाड़-झँखाड़ जैसे वृक्षों के वन (बबूल,नागफनी, ब्लैकवाक, चिंकारा, सियार .......................)
- घास के वन (घास, .........., ..........., ........., गैंडे, हिरण, जेब्रा)
- श्वास मूल युक्त वृक्षों का .......... वन (......., गेहुँवन,......., बाघ, ........, कछुआ,......, .........)








वन में रहने वाले प्राणियों और उद्भिजों में से कुछेक के चित्र और नामों की एक तालिका नीचे दी गई है।



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गिरगिट | (शिरीष) | साँप | आम | वानर | हिरण |
| सियार | कुसुम | ऊल्लू | जामुन | हाथी | मछली |
| मोर | (महेगनी) | भालू | बरगद | बाँस | केकड़ा |
| चील | ओक | कठविलार | आमड़ा | (चालता) | कछुआ |
| कीड़ा | देवदार | चीता | गरान | चींटियाँ | बाघ |
| केंचुआ | पाईन | कठफोड़वा | घास | .......... | .......... |
| चमगादड़ | मधुमक्खी | .......... | ............ | सिंह | ........... |

उपरोक्त जीवों में से कम से कम तीन जीवों को लेकर एक खाद्य श्रेणी बनाओ। इस खाद्य श्रेणी में कौन उत्पादक, तृणभोजी अथवा माँसाहारी हैं— इसका उल्लेख करो।

## एक आदर्श वन की संरचना कैसी हो सकती है?

बड़े-बड़े (दीर्घकाय) वृक्षों वाले पौधों के वनों में देखा जाता है कि इस सभी की वृद्धि एक समान नहीं है अथवा सभी पेड़ों की ऊँचाईयाँ संभव नहीं है। परिणमत: बन के कई स्तर हो जाते हैं।



i) एकदम ऊपर के स्तर के छत को canopy कहते हैं। पेड़ों के ऊपरी भाग (सिर) मिलकर एक स्तर का निर्माण कर लेते हैं। पेड़ों के शीर्ष एक साथ मिलकर जिस छत का निर्माण करते हैं, वह सूर्य की किरणों को वन में अन्दर प्रवेश करने में बाधा उत्पन्न करता है। वर्षा वनों में यह सामान्यत: 30 मीटर तक की ऊँचाई तक निर्मित होता है। कभी-कभी यह ऊचाई 90 मीटर तक पहुँच जाती है। अब यह बताने की चेष्टा करों कि क्यों यह स्तर (प्रकार) सबसे ज्यादा खाद्य तैयार करता है?

ii) इस छत्त स्तर के नीचे की स्तर में ऐसे पौधे पाये जाते हैं। जो लम्बे-लम्बे ऊँचे होकर इस canopy को छुने की चेष्टा करते हैं। इसीलिए इस (स्तर) के पौधे अपेक्षाकृत कम लम्बे होते हैं। (लम्बाई में छोटे होते हैं) इस श्रेणी में वायु का प्रवाह वेग कम होता है और प्रकाश भी कम होता है। इसमें कम ऊँचाई वाले पेड़, गुल्म और नर्म तने वाले पौधे अधिक पाये जाते हैं। अधिक पुराने पेड़ अथवा चारागाह के गुल्म अधिकता में दिखते हैं।

iii) तीसरी श्रेणी में नये उगे (जन्मे) पेड़ परिवर्तित गुल्म एवं कई प्रकार के गुच्छे वाले पेड़ होते हैं। वन में बहुत छोटे जीवों के भोजन उनके रहने के स्थान और उनकी रक्षा के लिये इस श्रेणी का उपयोग होता है।

iv) वन के मिट्टी की ठीक ऊपरी भाग कम ऊँचाई वाले जिस प्रकार के पौधे होते हैं। वे प्राय: बीजोत्पादक जातीय होते हैं। यहाँ बीज से अंकुरित (पेड़ों के) चारे, फर्न, घास एवं खरपात दीख पड़ते हैं। ये वन की जमीन को ढँककर रखते हैं। चूहे, कीट, साँप, कछुए, मेढक और भिन्न-भिन्न प्रकार के पंछी इस श्रेणी के वन में निवास करते हैं। हिरण अपने शावकों (बच्चों) को और शिकारी प्राणी शिकार पकड़ने के लिये अपने को इसी भाग में छुपाकर रखते हैं। इस श्रेणी के वन में हमेशा ही कोई न कोई घटना होती रहती हैं।

v) वन की संरचना का अन्तिम भाग (स्तर) इसकी जमीन है। यह सामान्यत: सूखे पत्तों से गिरे हुये फूलों की पपड़ियों सड़े फलों पेड़ों की छोटी टहनियों पक्षियों के उजड़े डैनों के भाग, प्राणियों के बाल और मल, सड़े-गले या मरे हुये जीवों के अलग-अलग भागों से निर्मित होता है। मिट्टी के साथ ये सारे पदार्थ मिलकर एक प्रकार की खाद्य मिट्टी (HUMUS) बना लेते हैं। इस प्रकार के पदार्थ से वनों के पेड़ों की वृद्धि में सहायक विभिन्न प्रकार के उपादान खनिज तत्त्व, एमिनो एसिड आदि निकलते हैं। केंचुआ, तिलचट्टा, बिच्छू (शामूक) आदि अति सूक्ष्म जीव इस भाग में निवास करते हैं।

## पृथ्वी पर कहाँ किस प्रकार के वन पाये जाते हैं?

पूरी पृथ्वी के सभी स्थानों पर वनों की परिमाण समान नहीं है। इसका 95% प्राकृतिक ढंग से निर्मित है और शेष 5% मानवनिर्मित हैं। इसमें से दक्षिण अमेरिका में वनों का परिमाण प्राय: 23% और ओशियानिया में मात्र 5% हैं तुम्हें जानकर शायद आश्चर्य हो कि पृथ्वी के दस देशों में कोई वन नहीं है और दूसरे 64 देशों में वनों का परिमाण उन देशों के स्थल भाग के दस प्रतिशत से भी कम हैं।

### सत्यांश (एक टुकड़ा कथन)

तुमलोगों ने अमेजन के वर्षा वनों की बातें जान लिया है। लम्बे लम्बे पेड़ उष्ण जलवायु और पर्याप्त वर्षा इस तरह के वनों की प्रधान विशेषता होती है। विषुवत रेखा के आसपास (ऊपर एवं नीचे $10^0$ के मध्य) इस प्रकार के वन देखे जाते हैं। इन वनों में पेड़ इतने घने होते हैं कि वन के ऊपर हुई वर्षा की पहली बूँद को मिट्टी तक पहुँचने में लगभग 10 मिनट समय लग जाता है। इस प्रकार के एक हेक्टयर वर्षा वनों में प्राय: 40 से अधिक प्रजातियों के पौधे होते हैं। पृथ्वी पर आज तक के ज्ञात 2,50,000 उद्‌भिज प्रजातियों में से प्राय: 1,70,000 प्रजातियों के पौधे इन्हीं वर्षा वनों में पाये जाते हैं। वर्षा वनों में अफ्रिका के हाथियों के समान बड़े स्तनपायी से लेकर माउस लेमूरेड जैसे छोटे स्तन पायी देखे जा सकते हैं। तुमलोग अक्वेरियम में जिन रंगीन मछलियों को देखते हो उनमें से अधिकांश ही दक्षिण अमेरिका अथवा एशिया के वर्षा वनों के जल में उत्पन्न होती है। पेरू के वर्षा वन के एक पौधे पर ही 50 प्रजाति की चीटियों का पता चला है। इसी वर्षावन में वायुमण्डल के अधिकांश ऑक्सीजन की उत्पत्ति होती है। हवा में जो जलवाष्प मुक्त होकर जाता है। वही फिर वर्षा के रूप में वापस आ जाता है। जलवायु को सन्तुलित रखने में इन दोनों का महत्त्व है। वर्षा वन स्पंज की भाँति होता है। जल वाष्प सोखकर धीरे-धीरे छोड़ता रहता है। फलत: नदी में कभी भी जल प्रवाह इतना नहीं हो पाता कि बाढ़ की संभावना दिखाई पड़े। फिर इसी वर्षा वनों में जीवन रक्षक औषधियों का भी संघनता है। तापीर, गोरिल्ला, शिम्पांजी उतेकापी, ओरांगओटा सुमात्रा के गैंडों अथवा बाघों जैसे विलुप्त प्राय: जीव जन्तु इन्हीं वर्षा वनों में जीवित बचे हुये हैं। लेकिन इसे ही हम क्रमश: ध्वंस करने लगे हैं। प्रति सेकेण्ड डेढ़ एकड़ की दर वर्षा वन काट दिये जाते हैं। इस दर से वन ध्वंस की क्रिया चलती रहने पर आगामी 100 वर्षों के अन्दर पृथ्वी से प्राय: सभी वर्षा वन गायब हो जायेंगे।





## वन (जंगल) की आग और परिवेश की क्षति

वन में आग लग जाने पर सामान्यत: यह नियंत्रण के बाहर चली जाती है। अधिकांशत: आग लगने पर पहले तो दिख ही नहीं पाती। वन में कई कारणों से आग लगाती है।



1.आकाश में अग्नि-उत्पात के दौरान गिरते लावा के सर्स्पश में वन के पेड़ों में से सूखे हुये पेड़ का आ जाना।

2. वज्रपात (बिजली का गिरना)।

3. वायु प्रवाह की तीव्रता से आस पास के हिलते डुलते बाँस के पेड़ों में घर्षण होना।



4.लुढ़कते हुए पत्थर के धक्के से उत्पन्न हुए आग के शोले (या शिखा) के संस्पर्श में जमीन पर पड़े सूखी पत्तियों का आ जाना।

5. मनुष्यों के कई कार्यों वन में धुम्रपान भोजन बनाना आदि से।

### वन में आग लगने पर क्या-क्या नुकसान (क्षति) होता है।

1. वन के बिना मनुष्य का बचे रहना संभव नहीं। आग लगने पर वन के नष्ट हो जाने पर हवा में $CO_2$ की मात्रा बढ़ती है और $O_2$ की मात्रा कम होती है। फलत: परिवेश का तापक्रम बढ़ता जाता है।
2. वन की मिट्टी और पौधों के पत्ते वर्षा का प्राय: 50% शोषित कर लेते हैं। आग लगने पर मिट्टी और पत्तों में यह क्षमता शेष नहीं रहती। फलत: बाढ़ की संभावना बढ़ जाती है।
3. बड़े पौधों के जल जाने पर अत्यधिक वर्षा के समय मिट्टी की क्षति बढ़ जाती है। दावानल के बाद पहली वर्षा के समय जल में छाई (राख) मिल जाने से प्रदूषण हो आता है।
4. वन में आग लगने से बहुत से प्राणियों की मृत्यु तत्क्षण हो जाती है और बचे हुये अपना आश्रय खो देते हैं।

किस प्रकार के प्राणियों के लिये इस प्रकार की क्षति की संभावना अधिक होती है।

### कुछ बातें

वर्ष 1910 में दावानल के कारण संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में प्राय: तीन मिलियन एकड़ वन नष्ट हो गये। यह दावानल दो दिनों तक रहा। इस दावानल को बुझाने में लगे लोगों में से 87 लोगों की मौत हो गयी। निकट अतीत में आस्ट्रेलिया में भी इसी प्रकार के दावानल की घटना में काफी क्षति हुई। समस्त पृथ्वी पर इस प्रकार की होने वाली घटनाओं को जानने की चेष्टा करो और परिवेश पर इसका क्या प्रभाव पड़ रहा है। इस पर अपने बीच चर्चा करके एक प्रतिवेक्षण (रिपोर्ट) तैयार करो।

### वन का काटा जाना और परिवेश की क्षति

अपनी विभिन्न आवश्यकताओं (जमीन की अत्यधिक चाह, गृह निर्माण आदि) के कारण मनुष्य जमीन पर बहुत दिनों के पेड़-पौधों को खत्म करने में या काटने में लगा हुआ है। पूरी पृथ्वी पर प्रति सेकेण्ड मनुष्य प्राय: $1\frac{1}{2}$

एकड़ वन काटकर बर्बाद कर देता है। अब देखो कि इससे कौन-कौन सी समस्यायें हो सकती है—

1. मिट्टी के अन्दर बहुत गहराई या कम गहराई तक पहुँचे पौधों को उखाड़ फेंकने पर, पौधे की जड़ों के साथ मिट्टी की जितनी मात्रा चिपकी या जुटी रहती है। वह पूरी की पूरी अलग हो जाती है। इसके बाद उसमें उपस्थित जल के सूख जाने पर मिट्टी भुरभुरी हो जाती है। वर्षा की लहर के साथ यह घुलकर बह जाती है और नीचे का पत्थर बाहर आ जाता है। फलत: वहाँ अब कोई दूसरा उद्भिज नहीं पैदा हो सकता। विस्तीर्ण अंचल में इस प्रकार की घटना लम्बे समय तक चलती रहने पर रेगिस्तान तक का निर्माण हो सकता है। (Desertification)।
2. वनों को काट देने पर उस अंचल की मिट्टी अब और जल की मात्रा को रोककर नहीं रख पाती। फलत: मिट्टी के नीचे जल स्तर घटता जाता है।
3. वनों को क्रमश: काटते रहने पर $CO_2$ शोषक पौधों की संख्या में कमी आती जाती है। परिवेश में $CO_2$ का परिमाण बढ़ जाने पर परिवेश गर्म हो जाता है। (Global warming)। अतिरिक्त गर्मी के कारण जलचक्र (जल → बादल → वर्षा → बर्फ) बाधित होता है। वृष्टिपात की मात्रा कम होती जाती है अथवा इसके होने में परिवर्त्तन होता जाता है। फलस्वरूप सूखा (Drought) और बाढ़ (Flood) की संभावना बढ़ जाती है।
4. अलग-अलग प्राणी विशेष प्रकार के पौधे या वनांचल को अपने निर्वाह के लिये प्रयोग में लाते हैं। एक प्रकार के वनांचल के ध्वंस होने पर उस प्रजाति के विलुप्त (Extinction) की संभावना में वृद्धि होती है एवं जैविक भिन्नता में कमी आती है।



## वन बचाना कैसे संभव है



1. वनांचल के पौधों को काटना बन्द करना।
2. पेड़-पौधे तथा नये-नये वनांचल बनाना।
3. वन में आग लगने की संभावना को घटाना और वनांचल में पशुओं का चरना नियंत्रित करना।



4. वन में परिवर्तित पेड़ काटकर उसी स्थान पर उसी प्रजाति का नया पेड़ लगाना।
5. वन के पेड़ों में कोई रोग लग जाय तो उपयुक्त व्यवस्था करना।



पश्चिमबंग के दो प्रधान वन है उत्तरी बंगाल का वन एवं सुन्दरवन का मैनग्रोव्हस उद्भिज वन। उत्तर बंग ऊँचे पहाड़ी अंचल का (8,000 फुट से ऊपर) और डूआर्स तथा तराई का वन देखा जाता है। वर्तमान काल में परिवेश में विभिन्न परिवर्तनों तथा मनुष्य के विभिन्न कार्यावलियों के कारण इन वनों के लिये कुछ संकट उत्पन्न हो गये हैं।

## उत्तर बंग की वनभूमि का संकट

उत्तर बंग के डुआर्स एवं तराई की वनभूमि में शाल, गामारी, खैर, शीशम, आमलाकी तथा ऊँचे पहाड़ों के ढलान पर रोडोडेनड्रस पाईन आदि विभिन्न प्रकार के पेड़ दिखाई पड़ते हैं। आज से लगभग एक सौ वर्ष पहले धूपी पेड़ का चारा लाकर ऊँचे पहाड़ों की ढलानों पर धूपी पेड़ों का वन तैयार किया गया था डूआर्स और तराई में भी इसी प्रकार अनेक स्थानों पर लोगों द्वारा तैयार किये गए शाल और सैगुन के वन हैं। ये मनुष्यों द्वारा तैयार किये गये सारे वन (जंगल) प्राकृतिक वनांचल को काटकर ही तैयार किये गये हैं। चाय बगान के लिये भी प्राकृतिक वनांचल काफी संकुचित हुआ है।

उत्तर बंग की वनभूमि के संलग्न चाय बागानों में अथवा अनेक बार वनभूमि से सटे लोगों की बस्ती वाले क्षेत्रों में अक्सर चीते के आक्रमण की बात सुनी जाती है। प्राकृतिक भोजन के अभाव में चीतों के भोजन की आदत में बहुत बदलाव हो गया है। उनके प्राकृतिक खाद्य कई प्रकार के तृणभोजी प्राणी छोटे हिरण पहाड़ी बकरे, खरगोश पहाड़ी मुर्गे मोर आदि थे। फिर खाद्याभ्यास में परिवर्तन के बाद ये गाँवों के निकट से प्राय: बकरों, गायों भैसों के बच्चों हंस, मुर्गियों कुत्तों को पकड़ने में ही अधिक निर्भर होकर रह गये हैं। इसका सामूहिक परिणाम चीतों बाघों तथा मनुष्यों के बीच अघात संघात हो गया है। चाय की पत्तियों को चुनने गये चाय श्रमिकों को झाड़ियों में छुपे बैठे बाघों के आक्रमण के सम्मुखीन होना पड़ता है। कई बार विष का प्रयोग करके अथवा फंदा तैयार कर बाघों को भी मार दिया जाता है।

गैंडों के रहने के योग्य जंगल एवं जल आच्छादित घास के मैदानों के क्रमश: घटते जाने के कारण और मनुष्यों की बस्ती बढ़ते जाने के कारण उत्तर बंग के वनभूमि में पाये जाने वाले एक सींग वाले गैण्डों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।

हाथियों के आने-जाने वाले रास्तों के वनों को काटकर रेल पथ तैयार करने तथा जनबस्ती के बढ़ने के कारण उत्तर बंग के वनों का एक और संकट मनुष्यों और हाथियों के बीच टकराहट है। वर्तमान समय में उत्तर बंग में रेल से कटकर कई हाथी मर गये। वर्षा के प्रारम्भ में भुट्टा होने के समय और शीतकाल के प्रारम्भ में धान का पकना शुरू होने पर हाथियों का घूमना-फिरना बहुत बढ़ जाता है। तब विभिन्न दिशाओं में हाथियों के झुण्ड फैल जाते हैं। फलत: मनुष्यों के साथ हाथियों का संघात शुरू हो जाता है।

पश्चिमबंग के पश्चिम की ओर जो शाल, सैगुन के वन दिखाई पड़ते हैं— वहाँ से प्राय: दलमा पहाड़ से हाथी के झुण्ड उतर आते हैं। उनके जंगल में वापस न जाकर जनबस्ती क्षेत्रों में लम्बे समय तक रुक जाने से एक समान समस्या दीखती है।





## मैनग्रोव्हस वन भूमि और वर्त्तमान संकट



पश्चिमबंग में दक्षिण की ओर ज्वार भाटे से प्लावित क्षेत्र में श्वासमूल युक्त जो विशेष प्रकार के उद्‌भिज समूह दिखाई पड़ते हैं वे मिलजुल कर मैनग्रोव्हस अरण्य अथवा दलदलीवन को बनाते हैं। इस वन (या जंगल) के उद्‌भिजों को बचे रहने के लिये कई कौशल अपनाने पड़ते हैं। इस वन के पाईन, पशु, केवड़ा, गरान जैसे उद्‌भिजों का निचला भाग ज्वार के समय दिन में दो बार जल से ढक जाता है। मिट्टी में दबे सूक्ष्म छिद्रों का कीचड़ जम जाने के कारण इनका श्वास लेना असम्भव हो जाता है। इसीलिए इन सभी उद्‌भिजों में मिट्टी के ऊपर जड़ों की तरह ही अनगिनत श्वास मूल निकल आते हैं।





दूसरी ओर ज्वार-भाटा के श्रोत के खिंचाव के कारण उखड़ न जाए किसी-किसी मैनग्रेव्ह में ठेसमूल निकल आते हैं। गर्जन नामक पेड़ में इसे भली-भाँति देखा जा सकता है। गर्जन, गरान, काँकड़ा जैसे उद्‌भिज की वंश रक्षा की आवश्यकता के लिये इनके पके फलों में मिट्टी पर गिरने से पहले ही अंकुराने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। शिशु उद्‌भिज अच्छी तरह मजबूती से मिट्टी को जकड़े रहे इसके लिए उनमें विशेष व्यवस्था दिखाई पड़ती है।



मैनग्रोव्हस अरण्य के उद्‌भिज लगातार और एक प्रकार की समस्या का सामना करते हैं। ज्वार के समय समुद्र का नमक उपस्थित रहता है। जिसे स्थल भाग के उद्‌भिज सहन नहीं कर पाते। परिणामत: नमक की यह अधिक मात्रा उद्‌भिजों के देहाकार में विष-क्रिया निर्मित करती है। दलदलीय वन के उद्‌भिज आंशिक रूप से मूल अथवा पत्तों को नमक ग्रन्थि की सहायता से इस अतिरिक्त नमक को बाहर निकाल देने की चेष्टा करते हैं। इसके अलावा पत्तों के झड़ने से भी नमक बाहर निकाल दिया जाता है।



वर्तमान में परिवेश का तापक्रम क्रमश: बढ़ते जाने के कारण जल की ऊँचाई भी बढ़ रही है और बढ़ते जल के साथ नमक की मात्रा भी बढ़ रही है। इस कारण बहुत सी उद्‌भिजों की संख्या उल्लेखनीय रूप में घटती जा रही है। इसके परिणाम स्वरूप बाघ, खाड़ी के कछुये रिण्हर टेरापिन जैसे प्राणी विपन्न हो रहे हैं।

तुम्हारे घर के आस-पास यदि वन हो अथवा कभी किसी वन में जाने का अवसर मिले तो निम्नलिखित विषयों पर ध्यान देकर अपनी डायरी में नोट करने की चेष्टा करना।

1. वन में किस-किस प्रकार के पौधे पाये जाते हैं? 2. जंगल में जल के श्रोत क्या-क्या हैं? 3. वनांचल में कौन जीव अधिक देखे जाते हैं? 4. वन में जिस प्राणियों और उद्‌भिजों को तुमने देखा उन्हें श्रेणी बद्ध करों। 5. आस-पास के लोग उस वन पर किस तरह निर्भर हैं? 6. वन के पेड़ों के पराग मिलन में सहायक प्राणियों को तुमने देखा? 7. वन के जिन शाकाहारी और मांसाहारी प्राणियों को तुमने देखा था जिनके बारे में तुमने जाना उनके नाम लिखों। 8. क्या वन की किसी समस्या को तुमने देखा? 9. उस समस्या का हल क्या हैं?

## समुद्र के अन्दर जीवन

तुममें से बहुतों ने समुद्र देखा है और समुद्र के किनारे से छोटे-छोटे शंख भी चुना होगा। ये शंख वास्तव में एक प्रकार के सामुद्रिक जन्तु का खोल होता है। यह कड़ा खोल उस जीव की नरम देह की रक्षा करता है। हमारे आस-पास जिस प्रकार अनेक प्राणी रहते हैं उसी प्रकार समुद्र के भीतर भी अनेक प्रकार के जीव और उद्‌भिज होते हैं। आओं अब समुद्री जीवों को पहचानें और जानने की चेष्टा करें। समुद्र और समुद्री जीवों के बारे में जानने का पहला कदम समुद्र की पहचान करना है।



कल्पना करो, तुम्हें किसी यान (जिसकी खिड़कियाँ काँच जैसी पारदर्शी और साफ वस्तु की बनी हो) में बैठाकर धीरे-धीरे समुद्र के अन्दर उतरना प्रारम्भ किया जाये। समुद्र के भीतर जितनी अधिक गहराई में जाओगे, जल की गहराई बढ़ने के साथ-साथ जल का दबाव भी बढ़ता जायेगा। इसलिए यान और यान की खिड़कियाँ ऐसे पदार्थ की बनी होती हैं जो इस जल के दबाव को सह (झेल) सकता है। दिन के समय यदि समुद्र में डुबकी लगाओ तो देखोगे कि अन्दर कितना प्रकाश है। कितने ही प्रकार के जीव वहाँ घूमते नजर आयेंगे। सँवार प्रजाति के अनेक उद्‌भिज भी तुम्हें दिखेंगे। समुद्र में जितनी अधिक गहराई में उतरोगे वहाँ सूर्य का प्रकाश कम होता जायेगा और तुम्हारे आस-पास अन्धकार रहता जायेगा। जीवों की संख्या भी क्रमशः घटती जायेगी और अधिक नीचे जाने पर निपट घुप्प अन्धकार मिलेगा। केवल तुम्हारे यान के तीव्र प्रकाश में चारों ओर का अन्धकार थोड़ा-थोड़ा छँटा जा रहा है। इसी प्रकाश में कभी-कभी अजीब से जीव दिखाई पड़ जाते हैं। समुद्र की गहराई में जितने जीव रहते हैं उस सभी ने इस प्रचण्ड दबाव और अन्धकार के साथ अपने को ढाल लिया है। समुद्र में सभी स्थानों पर जीव दिखाई नहीं पड़ते। इसके विपरीत कहीं-कहीं तो अधिकांश जीवों का निवास है। जिस जगह शैवाल की दीवारें होती है वहाँ मछलियों तथा अन्य समुद्री जीवों की भिन्नता पर्याप्त होती है।



आंगलार मछली



हाचेट मछली

### समुद्र के विभिन्न क्षेत्रों में जीवों का विचित्र संसार

ज्वार के समय जल जहाँ तक बढ़ जाता है और भाटा के समय जहाँ तक पीछे हट जाता है— इन दोनों सीमाओं के बीच के क्षेत्र में कई जीव दिखाई पड़ते हैं। जैसे लाईकेन, श्यावला, सीप, घोंघा, तारा मछली, सागर कुसुम, केंकड़ा आदि। महादेशों के समुद्रों में डूबे भागों के ऊपर जिस क्षेत्र में जल-भरा होता है वहाँ भी विभिन्न प्रकार के समुद्री जीव दिखाई पड़ते हैं। यहाँ जल के भीतर केल्पे के जंगल तथा घासों के हरित भूमि में स्पंज और अन्य अमेरूदण्डी प्राणी, छोटी मछलियाँ, समुद्री कछुए, सी-काऊ, सी-हॉर्स और छोटी-छोटी समुद्री चिंगड़ियाँ पायी जाती हैं। केल्पे एक प्रकार का समुद्री सैवार है। इस क्षेत्र में नंगी आँखों से न दीखने वाले अत्यन्त छोटे जीव भी रहते हैं।

इसके बाद खुली समुद्र का जो विस्तीर्ण क्षेत्र हैं वहाँ जल की विभिन्न गहराई वाले भागों में अनेक प्रकार के मेरुदण्डी जीव (शार्क, हाचेट मछली और अन्यान्य मछलियाँ, तिमि) तथा अमेरुदण्डी जीव (जेली फिस, सागर




कुसुम, चिंगड़ी, केंकड़ा, स्कुइड, ऑक्टोपस, तारा मछली, समुद्री शशा) दिखाई पड़ते हैं। समुद्र की जिस गहराई तक सूर्य का प्रकाश प्रवेश करता है वहाँ विभिन्न प्रकार के उद्‌भिज दिखाई पड़ते हैं। जल-तल के ठीक नीचे जहाँ तक सूर्य का प्रकाश और ताप प्रवेश कर पाता है वहीं जीवों की भिन्नता अधिक है। क्योंकि इस भाग में उपस्थित उद्‌भिज सूर्य प्रकाश की सहायता से भोजन बना सकते हैं। हरे उद्‌भिजों का सूर्य प्रकाश की सहायता से भोजन तैयार करने की इस प्रक्रिया का नाम 'प्रकाश-संश्लेषण' है। इस अंचल के अन्य जीव इसी भोजन पर निर्भर होते हैं। समुद्र की गहराई में रहने वाले जीव भोजन के लिए सूर्य प्रकाश से आलोकित इसी ऊपर वाले क्षेत्र से गिरने वाले भोजन के टुकड़ों अथवा उद्‌भिजों और प्राणियों के मृतांश पर निर्भर होते हैं। कई बार ये अन्य जीवों का शिकार करके अपना भोजन जुटाते है। समुद्र में जितनी अधिक गहराई में जाया जाये सूर्य का प्रकाश उतना ही कम पहुँचता है। इसलिए समुद्र की गहराई में जल का तापक्रम भी कम होता है। अत: गहरे समुद्र के जीवों को कम तापक्रम तथा अत्यधिक दबाव के साथ अपने को ढाल लेना पड़ता है।

ऊपर के चित्र में तुम अलग-अलग गहराई में अलग-अलग जीवों को देख पा रहे हो। विभिन्न जीवों को जिस गहराई में देख रहे हो यह जरुरी नहीं कि वो हमेशा उसी गहराई में रहेंगे। कारण यह है कि उनमें से अधिकांश भोजन की तलाश में अथवा अन्य जीव के आक्रमण से अपनी रक्षा के लिये ऊपर नीचे आते-जाते रहते हैं।

**बायोलूमिनीसेन्स (Bioluminescence)**





समुद्र के गहरे भाग में सूर्य के प्रकाश के न पहुँचने पर भी वहाँ एक अन्य प्रकार का प्रकाश होता है जिसमें ताप नहीं होता। इसे बायोलूमिनेसेन्स (Bioluminescence) कहते है। समुद्र की गहराई में कुछ ऐसे जीव पाये जाते हैं जो रासायनिक विक्रिया द्वारा अपने शरीर के अन्दर ही प्रकाश उत्पन्न कर सकते हैं। ये बायोलूमिनेसेण्ट (Bioluminescent) जीव कहलाता हैं। बायोलूमिनेसेंस शब्द की उत्पत्ति कहाँ से हुई पहले इसको समझते हैं। ग्रीक शब्द Bios का अर्थ है जीवत (living) वस्तु और लैटिन शब्द lumen का अर्थ है प्रकाश (light)। अर्थात् जीव से उत्पन्न प्रकाश। बायोलूमिनेसेण्ट जीवों के शरीर में एक प्रकार का प्रोटीन प्रयुक्त रंजक पदार्थ–लूसिफेरीन (Luciferin) होता है और एक दूसरा पदार्थ उत्सेचक— (Luciferase) होता है। आक्सीजन की उपस्थिति में इन दोनों पदार्थों के रासायनिक विक्रिया द्वारा रासायनिक ऊर्जा प्रकाशीय ऊर्जा के रूप में परिवर्तित होती है। इससे ठण्डा प्रकाश या बायोलूमिनेसेन्स तैयार होता है। निश्चिन्त रूप से बायोलुमिनेसेण्ट जीवों की देह में ये दोनों पदार्थ रहते ही है ऐसा नहीं है। कई प्राणी इस प्रकाश को तैयार करने के लिए प्रकाश उत्पादनकारी बैक्टीरिया के साथ मित्रता करते हैं अर्थात् उनके संग मिथोजीवी सम्पर्क बनाते हैं। अधिकांशतः बायोलूमिनेसेण्ट जीव समुद्र की 200-1000 मीटर गहराई में दिखाई पड़ते है। बायोलूमिनिसेन्स इन जीवों की कई प्रकार से सहायता करता है। जैसे भोजन ढूँढ़ने में भोजन को आकर्षित करने में छद्म रूप बनाने में आत्मरक्षा करने में आदि।



## समुद्र के जीव

**प्लैंकटोन** (Gk.Planktos = इधर-उधर तैरते हुए घूमना)

ये एक प्रकार के जलीय जीव हैं। जो धारा के विरुद्ध नहीं तैर सकते। ये बड़े-बड़े जलीय प्राणियों (मछली, तिमि) के महत्त्वपूर्ण खाद्य हैं। ये मुख्यत: दो प्रकार के होते है।

**i) फाइटोप्लैंकटोन** (Greek. Phytos = उद्भिज) : सूर्य प्रकाश की सहायता से ये भोजन बना सकते हैं।

**ii) जूप्लैंकटोन** (Greek. Zoon = प्राणी) : ये खुद भोजन नहीं बना सकते हैं, अन्य प्लैंकटोन को खाते हैं।

### उद्भिज

**1. फाइटोप्लैंकटोन**

ये एककोशीय अति सूक्ष्म उद्भिज साधारणत: यूफोटिक क्षेत्र में रहते हैं। सूर्य के प्रकाश की सहायता से ये भोजन तैयार करते है। ये विभिन्न समुद्री जीवों के खाद्य हैं। इसके अलावा परिवेश में कार्बन का सन्तुलन बनाये रखने में इनकी भूमिका होती है।




a) **डायाटोम :** ये एककोशीय हैं। ये इकाई के रूप में या कड़ी के रूप में कालोनी बनाते हैं। इनके कोश की दीवारें सिलिका की बनी होती है।

b) **डिनोफ्लैजेलेट :** ये एककोशीय होते हैं। डायोटोम की भाँति इनकी कोशिका भित्ति (दीवार) सिलिका की बनी नहीं होती। ये अकेले-अकेले रहते हैं, कोई-कलोनी नहीं बनाते। फ्लैजेला की सहायता से ये घूमते-फिरते है।


डिनोफ्लैजेलेट

### 2. केल्प (Kelp)


केल्प

ये बहुत बड़े समुद्री सेंवार हैं। इनकी उत्पत्ति समुद्र में कम गहराई वाले भाग में होती है। ये इस प्रकार फैलते हैं कि समुद्र के नीचे एक पूरा अरण्य (जंगल) तैयार हो जाता है। इनमें अधिकांश प्रजातियों की देह चपटी और बहुतों की पत्ते के समान दिखाई पड़ती है। जड़ जैसे एक भाग की सहायता से ये जल के नीचे किसी वस्तु के साथ अटके रहते हैं। ये बहुत शीघ्र बढ़ते हैं।

## प्राणी

### 1. जूप्लैंकटोन (Zooplankton)


क्रिल

ये मूल रूप से सूक्ष्माति सूक्ष्म जीव हैं। अवश्य ही सभी सूक्ष्म ही नहीं होते। ये समुद्र के ऊपरी तल पर डूबते उतरते घुमते रहते है। फाइटोप्लैंकटोन की तरह ये अच्छी तरह नहीं तैर पाते इसलिये डूबते-उतराते हैं। इनमें कई-कई जरुर तैर पाते हैं। लेकिन शत्रु की नजर से बचने या सहज ही भोजन पाने के उद्देश्य से ये डूबते-उतरते रहते हैं।

### 2. सागर कुसुम (Sea anemone)

समुद्र के किनारे घूमते-घूमते कई बार अनेक परतों वाला फूल के समान एक वस्तु दीख जाती है। हाथ से उठाने पर एक नर्म और लम्बे वृत्त के ऊपर फूलों की परतें फैली हुई दिखाई पड़ती हैं। ध्यानपूर्वक देखने पर पता चलता है कि ये परतें (पपड़ियाँ) सामने की ओर और पीछे की ओर जैसे आन्दोलित (गति करती) होती है। ये सागर कुसुम है। इस समुद्री जीव की देह खोखली होती है। विभिन्न परतों की तरह उपांगों के ठीक बीच में इसका मुँह होता है। ये पपड़ियाँ या परतें वास्तव में कर्षिका हैं। इन कर्षिकाओं में ही असंख्य दंशक कोष रहते हैं। छोटी मछलियों अथवा अन्य जीवों का शिकार करने में यह काम आता है।


सागर कुसुम


सागर कलम

### 4. सागर कलम (Sea-pen)

इस जीव के शरीर के दोनों तरफ ही पतले भाग होते हैं। बहुत कुछ हंस के पंखों से बने कलम की तरह होता है। सी-पेन के पूरे शरीर पर असंख्य शाखायें होती हैं। प्रत्येक शाखा ही मूल शरीर से निकली है। ये शाखायें सागर कलम को पत्थरों में अटकने में मदद करती हैं।

### 5. ऑक्टोपस (Octopus)

इनकी बाहुओं की संख्या 8 होती हैं। इसीलिए इनका नाम ऑक्टोपस है। इनका शरीर गोलाकार होता है। इनके शरीर के बाहर कोई खोल नहीं होता। इनकी बाँहे लम्बी-लम्बी सूड़ों की तरह होती हैं। ऊपर वाला भाग मोटा तथा नीचे की ओर का भाग पतला होता है। बाहुओं में कई शोषक यन्त्र होते हैं। इन बाहुओं को केन्द्र में मुख होता है।



ऑक्टोपस

ऑक्टोपस की दो बड़ी-बड़ी आँखे होती है। ऑक्टोपस का मस्तिष्क और आँख अमेरुदण्डी प्राणियों में सबसे अधिक उन्नत माना जाता है। अधिकांश ऑक्टोपस ही छोटे आकार के होते हैं। सबसे बड़ा ऑक्टोपस प्रशान्त महासाहर का दैत्याकार ऑक्टोपस है। सभी ऑक्टोपसों में विष होते हैं। साधारणत: विष केंकड़ों, चिंगड़ियों जैसे प्राणियों पर प्रभावकारी होता है। केवल ब्लू-रिंग्ड ऑक्टोपस मनुष्य के लिए प्राणघाती हो सकता है। देखने में जितना भी डरावना हो। लेकिन आक्टोपस निरीह तथा भीरु होते हैं। आक्रान्त होने पर ये अपने शरीर को एक ग्रन्थि से स्याही जल में घुलाकर भाग जाते हैं।

माता ऑक्टोपस अँगुली के समान आकार के छोटे-छोटे अण्डे देती है। अण्डे के फुट कर बच्चे निकलने तक माता ऑक्टोपस अण्डों की निगरानी करती है। यहाँ तक कि खाने भी नहीं जाती कि कहीं केंकड़ा या अन्य जीव अण्डे को नुकसान न पहुँचा दे। माता ऑक्टोपस बिना खाये तिल-तिल कर मरने तक सन्तान की रक्षा करती है। उसके बाद अण्डे के फूटने पर शिशु ऑक्टोपस निकल आते है और धीरे-धीरे माता ऑक्टोपस की मृतदेह जल के नीचे जा पड़ती है।



स्कुइड

### 6. स्कुइड और काटल फिस

स्कुइड की दस भुजायें होती हैं। सिर के निकट आठ छोटे-छोटे और दो बड़े मांसल प्रत्यंग होते हैं। यही कुल दस भुजायें हुईं। प्रत्येक भुजा में कई-कई शोषक यंत्र होते है। इनका शरीर लम्बा टारपिडो जैसा होता है। पूँछ के निकट डैना होता है। शोषक यंत्रो की सहायता से स्कूइड शिकार पकड़ती है। आक्रान्त होने पर बादामी स्याही जैसा तरल छोड़कर जल का रंग मटमैला कर शत्रु को मूर्ख बनाकर भाग जाती है। दैत्याकार स्कुइड अटलान्टिक समुद्र की गहराई में निवास करती है। ये सामान्यत: 50-60 फूट लम्बी होती है। इनके भुजाओं की लम्बाई 30 फूट होती है। इनके शरीर में बर्छे की धार की तरह कैल्शियम के कारण बनी एक कड़ी वस्तु होती है। स्कुइड की आत्मीय (सहजातीय) काटल फिस के सड़ गल जाने पर यह कैल्शियम के कारण बनी कड़ी वस्तु समुद्र के किनारे मिल जाती है। यह वस्तु 'समुद्र का फेना' के नाम से बेची जाती है।



काटल फिस

### 8. शार्क (हांगर) (Shark)



व्हेल शार्क

शार्क कड़ी हड्डी की मछली नहीं होती। इनका कंकाल हड्डी से नरम कार्टिलेज से बनता है। इसी प्रकार के पदार्थ से हमलोगों के नाक का अग्रभाग अथवा कान का कड़ा भाग बना हुआ है। इनमें से कुछ ही मानवभक्षी हैं— जैसे ग्रेट व्याइट शार्क इसकी लम्बाई प्राय: 6 मीटर होती है। इनके किसी एक दाँत के खो जाने पर उसी कतार में से पीछे का दाँत आकर खोये हुए दाँत का स्थान ग्रहण कर लेता है।

इनके कान की जगह कटा हुआ दाग अथवा फटे हुए छिद्र के समान होता है। ऐसे पाँच फटन या स्लिट होते हैं। शॉर्क की चमड़ी पर छोटे-छोटे आंश होते है। ये पीछे की ओर ढलुवाँ होते है। इसीलिए शार्क के मुँह की तरफ से पूँछ की ओर हाथ फिराने पर नरम लगता है। किन्तु पूँछ की ओर से मुँह की ओर हाथ ले जाने पर खुरदुरा लगता है। जैसे शिरीष कागज हो। किसी समय काठ पालिश करने के काम में शार्क की चमड़ी का उपयोग होता था अथवा श्याग्रीन का उपयोग होता था।


हैमर हेडेड शार्क

बास्किंग शार्क और ह्वेल शार्क जैसे बड़े आकार वाले शार्क मनुष्य को नुकसान नहीं पहुँचाते। इनका गला इतना छोटा होता है कि ये केवल मात्र बहुत छोटी मछलियाँ और प्लैंकटोन खाकर ही बचे रहते हैं। ह्वेल शार्क अपना मुँह खोलकर तैरती है और जल के साथ बहते हुए छोटे-छोटे जलचर जीवों को खा जाती है। इनके कान को छन्ने पत्र का कार्य करता हैं। इनके कान को से जल बाहर निकल जाता है और जीव इसमें अटक जाते हैं। तब ह्वेल शार्क इन्हें खा जाती है। अधिकांश शार्क बच्चे प्रसव (जनन) करती है कुछेक शार्क अण्डे भी देती हैं।
हैमर हेडेड शार्क देखने में बहुत डरावनी होती है। इसका मुँह एक बहुत बड़े हथौड़े के समान होता है जिसके दोनों किनारों पर दो आँखें होती हैं। यह शार्क भी मानव भक्षी हो सकती है।

**9. तारा मछली**

तारा मछली की बाहुओं की संख्या सामान्यत: पाँच होती है। भुजायें चपटी मोटी पत्ती के समान शरीर से निकल आती है। कभी-कभी इनमें चार अथवा दो भुजाये भी देखा जाता है। एक भुजा के टूट जाने पर वहाँ नयी भुजा तैयार रह जाती है। तारा मछली की भुजा के भीतरी ओर नरम अँगुली के समान उपांग रहता है जिसका नाम ट्यूब किट अथवा नालीपद है। ये नालीपद खोखले होते हैं और इनके अन्तिम सिरे पर शोषक या Succour होता है। नालीपदों की सहायता से जल खींचकर फिर बाहर निकलकर तारा मछलियाँ अपना शिकार पकड़तीं हैं। जल खिँचने पर सामायिक रूप से शुन्य (Vaccum) उत्पन्न हो जाता है। परिणामस्वरूप शिकार नालीपद में अटक जाता है। इसी नाली पद की सहायता से तारा मछलियाँ चलती-फिरती हैं। झिनुक (सीप) इनका प्रिय भोजन है। किसी सीप (झिनुक) का सन्धान पाते ही नालीपद की सहायता से ये सीपियों को ऊपर-नीचे से धर दबोचती है। फलत; सीपियाँ अपनी खोल से बाहर आ जाने के लिए बाध्य हो जाती हैं।


तारा मछली

**आओ अब और कई समुद्री जीवों को पहचाना जाये।**


सामुद्रिक घास


माकड़सा केंकड़ा


लवस्टार


ब्लू रिंग्ड ऑक्टोपस


ललिगो


सोर्ड मछली


ग्रीन सी टर्टल


स्वार्म तिमि

## समुद्र में प्रदूषण और समुद्री जीवों की समस्यायें

समुद्र के प्रदूषण के मूल में कौन है, एक बार उन्हें पहचान लिया जाये। ये कीटनाशक, आगाछानाशक, रासायनिक खाद, डिटर्जेण्ट, तेल, जैव वर्ज्य युक्त मल जल अथवा सिवेज, प्लास्टिक और कई कठोर वस्तुएँ हैं।



### 1. रासायनिक खाद और जैव वर्ज्य युक्त मैले-जल

रासायनिक खादों तथा जैव वर्ज्य युक्त मैले-जल में उपस्थित पौष्टिक उपादानों के समुद्र जल में मिल जाने के फलस्वरूप फाइटोप्लैंकटोन्स की संख्या बहुत बढ़ जाती है। ये समुद्र के जल को ढक देते हैं। इसे एलगाल ब्लूम (Algal bloom) कहते है। इनकी देह से निकले अधिक विष अन्यान्य समुद्री जीवों की मृत्यु के कारण हो सकता है। जल की स्वच्छता घटने से सूर्य के प्रकाश के प्रवेश में बाधा की सृष्टि होने के कारण प्रकाश संश्लेषण की क्रिया में बाधा पड़ती है और विपुल परिमाण में इन शैवालों के श्वसन कार्य के परिणाम स्वरूप जल में घुले ऑक्सीजन के कम हो जाने के कारण समुद्री जीवों के लिए आक्सीजन का अभाव हो जाता है। जिसके कारण उन सभी जीवों की मृत्यु हो सकती है।

### 2. तेल

तेल वाहक जहाज में दुर्घटना होने पर या इसके डूब जाने पर या समुद्र में तेल निकालने की जगह दुर्घटना होने पर समुद्र में तेल मिल जाता है। समुद्री जीवों के लिए तेल विष के समान होता है। क्योंकि अपरिशोधित तेल में अनेक विषाक्त पदार्थ मिले रहते हैं। समुद्र के जल पर तेल की तह रहने पर जल में ऑक्सीजन का प्रवेश बाधित होता है। फलत: समुद्री जीव आक्सीजन की कमी से मर सकते है। इसके अलावा समुद्री जीवों की त्वचा पर घाव, आँख, मुँह, नाक आदि अंगों में जलन तथा अस्वस्ति हो सकती है। समुद्र के जल के साथ तेल के मिल जाने पर समुद्री जीवों की ताप-निरोधक और जल निरोधक क्षमता नष्ट हो जाती है। परिणामस्वरूप ठण्डे समुद्र के जल के संस्पर्श में आकर वे बीमार हो सकते हैं। इसके अलावा तेल से भीगें हुए पक्षी अपने होंठ से तेल युक्त पंखों को खुजलायें तो वह तेल उनके अन्दर जाकर अभ्यन्तरीन अंगों की क्षति कर सकता है।



### 3. प्लास्टिक

समुद्र में प्लास्टिक सदृश वस्तुओं को फेंकने से वे बहती रहती है। कई बार समुद्री जीव इसे खाने की चीज समझकर प्लास्टिक सदृश वस्तुओं को खा लेते हैं। प्लास्टिक वर्ज्य बड़े आकार का होने पर आहार नली में फँसकर भोजन जाने के रास्ते में बाधा उत्पन्न करते हैं। अनाहार अथवा इस संक्रमण से जीवों की मृत्यु तक हो जाती है।



### 4. समुद्र के जल में अम्लीयता का बढ़ जाना

मनुष्यों के विभिन्न कामों के कारण वातावरण में $CO_2$ का उत्पादन बढ़ रहा है। समुद्र इस $CO_2$ का एक बड़ा हिस्सा शोषित करता है। फलत: वातावरण में $CO_2$ का परिमाण बढ़ने के साथ-साथ समुद्र के जल में अम्ल का परिमाण भी बढ़ रहा है और इसका प्रभाव मछलियों, स्कुइड और अन्यान्य फेफड़ा युक्त समुद्री जीवों के ऊपर पड़ रहा है। कारण अम्लीय समुद्री जल से श्वास-कार्य के लिए आवश्यक द्रवीभूत आक्सीजन पाना इनके पक्ष में क्रमश: कठिन होता जा रहा है। इसके अलावा भी केंकड़े, लवस्टार और कोरल के लिए कैल्शियम कार्बोनेट के खोल तैयार करने में कठिनाई होगी। अति परिमाण में अम्लीय समुद्री जल में इन जीवों की कैल्शियम कार्बोनेट की खोल नष्ट भी हो सकती है।

# रेगिस्तान अंचल का जीव-संसार



**चित्र देखकर रेगिस्तान अंचल की विशिष्टता के बारे में अपनी धारणा लिखों —**

| रेगिस्तान (मरुभूमि) | | | |
|---|---|---|---|
| भू-प्रकृति | जलवायु | पेड़ पौधे | जीव जन्तु |
| | | | |

रेगिस्तान में बालू और सिर्फ बालू होती है। पृथ्वी के प्राय: पाँच भागों में से एक भाग में रेगिस्तान है। जितनी दूर तक दृष्टि जाती है सिर्फ बालू ही दीखती है। ऐसे में इसकी कोई सीमा नहीं है- ऐसी बात नहीं है। अपने देश के थार रेगिस्तान को देखो। सतलज नदी के किनारे से पूर्व की ओर अरावली पर्वत से घिरा हुआ है थार रेगिस्तान। दक्षिण की ओर कच्छ का रन, पश्चिम में सिन्धु नदी है। राजस्थान की सीमा से जुड़ा है रेगिस्तान।

कहीं जल नहीं है। वर्षा का भीषण अभाव है। दिन के समय धूप की जलन बहुत अधिक है। वर्ष भर में 20 सेण्टी मीटर से भी कम वर्षा होती है। बालू और सिर्फ बालू के रहने से मिट्टी में जल का अवशोषण नहीं हो पाता। फलत: सूर्य के प्रकाश का 90 प्रतिशत विकिरित हो जाता है। रात्रि के समय बहुत ठण्ड होती है। कुछ रेगिस्तानों में बहुत ठण्ड होती है, जैसे एशिया महादेश में गोबी मरुस्थल अथवा अन्टार्कटिका महादेश का मरुस्थल। चिन्ता की बात यह है कि मरुस्थल का आयतन या परिमाण क्रमश: बढ़ रहा है।

साथियों के साथ चर्चा करके नीचे दिये गये कार्य करो —

1. ध्रुवीय प्रदेशों के रेगिस्तानों के ठण्डे होने का क्या कारण है?

पृथ्वी के मध्य से विषुवत रेखा गुजरती है। इसके उत्तर की ओर कर्क क्रान्ति और दक्षिण की ओर मकर क्रान्ति है। मजे की बात है कि विषुवत रेखा के आस-पास कोई मरुभूमि नहीं है। बल्कि उन दो रेखाओं के बराबर मरुभूमि हैं। इसके कारण शिक्षक/शिक्षिका की सहायता से लिखने की चेष्टा करो।

रेगिस्तान के बालू में अपार विस्मय छुपा है। जहाँ वर्षा नहीं, जल नहीं है तो सिर्फ प्रचण्ड गर्मी अथवा ठण्डा, ऐसे कष्टदायक वातावरण में भी बिखरा पड़ा है जीव जगत् का अपार भण्डार। हमलोग गर्मी के दिनों में गर्मी महसूस करते ही पंखा चलाते हैं अथवा ठण्डे में कम्बल या रजाई ओढ़ते हैं। किन्तु सैकड़ों कष्टों के बावजूद रेगिस्तान के जीव-जन्तु मरुभूमि को छोड़कर बाहर आना नहीं चाहते। अलग-अलग मरुभूमियों में अलग-अलग किस्म के जीवों की उपस्थिति देखी जाती है।

## विभिन्न देशों के मरुस्थलों का जीव-जगत्

नीचे दिये गये चित्रों को देखो। अपने विचार से मरुस्थल के जीवों पर निशान (✓) लगाओ :



## पृथ्वी के मुख्य मरुस्थल



| गर्म/ठण्डा मरुस्थल | मरुस्थल का नाम | देश का नाम | जीव / प्राणी |
|---|---|---|---|
| गर्म | अरब का मरुस्थल | अरब | ऊँट, सियार, खरगोश, शजारु, बालि केवटे, कैमेलिया, केंकड़ा, बिच्छु, गिद्ध |
| ठण्डा | गोबी | चीन, मंगोलिया | बैक्टीयान, ऊँट, बिटल, नीला पहाड़ी कबूतर, भालू, बर्फीला चीता, जंगली भेड़ |
| गर्म | थार | भारत | काँटा वला विशेष पूँछ वाला गिरगिट, सियार, ऊँट, साँप, गिद्ध |
| गर्म | सहारा | उत्तर अफ्रीका | उल्लू, हिरण, शजारु, सियार शुतुरमुर्ग (ऊँटपक्षी), हायना |

## मरुद्यान

जहाँ केवल बालू और बालू वर्षा का नाम और गन्ध तक नहीं वहाँ मरु-बगीचा (उद्यान) ! अर्थात् पेड़-पौधे, जलाशय (तालाब), विभिन्न प्रकार के जीव ! यह संभव है ? हाँ, संभव है। चारों ओर बालू का समुद्र दिखाई पड़ने के बावजूद बालू के नीचे काफी गहराई पर जो शिला स्तर है वहाँ जल रहता है। मरुस्थलों में जो थोड़ी वर्षा होती है, उसका अधिकांश भाग ही बालू के नीचे इस शिलास्तर पर जल जमा होता है। कहीं-कहीं इस शिलास्तर के फट जाने पर वहाँ जमा जल बाहर निकलकर जलाशय का निर्माण कर देता है और इसी जलाशय को केन्द्र में रखकर पेड़-पौधे उत्पन्न होते हैं। नाना प्रकार के जीव-जन्तुओं का संसार प्रारम्भ हो जाता है, इसी निष्प्राण नि:तरंग बालू के समुद्र के बीच प्राणों के स्पन्दन की झलक और जीव-स्पर्श की छाया प्रारम्भ हो जाती है। लेकिन विशाल मरुस्थल में मरुउद्यानों की संख्या बहुत कम है।



## मरुस्थल के पेड़-पौधे

साथियों के साथ मिलकर नीचे की तालिका को पूरा करो —

| विषय | आवश्यक वस्तु | कहाँ से पाता / पाती है |
|---|---|---|
| पेड़-पौधों के बचे रहने के लिए जरुरत है | जल | मिट्टी के नीचे से |
| | | |
| | | |
| | | |

मरुस्थल में केवल बालू ही बालू है। सूर्य से भयावह गर्मी मिलती है। हवा में पर्याप्त कार्बन डाइ आक्साइड लेकिन मिट्टी नहीं होती है। जल का गहरा अभाव होता है। इस परिस्थिति में भी बालू का छाती चीर कर कई प्रकार के पेड़ उत्पन्न हो जाते हैं। मरुस्थलों में प्राय: दो प्रकार के पौधे दिखाई पड़ते हैं। एक प्रकार के पौधे शुष्कता से बचने के लिए जल्दी-जल्दी बढ़ जाते हैं। शेष होने के पहले ही इन सब पौधों में फूल लगते है और बीज उत्पन्न हो जाते हैं। अनुकूल परिस्थिति न मिलने तक ये बीज सुप्तावस्था में रहते हैं और दूसरे प्रकार के पौधे शुष्कता का प्रतिरोध करते रहते हैं। इनकी तना रसीली होती है। कम जल में ही ये अनेक वर्षों तक बचे रहते हैं। अपने भीतर बहुत दिनों तक जल संचय कर रख सकते हैं। इनकी जड़े और तने काफी बड़े और मोटे होते हैं। इनमें पत्ते के बदले काँटे होते हैं। इनमें से जल वाष्प के रूप में निकल न जाये इसलिये इनका सारा शरीर क्यूटिकल नामक एक आवरण से ढका होता है। बालू में तनिक भी सिपसिपाहट (नमी) रहने पर ये अपने जीवन के लिये आवश्यक जल एकत्रित कर सकते हैं। कई पौधों की जड़े बालू को चीरकर काफी अधिक गहराई तक चली जाती हैं। जल की खोज में जड़े काफी गहराई तक जाती हैं इसीलिए इनकी जड़े काफी सख्त होती हैं। इनमें उपस्थित अतिरिक्त जल बाहर न निकल जाये इसलिए इनकी पत्तियों में रन्ध्रों की संख्या कम होती है। थोड़ी सी वर्षा होते ही फिर कोई पेड़ मिट्टी को फोड़कर निकल आता है। लेकिन अधिक दिनों तक बचता नहीं है। अपनी अल्पायु में ही फूल-फल से अपने को सजा लेता है। ऐसे भी पेड़ हैं जो जल के बिना ही बहुत दिनों तक बचे रहते हैं।



**फणीमनसा :** इस प्रकार के पौधों में प्रथम ही कैकटस का नाम आता है। इसका सारा शरीर काटे से भरा होता है। सभी देशों के मरुस्थलों में यह काँटेदार प्रिकली पियर या साधारण फणीमनसा पौधा होता है। काँटे के कारण इसे अन्य पशु या पक्षी इसे खा भी नहीं सकते। काँटा उसकी आत्म रक्षा का अस्त्र है। तना हरे रंग का होता है।



**यशुआ पेड़ :** यह पौधा प्राय: पन्द्रह से चालीस फुट लम्बा होता है। यह लगभग दो सौ वर्षों तक जीवित रह सकता है। पीले-हरे रंग का फूल होता है। घण्टे की तरह दीखता है। लेकिन गन्ध अच्छी नहीं होती। फलों का रंग हरा और कत्थई होता है। इस पौधे की जड़ भी दूसरे किस्म की होती है। एक प्रकार की जड़ जल संचय करके स्फीत हो कन्द बना लेती है और दूसरे प्रकार की जड़ गहराई में जल की खोज में चली जाती है। पत्ते काँटे ही काँटे होते हैं। मनुष्य इस पौधे की छाल को थाली, कटोरे आदि के रूप में व्यवहार में लाते हैं।



**सागुयारो पेड़ :** सागुयारो एक दैत्याकार कैकटस है। यह लगभग 50 फुट ऊँचा, 200 वर्षों तक जीवित रहने वाला पौधा है। पत्तियों की जगह काँटा भरा होता है। पत्ररन्ध्र की संख्या भी कम रहती है। यह अपने शरीर में लगभग छ: से आठ टन तक जल संचय कर रख सकता है। यह सारा जल वर्षा से ग्रहण करता है। सागुयारा रात को सज उठता है। इसके पूरा शरीर पीले फूलों से भर उठता है। दिन का प्रकाश आते ही ये फूल मुरझा जाते हैं। मरुस्थल के यात्री अपनी जल पिपासा को शान्त करने के लिए इसी पौधे का प्रयोग करते हैं। पौधे के उभरे हुए तने को काटकर जल निकाल कर पीते हैं। जैम बनाने के लिए इसका फल व्यवहार किया जाता है। लकड़ी की कड़ी दरी एवं घर बनाने के काम आता है।





**मेशक्विट पेड़ :** इस पेड़ में पत्ते होते हैं। ये अपने शरीर में जल नहीं रख पाते है। तब बचे कैसे रहते हैं। बालू से अपनी जड़ को गहराई में शिला स्तर तक पहुँचा देते है। वहाँ के जल स्तर से जल संग्रह कर सहजता से बचे रहते हैं। वैसे ये बालियाड़ि के पास उत्पन्न होते हैं। मरुस्थल में बालियाड़ि की रक्षा करते हैं।



**भोजन के रूप में कैक्टस :** मरुस्थल में रहने वाले मनुष्यों के लिये कैक्टस बहुत आवश्यक पौधा है। कैक्टस की जड़ों में भोजन जमा होता है। इसीलिए ये बड़ी और मोटी होती हैं। मरुस्थल के बालू के नीचे छुपी जड़ों के बारे में बालू की सजावट देखकर मनुष्य समझ लेते है। अनेक कैक्टस मनुष्यों के भोजन की पूर्ति करते हैं। सागुयारो पौधे के फल तरबूज की तरह दिखते हैं।

**अपने घर पर अथवा आस-पास तुमने कैक्टस देखा है। अपने देखे हुये कैक्टस का चित्र बनाओं और समूह में चर्चा करके नीचे की तालिका के खाली स्थानों की पूर्ति करो।**

| जड़ | तना | तने का रंग | पत्ते | फूल | फल | किस काम आते हैं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

## मरुस्थल के प्राणी

मरुस्थल के उद्‌भिजों के साथ तुलना करने पर देखा जाता है कि प्राणियों का जीवन और भी दु:सह है। ये सीधे-सीधे सूर्य की विकिरित उष्मा (ताप) ग्रहण करते हैं। पत्थर और मिट्टी से उष्मा चालन द्वारा तथा हवा से संवहन विधि से इनकी देह में ताप प्रवेश करता है। इसके साथ जुड़ती है जल न पाने की समस्या। इनमें से भी ऊँट जैसे कई जीव अपनी संरचना, शारीरिक ढाँचे और आचरण में परिवर्तन करके यहाँ मौज के साथ बचे रहते हैं।

1) बताओ तो ऊँट के कूबड़ में क्या रहता है?

2) मरुस्थलों में यातायात के लिये ऊँट मुख्य साधन है। इस ऊँट को क्या कहते हैं?

मरुस्थल में जिधर देखो केवल बालू ही बालू है। दिन के समय भयंकर गर्मी, रात को ठण्ड, कही भी जैसे जीवों का कोई चिन्ह नहीं। संध्या उतरते ही मरुस्थल का रूप बदल जाता है। बालू के भीतर से विभिन्न प्रकार के जीव-जन्तु निकल पड़ते हैं और बालू पर नि:संकोच विचरण करते हैं। सुबह होते ही अदृश्य हो जाते हैं। फिर भी कुछ प्राणी हैं जिन्हें दिन के समय भी देखा जाता है। अधिकतर मरुप्राणी आकार में छोटे-छोटे होते हैं। बालू के नीचे छुपे रहते है। ये जल की आपूर्ति करने के लिये शिकार करते हैं।

ऊँट : एक बड़ा प्राणी है और यह दो प्रकार का होता है। पहला एक कूबड़ वाला अरवियन ऊँट और दूसरा दो कूबड़ वाले बैक्टीयान ऊँट।



रेगिस्तानों में यातायात का प्रमुख साधन है और यह बहुत कष्ट सहने की क्षमता रखता है। इसके पीठ का कूबड़ जल संचय करने की थैली नहीं होता है बल्कि प्रकृति रूप से यह चर्बी जमाकर रखने वाला शरीर का भाग है। इसी चर्बी से ऊँट अपनी शक्ति (ऊर्जा) ग्रहण करता है। ऊँट लगभग 7 दिनों तक बिना खाये रह सकता है। ऊँट के घुटने के पास और पेट के बाहर की तरफ निचले भाग में मोटे चमड़े की एक तह होती है। जो इसे बालू में बैठने में सहायक होती है। रेगिस्तानों में प्राय: रेगिस्तानी तूफान आते रहते हैं। चारों ओर बालू ही बालू उड़ता है। ऊँट अपने नासिका (नाक) छिद्रों को आवश्यकतानुसार खोल और बन्द कर सकता है। आँखों की पुतलियाँ साफ होती हैं। आँख के ऊपर भौहें छोटी मगर गुच्छेदार होती है। ऊँट के होंठ और जीभ कड़ी पेशियों द्वारा निर्मित होती है। ताकि वह काँटों और कड़े वनस्पति के गुच्छों को खाकर अपने जीवन रक्षा कर सके। ऊँट लगभग 25 गैलन पानी एक बार में पी सकता है। इनके शरीर में पसीने की ग्रन्थियों की संख्या तुलनात्मक रूप से कम होती है। ये काफी अधिक मात्रा में मूत्र त्याग करते हैं। फलत: मल (या गोबर) कम ही त्याग करते हैं। इनके पैर काफी चौड़े होते हैं और पैर की झिल्ली (पुरू) मोटी होती है। ऊपर लिखे तथ्यों से नीचे दिये गये कथनों की सार्थकता जाँचें —



किसी एक विशेष भौगोलिक अंचल में जीवों की उपस्थिति उस अंचल के जलवायु पर निर्भरशील होती है। ऊँट की तरह ही रेगिस्तान में रहने वाले अन्य जीव किस प्रकार गर्मी से अपनी रक्षा करते हैं ?

1. कई प्राणी केवल रात में ही बाहर निकले हैं।
2. कई प्राणी खूब तड़के अथवा सूर्यास्त होने पर कुछ घण्टों के लिये सक्रिय होते हैं।
3. कई प्राणी गर्मी के दिनों में सुखी जगहों से ऊँचे ठण्डे स्थानों पर चले जाते हैं। फिर शीत ऋतु में लौट आते हैं।
4. तापक्रम बहुत बढ़ जाने पर कई प्राणी एस्टीभेशन नामक उष्ण नींद में चले जाते हैं। इस दौरान उनकी श्वास क्रिया तथा हृदय के धड़कन की गति घट जाती है।
5. कई प्राणियों की त्वचा अपेक्षाकृत मोटी होती है ताकि नमी (जल) बाहर न निकल जाये।
6. कई प्राणियों के पैर बहुत लम्बे होते हैं। ताकि तेज दौड़ने और काफी ऊँचाई तक उछल पाने में सुविधा हो। इससे गर्म बालू के सीधे संस्पर्श में आने की संभावना घट जाती है।



रेगिस्तान का गिरगिट : ये बहुत लम्बे नहीं होते। लेकिन अग्रभाग चौड़ा होता है। ये दिन के समय बालू के भीतर छुपे रहते हैं। भोजन की तलाश में शाम को बाहर निकलते हैं। जब ये बालू पर दौड़ते हैं तब लगता है कि मानो बालू पर तैर रहे हैं। इनकी चौड़ी पूँछ में चर्बी संचित रहती है। आँख की पुतलियाँ साफ चमड़े से ढँकी रहती है। ये कीट-पतंगों को खाकर ही जीवित रहते हैं।



खड़ाखड़ा साँप Rattle : रेगिस्तान का यह सबसे जहरीला साँप है। पूँछ के पास खोखले झूमर जैसी आकृति या Rattle पायी जाती है। यह बहुत अच्छी तरह से तैर सकता है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ इनकी Rattle भी लम्बी होती जाती है। इनके शरीर में ठण्डा खून होता है। इनके शरीर में सूखे हुये आंश होते हैं। इस सांप की जीभ बहुत सक्रिय (लपलपाती हुई) होती है। इनमें दो खोखले विषवाले दाँत होते हैं। ये मांसाहारी प्राणी हैं। ये रात के समय बाहर निकलते हैं। अपने शिकार पर विष (जहर) फेंक देते हैं। उनका माँस नरम हो जाता हैं। तब ये उन्हें खाते हैं। इनका शत्रु चील हैं।



जेराबिल : चूहे जैसा, छोटा प्राणी हैं। बालू खोदकर बालू के अन्दर रहता है। रात के समय बाहर निकलता हैं। ये कंगारुओं की तरह उछल सकते हैं। इन्हें कंगारु चूहा भी कहा जाता है। ये जीवन भर जल पीये बिना रह सकते हैं। इनकी पूछँ लम्बी होती हैं। ये सफेद से लेकर कत्थई रंग के होते हैं। ये अपने शत्रु की आँख में धूल झोंकने के लिये बालू जैसा रंग धारण कर सकते हैं। इनके कान बहुत सक्रिय होते हैं। ये साधारणत: घास बीज, छोटे हरे पौधे, फल, छोटे-छोटे कीड़े मकोड़ों को खाकर बचे रहते हैं। भोजन में से ही जल पाते हैं। यहाँ तक कि बालू के नीचे ये अपना भोजन एकत्रित कर रखते हैं।

थार मरूभूमि में कुछ ऐसे जीव पाये जाते हैं। जो अन्य मरुस्थलों में नहीं होते। थार मरूस्थल का एक उल्लेख योग्य प्राणी (जीव) कृष्णसार हिरण है। इसके अलावा एक प्रकार का बूनो गधा होता हैं। जिसके शरीर का रंग बालू के रंग से मिल जाता हैं। थार मरू का सबसे बड़ा पक्षी 'बास्टडि' है। यहां भारत का राष्ट्रीय मोर पाया जाता है। इतने मोर भारत में और कहीं नहीं देखे जाते। यहाँ चील, घुघू बालि मोरग भी पाये जाते हैं।

**मरूभूमि में रहने वाले विभिन्न उद्‌भिजों और जीवों के आचरण के बारे में तुमलोगों ने जाना। अब आपस में चर्चा करके मरूभूमि में बचे रहने वाले उद्‌भिजों और प्राणियों की तालिका बनाओ। इसके बाद उनके बचे रहने के लिये उनके शरीर के कौन-कौन भाग सक्रिय रहते हैं। इसका उल्लेख करों।**

| उद्‌भिज या प्राणी का नाम | मरूभूमि में बचे रहने के लिये आवश्यक अंग | कारण |
|---|---|---|
| 1. फणीमनसा | | |
| 2. ऊँट | | |
| 3. जेराविल | | |
| 4. ओस्ट्रिच / शुतुर मुर्ग | | |
| 5. | | |
| 6. | | |
| 7. | | |

## मरुभूमि में मनुष्य



मरुभूमि जैसे सूखे क्षेत्र में मनुष्य किस तरह बचेगा ? मरुभूमि क्या मनुष्य के रहने के लायक हो सकता है ? हाँ, अवश्य ही मनुष्य आदिकाल से ही मरुभूमि में रहता आया है। दक्षिण-पश्चिम अफ्रीका के नामिब मरुस्थल में रहने वाले मनुष्यों को बूशमन कहा जाता है। ये बालू के भीतर गडढ़ा बनाकर रहते हैं। तीर-धनुष के द्वारा जीवों / प्राणियों का शिकार करते हैं। इसके बाद उस प्राणी को भूनकर खाते हैं। कालाहारी मरुभूमि में रहने वाले मनुष्यों को सैन बुशमैन (San Bushman) कहा जाता है। भींगी बालू में छिद्र करके इसमें बेलनाकार नली जैसी घास डालकर उसमें से जल खींच कर पीते है। शुतुरमुर्ग के अण्डे की खोल को जल ग्रहण करने के लिये बर्तन के रूप में प्रयोग करते हैं। ये बालू की सजावट देखकर बता दे सकते है कि वहाँ जल है या नहीं। सहारा मरुभूमि के आदिवासी तूयारेगरा नामक घास की झोपड़ी बनाकर रहते हैं। मिट्टी के नीचे भी इनके घर-मकान होते हैं। मिट्टी के नीचे सुरंग बनाकर इस सुरंगपथ से यातायात करते है।

अमेरिका के मरु-क्षेत्र में रेडइण्डियन एक साथ मिलजुल कर रहते है। सभी मिलकर मकान बनाते है, प्रत्येक मकान में कई-कई घर (कोठरी) होते हैं। पत्थरों से बने इन मकानों को प्यूबला कहा जाता है।

थार मरुस्थल में रहने वालों में ओयाधा, भील, गादि-लोहार सम्प्रदाय के मनुष्य उल्लेख योग्य है। ये मुख्यतः यायावर (भ्रमणशील) है।



सहारा और अरब की मरुभूमि के बेदुईन अपने पूरे शरीर को ढीले-ढाले पोशाक में छुपाकर रखते है। यायावरों की भाँति ऊँटों की पीठ पर सवार होकर मरुभूमि में मीलों-मील घूमते रहते हैं। बीच-बीच में तम्बू गाड़कर विश्राम कर लेते हैं और फिर उनका चलना शुरु हो जाता है।

अपनी अभ्यास पुस्तिका में भारत का मानचित्र बनाओ। इसके बाद इसमें भारत के मरुस्थलीय क्षेत्र चिन्हित करो।

मरुस्थल का प्रसार अवरोध करने के लिये क्या-क्या किया जा सकता है, लिखो।

वर्ष 2006 को यूनाइटेड नेशन्स की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय मरुभूमि और मरुकरण वर्ष के रूप में घोषित किया गया। मिट्टी का क्षय क्रमशः बढ़ते जाने और मिट्टी की जैव उत्पादन क्षमता क्रमशः कम होते जाने के कारण मरुभूमि की वृद्धि की संभावना दिखाई पड़ी है।

## ध्रुवीय अंचल में जीव गठन

### ध्रुवीय क्षेत्र (अंचल) कौन क्षेत्र है?



पृथ्वी के उत्तर और दक्षिण ध्रुवों के चारों ओर जो भौगोलिक अंचल है, उन्हें ही ध्रुवीय अंचल कहा जाता है। उत्तरी ध्रुव के चारों ओर का क्षेत्र आर्कटिक अथवा सुमेरु और दक्षिण ध्रुव के चारों ओर स्थित क्षेत्र एण्टार्कटिक अथवा कुमेरु नाम से परिचित है।

आर्कटिक अंचल में प्राय: सम्पूर्ण सुमेरु महासागर एवं इसके आस-पास स्थित यूरोप, एशिया और उत्तर अमेरिका महादेशों के उत्तरांश के देश तथा किनारे बसे देश समूह है।

एण्टार्कटिक अंचल में एण्टार्कटिक महादेश और इसके आस-पास कुमेरु महासागर के अंश विशेष अंचल है।

**कुछ बातें**

ग्रीष्म के ठीक मध्य भाग में आर्कटिक और एण्टार्कटिक में अन्तर्गत आने वाले अंचल (क्षेत्र) समूह में प्राय: 24 घण्टे सूर्य का प्रकाश रहता है और जाड़े के मध्य भाग में ठीक इसके विपरीत होता है; 24 घण्टे अन्धकार रहता है।

आर्कटिक अथवा सुमेरु के जीव संसार की मुख्य विशेषता जलीय स्तनपायी जीवों की प्रधानता है। इनमें उल्लेख योग्य तिमि, सील, सी-लायन, वलगा हरिण, कुत्ते और डालफिन है। इनके अलावा ध्रुवीय भालू, आर्करिक टार्न नामक पक्षी और मोस, घास, लाइकेन, बार्चजातीय उद्‌भिद देखे जाते हैं।



## इतनी ठण्ड में भी सुमेरु के प्राणी कैसे जीवित रहते है?

- **शीत निद्रा (Hibernation)**

सुमेरु में ठण्ड के प्रारम्भ होते ही स्थलवासी अनके प्राणी शीत निद्रा में जाना शुरु कर देते हैं। इस समय ये चलते फिरते नहीं। शरीर का तापक्रम बहुत कम हो जाता है। हृदय के धड़कन और श्वास क्रिया की दर घट जाती है। शीतनिद्रा में जाने वाले प्राणियों में से कोई-कोई गड्ढों में अपना भोजन एकत्रित कर रखते है।

- **प्रयाण / स्थानान्तर (Migration)**



रहने की एक जगह से दूसरी जगह जाने का नाम प्रयाण है। नक्शा या दिकसूचक यन्त्र की सहायता के बिना ही विभिन्न प्राकृतिक निशान (चिह्न) (पर्वत, नदी, तटरेखा, उद्‌भिज, वायु के बहने की प्रकृति) देखकर सुमेरु के बहुत पक्षी, बलगा हरिण भोजन की तलाश में अथवा बच्चा जनने के लिये ठण्डी जगह छोड़कर अपेक्षाकृत गर्म जगहों के लिए उड़ान भरते हैं। आर्कटिक टर्नर लगभग 11,00 मील उड़कर कर सुमेरु से कुमेरु तक पहुँचते है।

## सुमेरु के प्राणी कब बच्चा देते है अथवा अण्डा देते है?

सुमेरु के शीतकाल में प्रचण्ड ठण्ड में प्राय: जीव बच्चा नहीं जनते। कारण यह है कि बच्चो की रक्षा के लिये आवश्यक भोजन की कमी होती है। इसलिये प्राणी वसन्त-ऋतु के शेष होते दी अपने-अपने क्षेत्र को निश्चित कर लेते है और कम ठहरने वाले गर्मी के दिनों में बच्चा जनते है अथवा अण्डा देते है इस समय हर एक पेड़ पर फूल लग जाते है ताकि शरद ऋतु के पहले ही पेड़ों के बीज दूर-दूरान्त तक बिखर सके।



ध्रुवीय-भालू बच्चा जनने के लिये एक अन्य प्रकार की पद्धति अपनाता है। ये शीतकाल में नये शिशु-भालू को जनते है। शीत के महिनों में बर्फ की गुफाओं में इन्हें छुपाकर रखते है। इस समय शिशु माता भालू के दूध पीकर बचे रहते है। वसन्त आने के साथ ही ये गुफा से बाहर आ जाते हैं।

## ध्रुवीय भालू कैसे सुमेरू में बचे रहते है?



तुमलोगों ने क्या कभी बर्फ पर चलते हुये ध्रुवीय भालू का चित्र देखा है? यह एक विस्मयकारी घटना होती है। भालुओं के शरीर सफेद रंग के बाल बर्फ और हिमकणों के रंग के साथ मिल जाने के कारण इनकी चलने की क्रिया सहज ही नहीं पहचानी जाती। इसके फलस्वरूप शिकार पर झपटने में बिना हिचक इन्हें सुविधा मिल जाती है। इनके रोग के तन्तु काफी स्वच्छ होते है जो सूर्य के प्रकाश का अवशोषण कर ताप ग्रहण करने में सहायता करते है। फलत: इनका शरीर गर्म रहता है। अत्यधिक (प्रबल) ठण्ड को रोकने के लिए इनकी चमड़ी पर दो-दो घने रोवों की परतें होती है और शरीर के नीचे का चमड़ा काले रंग का होता है। फलत: सूर्य का ताप जितना भी पकड़कर रखना सम्भव होता है।

प्रतिकूल परिस्थिति में बचे रहने के लिये ध्रुवीय भालुओं का एक और सहारा चर्बी (कैट) है। ठण्ड से बचने के लिये इनकी चमड़ी के नीचे लगभग 10 से॰मी॰ मोटी चर्बी होती है। इसी कारण ये जल में बहते हुए रह सकते है।

जल में तैरने के लिये ध्रुवीय भालुओं के सामने के पैरों के थावागुलो आंशिक रूप से जुड़े रहते है। उनके सामने के लम्बे और भारी पाँव इस कार्य में उनकी सहायता करते है। इसके अलावा इनकी आँख भी जल की बहुत अधिक गहराई को वस्तुओं को देखने और पहचानने में सहायता करती है।

भालू के पाँव बर्फ के जूते जैसे होते है। इनके पैरों के तलों में जो विशेष प्रकार के रोयें होते है। बर्फ और हिम के ऊपर चलते समय फिसलने की बजाय चिपकते है और इनके सुँघने की शक्ति भी बहुत अधिक होती है। प्राय: 32 कि॰मी॰ दूर स्थित किसी सील की गन्ध ये सूँघ सकते है। ध्रुवीय भालुओं का कोई प्राकृतिक शत्रु नहीं होता। लेकिन जीव-जगत् के तीन आशंकाजनक प्राणियों (बाघ, गुरीला ध्रुवीय भालू) में यह अन्यतम है।

ध्रुवीय भालुओं के सामने सबसे बड़ी समस्या: ग्लोबल वार्मिंग के कारण ध्रुवीय अंचल के बर्फ जिस तेजी से गलना शुरु हुआ है उसके कारण इनके रहने के स्थान और घुमने-फिरने के स्थान क्रमश: संकुचित होते जाते है और कई वर्षों से इनके रोम, चमड़ा नख के लिये इनका शिकार भी किया जा रहा है।



### किस प्रकार सुमेरु के कम तापक्रम में मछलियाँ बची रहती है?

प्रशान्त महासागर के जल में प्राय: 240 प्रकार की मछलियाँ रहती है। सुखे हुये मीठे जल के तालाब अथवा नदी के ऊपर जल जमकर बर्फ बन जाने पर भी नीचे का जल तरल रहता है और इसी से मछलियाँ आराम से रहती है। दूसरी ओर नमकीन जल वाले समुद्र में हिमांक से भी कम तापक्रम हो जाने पर जल का नमक इनकी देह को जमने में बाधा देता है। इनके शरीर में भी एण्टी फ्रीज प्रोटीन रहता है जो देह के अन्दर के जल को जमने में बाधा देता है।

### ध्रुवीय क्षेत्र के मनुष्य



आर्कटिक ध्रुवीय अंचलों में हम आज स्थायी रूप में जिन्हें बसा हुआ (निवास करते हुये) देखते है वे एस्किमो है। एस्किमो शब्द का अर्थ है "कच्चा मांस खाने वाले लोग"। इनके पूर्वज एशिया से एक जमीन को छोड़कर (भू-संयोग अतिक्रम) यहाँ पहुँचे थे जिसका आज कोई अस्तित्व नहीं है।

एस्किमो लोग मात्र एक घण्टे में बर्फ से अपना घर अथवा इग्लू बना लेते है। एस्किमो हर समय इग्लू में ही रहते हो ऐसी बात नहीं। दूर गन्तव्य तक जाने की राह में कनाडा के एस्किमो ही मात्र इस प्रकार का विश्राम आवास बनाते है।

एस्किमों की जीवन यात्रा अत्यन्त दुस्साह और कष्ट साध्य है। उत्तर महासागर के ठण्डे जल के सील, सैमन, कडमाछ इनका प्रमुख भोजन है। इसी के साथ ये हंस, खरगोश, ध्रुवीय सियार यहाँ तक कि ध्रुवीय भालू और तिमि का शिकार कर मांस खाते है।



एस्किमो के जीवन में कुत्ते अपरिहार्य (अत्यन्त आवश्यक) होते है। परिवार को जिन्दा रहने के लिये इन्हें एक विस्तीर्ण (बड़े-फैले) क्षेत्र में शिकार की तलाश में घुमना पड़ता है। यह खाली पाँव संभव नहीं है इसलिए कुत्तों के द्वारा खींची जाने वाली स्लेज गाड़ी पर इन्हें निर्भर होना पड़ता है। इसके अलावा शिकार को पहचानने में भी कुत्तों की सूँघने की सामर्थ्य (घ्राणशक्ति) का प्रयोग करते है।

### एण्टार्कटिक ध्रुव-क्षेत्र का जीव-जगत्

दक्षिणी ध्रुव में उत्तरी ध्रुव की तरह सील, डलफिन के दिखाई पड़ने पर भी ध्रुवीय भालू दृष्टिगोचर नहीं होते। यहाँ पेंगुईन दिखाई पड़ते है जो उत्तरी ध्रुव में अनुपस्थित है।

### पेंगुईन एण्टार्कटिक के विस्मय है

एण्टार्कटिक में जितने पेंगुईन की प्रजातियाँ पाई जाती है उनमें एम्परर पेंगुईन अन्यतम है।



**एम्परर पेंगुईन का जीवन इतिहास आश्चर्य पूर्ण क्यों?**

पेंगुईनों में सबसे बड़ा पेंगुईन एम्परर पेंगुइन होता है। ये बर्फ और जल दोनों में रहते है। शीतकाल में जब एण्टार्कटिक में हड्डी को कँपा देने वाली ठण्ड होती है, घना अन्धकार छाया रहता है तभी एम्परर पेंगुईन अपना वंश विस्तार करता है। ये केवल एक अण्डा देते है। पुरूष पेंगुईन उस अण्डे को देता है। पुरूष पेंगुईन उस अण्डे को अपने दो पैरों के साथ एक चमड़े की तह की नीचे रखता है। अण्डे देने का समय प्राय: दो माह होता है। इस समय पुरूष एम्परर पेंगुईन एक दुसरे के साथ धक्कम-धक्का करते रहते है। इससे इनका वजन बहुत घट जाता है। लेकिन अण्डे के फटने पर निकले बच्चे को पुरूष ही पहले भोजन कराने की जिम्मेदारी सम्हालते है। इसके बाद माँ और पिता दोनों बच्चे को बड़ा करने का दायित्व लेते है। ग्रीष्मकाल के मध्य में बर्फ खण्डों पर पक्षियों के बच्चे चढ़कर बैठने एवं जीवन में पहली बार वे जल के सम्पर्क में आते है। तब समुद्र के जल में रहने वाले विभिन्न प्राणियों को पकड़कर खाना सीखते है।



### पेगुईनों का संकट



चर्बी की लालच में मनुष्यों ने सोलहवीं शताब्दी से पेंगुईन का शिकार करना शुरु किया। पेंगुईन के तेल से विभिन्न कारखानों में साबुन और ईंधन बनाना शुरु हुआ। यहाँ तक कि एक समय पेंगुईन के तेल से औषधि भी तैयार की जाती थी। पेंगुईन की खाल कमीज, टोपी जूते एवं थैले तैयार करने में उपयोग में लायी जाती थी। 1905 में अन्तर्राष्ट्रीय पक्षी महासभा ने पेंगुईन की रक्षा करने के लिये आवेदन किया। 1959 में 12 देशों में अण्टार्कटिक समझौते पर हस्ताक्षर किये। इसके फलस्वरुप एण्टार्कटिक के विस्तीर्ण क्षेत्र के पेंगुईन समुदाय की रक्षा करना संभव हुआ।

## एण्टार्कटिक का वातावरण (परिवेश) प्रदूषण

पृथ्वी का सबसे कम प्रदूषित स्थान एण्टार्कटिक है। लेकिन मनुष्यों ने उस जगह को भी प्रदूषित करना शुरु कर दिया है। एण्टार्कटिक में यदि कोई दूषित पदार्थ मिलता है तो उसका श्रोत पृथ्वी का कोई अन्य स्थान होता है।

मनुष्यों द्वारा व्यवहृत कई लोसेफ्लुरो कार्बन एवं हैलोजन जातीय यौगिक एन्टार्कटिक के ऊपर स्थित ओजोन स्तर की मात्रा में कमी ला दिया है। फलत: ओजोन छिद्र दिखाई पड़ा है और इस छिद्र से क्रमश: अति क्षतिकारक पैराबेगनी किरणें पृथ्वी के वातावरण में आकर मिल गयी है। परिणामस्वरुप मनुष्यों को त्वचा कैंसर, आंख में मोतियाबिन्द और जल में रहने वाले विभिन्न प्रकार के अति सूक्ष्म जीवों की संख्या में कमी क्रमश: बढ़ती जा रही हैं।

एण्टार्कटिका में जहाजों के यातायात में लगातार वृद्धि होने के कारण समुद्र में गिर गये तेल क्रमश: मिल कर जल को प्रदूषित करता जा रहा है। मछली पकड़ने की जाल, विभिन्न औजार डोरी बाक्स आदि के उपयोग बढ़ते रहने के कारण पक्षी और सील जब-तब इनमें अटककर मर जाते है।

नीचे के चित्रों में उनके विवरण के परिप्रेक्षय में ध्रुवीय क्षेत्र में किस प्रकार का प्रदूषण है, यही पहचानों।









## वन्य प्राणी संरक्षण

हमलोगों ने अभी तक यह देखा है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न प्रकार से जीव-भिन्नता पर निर्भरशील है।

| किस प्रकार की निर्भरशीलता | किस प्रकार के जीव पर निर्भर किया जाता है |
|---|---|
| 1) खाद्य<br>2) रहने का स्थान<br>3) पोशाक<br>4) ईंधन<br>5) वाणिज्यिक उपकरण<br>6) औषधि | |

लेकिन मनुष्यों की संख्या वृद्धि के साथ-साथ जीव-वैचित्र्य में कई प्रकार से संकुचन हुआ है। सबसे अधिक वन-प्रकार के वन्य प्राणी क्षतिग्रस्त हुए है।

मनुष्यों के जिन आचरणों के कारण वन्य प्राणियों की विपन्नता बढ़ रही है वे है—

- सम्पदाओं का यथेच्छ उपयोग
- वन काटना
- वन्य प्राणियों के रहने के स्थान को नष्ट करना
- वातावरण को प्रदूषित करना
- अन्य देश या स्थान से अपरिचित प्रजाति को ले आना
- जलवायु-परिवर्तन
- शिकार करना अथवा
- वन्य प्राणियों के शरीर के विभिन्न हिस्सों का वाणिज्यिक कार्य में प्रयोग करना

नीचे की तालिका में दिये गये नामों के प्राणी किस-किस वातावरण में पाये जाते है एवं इनकी विपन्नता के कारण दूसरे में लिखे गये लेखों को पढ़कर एवं अन्यान्य श्रोतों से जानकारी लेकर नीचे लिखो।

| प्राणियों के नाम | किस वातावरण में रहते है | इनकी समस्यायें |
|---|---|---|
| 1) गिद्ध | | |
| 2) एक सिंगवाला गैण्डा | | |
| 3) बाघरोल/मेछोविलार | | |
| 4) गंगा का शुशुक | | |

• **इसके अलावे इनकी तरह और भी असंख्य प्राणी है जो विपन्न या विलुप्ति के कगार पर हैं— उनके बारे में कैसे जानेगें ?**

IUCN(International Union for the Conservation of Nature and Natural Resources) नामक एक अन्तर्राष्ट्रीय संस्था विपन्न जीवों की एक तालिका प्रकाशित करती है। इस तालिका का नाम Red Data Book हैं। इनकी तालिका में विभिन्न प्रजातियों को कई-कई स्तरों अथवा कैटेगरी में बांटा गया हैं।




1) विलुप्त (Extinct) —इस प्रजाति के अन्तिम जीव की भी मृत्यु हो गयी है। अब उन्हें कभी नहीं देखा जा सकता हैं।
2) वन्य परिवेश में विलुप्त (Extinct in Wild) — इस प्रकार की प्रजाति को कृत्रिम ढंग से प्रजनन करा कर अथवा चिड़ियाखाना में कैद करके बचाकर रखने की चेष्टा की जा रही है।
3) अतिसंकट ग्रस्त रूप में विपन्न (CriticallyEndangered) —निकट भविष्य में किसी भी समय यह प्रजाति स्थायी रूप से खत्म हो सकती है।
4) विपन्न (Endangered) —निकट भविष्य में ना भी हो लेकिन वन्य परिवेश में इनकी विलुप्ति की संभावना काफी है।
5) हानिकारक (Vulnerable) —आने वाले समय में शायद यह प्रजाति पृथ्वी पर से लुप्त हो जा सकती है।
6) कम हानिकारक (Lower Risk) —जब किसी प्रजाति में युक्त जीवों की संख्या कम होते हुए भी ऊपर के तीन स्तरों (3,4,5) में इन्हें नहीं रखा जा सकता।
7) तथ्य अनुपस्थित (Data Deficient) — इस प्रजाति के जीवों के आचार व्यवहार खाद्याभ्यास के बारे में विवेचना होने पर भी विस्तृत या पर्याप्त मात्रा में सटिक तथ्य अनुपस्थित है।
8) जब किसी प्रजाति के जीव को उक्त वर्णित किसी भी स्तर (या Catagory) में न रखा जा सके तब उन्हें समीक्षा नहीं की गयी (Not Evaluated) जैसे स्तर में रखा जाता है।

भारतवर्ष में इस तरह के कई विशेष विपन्न जीव हैं।

| | |
|---|---|
| • रॉयल बेंगल टाईगर | • खाड़ी के कछुए |
| • एशिया के लायन | • गि |
| • एक सींग वाले गैण्डे | • रेड पाण्डा |
| • लायन टाईलेड मैकार्क | • हिम चीता |

## विपन्न जीवों को बचाना कैसे संभव

बहुत प्राचीन काल से ही विपन्न जीवों की रक्षा करने के लिये विभिन्न देशों में भिन्न-भिन्न प्रयास किये गये है। प्राकृतिक सम्पदा के अन्तर्गत जीव वैचित्र के संरक्षण के लिये गृहित (लिये गये) सारी पद्धतियों को एक साथ जिन बैंक्स कहा जाता है। इसे दो श्रेणियों में विभक्त किया गया है—

विपन्न उद्भिज और जीवों को जब उनके ही प्राकृतिक वातावरण (साधारण वस्तु तन्त्र अथवा मनुष्यों द्वारा बनाये गये वस्तु तन्त्र) में संरक्षण दिया जाता है तब उन जीवों के स्वाभाविक निवास स्थल अथवा मनुष्यों द्वारा बनाये गये वन को संरक्षित वन के नाम से घोषित किया जाता है। यह भी कई प्रकार का होता है— अभयारण्य नेशनल पार्क बायोस्फेयर रिज़र्व और भू-प्राकृतिक दृश्य। इस प्रकार के संरक्षण को इन-सीटू (In Situ) संरक्षण कहा जाता है।

दूसरी ओर जिन जीवों को किसी भी प्रकार उनके स्वाभाविक निवास स्थलों पर रखकर उन्हें बचा पाना संभव नहीं हो पा रहा है, उन्हें उनके स्वाभाविक निवास स्थल से दूर अन्य किसी स्थान (चिड़ियाखाना अथवा बोटनिकल गार्डेन) पर रख कर उनके बचे रहने के अनुकूल वातावरण बनाकर कृत्रिम रूप से उनकी संख्या बढ़ाने की चेष्टा की जाती है। इस प्रकार के संरक्षण को एक्स सीटू (Ex Situ) संरक्षण कहा जाता है। इसके अलावा विशेष रूप से लघु (अणु) जीवों और उद्भिजों के जीन, कोश, कला और बीज को गवेषणागार में संरक्षित कर रखा जाता हैं।




### पृथ्वी शिखर सम्मेलन (Earth Summit)

1992 वर्ष में ब्राजील के रियोडि जनेरों में परिवेश (वातावरण) विषयक एक विश्व सम्मेलन आयोजित हुआ था। इस सम्मेलन में परिवेश की विभिन्न समस्याओं तथा उनके नियन्त्रण के लिये इक्कीस सूत्री कार्यक्रम ग्रहण किया गया था। इसे एजेण्डा 21 कहा जाता है। इसके मुख्य विषय हैं — स्थायी उन्नति (Sustainable Development), वनों का संरक्षण परिवेश के तापक्रम का नियन्त्रण जल सम्पदा का सटीक उपयोग समुद्र की सुरक्षा जीव वैचित्र्य का संरक्षण और मनुष्यों के स्वास्थ्य की सुरक्षा इत्यादि।

## कुछ विपन्न वन्य प्राणी और उनका संरक्षण

IUCN एक अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है जो प्रकृति में रहने वाले विभिन्न जीवों के विलुप्त होने की संभावना की खोज रखते है और उनके संरक्षण के लिये किये गये प्रयासों की सहायता करते है। IUCN के विचार से जिन जीवों के विलुप्त हो जाने की संभावना प्रबल है–ऐसे कुछ परिचित जीवों की चर्चा यहाँ की जाती है।

### गिद्ध

गिद्ध का शरीर काफी बड़ा होता है लेकिन, सुन्दर बिल्कुल नहीं होता। शरीर का रंग कालिमा सह कत्थई, जीर्ण, लम्बा बिना सघन रोये का तिरछा गला। यही लम्बा गला पशुओं के मृत शरीर में भोजन के लिये घुसा देता है। विश्राम के समय उनके पीछे का अंश (भाग) सफेद दिखाई पड़ता है और उड़ते समय जब डैनों को फैला देता है तब नीचे का सफेद रोयां देखकर इन्हें पहचाना जाता है।

#### सफाई कर्मी गिद्ध



गाँव के अथवा शहर के सीमा के बाहर लम्बे अथवा घने पेड़ों पर गिद्ध रहते थे। झुण्ड बनाकर किसी मृत जानवर के आने की प्रतीक्षा करते थे। कूड़े के स्थान पर अथवा और कहीं मरे हुए देह पाते ही ये पशु पर बैठकर आवश्यक भोजन संग्रह कर लेते थे, शहर के कूड़े के ढेर में से मरे हुए जीवों का शव खाकर ही उनका जीवन यापन होता था। फलत: सभी सड़े हुये महामारी फैलाने वाले जीवाणुओं की वृद्धि नहीं हो पाती थी।

#### गिद्धों का घर



पीपल बरगद, सीरीस, ताड़, ईमली, सेमर, पकड़ी (पाकड़) आदि वृक्षों की डालियों पर वे अपना घर बनाते थे। लकड़ी के टुकड़ों, पेड़ों की टहनियों को इकट्ठा करके डालों के कोटर में उनका मजबूत घर होता था। सितम्बर से लेकर मार्च-मई के समय में वे अपना घर बनाते थे तथा अण्डे देते थे। एक पक्षी एक ही अण्डा देता। बहुमंजिली इमारतों को बनाने के लिए वृक्षों की कटाई से गिद्धों के घर बनाने की जगह क्रमश: खोती जा रही है।

#### गिद्धों के खो जाने की कहानी



हमलोगों के गाँवों-कस्बों तथा शहरों की सीमा के आस-पास गिद्ध किसी समय आकाश में अपने डैने फैलाये उड़ते थे। उन्हें अब सभी ओर देखा नहीं जाता। इनके खोने के कारण का अनुसंधान करने पर एक भयंकर तथ्य का पता चला। गिद्धों का दल सामान्यत: मृतपशु पक्षियों को खाकर ही जीवित रहते है। गाय-भैसों की विभिन्न बीमारियों में विशेषकर हड्डियों की बीमारी में एक विशेष दवा डाइक्लोफेनाक, दर्द कम करने के लिये दी जाती है। उनके मृत-शरीर में यह दवा बची रहती थी। यह डाइक्लोफेनाक गिद्धों के लीवर (यकृत) को नष्ट कर देती है। एक समय गिद्धों को यहाँ-वहाँ मरा पाया गया। इसके अलावा ग्रामों कस्बों में अब मरे हुए पशुयों को कूड़े फेंकने के स्थानों पर फेका नहीं जाता उन्हें जमीन में गाड़ दिया जाता है। फलत: गिद्धों के भोजन संग्रह करने के स्थान भी कम हो गये है। पर्याप्त स्थान के अभाव में गिद्धों के बच्चे प्राय: मर जाते है।

## गिद्धों का संरक्षण

वर्ष 2006 के मार्च महीने में भारत सरकार ने डाईक्लोफेनाक को निषिद्ध घोषित किया, गिद्धों को संरक्षित करने की प्रचेष्टा शुरु हुई। गिद्ध बहुत दिनों तक जीवित रहते हैं। लेकिन इनके जीवन का विकास काफी धीमी गति से होता है। इसीलिए गिद्धों को पुन: उनकी पहले वाली जगह पर वापस लाने में कई दशक लग जायेंगे। भारतवर्ष के विभिन्न स्थानों पर गिद्धों के पुनर्वासिन केन्द्र खोले गये है। इनमें हरियाणा का पिंजोर और पश्चिमबंग के उत्तर में राजाभातखाओ विशेष रुप से उल्लेख योग्य है। इस समय वन्य प्राणी संरक्षण के अन्तर्गत गिद्धों की सभी प्रजातियाँ संरक्षित है।

## मेछो बिलार (बाघ रोल)

### जंगली बिल्ली

साईबेरिया के बर्फीले ठण्डे क्षेत्र से लेकर आमेजन के सूर्य का प्रकाश न पहुँचाने वाले वर्षा वन तक अथवा लद्दाख के मरुक्षेत्र से लेकर पश्चिमबंग के जलज भूमि या दलदली भू-प्रकृति तक जलवायु के इस चरम विपरीत अवस्था में भी पूरी पृथ्वी पर जो जीव बचें (या टिक) है वे बिलार जातीय अर्थात् जंगली बिलार है। जंगली बिलार कहने का हमारा आशय सामान्यत: बाघ, सिंह या चीते से है। बाघ हमारा राष्ट्रीय जानवर है। लेकिन हमारे पश्चिम बंगाल का राज्य-पशु जंगली बिलार- जिसका नाम मेछो बिलार या बाघ रोल है।

### मेछो बिलार का गठन (बनावट), आचरण और निवास स्थल



आकार प्रकार में मानों बिड़ाल से दो गुना या इससे भी ज्यादा होते है। शरीर पर एक कतार छोटे-छोटे खस-खस रोए होते है जो शरीर की रक्षा करते है। शरीर का रंग मटमैला या धुसर अथवा कुम्भी के रंग कत्था मिले रंग जैसा होता है। धुसर रंग के पूरे शरीर पर काले लम्बे निशान होता है और माथे (सिर)से लेकर धड़ तक 4-6 काले धागे की रेखाएं उतरी लगती है। कड़ी मोटी पूँछ के बराबर काले दागों की पट्टी। आगे के पावों की अँगलियों के बीच का चमड़ा जुड़ा हुआ या दुहरा-सा होता है। नहर, झील या दलदल के जलभूमि से लेकर झाड़ियों या घने जंगल सभी जगहों पर ये देखे (या पाये) जाते है। ये निशाचर है। तैरने में भी दक्ष होते है। सामान्यत: मछली का शिकार करने पर भी केंकड़ा, शामुक चूहा या पक्षी खाकर पेट भर लेते है।

### मेछो बिलार के संकट और संरक्षण

एक समय जहाँ टुकड़े जंगल/झाड़ियाँ या खाड़ी, नल से भरा जलाभूमि था वहाँ बड़े-बड़े रास्ते आवासन प्रकल्प एवं शापिगं मॉल तैयार हो गये है। कहीं कल-कारखाना तो कही ईट-भट्टा तैयार हो रहे है। फलत: बाघ रोल का निवास-स्थल खोता जा रहा है और उनका प्राकृतिक भोजन भी क्रमश: घटता जा रहा है। इसके कारण बाघ रोल कभी-कभी हंस, मुरगी की लालच में मनुष्यों की बस्ती तक आने को बाध्य होते हैं और मनुष्यों के हाथों मारे भी जाते है। इनके निवास स्थान सुरक्षित न होने एवं इनकी हत्या करना सम्पूर्ण रुप से बन्द न होने पर यह विपन्न प्राणी एक दिन पृथ्वी से लुप्त हो सकता है।

## गंगा का सोंईस (शुशुक)

### गंगा के सोंईस का निवास स्थान, स्वभाव और शारीरिक रचना (गठन)

मीठे जल के इस स्तनपायी प्राणी का निवास गंगा, ब्रह्मपुत्र नदी तथा इनकी सहायक नदी में होता है। लम्बी नाक (Rostum) और मुहँ बन्द रहने पर भी ऊपर और नीचे के जबड़ों का दृश्यमान (दीखता हुआ)दाँत सहज ही इनकी पहचान करा देता है।



इनकी आंखों में कोई लेंस नहीं होता। इसलिए व्यवहारत: ये अन्धे होते है। जब कि प्रकाश की दिशा और उसकी तीव्रता समझ लेते है। तब आस-पास क्या है कैसे समझते है ? बहुत सम्भव है कि सोंईस (शुशुक) गले की सहायता से उसे सुनकर समझ लेता है कि सामने कितनी दूरी पर कौन-सी वस्तु है। इस पद्धति को इकोलोकेशन (Echolocation) कहते है। चमगादड़ या चामचिकेशा — भी इसी पद्धति से चलते-फिरते और शिकार करते है। इसके अलावा शुशुक की घ्राण (सूँघने की शक्ति प्रबल होती है)।

इनका शरीर धुसर बादामी अथवा चकतीदार काले रंग का होता है। शरीर के बीच का भाग मोटा, दोनों किनारे पतले और सूई के आकार के होते है। इनके शरीर पर रोये नहीं होते। चमड़े के नीचे स्थित एकत्रित चर्बी का मोटा स्तर इनके शरीर को जल की गहराई में गर्म रखता है। गर्दन न होने के कारण इसके सिर और आँधे धड़ को अलग- अलग नहीं पहचाना जा सकता है। मुँह के सामने दोनों होंठ सँड़सी जैसे लम्बे होते है। इनके प्रत्येक जबड़े में 27-32 छोटे -छोटे दाँत होते है। सोंईस (शुशुक) के सभी दाँत एक ही प्रकार के होते है। काटने अथवा चबाने के लिये अलग-अलग प्रकार के दाँत नहीं होते।

इनकी नाकों के छिद्र लम्बे और सँड़सी के आधार के तरह होते है। ये अपनी इच्छानुसार इन छिद्रों को बन्द करते और खोलते है। जल के ऊपर निकलकर हवा से श्वाँस खींचते है। सोंईस (शुशुक) के सामने के दोनों पाँव पट्टियों के रुप में बदले होते है। इनकी सहायता से ही सोंईस जल में तैरता है। इनकी पूँछ ऊपर नीचे चपटी होती है। वर्षा से भरी हुई नदी में हलचल या ऊफान में बहती हुई ये छोटी-छोटी उप-नदियों पहुँच जाते हैं और सूखे मौसम में नदी की मूलधारा में लौट जाते है। ये माँसाहारी है। इकोलोकेशन की सहायता से ये नदी के तल में कादा मिट्टी में छुपे जीवों का शिकार करते है। मछली और विभिन्न प्रकार के अमेरुदण्डी जीवों जैसे चिंगड़ी इनके भोजन होते है।



### गंगा के सोंईस के संकट और संरक्षण

मनुष्य के विभिन्न कार्यों के कारण इनका अस्तित्व विपन्न हो रहा है। नदियों पर बाँध बनने और दूसरे कारणों से नदी के जल की (गम्भीरता) गहराई घटती जा रही है। नदियों में बीच-बीच में बालू के चर ऊभरकर इसे छोटे-छोटे भागों में बाँट देते है। इसके कारण सोंईस की आवाजाही में बाधा मिलती है। परिणामत: सोंईस के एक दल से दूसरे दल का सम्पर्क नष्ट हो रहा है। फलत: सोंईस अलग-अलग छोटे-छोटे समूहों में बँट जाने के कारण इनके प्रजनन क्रिया में समस्याएं उत्पन्न हो रही है। सोंईस गंगा के ऐसे क्षेत्र में रहते है जिसके चारों और घनी आबादी होती है। इसके कारण नदी के जल में प्रदूषण की समस्या काफी बड़ी दिखाई पड़ती है। इसके अलावा गंगा के किनारे स्थित विभिन्न रासायनिक कारखानों तेल परिशोधनागार, अथवा अन्यान्य कल-कारखानों के वर्ज्यों से नदी का जल प्रदूषित होता। जल प्रदूषण के कारण नदी में मछलियों की संख्या घट रही है और भोजन के अभाव में सोंईस में पड़ रहे है। मछलियों को पकड़ने के जालों में अटक जाने से भी ये मर जाते हैं।

गंगा के सोंईस को राष्ट्रीय जलज प्राणी (National Aquatic Animal) के रूप में घोषित कर दिया गया है। वर्ष 1991 में बिहार के सुल्तानगंज और पहलगाँव के बीच गंगा के 60 कि.मी. क्षेत्र में पृथ्वी का प्रथम सोंईस सेंक्च्युअरी, विक्रमशीला गंगेटिक डालफिन सैंक्च्युरी (Vikramshila Gangetic Dolphin Santuary) खोला गया है। स्थानीय मछुआरो में सोंईस के संरक्षण के लिये चेतना फैलाने का कार्य किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में ब्रिजघाट से नारोरा मध्यवर्ती गंगा के क्षेत्र में सोंईस संरक्षण के लिये रामसर स्थान (Ramsar site) अर्थात् संरक्षित विशेष जलभूमि के रुप में चिन्हित किया गया है।

## एक सींग वाले गैण्डे

### गैण्डों का स्वभाव बनावट (गठन) और निवास स्थल

पृथ्वी के स्तनपायियों की विलुप्त होती प्रजाति में एक सींग वाले गैण्डे प्रमुख है। गैण्डों की दृष्टि क्षमता कमजोर होती है। लेकिन घ्राण (सूँघने की) शक्ति बहुत प्रबल होती है। कान के पत्तर गोलाकार उभरे हुए होते है। ये मूल रूप से बाढ़ वाली समतल भूमि अथवा जल वाले स्थान के आस-पास के लम्बी-लम्बी घास वाले जंगल रहते है। सामान्यत: गैण्डा अकेला रहता है। लम्बी-लम्बी घासों के जंगल को ठेलते हुये जल-पीने की जगह और खाना खाने की जगह के बीच घुमते फिरते है। लम्बी घासों का जंगल इन्हें सुरक्षा प्रदान करता है। ये बहुत सुबह में संध्या या रात के समय खुब घुमते है। अधिक धूप हो जाने पर ये पेड़ों की छाया में विश्राम करते है। अधिकत्तर जल और कादा मिट्टी में लोटते-पोटते समय व्यतीत करते है। गैण्डों के शरीर का मोटा चमड़ा प्रचण्ड गर्मी से इनको बचाता है। इनके चमड़ी पर कादा मिट्टी का लगा स्तर भी इनकी देह को ठण्डा रखने में सहायता करता है। कादा के इस स्तर का एक और काम है। गैण्डों के चमड़े पर बसे कीट पतंगों अथवा परजीवी जीवाणु इस कादा मिट्टी के आवरण में दब जाते है।





ये शाकाहारी होते है— लम्बी-लम्बी घास अथवा जल में उगे उद्‌भिज, छोटे - छोटे पेड़ पौधे लताए वहाँ तक कि फल भी खाते है। किसी कारण से क्रोधित होने पर पूर्ण विकसित पुरूष गैण्डा पीछे की ओर 3-9 मीटर दूर तक मूत्र त्याग करते है। गैण्डों के निचले जबड़े के सामने वाला काटने का दाँत कृंतक (Incisor) काफी लम्बा होता है। इलाका को दखल करने अथवा किसी अन्य कारण से दूसरे गैण्डे के साथ संघर्ष के समय यह दाँत गंभीर घाव उत्पन्न करने की क्षमता रखता है।

पुरुष और स्त्री दोनों गैण्डों के नाक के ऊपर के चमड़े पर प्राय: 60 सेण्टी मी॰ लम्बी एक सींग होती है। यह सींग या खड़्ग किससे बनी है — जानते हो किराटिन से बनी होती है। यह किराटिन एक प्रकार का प्रोटीन है— जिससे हमलोगों के नाखून और बाल बनते है। जन्म के बाद बच्चे (शिशु) गैण्डे को सींग नहीं होती। गैण्डा के 6 वर्ष की उम्र से यह खड़्ग धीरे -धीरे दिखने लगती है। किसी कारण से टूट जाने पर गैण्डों की सींग फिर उभर जाती है। गैण्डे अपनी सींग का प्रयोग मुख्य रूप से भोजन की खोज करने के लिये करते है— मिट्टी को खोदकर पेड़ों की जड़ ढूँढ़ते है। इसके अलावा प्रजनन काल में अन्य पुरूष गैण्डों के साथ मारपीट के समय वे अपने खड़्ग का व्यवहार करते हैं।

गैण्डों के रोयाँ विहीन धूसर रंग की चमड़ी के ऊपर के भाग में ढाल की तरह खाँचा कटा होता है। देखने पर लगता है कि शरीर पर एक कवच धारण किये हुए है। इस कवच में तीन तहें होती है। गर्दन के चारों ओर कंधे के ठीक पीछे और घुटने के ठीक सामने। शरीर के बगल की ओर चमड़े बड़े-बड़े गभटे (tubercle) होते है। शरीर में किसी-किसी स्थान पर चमड़ी पर चमड़ी प्राय: 4 सेण्टीमीटर तक मोटी होती है। चमड़ी के नीचे प्राय: 2-5 सेण्टी मीटर मोटी चर्बी स्तर होता है। सारे शरीर पर रोये न होने पर भी इनकी पूँछ की सिरे पर कानों के आस-पास और आँखों की पलकों पर रोयें दिखाई पड़ते है। ये रोये कड़े होते है।

गैण्डों की एक विचित्र आदत यह है कि ये एक ही स्थान पर मल त्याग करते है। परिमाणत: दिन पर दिन इस मल स्तूप की ऊँचाई बढ़ती जाती है। मल स्तूप की ऊँचाई बहुत अधिक हो जाने पर गैण्डे पुराने स्तूप पर मल त्याग नहीं कर पाते। तब वे आस-पास ही एक नया मल स्तूप तैयार करते हैं और चोर शिकारी गैण्डों की इसी आदत का लाभ उठाते है। गैण्डों के मल स्तूप के निकट ही वे उनके शिकार की अपेक्षा में बैठते हैं।



### घासवाली जमीन के वस्तु तंत्र के ऊपर एक सींग वाले गैण्डों के अनेक प्रभाव देखे जाते हैं।

1. सींग से जमीन की मिट्टी खोदकर फेंकने के फलस्वरूप नये बीजों के अंकुरित की संभावना बढ़ जाती है। फलत: प्राकृतिक वन-भूमि या घास की जमीन का प्रसार और प्रचुरता संभव होता है। घास खाने वाले वन्य प्राणियों एवं उनके शिकारी प्राणियों का खाद्य भण्डार बढ़ जाता है।



2. सींग वाले गैण्डे विभिन्न प्रकार के पेड़ों के फल खाते हैं। ये एक साथ एक ही जगह मल त्याग करते है। इसके बाद मल जब बहुत ऊँचा हो जाता है तब अपने खड्ग से उसे बराबर करते है। इस मल में उद्भिजों के पौष्टिक उपादान काफी अधिक परिमाण में रहते है। इसीलिए फल खाने के 3-4 दिन बाद जब उस मल पर बीज पड़ते है तब स्वाभाविक रूप से उनका अंकुरण होता है। परिमाणत: वे पेड़ अनेक दूर तक फैल जाते है। पक्षी जब मल उपस्थित बीजों को भोजन के रूप में ग्रहण करते है और बहुत दूर जाकर मल त्याग करते है, तब नई-नई जगहों पर बीज से पौधे होने की संभावना बढ़ जाती है।

### गैण्डों का संकट और संरक्षण



एक सींग वाले गैण्डे प्राकृतिक परिवेश में प्राय: 35-45 वर्षों तक जीवित रहते है। इनकी संख्या घटने के पीछे मुख्य कारण है चोरी से इनका शिकार किया जाना। गैण्डा के खड्ग से एक औषधि अथवा उत्तेजक गुण है। इस भूल या गलत विश्वास के कारण ही चोर शिकारियों के लोभ का ये शिकार बनता है। जबकि इस विश्वास का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। इनके रहने की जगह अथवा निवास स्थल का ध्वंस होना भी इनकी विपन्नता का अन्यतम कारण है। गैण्डों के संरक्षण के लिए पृथ्वी के विभिन्न देशों में गैण्डों के शिकार को प्रतिबन्धित किया गया है।

किसी समय सिन्धु नदी की घाटी से लेकर म्याँमार के उत्तर दिशा तक फैले क्षेत्र में एक सींग वाले गैण्डे पाए जाते थे। वर्तमान में भारतीय उपमहादेश के असम के ब्रह्मपुत्र नदी के प्रवाह पथ के क्षेत्र में (मानस, काजीरंगा, आदि) पश्चिमबंग के दो नेशनल पार्क (जलदापाड़ा, गोरुमारा) उत्तर प्रदेश के दुधवा संरक्षित अरण्य में और नेपाल के चितवन राष्ट्रीय उद्यान में ही केवल पाये जाते है।

## 11 हमारे आस-पास का परिवेश और उद्भिज जगत्

### परिवेश के कुछ महत्त्वपूर्ण पेड़

हम अपने चारों ओर जो पेड़-पौधे देखते हैं, उससे हमलोग भोजन, औषधि, कपड़े अथवा घर द्वार बनाने का उपकरण इकट्ठा करते है। पेड़-पौधे भोजन करते समय जो ऑक्सीजन गैस वातावरण में छोड़ते है, उसी ऑक्सीजन को दूसरे जीव श्वास क्रिया के लिए व्यवहार करते है। पेड़-पौधे, जीव-जन्तुओं के लिए भोजन तैयार करते है एवं साथ ही साथ रहने की व्यवस्था भी प्रदान करते है। इसके अलावा वातावरण से प्रदूषण युक्त हवा (गैस) को ग्रहण कर लेते है, जिससे वातावरण में प्रदूषण की मात्रा कम होती है, जमीन के लिए खाद्य तैयार करती है, ऐसा कि मिट्टी में जैव पदार्थ के परिमाण बढ़ाने में भी सहायता करता है। कोई-कोई पेड़-पौधा तो इन सभी क्रिया-कलाप के लिए अपने किसी एक अंग अथवा जड़ का प्रयोग करते है। वातावरण के तापमान वर्षा और वायु प्रवाह के नियंत्रण में भी पेड़-पौधें विभिन्न प्रकार की भूमिका का पालन करती है। विभिन्न शिल्प उपकरण के लिए पेड़-पौधों के विभिन्न भागों का प्रयोग होता है।

### बाँस

बाँस एक प्रकार का दीर्घजीवी, खोखला और फाँका हरे रंग की लम्बी टेढ़े-मेढ़े होती है। इसका तना लम्बा नाले की भाँति एवं शाखा-उप-शाखाएँ कम होती है। पृथ्वी पर तीव्र गति से जो समस्त पेड़-बढ़ते है, उनमें से बाँस प्रमुख है। प्रति 24 घण्टे में किसी-किसी बाँस में तो 100 से०मी० की वृद्धि होती है। प्रत्येक ऋतु और समस्त भौगोलिक क्षेत्र में इसकी वृद्धि होती है। प्रत्येक ऋतु और समस्त भौगोलिक क्षेत्र में इसकी वृद्धि का प्रतिशत एक नहीं है।

#### कुछ बातें

अधिकांश बास से में अनियमित तरीके से फूल खिलते है। कुछ बास के पेड़ में तो 65 से 120 वर्ष के अन्तराल पर फूल खिलते है। बास के पेड़ में फूल खिलने को लेकर वैज्ञानिकों के बीच विभिन्न प्रकार के मतभेद है। कुछ वैज्ञानिक कहते है कि परिवेश के प्रभाव के कारण बास के पेड़ में जब **विपत्ति की घण्टी** बजती है। तब उस समय बास का पेड़ अपनी वृद्धि को रोककर जननगत् वृद्धि में मनोनिवेश करता है। तब उस समय उसके शरीर की समस्त शक्ति को फूल प्रस्फुटित करने के कार्य में लगाती है। फूल खिलने के बाद ही बास के पेड़ की मृत्यु हो जाती है। बास के पेड़ में जब **Mass flowering** और फल खिलने की क्रिया होती है, तो तब उस क्षेत्र विशेष में चूहे इत्यादि प्राणियों की अत्यधिक संख्या में वृद्धि होती है। उस समय वे खाद्य क्षेत्र और गुदामों के खाद्य को खाकर और खाद्य को क्षति पहुँचाकर अकाल की स्थिति उत्पन्न करती है और टाइफस, प्लेग एवं दूसरे चूहे से संबंधित रोग की सम्भावना बढ़ जाती है एवं इससे महामारी फैल सकती है। दूसरी ओर काफी संख्या में बास का एक साथ मृत्यु होने पर नये बास निर्मित न होने तक स्थानीय लोग और एक समस्या से सम्मुखीन होती है। घर-द्वार बनाने का उपकरण न पाकर बहुत सारे लोग गृहहीन हो जाते है। बंगाल की खाड़ी के उपकुल में बार-बार जन्म लेने वाली बास की एक प्रजाति *Melocanna bambusoides* है। इसमें प्रति 30-35 वर्ष के अंतराल पर फूल खिलते है और फल लगते है। उस समय इस हानिकारक प्रभाव को लक्ष्य नहीं किया जाता है।







## कौन-कौन से कार्य में बास का उपयोग किया जाता है ?

(i) बास का ऊपरी तना, जड़ और पत्ता दुनिया के लुप्त होते प्राणियों के प्रमुख खाद्य (भोजन) है। (चीन का ज्वाइंट पाण्डा, नेपाल और भारत का रेड पाण्डा एवं मादा गास्कर का लेमूर) । अफ्रीका के गोरिल्लों का प्रमुख खाद्य यह बास ही है। चिपांजी और हाथी भी बास को खाद्य के रूप में ग्रहण करते है।



(ii) लाउस, म्यानमार, थाइलैण्ड और चीन का यूनान प्रदेश में जन्म लेने वाले बास के जड़ में एक प्रकार का कीड़ा जन्म लेता है। यह बास का ऊपरी तना खाता है और स्थानीय लोग इस कीड़ा के लार्वा को खाद्य रूप में ग्रहण करते है।

(iii) बास के जड़ से निकलने वाला नया तना एशिया के विभिन्न देश में अत्यंत स्वादिष्ट खाद्य के रूप में ग्रहण किया जाता है। लेकिन व्यवहार करने से पहले इसमें रहने वाला अत्यंत विषैले पदार्थ को बाहर निकाल दिया जाता है। बास के इस मुलायम तना से विभिन्न प्रकार के जल को प्रस्तुत किया जाता है।

(iv) दक्षिण-पूर्व एशिया के विभिन्न स्थानों पर सूप को गर्म करना और भात को बनाने के बर्त्तन के रूप में बास के फाँका (खोखला) तना को व्यवहार किया जाता है। इसके अलावा भोजन बनाने में बास से बने विभिन्न उपकरण का प्रयोग किया जाता है।



(v) भारतवर्ष में बास कागज बनाने में, झूड़ी बनाने में, छाता का हैण्डल, फूलदानी, ट्रे, बाँसुरी इत्यादि विभिन्न प्रकार के खिलौने एवं ऐसा कि घर सजाने के कार्य में व्यवहार किया जाता है।

(vi) *Bambusa arundinacea* नामक बाँस पर्व के मध्य सिलिकन-डाइ-आक्साइड और सिलिकन एसिड समृद्ध तबासीर (Tabashir) नामक एक महत्त्वपूर्ण औषधि प्रस्तुत किया जाता है, जो हँफनी, सर्दी-खाँसी और विभिन्न प्रकार के संक्रामक रोगों की चिकित्सा के लिए इसका प्रयोग किया जाता है।

(vii) दक्षिण और पूर्व एशिया, दक्षिण प्रशांत महासागर के क्षेत्रों के मध्य दक्षिण अमेरिका के किसी-किसी क्षेत्र में बाँस मनुष्य के घर-द्वार बनाने का प्रथम उपकरण है। इसके अलावा नदी के ऊपर साँको बनाने के कार्य में मनुष्य हजारों वर्ष से बाँस का प्रयोग करते आ रहे है।

(viii) बाँस के तंतु का व्यास 3 मि.मी० से कम है। इसलिए 'bamboo fabric' को फिलहाल में कपड़े तैयार करने के कार्य में भी प्रयोग किया जा रहा है।

## जलकुम्भी

जलकुम्भी जल में प्रवाहमान एक बहुवर्षजीवी उद्‌भिज है। जलकुम्भी का प्रत्येक पेड़ साल में प्राय: 1000 बीज बनता है। यह प्राय: 24 वर्ष तक जीवित रहता है। इसकी वंश वृद्धि का प्रतिशत इतना अधिक है कि मात्र दो सप्ताह के भीतर ही इनकी संख्या दोगुनी हो जाती है। उत्तरी अमेरिका में 1884 ई० में जब दक्षिणी अमेरिका से इसे जब सर्वप्रथम लाया गया था, तब उस समय प्रति वर्ग किलोमीटर में जन्म लेने पर 50 कि०ग्री० जलकुम्भी के लिए फ्लोरीडा का समस्त जल यातायात का रास्ता बन्द हो जाता है।



यदि जलकुम्भी की संख्या को नियंत्रित नहीं किया जाए तो, तालाब और नदी-नाले के जल को काफी कम समय में ही ढंक लेता है। फलस्वरूप जल का प्रवाह कम हो जाता है, दूसरे उद्‌भिजों में सूर्य की रोशनी पाने से वंचित करके एवं जल में आक्सीजन की मात्रा को कम कर देती है। इससे जल में रहने वाली मछली और कछुओं की मृत्यु हो जाती है। अत्यधिक संख्या में जलकुम्भी के जंगल में एडिस मच्छर वंश वृद्धि करता है।

इसके अलावा एक प्रकार का शामुक इसे काफी पसन्द करता है। जो मनुष्य के शरीर में कृमि में एक भयंकर रोग की सृष्टि करता है। मनुष्य के विभिन्न प्रकार के कार्य-कलाप के फलस्वरूप जिन सभी जलाशयों में पौष्टिक पदार्थों का आहार बढ़ जाता है, वहाँ पर जलकुम्भी की अधिकता दिखलाई पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों के जलाशय में जलकुम्भी की संख्या वृद्धि एक ज्वलंत समस्या है।



मच्छर का लार्वा

**किन-किन जरूरतों में जलकुभी का प्रयोग किया जाता है ?**

पृथ्वी के विभिन्न देशों में जलकुम्भी को विभिन्न प्रकार से प्रयोग करने की परिकल्पना ग्रहण की गयी है।

(i) फिलिपिन्स, थाईलैण्ड और वियेतनाम में जलकुम्भी के तना को एम्ब्रोडायरी के कार्य में प्रयोग किया जाता है एवं वस्त्र शिल्प के तंतु के उत्स रूप में प्रयोग किया जाता है। सूखे हुए तना का प्रयोग करके झूड़ी और विभिन्न प्रकार का फर्नीचर बनाया जाता है। जलकुम्भी के तंतु को कागज बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में भी प्रयोग किया जाता है।

(ii) जलकुम्भी में नाइट्रोजन का परिणाम ज्यादा होने के कारण इसे बॉयो गैस के रूप में प्रयोग किया जाता है।

(iii) जलकुम्भी में सक्षमता काफी ज्यादा है। भारी धातु की शोधन क्षमता ज्यादा होने पर निकलने वाला अंश दूषित जल से कैडमियाम, क्रोमियाम, कोबाल्ट, निकेल, लेड और मर्करी जैसे हानिकारक धातुओं का शोधन कर सकता है। फलस्वरूप जल को प्रदूषण मुक्त करने में और प्रयोग करने में उपयोगी है।

(iv) सोने के खनिज क्षेत्र में जल के निर्गत सायनाईड शोधन करके जल को विषमुक्त करता है। आर्सेनिकमुक्त पानीय जल से जलकुम्भी आर्सेनिक को दूर करता है।

(v) नाइट्रीफिकेशन पद्धति से नाइट्रोजन आबद्धकरण को जलकुम्भी के जड़ में रहने वाली बैक्टीरिया महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती है।

(vi) जलकुम्भी में नाइट्रोजन तथा प्रोटीन की मात्रा अधिक होने के कारण पशु खाद्य के रूप में इसका महत्त्व क्रमश: बढ़ रहा है। लेकिन इसका अतिरिक्त प्रयोग विष क्रिया की सृष्टि कर सकता है। खाद्य के रूप में भी विभिन्न स्थानों पर इसका प्रयोग करने का प्रयास किया जा रहा है।

## शाल



शाल एक बहुवर्षजीवी कठोर, द्विबीजपत्री और वृक्ष इत्यादि उद्भिज है। यह एक पर्णमोची इत्यादि पेड़ में परिणत होने के लिए प्राय 25 से 30 साल तक का समय लेता है। शाल वृक्ष के जंगल में बाघ, हाथी, चीता बाघ, भालू, खरगोश, जंगली सूअर इत्यादि प्राणी ज्यादा देखने को मिलता है।

**किस-किस जरूरत में शाल वृक्ष का प्रयोग किया जाता है ?**



(i) **लकड़ी**-खूंटी, समान, खिड़की-दरवाजे का कठोर फ्रेम, नौका, जहाज की जट्टी, पुल इत्यादि बनाने में शक्तिशाली और कठोर लकड़ी शाल वृक्ष से ही पाया जाता है। पेड़ को काटते समय लकड़ी का रंग हल्का और लकड़ी काटकर रखने पर इसका रंग गाढ़ा हो जाता है। निर्माण कार्य में इस लकड़ी की काफी मांग है। लेकिन यह लकड़ी पॉलिश करने में उपयोगी नहीं है।

(ii) पत्ता—उत्तर और पूर्व भारत में शाल वृक्ष के सूखे पत्ते से थाली-कटोरा इत्यादि बनाया जाता है और ग्रामीण क्षेत्र में जलानी (जलाने) के रूप में इसका प्रयोग होता है। प्रयोग किया हुआ शाल पत्ता और शाल पत्ते की थाल गाय बकरी के खाने का उपकरण है।



(iii) गोंद—शाल वृक्ष की गोंद से सुगन्ध युक्त लाल धून (होमाद) पाया जाता है। होमाद (धून) बनाने के लिए, लकड़ी के जोड़ स्थान पर प्रलेप देने का कार्य, जूते की पॉलिश और दूसरे कार्य में लगता है।

(iv) रजन—गूड़ी से प्राप्त रजन स्प्रिट और वार्निश बनाने के कार्य में लगता है।

(v) टानिन—छाल से प्राप्त टानिन चर्म शिल्प में प्रयोग होता है।

(vi) शालबीज—बीज से निकलने वाला तेल दीया जलाने एवं भोजन बनाने के कार्य और चॉकलेट बनाने के कार्य में लगता है।

## सुन्दरी

सुन्दरवन के लवण युक्त क्षेत्र के मीठे जल में सुन्दरी वृक्ष जन्म लेता है। नर्म मिट्टी को खोदकर असंख्य छोटे-छोटे जड़ फैले रहते है। पहले पहल तो यह काफी नर्म होने के बावजूद बाद में कठोर-कठोर लकड़ी की भाँति निकल जाती है। यह जड़ हवा से ऑक्सीजन लेकर सुन्दरी वृक्ष को बचाये रखती है। यह जड़ ही सुन्दरी वृक्ष का श्वास मूल है। यह पेड़ ज्यादा बड़ा नहीं होता है। गाढ़ा हरा, लम्बा पेड़ समुद्र के नजदीक रहता है। इस वृक्ष को लवण युक्त अथवा मैनग्रोम उद्‌भिज कहा जाता है। तना अधिक कठोर होने के बावजूद नर्म मिट्टी को रोककर रखने के लिए तना के नीचे की ओर से टेढ़े तरीके से कुछ अस्थानीक जड़ निकलकर मिट्टी में प्रवेश करती है। नर्म मिट्टी वृक्ष को सहारा प्रदान करती है। इन जड़ों को ठोस जड़ कहते है। पत्ते के ऊपर की ओर हरा, चमकीला एवं नीचे की ओर हल्का हरा होता है। सुन्दरी वृक्ष का फल अण्डे के आकार का, लेकिन एक लम्बे प्रकार का होता है। प्रत्येक फल में एक बीज रहता है। फल के बीच रहने वाले बीज से नया चारा बनता है।





### किस-किस जरूरत में सुन्दरी वृक्ष का प्रयोग होता है?

सुन्दरी वृक्ष के सामान, घर और खूंटी बनाने के कार्य में लगता है। इसके अलावा जलाने की लकड़ी के रूप में भी यह लकड़ी काफी प्रयोग किया जाता है। पेड़ की छाल में पर्याप्त टानिन रहता है, जो चमड़ा और रंग के शिल्प में प्रयोग होता है।

पर्याप्त मात्रा में सुन्दरी वृक्ष पाये जाने के कारण ही सुन्दरवन नाम पड़ा है। वृद्धि और निवास स्थान के लिए इस क्षेत्र में पर्याप्त सुन्दरी वृक्ष को काटा गया। इसके अलावा लवण का परिमाण बढ़ रहा है। फलस्वरूप सुन्दरवन में सुन्दरी वृक्ष आज तीव्रता के साथ कम होते जा रहा है। जो सुन्दरवन की प्रकृति को नष्ट कर रहा है। यह एक विलुप्त प्राय: उद्‌भिज है। इसलिए झड़खाली में सुन्दरी वृक्ष का प्रतिपालन और संरक्षण केन्द्र खोला गया है। लेकिन वर्तमान समय में कानून बनाकर सुन्दरी वृक्ष को काटने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## मसाला और पेड़

हमलोग जो प्रतिदिन इतने स्वादिष्ट भोजन करते है, उनमें सुन्दर स्वाद कैसे आता है? कौन सी ऐसी वस्तु मिलायी जाती है कि भोजन बनाते समय हमारे चिर परिचित विभिन्न प्रकार की साग-सब्जी, मांस-मछली में नित्य नये स्वाद और सुगंध को लेकर हमारे भोजन में उपस्थित होता है, उसे मसाला कहते है।

इतिहास के पृष्ठ को पलटने पर देखा जाता है कि विदेशों के सामने भारत कहने पर राजा महाराजा, हीरा,मसलीन इन सब वस्तुओं के साथ ही उठकर आता है, भारतीय मसाला का विभिन्न प्रकार का स्वाद, गंध और जादू की कहानी। अतीत में राजा महाराजा के सामने कीमती हीरा-मणि-मुक्ता के साथ ही समान रूप से मसाले का भी आदर सम्मान होता था। इन सभी मसालों के वास्तविकता को छिपाने के लिए वे हमेशा तत्पर रहते थे। इस मसाले के खोज से ही नये-नये देश, नये-नये जल पथ का रास्ता मनुष्य के लिए खुला था।

ग्रीस और रोम का जब जन्म भी नहीं हुआ था, उस समय भारतीय मशाला, सुगंधित और सूक्ष्म कपड़े के जहाज से मेसोपोटामियाँ, अरब और मिश्र में जाता था। ईसा पू० के जन्म के पहले से ही ग्रीस के व्यापारी दक्षिण भारत के बाजारों में पड़े रहते थे। क्यों बताओ तो? वहाँ के बाजार से वे मसाला और मंहगी वस्तुएँ खरीदते थे। भारतीय मसाला, सिल्क और दूसरी वस्तुओं के लिए रोम काफी पैसा खर्च करता था।

### कुछ बातें

1947 ई० में पुर्तगाल के लिसबन से 4 जहाज को लेकर एशिया के मसाले देश की खोज में बास्को-डि-गामा निकले थे। 24000 माईल रास्ते को पार कर दो वर्ष के पश्चात् दो जहाज को गवाकर अंत में वे भारत को ढूँढ़ पाएँ। मात्र उन दोनों जहाजों पर ही मसाला और दूसरी वस्तुओं को अपने देश ले गए। उसमें उनकी मात्रा को खर्च से 60 गुना अधिक खर्च प्राप्त हुआ था। आप लोग सोच रहे होगे कि मसाला की इतनी कीमत। मध्ययुग में एक पाउण्ड अदरक की कीमत 1 भेड़ की कीमत के बराबर था। गोलमरीच उस समय का सबसे कीमती मसाला था। तीन सौ वर्षों से पुर्तगाल, स्पेन, फ्रांस, हॉलैण्ड (नीदरलैण्ड) और ब्रिटेन मसाला देशों के ऊपर आधिपत्य जमाने के लिए युद्ध करते रहे।



लेकिन उस समय मसाला किस कार्य में लगता था? भोजन के स्वाद को बढ़ाने के अलावा मसाला संरक्षण का भी कार्य करता था। उस समय तो फ्रीज नहीं था। इसलिए घरों में माँस के संरक्षण हेतु मसाले का प्रयोग किया जाता था।जैसे लवंग (लौंग) में इउजिनल नामक एक रासायनिक पदार्थ है। इसमें बैक्टीरिया नाशक क्षमता है। यहाँ पर भी कभी-कभी सूअर के माँस का संरक्षण हेतु लौंग (लवंग) का प्रयोग किया जाता था। उस समय के दिनों में बाहर के देशों में मसाले का अभाव, शीत के लिए भोजन का संरक्षण न कर पाने के कारण रहना पड़ता था। तब आप सोचकर देखिए कि आखिरकार मसाले की मांग इतनी अधिक क्यों थी। आज हमलोग उसी मशाले के बारे में जानेंगे। बताओ तो हमलोगों को मशाला कैसे मिलता है? आप लोगों को क्या लगता है? नीचे लिखो—

| हमलोगों को मसाला कैसे मिलता है। |
|---|
| |

दुनिया के विभिन्न देशों में प्राय: 80 प्रकार के मसाले की खेती होती है। केवल भारत में ही प्राय: 50 प्रकार के मसाले की खेती होती है। उद्भिज के विभिन्न भागों से ही हमें मशाला प्राप्त होता है।

आओ एक नजर में देखे कि किन-किन उद्भिजों के अंश से हमलोग कौन-कौन सा मशाला प्राप्त करते है।

| उद्भिज का अंश | मसाले का नाम |
|---|---|
| 1. पेड़ का छाल | दालचीनी |
| 2. फल | गोलमरीच |
| 3. मुकुल (अप्रस्फुटित पुष्प मुकुल) | लौंग (लवंग) |
| 4. कन्द | प्याज, लहसून |
| 5. फूल का भाग | जाफरान |
| 6. फल | इलायची, मिर्च |
| 7. पत्ता | तेजपत्ता, पुदिना |
| 8. ग्रंथि तना | अदरक, हल्दी |
| 9. झरित पदार्थ | हिंग |
| 10. बीज | ज्वाइन, मौरी, धनिया, सरसो, पोस्ता, मेथी |
| 11. अन्तर्बीज | जायफल |

### किस कार्य में मशाला लगता है?

आइये देखा जाय कि मसाला हमारे किस कार्य में लगता है।

(i) भोजन में स्वाद लाने के कार्य में सहायता करता है।

(ii) संरक्षण रूप में (आचार, चटनी इत्यादि) कार्य करता है।

(iii) लाल रस के क्षरण को बढ़ाकर हजम (पाचन क्रिया) में सहायता करता है।

(iv) मुखमण्डल को हानिकारक जीवाणु मुक्त रखने में सहायता करता है।

आइये, अब हमलोग परिचित कुछ मसालों की खोज-खबर लेने का प्रयास करें।

### गोलमरीच (Black Pepper)

आप लोग गोलमरीच अथवा कालोमरीच अवश्य ही देखे होंगे। नीचे की तालिका को पूर्ण कीजिए।

| गोलमरीच देखने में कैसा है | आप के घर में यह किस कार्य में लगता है। |
|---|---|
| | |

गोलमरीच एक बहुवर्षजीवी लता आधारित उद्भिज है। दूसरे पेड़ों के ऊपर निर्भर करके यह बढ़ती है। फलस्वरूप कच्चे अवस्था में यह हरा और पक जाने पर यह लाल रंग का हो जाता है। सुख जाने पर पके फल का रंग काला हो जाता है, उसे ही मशाला के रूप में खाया जाता है।

## भोजन के कार्य में मशालों का प्रयोग





गोलमरीच (गोलकी) के तीखे स्वाद के बारे में आप सभी जानते हो। इसी वजह से हिन्दी भाषी लोग इसे कड़वा (तीखा) कहते है। जो लोग भोजन में मिर्च नहीं खाना चाहते है, वे भोजन में तीखापन (झाल) लाने के लिए गोलमरीच का प्रयोग करते है। गोलमरीच पूर्ण अवस्था में या गुड़ा (पीसकर) भोजन में प्रयोग किया जाता है। तीखे स्वाद के लिए पिपेराइन नामक एक यौगिक उपस्थित रहता है। तुम्हारे घर अथवा घर के बाहर किस-किस भोजन में गोलमरीच का प्रयोग किया जाता है। नीचे की तालिका में उसे लिखो।

| घर में बनाये गए भोजन में | बाहर के भोजन में |
|---|---|
| | |

## दूसरा प्रयोग,

खाँसी, दाँत का दर्द, मसूड़ों से खून निकलना, मसूड़ों का दर्द, बदहजमी एवं गैस की समस्या को दूर करने में गोलमरीच कार्य करता है। माँस एवं दूसरे भोजन जो तुरंत नष्ट हो जाता है- इस प्रकार के भोजन के क्षेत्र में गोलमरीच (गोलकी) सरंक्षण का कार्य करता है।

## दालचीनी (Cinnamon)

दालचीनी देखे हो ? देखने में कैसा होता है, बता सकते हो। घर के किस कार्य में यह लगता है, उसे भी लिखने का प्रयास करो।





| देखने में कैसा है | घर में किस कार्य में लगता है। |
|---|---|
| | |

यह एक चिरहरित उद्‌भिज है। दालचीनी के पेड़ के तना के छाल का भीतरी स्तर (inner bark) को सुखाकर दालचीनी बनता है। इन छालो के ऊपर निर्भर करके ही दो प्रकार की दालचीनी पायी जाती है—मोटा छाल और पतला छाल की दालचीनी।



## भोजन बनाने के कार्य में प्रयोग

दालचीनी में स्वयं का एक सुगंध और स्वाद है। इसलिए दालचीनी के छोटे-छोटे टुकड़ें करके अथवा गुड़ा करके (पीसकर) विभिन्न प्रकार के भोजन में इसका प्रयोग किया जाता है। आप किस-किस भोजन में दालचीनी का प्रयोग होते हुए देखे हो, उसे नीचे लिखो।

| किस-किस भोजन में दालचीनी का प्रयोग किया जाता है |
|---|
| |

### दूसरा प्रयोग

डायरिया, उल्टी होना, सर्दी में दालचीनी से राहत मिलती है। दालचीनी से जो उद्वायी तेल निकलता है, उससे जोड़ो (बॉत) के दर्द में मालिश करने से आराम मिलता है।

प्राचीन काल में दालचीनी एक बहुमूल्य मसाला माना जाता था। इतिहासकार प्लिनि ने लिखा है कि 327 ग्राम (उस समय का एक रोमन पाउण्ड) दालचीनी की कीमत एक श्रमिक के दस महीने के पारिश्रमिक के बराबर था।

## हल्दी (Turmeric)

आप सभी हल्दी से भली-भाँति परिचित हो। नीचे की तालिका में लिखो कि हल्दी देखने में कैसा है एवं किस-किस कार्य में हल्दी का प्रयोग होते हुए देखे हो।



| पेड़ | देखने में कैसा है | किस कार्य में लगता है |
|---|---|---|
| | | |

हल्दी एक बहुवर्षजीवी प्रजाति का उद्भिज है। हल्दी का बाहरी तना प्राय: नहीं के बराबर होता है। जितना है, वह प्राय: ही पत्ते से ढंका रहता है। मिट्टी के नीचे तना का एक भाग, कन्द रहता है।



### भोजन बनाने के कार्य में मशाले का प्रयोग



मिट्टी के नीचे हल्दी पेड़ के हल्दी रंग का जो कन्द मिलता है, वहाँ से ही वाणिज्यिक हल्दी अर्थात् मशाले का हल्दी तैयार होता है। कन्दों को प्राय: 30-45 मिनट तक जल में उबाला जाता है। इसके बाद गर्म ओभन पर इसे सूखा लिया जाता है। इसके बाद इस सूखे कन्दो को गुड़ा (पीसा) किया जाता है।

विभिन्न सब्जी, मछली अथवा मॉस बनाने में हल्दी का प्रयोग किया जाता है। इसके अलावा मक्खन, चीज (पनीर) मार्जारीन, आचार एवं सरसों का खाद्य और रंग लाने में हल्दी का प्रयोग किया जाता है।

आपके घर में किस-किस भोजन में हल्दी का प्रयोग किया जाता है, उसे नीचे लिखो।

| घर के किस-किस भोजन में हल्दी का प्रयोग होता है। |
|---|
| |

### दूसरा प्रयोग

हल्दी में कारकिउमिन (Curcurmin) नाम का एक यौगिक मिलता है। इस यौगिक की उपस्थिति के कारण ही जीवाणुनाशक के रूप में हल्दी में बैक्टीरिया वाइरस, छत्रक को मारने की क्षमता होती है। हल्दी यकृत को स्वस्थ रखने में सहायता करती है। कैन्सर, डायबिटीज, थाईराइड एलर्जी, आलजाइमर रोग की चिकित्सा में कारकिउमिन कार्यकारी है। शरीर के किसी भाग में चोट लगने या मोच आने पर चूना-हल्दी लगाने पर आराम मिलता है। हल्दी में लोहा का अधिक परिमाण होने के कारण यह रक्त अल्पता में अच्छा कार्य करता है। शोध करके देखा गया है कि रक्त में कोलसट्रोल की मात्रा को नियंत्रित रखने में हल्दी सक्षम है। औषधि और विभिन्न भोजन में रंग लाने के लिए हल्दी का प्रयोग किया जाता है।

## इलायची (Cardamom)

इलायची को आप लोगों ने अवश्य ही देखा होगा। इलायची देखने में कैसा होता है, बताओं तो? यह किस कार्य में लगता है? नीचे दी गयी सारणी में इसे लिखो।



| देखने में कैसा है | किस-किस कार्य में लगता है |
|---|---|
| | |

इलायची एक प्रकार का बहुवर्षजीवी प्रजाति का उद्‌भिज है। इसका तना मिट्‌टी के नीचे रहता है। इलायची प्रधानत: दो प्रकार का होता है—बड़ा इलायची और छोटा इलायची। बड़ा इलायची को सुखाने पर हल्का हरा रंग का होता है। इसी फल को इलायची के रूप में प्रयोग किया जाता है और छोटा इलायची का फल कृत्रिम तापमान पर सुखाने पर हल्का बादामी रंग का होता है। पेड़ से तोड़ते समय केवल इलायची के उसी फूल को ही लिया जाता है, जो प्राय: पक जाता है। पूरी तरह से पका हुआ फल नहीं लिया जाता है, क्योंकि पका फल सुखाते समय फटने की सम्भावना बनी रहती है।



बड़ा इलायची



छोटा इलायची

भोजन के रूप में मसाले का प्रयोग होता है। विभिन्न प्रकार की सब्जी में स्वाद और गंध लाने के लिए इलायची का प्रयोग किया जाता है। खीर और दूसरे मिठाई में भी इलायची का प्रयोग होता है।

आप के घर में किस-किस भोजन में इलायची का प्रयोग किया जाता है, उसे नीचे की सारणी में लिखो।

| किस-किस भोजन में इलायची का प्रयोग होता है। |
|---|
| |

### दूसरा प्रयोग

गैस अथवा पाक् स्थली संबंधी किसी भी समस्या में इलायची का प्रयोग होता है। पान में भी इलायची मिलाकर खाया जाता है। खाने के पश्चात् मुँह शुद्ध करने के लिए इसे खाया जाता है। बड़ा इलायची दाँतों के मसूड़ों को मजबूत बनाता है। बड़ा इलायची को तोड़कर खाने से उल्टी-उल्टी जैसा भाव कम हो जाता है।



**गरम मसाला**

लौंग, इलायची, दालचीनी, गोलमरीच (गोलकी) और जायफल एक साथ मिलाकर गरम मसाला बनाया जाता है। लेकिन भारत के विभिन्न क्षेत्र में गरम मसाला का उपादान अर्थात् मशाला में अंतर है। विभिन्न प्रकार की सब्जी, मछली, मांस इत्यादि भोजन के स्वाद और गंध लाने के लिए ही गरम मसाला का प्रयोग किया जाता है।

## अदरक (Ginger)



अदरक देखने में कैसा है और यह किस कार्य में लगता है।

| देखने में कैसा है | किस-किस कार्य में लगता है |
|---|---|
| | |

अदरक एक बहुवर्षजीवी प्रजाति का उद्‌भिज है। तने का ग्रंथि तना प्रकृति और मिट्‌टी के नीचे रहता है। अदरक पेड़ के ग्रंथि तना को सुखाकर अदरक के रूप में प्रयोग किया जाता है।



### भोजन के कार्य में मशाला का प्रयोग

विभिन्न भोजन में प्याज, लहसून के साथ अदरक का प्रयोग किया जाता है। इसके अलावा किसी-किसी पावरोटी और बेकरी शिल्प में भी अदरक का प्रयोग होता है। सोस बनाने में भी अदरक का प्रयोग किया जाता है।

आप के घर में अदरक किस-किस भोजन में प्रयोग होता है, इसे नीचे की तालिका में लिखो।

| किस-किस भोजन में अदरक का प्रयोग होता है |
|---|
| |

### दूसरा प्रयोग

पेट दर्द, अम्बल अथवा गैस की समस्या, खाँसी और हफनी में अदरक उपकारी है। खाने के पहले विशेषकर वर्षा काल में और शीतकाल में अदरक को पीसकर उसमें नमक मिलाकर खाने पर मुँह में खाने की रूचि बढ़ती है। वास्तव में अदरक खाने पर मुँह में लार बनता है। आप लोग तो जानते हो, लार भोजन को हजम (पाचन क्रिया) में सहायता करता है।

## लहसून (Garlic)



लहसून देखने में कैसा होता है और यह किस-किस कार्य में प्रयोग होता है, उसे नीचे की सारणी में लिखो।

| देखने में कैसा लगता है | यह किस-किस कार्य में लगता है |
|---|---|
| | |

यह एक बहुवर्षजीवी उद्‌भिज है।

प्याज की भाँति ही इसका तना कंद प्रजाति का है। मिट्‌टी के नीचे लम्बवत् आकार में यह रहता है। लहसून का तना 6-30 जैसे कुछ छोटे-छोटे तना के अंश को लेकर निर्मित होता है। इन सभी को लहसून का एक कोया कहते है। यह पूरा भाग एक सफेद अथवा हल्का गुलाबी कागज जैसे छिलको से ढंका रहता है।



## भोजन बनाने के कार्य में मसालों का प्रयोग

लहसून वृक्ष का कंद ही लहसून के रूप में प्रयोग किया जाता है। मछली एवं मांस समेत विभिन्न प्रकार के भोजन में स्वाद लाने के लिए लहसून का प्रयोग किया जाता है। कभी-कभी तो पावरोटी (गार्लिक ब्रेड) बनाने में भी लहसून का प्रयोग किया जाता है। तुम्हारे घर में कौन-कौन से भोजन बनाने में लहसून का प्रयोग किया जाता है। नीचे की तालिका में उसे लिखो।

| तुम्हारे घर में कौन-कौन से भोजन बनाने में लहसून का प्रयोग होता है। |
| --- |
| |

## दूसरा प्रयोग

लहसून में आलिसीन नामक एक यौगिक रहता है। इस यौगिक में जीवाणु नाशक क्षमता होती है। लहसून गैस को दूर करता है। इसके अलावा पाक् स्थली को उदीप्त करके खाने को हजम करने में सहायता करता है। हृदय और रक्त नली की विभिन्न समस्या को दूर करने में लहसून उपयोगी है। लहसून में एन्टीसेपटीक अथवा पाचन क्रिया की भी भूमिका है। तुम्हारे घर में निश्चित तौर पर और भी मसाले का प्रयोग होता है। नीचे दी गए सारणी में उनका नाम और प्रयोग को लिखों।

| मसाले का नाम | उपयोग |
| --- | --- |
| | |

## औषधि वृक्ष

हमारे देश में औषधि के रूप में विभिन्न देशीय पेड़ अथवा पेड़ों के भाग को प्रयोग करने का प्रचलन काफी पुराना है। अथर्ववेद में विभिन्न पेड़-पौधों के औषधि गुण के बारे में कहा गया है। वेद के परवर्ती युग में सुश्रुत द्वारा लिखित सुश्रुत संहिता में प्राय: 700 औषधियों के बारे में कहा गया है। परवर्ती काल में औषधि का गुण एवं गुण सम्पन्न और भी अधिक पेड़ों के बारे में जानकारी मिली।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पृथ्वी पर प्राय: 80% लोग अपनी प्राथमिक चिकित्सा के लिए परिचित औषधि पर निर्भर करता है। अभी तक पृथ्वी के विभिन्न देशों में कुल 20,000 से भी ज्यादा ऐसे पेड़ों के बारे में जानकारी मिली है, जिसमें औषधिगत गुण है। इनमें से एशिया में ही प्राय: 8500 प्रजातियाँ पायी जाती है। हमारे देश में वर्तमान समय में प्राय: 3500 प्रजातियों के औषधि पेड़ों के बारे में जानकारी मिली है। यहाँ पर हमारे देश में पाये जाने वाले कुछ औषधि पेड़ और उसके गुण के बारे में आलोचना करेंगे।

### नीम

नीम एक मझोले प्रकार की वृक्ष प्रजाति का उद्भिज है। यह चिर परिचित उद्भिज तीव्र गति से बढ़ती है। तुम्हारे क्षेत्र में नीम पेड़ के विभिन्न भाग का प्रयोग कैसे किया जाता है, उसे अगले पृष्ठ की तालिका में लिखो।

| पेड़ का अंश | किस कार्य में प्रयोग किया जाता है |
|---|---|
| (i) तना | |
| (ii) पत्ता | |
| (iii) | |





**औषधि गुण**

(i) डायबिटीज रोग के क्षेत्र में नीम पत्ते का रस काफी लाभकारी है।
(ii) भाइरसजनित महामारी और दर्द में नीम का बीज उपकारी है।
(iii) कान दर्द, दाँत और दाँतों के मसूड़ों के दर्द में नीम तेल का प्रयोग किया जाता है।
(iv) नीम पेड़ का जड़ अथवा तना का छाल और पत्ते के तीता स्वाद से जो औषधि तैयार होती है, वह बार-बार लौट आने वाला ज्वर (जैसे-मलेरिया) को दूर करने में उपकारी है। विभिन्न प्रकार के चर्मरोग को दूर करने में भी इसका प्रयोग किया जाता है।
(v) वर्तमान समय में अत्यधिक प्रसाधनी वस्तुएँ (जैसे-साबुन, शैम्पू, दाँत का मंजन, पाउडर) नीम का प्रयोग किया जाता है।
(vi) कीटनाशक औषधि के भी रूप में नीम तेल का प्रयोग किया जाता है।
(vii) नीम वृक्ष का पत्ता और जड़ का एंटिबॉयोटीक अर्थात् जीवाणु नाशक क्षमता स्वीकृत है।
(viii) नीम का तेल बालों को स्वस्थ्य रखता है, यकृत में कार्य करने की क्षमता को बढ़ाता है, रक्त को साफ करने के क्षेत्र में इसका प्रयोग किया जाता है।
(ix) इसके अलावा नीम के द्रव्य में बैक्टीरिया, छत्रक और परजीवी कृमि को रोकने का भी गुण है।

**मुलायम डाल सहित नीम के पत्ते को इकट्ठा करो। अखबार के पन्नों में कुछ दिन सुखाकर कॉपी में रखो।**

## बेल

यह एक मझोले आकार का पर्णमोची उद्भिज है।

तुम्हारे क्षेत्र में बेल अथवा बेल पेड़ का भाग किस-किस कार्य में प्रयोग किया जाता है, उसे लिखो।

**औषधि का गुण**

(i) बेल में मिउसिलेज और पेकटीन अथवा रोगों को दूर करने वाला औषधि रहता है।
(ii) बेल का शरबत अमाशय रोगियों के लिए लाभकारी है।
(iii) कच्चा या आधा कच्चा फल भूख और पाचन क्षमता को बढ़ाता है।





(iv) दीर्घ स्थायी पेट की बीमारी के लिए बेल उपकारी है।
(v) वर्तमान समय में विभिन्न परीक्षण में बेल का पत्ता, फल और जड़ का एन्टीबॉयोटीक अथवा जीवाणु प्रतिरोधक क्षमता का प्रमाण मिला है।

छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में आदिवासियों के मध्य बुखार होने पर बेल पेड़ के जड़ के छाल से बने औषधि को खिलाने की परम्परा है। इससे बुखार तुरंत समाप्त हो जाता है।

## आवला

आवला एक मझोले प्रकार के पर्णमोची वृक्ष प्रजाति का उद्भिज है। आवला को आप लोग अवश्य ही देखे होंगे। यह देखने में कैसा है और यह किस-किस कार्य में उपयोग होता है। नीचे की तालिका में लिखो।

| आवला देखने में कैसा होता है | आवला किस कार्य में प्रयोग होता है |
|---|---|
| | |

### औषधि गुण





(i) आवला में पर्याप्त मात्रा में विटामिन C रहता है। दाँत के मसूड़े फूल जाने पर यह काफी लाभकारी होता है।

(ii) सुखे हुए आवला पेट की गड़बड़ी, रक्त क्षरण और आमाशय को बन्द करने में सक्षम है।

(iii) उल्टी-उल्टी का भाव उत्पन्न होने पर एवं पेट के विभिन्न रोगों के लिए आवला उपकारी है।

(iv) आवला का बीज हफनी, पित्तरोग और फेफड़े के रोग के लिए उपकारी है।

(v) अनीमिया और कैन्सर प्रतिरोध में आवला काफी लाभकारी है।

तुम्हारे क्षेत्र में आवाला का प्रयोग कैसे-कैसे किया जाता है, उसे लिखने का प्रयास करो।

**त्रिफला :** त्रिफला एक प्रकार का आयुर्वेदिक औषधि है। त्रिफला का मतलब है तीन फल। त्रिफला में बराबर के परिमाण में आवला, हरितकी और बहेड़ा (बीज को छोड़कर) रहता है। त्रिफला चूर्ण जुलाप का कार्य करता है, जो हमारे शरीर के परिपाक नली को साफ रखने में सहायता प्रदान करता है। त्रिफला रक्त को साफ करने के रूप में भी प्रयोग होता है। इसके अलावा त्रिफला में पर्याप्त विटामिन C रहता है। इसलिए त्रिफला में कुछ समय सहयोगी खाद्य के रूप में भी प्रयोग किया जाता है।

## नयनतारा



नयनतारा एकवर्षजीवी प्रजाति का उद्भिज है।

### औषधि गुण

(i) नयनतारा का पत्ता डायबीटिज रोग के लिए अच्छी औषधि है।

(ii) मूत्र वृद्धिकरण, अमाशय प्रतिरोध, रक्त क्षरण प्रतिरोध गुण नयनतारा में है।

(iii) रक्तार्श और बोल्ता (wasp) कीड़ा के काटने पर आराम मिलता है।

(iv) इस वृक्ष के जड़ में रोबेसीन (Raubasine) नामक एक उपक्षार रहता है। मस्तिष्क के रक्त संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर इस उपक्षार को दूर करने में सहायता प्रदान करता है।

(v) भिनक्रिस्टिन (Vincristine) और भिनब्लास्टिन (Vinblastine) नामक दूसरा दो उपक्षार नयनतारा में पाया जाता है।

ब्लड कैंसर और दूसरे कुछ प्रकार के कैंसर जैसे कठिन रोग से छुटकारा पाने के लिए वर्तमान समय में चिकित्सा जगत् में इन दोनों उपक्षार का प्रयोग किया जाता है। रक्त में कैंसर के अलावा भी ट्यूमार प्रशमन यह दोनों उपक्षार काफी कार्यकारी है।

## पुदिना

पुदिना एक बहुवर्षजीवी प्रजाति का उद्‌भिज है।



### औषधि गुण

(i) पुदिना का शरबत पेट की गड़बड़ी के लिए काफी उपकारी है। इसके अलावा मूत्र के परिमाण को बढ़ाने में, उल्टी-उल्टी जैसे भाव को दूर करने में पुदिना सहायता करता है।

(ii) पेट फुलना, बदहजमी, बच्चों को पतला दस्त और मुँह से आने वाले दुर्गन्ध को दूर करने में पुदिना लाभकारी है।

(iii) पुदिना जीवाणु नाशक के रूप में भी कार्य करता है।

(iv) खाँसी को दूर करने में पुदिना उपकारी है।

(v) पुदिना का लेप दर्द के स्थान पर लगाने से दर्द की पीड़ा और सिर दर्द को कम करने में सहायता प्रदान करता है।

## घृतकुमारी

घृतकुमारी बहुवर्षजीवी प्रजाति का एक उद्‌भिज है।



### औषधि गुण

(i) विटामिन खनिज मौलिक, आमाइनो एसिड और फाटी एसिड घृतकुमारी के पत्ते में सहजता से पाया जाता है।

(ii) एसिड की अधिकता, रक्त का गाढ़ा हो जाने की प्रवणता, प्रदूषण युक्त दबाव और अस्थि संधि प्रवाह को कमाने में घृतकुमारी के पत्ते का प्रयोग किया जा सकता है।



(iii) गैस्ट्रीक क्षति, जटिल रोग, तेजस्क्रिय विकिरण जनित चमड़े की क्षति होने पर घृतकुमारी के पत्ते का प्रयोग सहजता के साथ किया जाता है।

(iv) घृतकुमारी में एन्टीपाईरेटीक उपादान होने के कारण ही बुखार होने पर तापमात्रा को कम करने में इसका प्रयोग होता है।

(v) घृतकुमारी के पत्ते में प्राय: 99% जल रहता है। इसलिए चमड़ा को आर्द्र करने एवं स्थिति स्थापत्य को बढ़ाने में सहजता से इसका प्रयोग किया जाता है। इसका सहजता से प्रयोग करने पर चमड़ा का रक्त और आक्सीजन के आदान-प्रदान में वृद्धि होता है। त्वचा का कला कौशल शक्ति और संश्लेष क्षमता बढ़ती है। फलस्वरूप त्वचा शिथिल नहीं होती है।

(iv) मानसिक दबाव और उद्‌वेग को कम करने में घृतकुमारी के पत्ते को सहजता के साथ प्रयोग किया जाता है।

## परिवेश और विज्ञान

### पाठ्यसूची

1.1 बल और दबाव
(क) बल का परिमाप
(ख) घर्षण एवं उसका परिमाप
(ग) तरल का घनत्व एवं दबाव
(घ) तलर का दबाव
(ङ) वायु का दबाव
1.2 स्पर्शहीन क्रियाशील बल
(क) अभिकर्षण एवं महाकर्ष
(ख) अभिकर्ष एवं महाकर्ष के प्रभाव की गति
(ग) स्थिर त्वरित बल एवं अवधारणा की धारणा
(घ) त्वरित बल का प्रभाव गति
1.3 ताप
(क) ताप का परिमाप एवं इकाई
(ख) स्थिति परिवर्तन एवं गुप्त उष्मा की अवधारणा
(ग) ताप का प्रवाह : परिवहन, परिचालन एवं विकिरण
1.4 प्रकाश
(क) प्रतिबिंब
(ख) प्रकाश का अपवर्तन सूत्र
2.1 पदार्थ की प्रकृति
(क) पदार्थ का भौतिक एवं रासायनिक कार्य
(ख) धातु एवं अधातु का वैशिष्ट्य और व्यवहार
(ग) मानवजीवन और परिवेश में धातु और अधातु का व्यवहार
2.2 पदार्थ का गठन
(क) परमाणु और अणु की अवधारणा
(ख) पदार्थों की विभिन्न स्थिति
(ग) योग्यता एवं रासायनिक बन्धन
2.3 रासायनिक विक्रिया
(क) रासायनिक विक्रिया का प्रवाहक
(ख) अणु घटक
(ग) तापग्राही एवं तापमोची परिवर्तन
(घ) ऑक्सीकरण और अऑक्सीकरण की अवधारणा
2.4 त्वरित रासायनिक प्रभाव
त्वरित विश्लेषण और त्वरित लेपन
3. कुछ गैसों का परिचय
(क) प्रयोगशाला में प्रयोग होने वाले यंत्रों का परिचय
(ख) ऑक्सीजन एवं हाइड्रोजन
4. प्रकृति और जीव जगत् के विभिन्न रूपों में कार्बन यौगिक की स्थिति
(क) प्रकृति और जीव जगत् में कार्बन यौगिक की स्थिति
(ख) बहुरूपता
(ग) ईंधन का मूल्य अथवा कैलोरी का मूल्य
(घ) कार्बन-डाइ-ऑक्साइड
(ङ) ग्रीन हाउस इफेक्ट
(च) कार्बन जनित पलिमार और उसका व्यवहार
5. प्राकृतिक घटना और उसका विश्लेषण
(क) बज्रपात
(ख) महामारी
6. जीवधारियों की शारीरिक संरचना
(क) जीवधारियों की शारीरिक संरचना के विभिन्न स्तर
(ख) माइक्रोस्कोप
(ग) कोशिका का वैचित्र्य
(घ) विभिन्न अंगो के कार्य और कोशिका की विशेषताएँ
(ङ) जीवधारियों और उद्भिज की विभिन्न शारीरिक प्रक्रियाएँ और कोशिकीय अंगाणु
(च) विभिन्न प्राकृतिक परिवेश और कोशिका पर उनका प्रभाव
7. जीवाणुओं की दुनिया
(क) जीवाणुओं के प्रकार
(ख) जीवों का अंत: सम्बंध (परजीवी, मिथोजीवी और मृत जीवी)
(ग) पर्यावरण में जीवाणुओं की भूमिका (कृषि, भोजन, औषधि बनाना, वर्ज्य पदार्थ की सफाई)
8. मानव खाद्य और खाद्य-उत्पादन
(क) फसल, फसल के प्रकार और फसल-उत्पादन
(ख) उद्भिज प्रजाति के खाद्यों की खेती की विभिन्न पद्धति
(ग) प्राणी खाद्य की खेती की विभिन्न पद्धति
9. अंत: स्त्रावित ग्रंथियाँ और वय:संधि
(क) अंत:स्त्रावित ग्रंथि
(ख) वय: संधि
10. जीव वैचित्र्य भिन्नता, परिवेश के संकट और विभिन्न प्राणियों का संरक्षण
(क) वन
(ख) समुद्र के अन्दर जीवन
(ग) रेगिस्तान अंचल का जीव संसार
(घ) मरुस्थल अंचल के जीव-जगत्
(ङ) वन्य प्राणी संरक्षण
(च) कुछ विपन्न वन्य प्राणी और उनका संरक्षण
11. हमारे आस-पास का परिवेश और उद्भिज जगत्
(क) परिवेश के कुछ महत्त्वपूर्ण पेड़
(ख) मशाला और पेड़
(ग) औषधि वृक्ष

## तीन पर्यायक्रमिक मूल्यांकन के लिए निर्धारित पाठ्य सूची

**प्रथम पर्यायक्रमिक मूल्यांकन : (प्रत्येक विषय से 5 नम्बर का प्रश्न तैयार करना होगा)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भौतिक परिवेश — 1.1 बल और दबाव (1–16)<br>1.2 स्पर्शहीन क्रियाशील बल (17–28) | 5 |
| 2. | मौलिक, यौगिक और — 2.1 पदार्थ की प्रकृति (54–78)<br>—2.2 पदार्थ का गठन (79–91) | 5 |
| 3. | शरीर का गठन — (173–190) | 5 |

**द्वितीय पर्यायक्रमिक मूल्यांकन : (प्रत्येक विषय से 5 नम्बर का प्रश्न तैयार करना होगा)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भौतिक परिवेश — 1.3 ताप | 5 |
| 2. | मौलिक, यौगिक और रासायनिक विक्रिया — 2.3 रासायनिक विक्रिया (92-109)<br>— 2.4 त्वरित रासायनिक प्रभाव (110-117) | 5 |
| 5. | प्राकृतिक घटना और उसका विश्लेषण (160–172) | 5 |
| 8. | मनुष्य का खाद्य और खाद्य उत्पादन (202–223) | 5 |

**तृतीय पर्यायक्रमिक मूल्यांकन**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भौतिक परिवेश 1.4 प्रकाश (46–53) | 7 |
| 3. | कुछ गैसों का परिचय (118–133) | 7 |
| 4. | कार्बन एवं कार्बन घटित यौगिक (134–159) | 7 |
| 7. | अणु जीवों का जगत् (191–201) | 7 |
| 9. | अंत:स्त्रावित ग्रंथि और वय: संधि (224–242) | 7 |
| 10. | परिवेश का संकट और संरक्षण (243–279) | 7 |
| 11. | हमारे चारों तरफ का परिवेश और उद्‌भिद जगत् (280–293) | 7 |

**विशेष सूचना :** तृतीय पर्यायक्रमिक मूल्यांयकन के क्षेत्र में निर्दिष्ट अंशों के साथ प्रथम पर्यायक्रमिक मूल्यांकन के अन्तर्गत बल एवं दबाव, पदार्थ का गठन और शरीर गठन अध्याय से प्रश्न करना होगा। संयोजित अंश के प्रत्येक विषय से सम्बंधित 7 नम्बर का प्रश्नपत्र मूल्यांकन के लिए तैयार करना होगा। इस क्षेत्र में अध्याय और उससे तैयार किया हुआ प्रश्नों का मूल्यांकन सारणी निम्नलिखित होगा :

| अध्याय | प्रश्न का नम्बर (अंक) |
|---|---|
| 1.1 बल और दबाव | 7 |
| 1.4 प्रकाश | 7 |
| 2.2 पदार्थ का गठन | 7 |
| 3. कुछ गैसों का परिचय | 7 |
| 4. कार्बन एवं कार्बनघटित यौगिक | 7 |
| 6. शरीर का गठन | 7 |
| 7. अणुजीवों का जगत | 7 |
| 9. अंत:स्त्रावित ग्रंथि और वय: संधि | 7 |
| 10. परिवेश का संकट और संरक्षण | 7 |
| 11. हमारे आस-पास का परिवेश और उद्‌भिज जगत् | 7 |

| प्रस्तुतिकालीन मूल्यांकन के लिए सक्रियतामूलक कार्यावली | प्रस्तुतिकालीन मूल्यांकन में प्रयोग होने वाले सूचक समूह |
|---|---|
| (1) सारणी को पूरा करना<br>(2) चित्र विश्लेषण<br>(3) तथ्य संग्रह और विश्लेषण<br>(4) समूह कार्य और आलोचना<br>(5) कार्यपत्र को पूरा करना और समीक्षा का विवरण<br>(6) साथियों का मूल्यांकन और स्व-मूल्यांकन<br>(7) स्वयं का कार्य और मॉडल प्रस्तुति<br>(8) क्षेत्र समीक्षा (Field work) | (i) अंशग्रहण<br>(ii) प्रश्न और अनुसंधान<br>(iii) व्याख्या और प्रयोग का सामर्थ्य<br>(iv) समानुभूति और सहयोगिता<br>(v) धारा प्रवाह और सृजनशीलता का प्रकाश |

## प्रश्नों का नमूना

(इस प्रकार का नमूना अनुसरण करके सम्पूर्ण मूल्यांकन के लिए प्रश्नपत्र तैयार किया जा सकता है। जरूरत पड़ने पर दूसरे प्रकार का प्रश्न भी किया जा सकता है। किस-किस प्रकार का प्रश्न किया जा सकता है उसका कुछ नमूना दिया गया है।)

**1. सही उत्तर का चुनाव करें :** (प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 नम्बर)

(i) तरल का दबाव क्रिया करती है— (a) सिर्फ नीचे की ओर (b) सिर्फ बगल में (C) सिर्फ ऊपर की ओर (d) सब तरफ समान रूप से।

(ii) एक छोटा वस्तु को कुछ ऊपर से फेंक देने पर वस्तु नीचे की ओर गिरेगी। इसलिए— (a) वस्तु पृथ्वी को ज्यादा बल से आकर्षण करेगा। (b) पृथ्वी वस्तु को ज्यादा बल से आर्कषण करेगी। (c) वस्तु और पृथ्वी दोनों ही एक दूसरे को समान बल से आर्कषण करेगा। (d) ऊपर में से कोई भी सही नहीं है।

(iii) शीशा और टीन मिलाकर फ्यूज तार तैयार किया जाता है क्योंकि इससे— (a) परिवाही तार का क्रम कम होता है (b) परिवाही तार का गलनांक शीशा एवं टीन दोनों गलनांक से कम होता है (c) परिवाही तार और कठोर होता है (d) शीशा और टीन आसानी से मिलता है।

(iv) दो आईना को इस तरह रखा गया जिससे उनका मध्यवर्ती कोण $60^0$ होगा। दोनों आईना के मध्य में एक वस्तु को रखने पर कुल प्रतिबिम्ब की संख्या होगी— (a) 3 (b) 4 (c) 5 (d) 6।

(v) टेबल के ऊपर एक किताब स्थिर अवस्था में है। किताब स्थिर रहने के कारण— (a) किताब के ऊपर कोई बल काम नहीं करता है। (b) किताब का वजन टेबल की लम्बाई की प्रतिक्रिया परस्पर सममान एवं परस्पर विपरीत होगा। (c) किताब का नीचला भाग टेबल द्वारा घर्षण बल कार्य न करने के कारण। (d) वस्तु का वजन टेबल की लम्बाई की प्रतिक्रिया से ज्यादा।

(vi) यदि हवा में किसी वस्तु का वजन $W_1$ एवं तरल में कम होने पर उसके ऊपर क्रियाशील पल्वता $W_2$ होगा, नीचे किस भाषण शर्त है? (a) $W_1 > W_2$, (b) $W_1 = W_2$ (c) $W_1 < W_2$ (d) $W_1 \neq W_2$ होने से होगा।

(vii) एक कैम्ब्रीज गेंद को ऊपर से छोड़ देने पर वह पृथ्वी के खींचाव से नीचे आ गिरता है। लेकिन पृथ्वी और वस्तु परस्पर एक दूसरे को समान बल पर आकर्षण करता है। पर कैम्ब्रीज गेंद ही क्यों पृथ्वी की ओर आती है, उल्टा क्यों नहीं होता? (a) क्योंकि कैम्ब्रीज गेंद का खींचाव पृथ्वी पर स्पष्ट त्वरण से ज्यादा। (b) क्योंकि पृथ्वी के खींचाव से स्पष्ट त्वरण, कैम्ब्रीज गेंद के खींचाव से पृथ्वी का स्पष्ट त्वरण अधिक है। (c) क्योंकि उल्लेखित दोनों त्वरण ही बराबर है। (d) कैम्ब्रीज गेंद के खींचाव से पृथ्वी पर कोई त्वरण स्पष्ट नहीं होता है।

(viii) एक टेस्ट ट्यूब में जिंक और लघू सल्फूरिक एसिड का विक्रिया में एक वर्गहीन गैस उत्पन्न हुआ जो शब्द के साथ नीले सिरे पर जल कर बुझ जाता है। यह गैस— (a) अक्सीजन (b) नाइट्रोजन (c) कार्बन-डाइ-आक्साइड (d) हाइड्रोजन।

(ix) जल में जला हुआ चूना देने पर काफी मात्रा में स्टिम उत्पन्न होता है कारण— (a) जला हुआ चूना गरम पदार्थ है (b) जला हुआ चूना के संग जल की विक्रिया तापग्राही विक्रिया (c) जला हुआ चूना के संग जल की विक्रिया तापमोची विक्रिया (d) इसमें से कोई नहीं।

(x) नीचे कौन त्वरित विशेष है— (a) चीनी (b) अलकोहल (c) ग्लूकोज (d) नमक।

(xi) नीचे कौन सा ऑक्साइड उभयधर्मी है — (a) कार्बन-डाइ-ऑक्साइड (b) कैल्शियम ऑक्साइड (c) सल्फर डाइ ऑक्साइड (d) जिंक ऑक्साइड

(xii) किस ऑक्सीजन में ज्यादा शिल्प प्रयोग होता है—(a) आमोनिया से तैयार (b) यूरिया से तैयार (c) सोडा से तैयार (d) इस्पात से तैयार।

(xiii) डेंगू रोग जो प्राणी वहन करता है वह है— (a) एनोफिलिस मच्छर (b) क्यूलेक्स मच्छर (c) एडिस मच्छर (d) मक्खी

(xiv) DOTS पद्धति से जिस रोग का इलाज होता है वह है— (a) काला बुखार (b) छोटा चेचक (c) हेपाटाइटिस (d) हफनी

(xv) गली हुई वस्तु से जिस अणु का सृष्टि होता है— (a) एन्डोप्लाजमिक झिल्ली (b) राइबोजोम (c) कोश पर्दा (d) लाइसोजोम

(xvi) प्रोटीन तैयार करने में सहायक होता है— (a) गली हुई वस्तु (b) साइटोप्लाजम (c) लाइसोजोम (d) राइबोजोम

(xvii) जियार्डियासिस रोग है— (a) बैक्टीरियाघटित (b) क्षत्रकघटित (c) जीवाणुसघटित (d) आदिप्राणीघटित

(xviii) खरीफ फसल का एक उदाहरण है— (a) गेहूँ (b) भुट्टा (c) चना (d) सरसो

(xix) कृतिम पद्धति से मछली का अण्डा तैयार करने में जिस ग्रंथी का व्यवहार किया जाता है, वह है— (a) अग्नाशय (b) पिटूइटरि (c) शुक्राणु (d) थाइराइड

(xx) जिस ग्रंथी से इंसूलिन क्षरित होता है, वह है— (a) अग्नाशय (b) थाइराइड (c) ऐड्रिनाल (d) पिटूइटरी

(xxi) नालीपद की सहायता से जो चलता-फिरता है, वैसा एक प्राणी है— (a) हाडर (b) सागरकलम (c) तारामछली (d) अक्टोपस

(xxii) सुन्दरवन एक है — (a) अभयारण (b) नेशनल पार्क (c) संरक्षित वन (d) बायोस्फियार रिजर्भ

(xxiii) जिस मशाला में कारकिउमिन यौग पाया जाता है, वह है— (a) दालचीनी (b) हल्दी (c) लहसून (d) अदरक

(xxiv) आद्यप्राणी के शरीर में कोश की संख्या है— (a) 1 (b) 2 (c) 3 (d)

(xxv) अमेरिका के मरु अंचल में रेड इंडियन लोग जिस पत्थर से तैयार घर में रहते है उसका नाम है— (a) इग्लू (b) पूयबला (c) तम्बू (d) झोपड़ी

## 2. सही वाक्य के सामने (√) और गलत वाक्य के सामने (×) का निशान लगाएं। (प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 नम्बर)

(i) मलेरिया का अर्थ होता है खराब वायु। ☐ (ii) हफनी एक वायुवाहक रोग है। ☐ (iii) माइटोकानड्रिया का बाहरीपर्दा मुड़कर क्रिस्टि गठन करता है। ☐ (iv) बहुत शुष्क और ठंडा परिवेश में रहने वाले प्राणियों के कोश में एन्टीफ्रिज प्रोटीन रहता है। ☐ (v) थार्मोफिलिक बैक्टेरिया (100°C) तापमात्रा के आस-पास वंश वृद्धि करता है। ☐ (vi) क्लोरोमाइसेटिन एक प्रकार का एण्टीबायोटिक औषधि है। ☐ (vii) अजैविक खाद मिट्टी की जलधारक क्षमता बढ़ाती है। ☐ (viii) आउस धान जमीन पर प्रत्यक्ष तौर पर किया जाता है । ☐ (ix) मृगेल माइनर कॉर्प का उदाहरण है। ☐ (x) शुक्राणु महिलाओं के शरीर में रहने वाले जनन ग्रंथी का नाम है। ☐ (xi) आत्मसचेतना जीवन कुशलता चर्चा का एक प्रकार है। ☐ (xii) केल्प एक प्रकार का सामुद्रिक शैवाल है। ☐ (xiii) मरुभूमि का मेशकुइट पेड़ पर पत्ता नहीं होता है। ☐ (xiv) गेंडे के सिंग से कैरोटीन बनता है। ☐ (xv) हल्दी एक चिरहरित उद्भिज है। ☐ (xvi) आवला में अधिक मात्रा में विटामिन c होता है। ☐

## 3. शून्य स्थानों की पूर्ति करें : (प्रत्येक शून्य स्थान के लिए 1 नम्बर)

(i) एक चोंगाकृत ड्राम का तल ड्राम में अवस्थित जल का दबाव .............. होगा यदि ड्राम का जल आधा निकाल लिया जाए। (ii) जल में बहते हुए एक वस्तु का वजन 12N है। तो उर्ध्वमुखी पल्वता....... N होगा। (iii) अभिकर्षक त्वरण वस्तु ............ निरपेक्ष। (iv) कौन परमाणु से एक इलेक्ट्रान निकाल लेने पर ............... हो जाएगा। (v) तुम्हारे आईना के तरफ 3m आने पर तुम्हारा प्रतिबिंब तुम्हारे तरफ .........m चला आयेगा। (vi) पेरिस्कोप में प्रकाश का ............. धर्म को कार्य में लगाया जाता है। (vii) दो माध्यम का प्रति----- समान होने पर आपतित और प्रतिसृत रश्मि में कोणों का मान ........... होगा। (viii) शुद्ध बर्फ के अपेक्षा नमक मिला हुआ बर्फ का गलनांक ............। (ix) ठंड के दिनों में एक मोटा कपड़ा से दो पतला कपड़ा पहनने से शरीर अधिक .......... रहता है। (x) इग्लू बर्फ से बनाया जाता है क्योंकि बर्फ ताप का ...........। (xi) मरीचिका .............. प्रतिबिंब का उदाहरण है। (xii) साधारणत: धातु का ताप परिवाहित धातु से .......... लेकिन फिर भी ............ एवं .............. अधातु दो एक विवृति का व्यतिक्रम है (xiii) सोना का प्रसारणशीलता लोहा से ........... होने के कारण ही सोना का सूक्ष्म तार तैयार

करना सम्भव है। (xiv) मौलिक अणु का कल्पना किये ............ थे। (xv) प्राचीन ग्रीस में ............. और ............. परमाणु अस्तित्व कल्पना किये थे। (xvi) $^{206}_{82}$Pb परमाणु में प्रोटॉन, इलेक्ट्रॉन और न्यूट्रॉन की संख्या यथाक्रम ........, ......... और .......... । (xvii) $^{14}_{7}$N और $^{14}_{6}$C परस्पर .............. । (xviii) सूर्यजगत् का ............. रश्मि प्रधानतः ताप की अनुभूति सृष्टि करता है। (xix) ............... अक्साइड धातु का अक्साइड होने पर भी उभयधर्मी प्रकृति का होता है। (xx) कठिन विक्रिया के पृष्ठतल का क्षेत्रफल वृद्धि मिलने पर रासायनिक विक्रिया का वेग ......... । (xxi) हाइड्रोजन का सर्ववृहत्त शिल्प व्यवहार है ........... । (xxii) जल का त्वरित विश्लेषण में .......... और ......... गैस पाया जाता है। (xxiii) ZnO + C → Zn + Co विक्रिया में .......... ऑक्सीकरण और ......... ऑक्सीकृत हुआ है। (xxiv) घृतकुमारी का निर्यास में ......... उपादानयुक्त ज्वर होने पर तापमात्रा कमाने में व्यवहार किया जाता है। (xxv) दालचीनी के पौधे .......... से मिलता है। (xxvi) सुन्दरी एक प्रकार का ....... उद्भिज है। (xxvii) दर्द निवारक औषधि .......... शकुन के यकृत को नष्ट कर देता है। (xxviii) .......... मेरु में पेंगुइन दिखता है। (xxix) तारा मछली के भुजा की संख्या ......... । (xxx) टेस्टोस्टेरन ........... ग्रंथी से क्षय होता है। (xxxi) गोलडेन राइस में ......... विटामिन का परिमाण ज्यादा होता है। (xxxii) .......... बैक्टीरिया दही बनाने में सहायक होता है। (xxxiii) क्लामाइडोमोनास एककोशी .......... है। (xxxiv) ......... नामक अंगाणु प्राणी कोश का विभाजन में अंश ग्रहण करता है। (xxxv) कालाज्वर का दूसरा नाम है .........ज्वर। (xxxvi) बैक्टेरिया वज्र को तोड़कर मिथेन गैस बनाता है।

## 4. स्तम्भों के बीच सम्पर्क स्थापन करें : (प्रत्येक सम्पर्क स्थापन के लिए १ नम्बर)

(उदाहरण के तौर पर एक दिया गया है।)

I.

| 'A' स्तम्भ | 'B' स्तम्भ | 'C' स्तम्भ |
|---|---|---|
| (i) संकट कोण | (a) पृथ्वी का आकर्षण | (1) विकिरण |
| (ii) समसंख्यक प्रोटॉन और इलेक्ट्रॉन | (b) ऊर्द्धमुखी बल | (2) मरीचिका |
| (iii) ताप का संचालन | (c) आन्तरिक पूर्ण प्रतिफलन | (3) अभिकर्ष बल |
| (iv) वस्तु का वजन | (d) गति के विरुद्ध बाधा | (4) परमाणु निस्तरित |
| (v) प्रवाहीत में निमज्जित वस्तु | (e) माध्यम निरपेक्ष | (5) घर्षण बल |
| (vi) स्थिर वस्तु में गति उत्पन्न करने की चेष्टा | (f) इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन के आधान के मान के समान लेकिन विपरीत प्रकृति | (6) पल्वता |

ऊ०: (b) - (iv) - (4)

II.

| 'A' स्तम्भ | 'B' स्तम्भ |
|---|---|
| (i) आयतन × घनत्व | (a) तरल के ऊपरीतल का क्षेत्रफल ज्यादा होता है |
| (ii) पतनशील वस्तु का वेग | (b) संकट कोण का मान कम |
| (iii) वाष्पायन द्रुत होता है | (c) समय बढ़ने के साथ बढ़ता है |
| (iv) हीरा चमकता है | (d) भार |

III.

| 'A' स्तम्भ | 'B' स्तम्भ |
|---|---|
| (i) कैथोड | (a) इस्पात बनाने के लिए प्रयोजन |
| (ii) एनोड | (b) विशेष-विशेष जैव रासायनिक विक्रिया का वेग वृद्धि करता है |
| (iii) कार्बन-डाइ-ऑक्साइड | (c) मृदु त्वरित विश्लेषण। |

| 'A' स्तम्भ | 'B' स्तम्भ |
|---|---|
| (iv) ऑक्सीजन | (d) नन-बायोडिग्रेडेबल पलिमार |
| (v) एसिटिक एसिड | (e) ऑक्सीकरण |
| (vi) पी.भी.सी. | (f) ग्रीनहाउस गैस |
| (vii) सेलूलोज | (g) ऑक्सीकरण होता है |
| (viii) उत्सेचक | (h) बायोडिग्रेडेबल पलिमार |
| (ix) LPG | (i) तरल ज्वालनी |
| (x) बायोडीजल | (j) गैसीय ज्वालनी |

IV.

| 'A' स्तम्भ | 'B' स्तम्भ |
|---|---|
| (i) सुन्दरी | (a) फाँका पर्वमध्ययुक्त चिरहरित उद्‌भिज |
| (ii) माइटोकान्ड्रिया | (b) समुद्री फेना |
| (iii) इस्ट्रोजेन | (c) 2,4-D |
| (iv) आगाछानाशक | (d) जोड़कलम |
| (v) बाँस | (e) शक्ति उत्पादन प्रक्रिया |
| (vi) राइजोरियाम | (f) हार्मोन |
| (vii) गंगा का शुसक | (g) नाइट्रोजन स्थितिकरण |
| (viii) गैंडा | (h) लवणयुक्त क्षेत्र |
| (ix) काटल फिस | (i) शाखाकलम |
| (x) सियन और स्टक | (j) जलदापाड़ा |

## 5. संक्षिप्त उत्तर दें : (प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 नम्बर)

(i) एक वस्तु किस तरल के आंशिक निम्मजित अवस्था में बहता है। वस्तु का वजन और अपसारित तरल वजन के मध्य क्या सम्बंध है? (ii) दो भिन्न भार के वस्तु को अबाध रूप से गिरने दिया गया। भारी वस्तु यदि दो सेकेण्ड में मिट्टी पर गिरता है तो हल्की वस्तु कितने मिनट में गिरेगा? (iii) एक ही वस्तु के दो बोतल में एक ही परिमाण में भिन्न-भिन्न तरल रखा गया। बोतल समेत एक का भार 2kg और दूसरे का भार 2.5kg किस तरल का घनत्व ज्यादा है? (iv) जल से भरे हुए ढक्कन को खोलने पर बोतल के ऊपर एवं नीचे से भिन्न-भिन्न उच्चता की छिद्र की गयी। क्या होगा? (v) जल के ऊपर तेल बहता है तो जल और तेल के मध्य किसका घनत्व ज्यादा है? (vi) एक कठीन वस्तु और तरल का घनत्व बराबर है। उस कठीन वस्तु के तरल को निम्मजीत करने पर क्या होगा? (vii) किसी वस्तु के 11.2/kms वेग से भू-पृष्ठ के ऊपर की ओर फेंका जाए, क्या होगा? (viii) 10N और 20N वजन के दो वस्तुओं को एक ही ऊचाई से एक साथ फेंकने पर सबसे पहले कौन मिट्टी को स्पर्श करेगा? (ix) हिम मिश्रण किस नीति का कार्य करती है? (x) प्रकाश किस कार्य के लिए सूर्य के अस्त में जाने के बावजूद सूर्य को हमलोग पश्चिम की ओर कुछ देर के लिए देखते है? (xi) एक 10kg भार के वस्तु का वजन कितना होगा? ($g=9.8m/s^2$)। (xii) पृथ्वी से किसी वस्तु का वजन 25N होने से उसका भार कितना होगा? (xiii) काँच को x पदार्थ से घिसने पर x धनात्मक त्वरित होता है। इसलिए इस क्षेत्र में किसी पदार्थ का इलेक्ट्रान ग्रहण और वर्जन करता है? (xiv) किसी कठिन खुले हुए हवा को उतप्त करने पर तरल अवस्था मिलता है कि नहीं दो उदाहरण दो। (xv) किसी तरल स्फूटनांक का उल्लेख करते समय दबाव का उल्लेख करना ठीक नहीं है तो। (xvi) तापमोची रासायनिक विक्रिया के दो व्यवहारिक प्रयोग लिखो। (xvii) हाइड्रोजन सल्फाइड और कार्बन टेट्रोक्लोराइड अणु का प्राथमिक गठन कैसा होगा, बताओ। (xviii) गलित $CaCl_2$ का त्वरित विश्लेषण कैथोड और आनोड संगठित दो विक्रिया को लिखो। (xix) लोहे के पाइप पर जिंक का लेप देने पर किसे कैथोड और किसे आनोड रूप में प्रयोग करेगा? (xx) चारकोल के

किस कार्य के लिए जल, द्रवण और गैस परिशोधन करने के लिए चारकोल का प्रयोग होता है ? (xxi) कार्बन-डाइ-ऑक्साइड के दो महत्वपूर्ण शिल्प व्यवहार का उल्लेख करो। (xxii) एक प्रकृति जनित वायोडिग्रेडेबल पालिमार और एक कृत्रिम नन-वायोडिग्रेडेबल पालिमार का उदाहरण दो। (xxiii) जैव आवर्जना से जीवाणु क्रिया का प्रस्तुत वायोगैस का मूल उपादान क्या है ? (xxiv) जैव यौगिक गठन O.P.S.C. का मौलिकों के मध्य कौन अपरिहार्य है ? (xxv) शक्ति के तीन विकल्प उत्स का नाम लिखो। (xxvi) जिंक फासफेट, कैल्शियम नाइट्रेड, फेरिक साल्फेट और मारक्यूरस नाइट्रेट का संकेत लिखो। (xxvii) एक धातु और अधातु का चिह्न लिखो, जिसके यौगिक मनुष्य के शरीर विषक्रिया करती है। (xxviii) इन-सीटू संरक्षण कहाँ देखा जाता है ? (xxix) AIDS रोग के लिए उत्तरदायी भाइरस का पूरा नाम लिखो। (xxx) कैक्टस काण्ड के कोश में जल संचय के उपादानों के नाम लिखो। (xxxi) किस अणु जीव को पाट के जल में रखने पर पाट के काण्ड का पेकटीन नष्ट कर देता है ? (xxxii) अमन धान के लिए कौन सी मिट्टी उपयोगी है ? (xxxiii) मुर्गी पालन के एक आधुनिक पद्धति के नाम लिखो। (xxxiv) थाइराइड ग्रंथी कहाँ रहती है ? (xxxv) एक कोशी फाइटोप्लाकटेन का नाम लिखो। (xxxvi) एक्जिमा शब्द का अर्थ क्या है ? (xxxvii) एक ऐसे रोग का नाम लिखो, जिसके लिए फ्लाइभी भाइरस उत्तरदायी है। (xxxviii) इलाइची का प्रयोग किया हुआ एक मीठे भोजन का नाम बताओ। (xxxix) रक्त में रहने वाले एक ऐसे कोश का नाम बताओ जो स्वयं के आकार में परिवर्तन कर सके।

6. दो-एक वाक्य में उत्तर दो : (प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 नम्बर)

(i) दो वस्तुओं का परस्पर घर्षण हुआ। दोनों वस्तुएँ त्वरित ग्रस्त हुई - क्यों ऐसा हुआ ? (ii) किसी वस्तु के कुल भार को वस्तु के कुल आयतन से भाग किया गया इससे वस्तु के परिमाप का कौन सा राशि मिला ? तुम उसे कैसे पाओगे ? (iii) टेबल के ऊपर एक भारी वस्तु रखा है। वस्तु के ऊपर तुम लगातार बल प्रयोग करने से वह कुछ देर बाद चलने लगा। वस्तु को ढकेलने से ही वस्तु में गति नहीं होता है क्यों ? वस्तु कब सचल होती है ? (iv) साधारणत: घर के जल की टंकी को घर के सबसे ऊँचे स्थान पर क्यों रखा जाता है ? (v) मछली संरक्षण के लिए विशुद्ध बर्फ न देकर नमक मिला हुआ बर्फ क्यों दिया जाता है ? (vi) वस्तु के प्रतिबिंब सृष्टि के दो कारणों को लिखो। (vii) पारिपार्श्विक उष्णता $0^{\circ}C$ अथवा उससे कम होने पर विशुद्ध बर्फ गलता क्यों नहीं है ? (viii) हीरा के उच्चताप परिवाहीता के एक व्यवहारिक प्रयोग का उल्लेख करों। (ix) कार्बनडाइ ऑक्साइड ऑक्सीकरण धर्म के समीकरण समेत उदाहरण दो। (x) सुखे हुए भोजन में सोडा और अक्लासिक एसिड का गुणा मिलाने पर कोई भी विक्रिया नहीं होती है, क्योंकि इस मिश्रण में जल देने से द्रुत विक्रिया होकर कार्बन डाइ आक्साइड निकलती है। इसका कारण क्या हो सकता है ? (xi) जल में कार्बन डाइ ऑक्साइड के द्रव्यता के ऊपर (a) उष्णता और (b) दबाव के प्रभाव का उल्लेख करो। (xii) उतप्त ऑक्साइड के ऊपर से हाइड्रोजन गैस भेजने पर जो विक्रिया होती है। उसका समीकरण लिखो। (xiii) अदरक, लहसून और प्याज का प्रयोग किया जाता है। तुम्हारे लिए ऐसे दो भोजन का नाम लिखो। (xiv) मेजर कार्प और माइनर कार्प के अन्तर का उल्लेख करो। (xv) उत्तर बंग के लोगों-हाथी के संघात का कारण क्या है ? (xvi) मिट्टी से गायब होने वाले उद्भिजों से पुष्टि उपादान को क्या वापस लाया जा सकता है ? (xvii) व्रज परिष्कार कैसे सहायता करता है। (xviii) लाल रक्त कणिकाएं आकार में गोल और दोनों किनारे चपटे आकार जैसा होने का कारण क्या है ? (xix) किस-किस समस्या में आवला का प्रयोग होता है ?

7. तीन-चार वाक्य में उत्तर दो : (प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 नम्बर)

(i) जल में बुलबुला क्यों दिखाई देता है ? (ii) तुम्हारे पास गरम भोजन रखने के लिए गरम भोजन का पात्र (फ्लास्क) नहीं है ? लेकिन किसी भोजन को अधिक समय तक गर्म रखने के लिए तुम क्या-क्या करोगे, और क्यों ? (iii) प्लास्टिक स्ट्रॉक शिल्क के कपड़े से कई बार घिसो। अब छोटे-छोटे कागज के टुकड़े के सामने इस नल को ले जाओ। देखा गया कि नल कागज के टुकड़े को आकर्षण करती है। उसका कारण है ? (iv) एक स्टील के चम्म को बालटी के जल में फेंकने पर वह डूब जाता है लेकिन चम्मच से भारी एक स्टील का गमला जल में बहता है क्यों ? (vi) तरल का समोच्चशीलता धर्म के एक वास्तव प्रयोग की व्याख्या समेत आलोचना करो। (vii) ऐसा दो सहज परीक्षण का उल्लेख करो जिससे समझा जा सके कि तरल और गैसीय अवस्था में अणु गतिशील है। (viii) तुम्हें दो टेस्ट ट्यूब के एक जिंक का टुकड़ा और दूसरे एक में फोरस सल्फाइड का गुणा दिया गया। एक रासायनिक विक्रिया के फलस्वरूप इसे कैसे पहचाना जा सकता है ? भौतिक पर्वेक्षण सहित लिखो। (ix) लोहे में जंग लगना एक अवान्छित ऑक्सीकरण अऑक्सीकरण घटना है। कौन सा उपाय करके लोहे में जंग लगने से रोका जा सकता है। (x) "$CuSO_4$ (द्रवण) + $Fe \rightarrow Cu + FeSO_4$ (द्रवण) विक्रिया इलेक्ट्रॉनिक विचार में ऑक्सीकरण अऑक्सीकरण-उक्ति की व्याख्या करो।

(xii) $Al_2O_3$ के साथ एसिड और क्षार के विक्रिया के उपयुक्त समीकरण से समझाओ कि क्यों इसे उभयधर्मी ऑक्साइड कहा जाता है। (xiii) कार्बन डाइ ऑक्साइड में जो अम्लीय है। उसे प्रमाणीत करने के लिए सहज परीक्षा और पर्वेक्षण का उल्लेख करो। (xiv) चूना जल में पहले कम और बाद में अधिक $CO_2$ गैस भेजने पर क्या होगा। समीकरणसहित बताओ। (xv) घास के जमीन में वास्तु तंत्र में एक सिंग वाले गैण्डों की भूमिका क्या है? (xvi) अपने अनुभव से चुनौती भरा आचरण के सम्बन्धित घटना के सम्बंध में लिखो। (xvii) कम सूखा और गरम के परिवेश में कैक्टस कैसे जीवित रहता है? (xviii) आम के पेड़ में कलमी क्यों लगाया जाता है? (xix) स्कूइड कैसे शिकार पकड़ती है? (xx) अंर्टाटिक परिवेश को दूषित करने में मनुष्य कैसे उत्तरदायी है? (xxi) गंदे जल में मछली पालन करने में सुविधा है? (xxii) ऊँट कैसे रेगिस्तान में जिन्दा रहता है? (xxiii) खाद्य प्रक्रियाकरण, औषधि प्रस्तुति

## 8. गणितीय समस्याओं का समाधान करें : (प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 नम्बर)

(i) 2 वर्ग मील क्षेत्र से जुड़े 14 न्यूटन बल कार्य करता है। दबाव का मान कितना? (ii) एक 50ग्राम भार के पदार्थ के खण्ड की उष्णता 2°C बढ़ाने पर 25 कैलोरी ताप लगता है। इस पदार्थ का आपेक्षिक ताप कितना लगता है? (iii) 3200 कैलोरी ताप से 0°C तापमात्रा में कितना मात्रा में बर्फ देने पर उस तापमात्रा को जल में परिणत किया जाएगा? (iv) एक व्यक्ति 5 किलोमीटर/घं के वेग से एक आयन की ओर पैदल चलता है। उसका प्रतिबिंब वेग कितना होगा? (v) परस्पर D दूरी पर स्थित दो वस्तु का भार यथाक्रम $m_1$ और $m_2$ है। उसके मध्य पारस्परीक आकर्षण बल F है। —(a) प्रथम वस्तु का भार दो गुणा द्वितीय वस्तु का भार तीन गुणा करने को कहने पर उनके मध्य आकर्षण बल में क्या परिवर्तन होगा? (b) भार स्थिर रखकर उसके मध्य दूरी चार गुना करने पर अथवा उस आकर्षण बल में क्या परिवर्तन होगा? (vi) पृथ्वी का भार चाँद के भार से प्रायः एक सौ गुना है। पृथ्वी का औसत व्यास चाँद के वार्षिक व्यास से प्रायः चार गुना है। पृथ्वी और चाँद पृष्ट के एक वस्तु के वजन की तुलना करो। [समाधान संकेत : मान लीजिए वस्तु का भार M, चाँद का व्यास R, पृथ्वी पृष्ट और चन्द्र पृष्ट वस्तु का वजन यथाक्रम $W_e$ और $W_m$]

$$\frac{W_m}{W_e} = \frac{G\frac{mM}{R^2}}{G\frac{m100M}{(4R)^2}} = \frac{16}{100} = \frac{1}{6} \text{ (प्रायः) ]}$$

## 9 सूत्र की सहायता से शब्दजाल को पूरा कीजिए : (प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 नम्बर)




सूत्र :

आस–पास 1. पश्चिम बंगाल के राज्य पशु
2. हीरा से बना
3. मरुभूमि में निवास करने वाला छोटा चूहा जैसा प्राणी
4. मरुभूमि को देखने की गलती
5. कुहासा और ओश की सृष्टि होती है जलीय वाष्प द्वारा ..... वायु से

ऊपर से नीचे : 1. सुन्दरवन का प्रधान आकर्षण
2. समुद्री फेना
3. फलों का राजा




**10. बगल में दिये हुए प्राणी कोश के चित्र से निम्नलिखित अंगाणु को दिखाओ : प्रत्येक अंगाणु के लिए 1 नम्बर है)**

लाइसोजोम, कोशपर्दा, माइटोकान्ड्रिया, मसृण, एन्डोप्लाजमिक, रेटिक्यूलाम, न्यूक्लियस, गल्जीबॉडी।




**11. बगल में दिए गए मधुमक्खी के जीवन चक्र को चित्र के खाली बक्से में भरकर अपनी कॉपी में लिखो। (प्रत्येक शब्द के लिए 1 नम्बर)**

# शिक्षण परामर्श

नये तरीके से निर्मित विद्यालय पाठ्यक्रम को दिशा–निर्देश के अनुसार ही अष्टम श्रेणी के लिए उपयुक्त इस 'परिवेश और विज्ञान' पुस्तक के पठन–पाठन और मूल्याकंन के लिए यहाँ पर कुछ प्रसंगों को प्रस्तुत किया गया है।

तृतीय, चतुर्थ और पंचम श्रेणी में शिशु का परिवेश आलोचना आरंभ हुआ है। विभिन्न प्रकार के स्वयं करो, अनुसंधान, आदान–प्रदान, कथोपकथन के मध्य से ही सम्पन्न हुआ है उसके आस–पास के परिवेश के विभिन्न उपादान के संबंध में अभिज्ञता अर्जन करना है। हमलोग चाहते है कि वे सभी समूहबद्ध होकर कार्य करे। यह भी प्रयास किया जा रहा है कि बच्चों के ज्ञान के गठन की यह प्रक्रिया केवल पाठ्य–पुस्तक के ही ऊपर निर्भर न रहे। आशा किया जा रहा है कि इसके फलस्वरूप विद्यार्थी परिवेश के संबंध में ज्ञान, मूल्यबोध और दक्षता का विकास होगा।

विद्यार्थी में परिवेश के संबंध में शिक्षा के क्रियान्वयन में षष्ठ, सप्तम और अष्टम श्रेणी में 'परिवेश और विज्ञान' की नयी पुस्तकों में पदार्थ विज्ञान और जीव विद्या के अनुसंधान के साथ समन्वय को परिवेश संबंधी आलोचना के माध्यम से स्थापित किया गया है। विशेष तौर पर ध्यान दिया गया है। जिससे आलोच्च प्रसंगवश वर्ष उपयोगी हो।

राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा 2005 और शिक्षा अधिकार कानून 2009 के अनुसार ही इस पुस्तक की भाषा, विषय वस्तु का मूल्याकंन, चित्र और वर्णन यथा सम्भव शिशु–मित्र और शिशु केन्द्रीत करने का प्रयास किया गया है।

आशा किया जाता है कि विद्यार्थियों के पास जितना ज्ञान है, मूल्यबोध और दक्षता गठन सम्पन्न हुआ है, उसके कारण ही अभी काफी हद तक स्वालम्बी हो पाया है। हो सकता है कि इसी के कारण कक्षा–कक्ष में विषय वस्तु उपस्थापन के समय आप लोगों को और अधिक करके विभिन्न प्रकार के समूहगत कार्य का आयोजन करना होगा। विज्ञान विषय की चर्चा के लिए प्रयोगशाला की कितनी जरूरत है, उसे लेकर हमलोगों के मन में किसी प्रकार की कोई शंका नहीं है। प्रयास कीजिए कि ताकि विद्यालय में सामान्य कुछ उपकरण का संग्रह करना, जिससे हमारे विद्यार्थी और अधिक करके स्वयं करो कार्य को करना होगा। यह सारे अनुसंधान केवल मात्र पाठ्य–पुस्तक तक ही सीमाबद्ध न रह जाए। इस ओर भी विशेष ध्यान देना होगा। जहाँ पर जरूरत है, विद्यार्थी स्वयं की कॉपी में, स्वयं का कार्य और संश्लिष्ट पर्यवेक्षण लिखकर रखता है। आनुषांगिक विषय पर यदि कोई प्रश्न रहता है, तो उसे भी लिखकर  रखो। स्वाधीन तरीके से वे अपने विचार को व्यक्त करो। इन सभी कार्यों में विद्यार्थी को उत्साह प्रदान करें। **'परिवेश और विज्ञान'** विषय में निजस्व संग्रह को क्रियान्वित करने हेतु उन्हें उत्साहित करे। उन सभी के संरक्षण के लिए कक्षा–कक्ष का एक भाग का प्रयोग कीजिए। दैनिक जीवन की कुशलता सम्बंधी आलोचना के विभिन्न सृजनशील कार्य में अंश ग्रहण को सुनिश्चित करे। विद्यार्थी इन सभी कार्यों में कैसे भागीदार बना, आप उन सभी का पर्यवेक्षण कर सकते है। विद्यार्थियों के विकास से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तथ्य संग्रह करके आप प्रस्तुतिकालीन मूल्यांकन कर सकते है।

विषय वस्तु के प्रणनय के प्रयोजन में अष्टम श्रेणी के इस **'परिवेश और विज्ञान'** पुस्तक में हमलोगों ने कुछ प्रसंग को 'कुछ बातें' कहकर उल्लेख किया है। इन सभी कहानियों के मर्म को समझने के लिए, विद्यार्थी कण्ठस्थ याद न कर ले। उन्हें बताना होगा कि पर्याय क्रमिक मूल्यांकन में इन सभी से प्रश्न नहीं किया जाएगा।

विद्यार्थियों का प्रतिदिन का कार्य, प्रश्न करना, दूसरे की मदद करना, विद्यालय और उसके आस–पास के परिवेश को हमेशा से सुन्दर करके बनाने के लिए केन्द्र करके जो हर क्षण प्रस्तुतिकालीन मूल्यांकन किया जा रहा है, तो उसे भी विद्यार्थी को बतलाना चाहिए।

आशा किया जा सकता है कि आप लोगों के आंतरिक प्रयास से सभी अष्टम श्रेणी के सभी विद्यार्थियों के सामने **'परिवेश और विज्ञान'** नामक पुस्तक काफी आकर्षणीय होगा।

इस पुस्तक के पठन–पाठन के सम्बन्ध में अपनी अभिज्ञता, विचार और मूल्यवान परामर्श के आधार पर आगामी दिनों में पुस्तक उत्कर्ष का साधन सम्भव होगा।